छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY
रायपुर, रविवार, 11 मई 2025
वर्ष - 67 | अंक - 25 | पृष्ठ - 12
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन - 06072/59
67 YEARS

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

▸ महुई बोरे बासी पृष्ठ 6
▸ विराट टेस्ट क्रिकेट से लेना चाहते हैं संन्यास
▸ मधुरा के स्वर्ण पदक से भारत के पदकों की संख्या 4 पहुंची पृष्ठ 8

देश विदेश
▸ पाकिस्तानी ड्रोन के निशाने पर थे निर्दोष नागरिक : भारतीय सेना
▸ रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही : किम जोंग
▸ भारत के साथ तनाव के बीच कठिन स्थिति में है पाकिस्तान : मसूद अख्तर पृष्ठ 7

आपरेशन सिन्दूर

# पाकिस्तान ने चार घंटे में ही तोड़ा सीजफायर

## भारत की दो टूक, पड़ोसी देश के पीएम शहबाज ने फिर उगला जहर

- विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार शाम विशेष ब्रीफिंग
- पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष से की बात
- कल बारह बजे फिर से बात करेंगे दोनों सैन्य अधिकारी

**नई दिल्ली**, 10 मई (एजेंसियां)। भारत पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष के चौथे दिन आज दोनों देशों के बीच सीजफायर की सहमति बनी। हालांकि चार घंटे बाद पाकिस्तान ने फिर से हिमाकत की और सीमा पर कई जगहों से फायरिंग की खबरें आई। भारतीय सशस्त्र बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। देर रात विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, पिछले कुछ घंटों से सीजफायर समझौते का पाकिस्तान की ओर से घोर उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और पाकिस्तान सीमा अतिक्रमण से निपट रही है।

**पाकिस्तानी ड्रोन के टुकड़े की चपेट में आकर सैनिक बलिदान**

शनिवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक वायुसेना अड्डे पर सेना के वायु रक्षा बल ने एक पाकिस्तानी ड्रोन के टुकड़े की चपेट में आकर एक सैनिक की मौत हो गई।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ संघर्षविराम समझौते के बाद देश को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और तुर्किये का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि तुर्किये ने पाकिस्तान का साथ दिया, जिसके लिए वे दिल से शुक्रगुजार हैं। उन्होंने चीन को भी धन्यवाद दिया।

**चीनी विदेश मंत्री को एनएसए डोभाल ने दिया दो टूक संदेश**

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से फोन पर बातचीत की। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, डोभाल ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में नागरिकों के हताहत होने की वजह से भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। डोभाल ने साफ किया कि युद्ध भारत की पसंद नहीं थी और यह किसी भी पक्ष के हित में नहीं। उन्होंने कहा, उन्हें उम्मीद है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्हें जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बहाल करने की उम्मीद है।

भारत और पाकिस्तान ने सीधी बातचीत के बाद एक दूसरे के खिलाफ गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जतायी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार शाम विशेष ब्रीफिंग में इसकी घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आज दोपहर बाद अपने भारतीय समकक्ष को साथ टेलीफोन पर बातचीत ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे : रक्षा मंत्रालय

पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी से कमोडोर रघु नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की ब्रीफिंग कुल 9 मिनट चली। इसमें कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू, पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये भी पूरी तरह से गलत है।

**संघर्ष विराम के बाद जयशंकर ने किया साफ**

### आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं करेगा और इसके विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। डॉ. जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे के विरुद्ध गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की समझ बनाई। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और उसके सभी रूपों के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा, "भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी सख्त और अडिग नीति पर कायम है, और आगे भी रहेगा।



### संघर्ष विराम के तीन घंटे बाद पीएम मोदी ने की बैठक
### रक्षा मंत्री, एनएसए और सीडीएस ने दी हालात की जानकारी

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को पांच बजे संघर्ष विराम हो गया। संघर्ष विराम होने के तीन घंटे बाद रात आठ बजे पीएम मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे। उन्होंने पीएम मोदी को हालात की जानकारी दी।

### सर्वदलीय बैठक संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार : कांग्रेस

पिछले 18 दिनों की घटनाओं पर विस्तार से चर्चा हो

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका की तरफ से हुई अभूतपूर्व घोषणा के मद्देनजर राष्ट्रीय हित को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शीघ्र एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर तत्काल संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए ताकि भविष्य के मुद्दे पर एकजुट होकर सामूहिक चर्चा की जा सके।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने संघर्ष विराम की घोषणा के बाद यहां जारी एक बयान में कहा वाशिंगटन डीसी से आई अभूतपूर्व घोषणाओं के संदर्भ में अब यह राष्ट्रीय आवश्यकता बन गई है कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री उसकी अध्यक्षता करें और देश के राजनीतिक दलों को विश्वास में लें ताकि संकट की घड़ी में राष्ट्रीय हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा, संसद का एक विशेष सत्र तत्काल बुलाया जाए, जिसमें पिछले 18 दिनों की घटनाओं, विशेषकर पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले से लेकर अब तक की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हो और आगे की दिशा तय की जाए ताकि देश एकजुट होकर सामूहिक संकल्प का प्रदर्शन कर सके।

### ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगना ढेर, लश्कर-ए-तैयबा का अबू जुंदाल भी है शामिल

पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों के 6 मई की रात को चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगनाओं के साथ साथ सैकड़ों अन्य आतंकवादी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में मौलाना मसूद अजहर के परिजनों सहित ऐसे बर्बर आतंकवादी मारे गए हैं जिनकी भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी। मारे गये आतंकवादियों में कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुदस्सर खादियां खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल भी शामिल है। यह मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी था और इसकी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### भविष्य में किसी भी आतंकी घटना को युद्ध मानेगा भारत

भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी आतंकी घटना भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। भारत सरकार के शीर्ष सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत सरकार के शीर्ष सूत्र के मुताबिक, भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अंदाज में जवाब भी दिया जाएगा।

**सार संक्षेप**

### ईडी ने 6.30 करोड़ की नकदी जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई शाखा ने 'टॉरेस ज्वेलरी' ब्रांड नाम से कारोबार कर रही कंपनी मेसर्स प्लेटिनम हर्न प्रा. लि. के खिलाफ जांच के सिलसिले में छापे और तलाशी के दौरान 6.3 करोड़ रुपए नकद तथा आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किए हैं। ईडी ने शनिवार को कहा कि इस मामले में चल रही जांच में धनशोधन निवारक अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत शुक्रवार को मुंबई और सूरत में चार परिसरों में तलाशी अभियान चलाया गया।

### पाकिस्तान को कर्ज देकर आईएमएफ ने गलत किया : तिवारी

**नई दिल्ली।** आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन दिया है। भारत ने इस फैसले का सख्त विरोध किया है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने इस पर हैरानी जताई तो अब कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। तिवारी ने कहा यह पैसा उन आतंकवादी संगठनों को मजबूत करने के लिए जाता है, जिन्हें पाकिस्तान में पनाह दी है और उनके द्वारा बनाए गए आतंकवाद के नेटवर्क को मजबूत करने के लिए जाता है।

### 15 मई तक बंद रहेंगे भारत के 32 एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और संबंधित विमानन अधिकारियों ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी कर उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों को सभी नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। ये आदेश 15 मई तक प्रभावी रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सुबह के ताजा अपडेट में कहा, परिचालन कारणों से यह बंद 15 मई 2025 को भारतीय समयानुसार 05:29 बजे तक रहेगा।

**शराब घोटाला मामला**

## अनवर ढेबर की याचिका पर 23 को सुनवाई

**रायपुर**, 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में जेल में बंद अनवर ढेबर द्वारा आठ डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने की मांग की थी। इस आवेदन पर अब 23 मई को सुनवाई होगी।

- 8 डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने की मांग

**इन डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने की है मांग-**

अनवर ढेबर ने अपनी याचिका में जिन 8 डिस्टलरी संचालकों को घोटाले में शामिल बताते हुए आरोपी बनाने की मांग की है, उनमें वेलकम डिस्टलरी, भाटिया वाइन मर्चेंट, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, मैसर्स नेक्स्ट जेनरेशन, दिशिता वेंचर्स, ओम साईं बेवरेज, सिद्धार्थ सिंघानिया और मैसर्स टाप सिक्योरिटी डिस्टलरी के संचालक शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सुनवाई को 14 दिन के लिए आगे बढ़ा दिया है।

अनवर ढेबर का आरोप है कि ईओडब्ल्यू ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाया है। विशेष न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई को 14 दिन के लिए टाल दिया है।

**कवासी लखमा की रिमांड भी बढ़ी**

इसके साथ ही शराब मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री एवं सुकमा विधायक कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड को भी 23 मई तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

# नवा रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर रद्द

## 540 रुपए वर्गफीट में जमीन देने का भी था प्रस्ताव

**रायपुर**, 10 मई (देशबन्धु)। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' प्रोजेक्ट पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में तैयार किए गए होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट को निरस्त किया जा चुका है। होलसेल कॉरिडोर निर्माण के लिए अब परिवर्तन किया जा चुका था। 'होलसेल कॉरिडोर' को दक्षिण एशिया व देश का सबसे बड़ा थोक



नए सिरे से प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा। नवा रायपुर में बसाहट, निवेश व वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए होलसेल कॉरिडोर विकसित करने का निर्णय लिया गया था। पूर्व में 'होलसेल कॉरिडोर' के लिए नवा रायपुर में 1083 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई थी और इसका भू-उपयोग व्यावसायिक बाजार बनाने की योजना थी। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा होलसेल कॉरिडोर में 540 रुपए वर्गफीट में व्यवसायियों को भू-खंड आवंटित करने तथा इसके निर्माण में अतिरिक्त राशि ग्रन्य सरकार द्वारा खर्च किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। बताया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार के इस निर्णय पर वर्तमान भाजपा सरकार सहमत नहीं है और भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को भी निरस्त कर दिया गया है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर में नीलामी के जरिए जमीन का आवंटन किए जाने का प्रावधान है। जबकि होलसेल कॉरिडोर के लिए भू-खंडों की दर निर्धारित की गई थी।

**अधोसंरचना निर्माण पर 100 करोड़ रुपए होंगे खर्च**

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की ओर से नवा रायपुर क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य अधोसंरचना निर्माण का कार्य भी शुरू किया जा रहा है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## डीएमएफ घोटाला मामले में 4 अधिकारी गिरफ्तार

**कोरबा**, 10 मई (देशबन्धु)। जिले में सामने आए बहुचर्चित डीएमएफ घोटाले की जांच तेज हो गई है। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। सभी को विशेष अदालत में पेश कर 13 मई तक रिमांड पर लिया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इन अधिकारियों ने तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू के साथ मिलकर ठेका वितरण में भारी अनियमितताएं की थीं। सरकारी अफसरों द्वारा ठेका प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और अवैध लाभ पहुंचाने की बात सामने आई है। ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू ने इस घोटाले में केस दर्ज किया है।



13 मई तक रिमांड पर

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि कोरबा की तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू, जो वर्तमान में निलंबित हैं और जेल भेजी जा चुकी हैं, इन गिरफ्तार अफसरों के साथ मिलकर घोटाले में शामिल थीं। इन अफसरों के नाम पहले से ही घोटाले के चालान में दर्ज हैं।

गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में भरोसाराम ठाकुर (तत्कालीन नोडल अधिकारी), भुनेश्वर सिंह राज (तत्कालीन सीईओ, जनपद), राधेश्याम मिर्झा (तत्कालीन सीईओ, जनपद), वीरेंद्र कुमार राठौर (तत्कालीन सीईओ, जनपद) शामिल हैं। सभी को विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 13 मई तक रिमांड पर भेजा गया है। ईओडब्ल्यू की जांच में यह भी सामने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## भारतीय सेना की आंख बने इसरो के सैटेलाइट

**नई दिल्ली**, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करने में इसरो की अहम भूमिका रही। इसरो के सैटेलाइट नेटवर्क के इनपुट के जरिए मिली मदद से भारतीय सेनाओं ने सैन्य राडार सिस्टम नष्ट करने और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने में सफलता हासिल की।

इसरो का सैटेलाइट नेटवर्क भारतीय सेनाओं को आतंकियों के अड्डों की सटीक पहचान करने,

- पाकिस्तान के आतंकी अड्डों की सटीक लोकेशन दे रहे
- ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने में सफलता मिली

हमले के लिए लक्ष्य तय करने से लेकर पाकिस्तान सेना के ठिकानों, हथियारों व टुकड़ियों के मूवमेंट, राडार स्टेशनों की जानकारी मिली साथ ही उनके इलेक्ट्रॉनिक गतिविधियों को ट्रैक करने जैसी हर संवेदनशील हरकत को पकड़ने और खुफिया जानकारी हासिल करने में खासा मददगार बन रहा है। इस समय इसरो के कम से कम 7 सैटेलाइट से संवेदनशील व खुफिया जानकारी मिल रही है। इसरो के 7 सर्विलांस ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## केरल में मानसून 27 मई के आसपास पहुंचेगा

**नई दिल्ली**, 10 मई (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी। मौसम विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान 105 प्रतिशत बारिश हो सकती है, जो औसत बारिश 87 सेंटीमीटर से ज्यादा है।

**भ्रष्टाचार** चार साल पहले बह चुके स्टॉप डेम के नाम पर हर साल लूटा जा रहा कैम्पा का खजाना

# कांगेर घाटी में 75 लाख का कैम्पा घोटाला उजागर

**जगदलपुर**, 10 मई (देशबन्धु)। बस्तर का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान इन दिनों भ्रष्टाचार का उद्यान बना हुआ है। राजधानी में मोटी रकम अर्पित कर पोस्टिंग पाने वाले रेंजर और एसडीओ इस उद्यान में दिन रात भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे हैं बड़े अधिकारी और नेता सभी इस भ्रष्टाचार के खेल में शामिल हैं यही वजह है कि यह राष्ट्रीय उद्यान भ्रष्टाचार का राष्ट्रीय उद्यान बना हुआ है।

*ताजा मामला यहां के कोटमसर रेंज का है जहां आज से पांच साल पहले बने और बनने के तुरंत बाद बह चुके एक स्टॉप डैम के नाम पर कैम्पा के 75 लाख रुपये ठिकाने लगाए जा चुके हैं पैसों की भूख इतनी की मात्र 35 मीटर लंबे स्टॉप डैम के लिए वन अधिकारियों ने करीब 9 हज़ार बोरी सीमेंट की बोगस खरीदी कर ली। रेत, गिट्टी और लोहे के फ़र्ज़ी बिल बीजापुर की एक फर्म से खरीदे गए और इतना ही नहीं जिसे कथित रूप से मज़दूरी कराई गई है वे मज़दूर भी*



*रायपुर और सुकमा के रहने वाले हैं। विधायक के दामाद से भी जुड़ी हुई भ्रष्टाचार की यह कहानी एक पूर्व कॉंग्रेसी है। कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के मान्दरकोटा के कक्ष क्रमांक 163 में मुनगा बहार नाला पर कैम्पा मद से एक स्टॉप डैम बनाने का कार्य स्वीकृत किया गया जिसकी लागत 75 लाख रुपए थी। कैम्पा के एपीओ वर्ष 2019-20 में स्वीकृत इस कार्य को वन अधिकारियों ने अघोषित रूप से एक पूर्व कॉंग्रेसी विधायक के दामाद को तोहफे के रूप में प्रदान कर दिया बस यहीं से शुरू हुआ इस 75 लाख रुपये को ठिकाने लगाने का कार्यक्रम शुरुआती वर्ष में 705000 रुपये से 3000 बोरी सीमेंट, 312900 रुपये से रेत*

### सिर्फ 35 मीटर के स्टापडेम में खपा दिया 8700 बोरी सीमेंट

*और गिट्टी तथा 267560 रुपये का लोहा बस्तर के वन अधिकारियों की चहेती फर्म रजा सेल्स से खरीदा गया। इस वर्ष 2019-20 में करीब 13 लाख रुपये की सामग्री तो खरीदी गई लेकिन कागजों में मज़दूरी भुगतान के नाम पर चवन्नी भी खर्च नहीं कि गई जानकार समझ रए होंगे कि यह 13 लाख रुपये विधायक* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का जो घिनौना खेल खेला गया, इस वक्त आईएमएफ की तरफ से पाकिस्तान को आर्थिक सहायता देना सही नहीं था। आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर भारतीय सेना ने अपना काम कर दिया।

–तारिक अनवर, कांग्रेस सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 26.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 37.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# स्थायी कमीशन पर कोर्ट के फैसले से बढ़ेगा महिला अधिकारियों का मनोबल

## कांग्रेस ने सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन पर शीर्ष अदालत के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए यह फैसला महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएगा। विंग कमांडर सेवानिवृत्त अनुमा आचार्य ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेना की महिला अधिकारियों के स्थायी कमीशन को लेकर उच्चतम न्यायालय का शुक्रवार को एक निर्णय आया है जो बहुत राहत देने वाला है और आज जो देश का माहौल है, उसमें इस फैसले से महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाता है।

वर्तमान में देश की जो स्थिति है, उसमें सेनाओं के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और उनके शौर्य और साहस को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद इस केस की एक लाभार्थी रही हूं। साल 1992 में पहली बार महिला अधिकारियों की एंट्री शुरू हुई और वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय की तरफ से एक सर्कुलर 25 नवंबर 1991 को जारी कर कहा था कि एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में महिला अधिकारियों



वर्तमान में देश की जो स्थिति है, उसमें सेनाओं के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं व उनके शौर्य और साहस को सलाम करते हैं : **अनुमा आचार्य**

को लिया जाएगा। अगर प्रयोग सफल होता है, तो आने वाले छह साल के लिए उन्हें सेवा विस्तार दिया जाएगा। फिर 11 वर्ष बाद महिला अधिकारियों से पूछा जाएगा कि क्या वे पेंशन वाली सेवा में शामिल होना चाहती हैं।

साल 1999 से 2004 के बीच में जब बाकी सरकारी नौकरियों में ओपीएस खत्म हुआ तो उसी समय महिला अधिकारियों की पेंशन के लिए विकल्प देने की बात थी, वो भी खत्म हुआ। आगे चल कर 2007 में विंग कमांडर अनुपमा जोशी और स्कॉर्डन लीडर रुखसान हक ने पहले यह केस कोर्ट में दायर किया।

### हम देश की सेनाओं के साथ खड़ें हैं : कांग्रेस

विंग कमांडर सेवानिवृत्त अनुमा आचार्य ने कहा कि अब उच्चतम न्यायालय का निर्णय आया है कि महिला अधिकारियों को तब तक बहाल रखा जाए, जब तक अगली सुनवाई अगस्त में नहीं होती। हम सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं और हम देश की सेनाओं के साथ खड़ें हैं। हम हर सैन्यकर्मी के शौर्य को हमारा सलाम है। पूर्व सेना अधिकारी ने कहा कि नौ मई को उच्चतम न्यायालय ने शॉर्ट सर्विस कमीशन महिला अधिकारियों की याचिका पर अगली सुनवाई तक उनकी सेवाएं बहाल करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसे समय में महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ा रहना चाहिए। हमारी महिला अधिकारी प्रतिभाशाली हैं। इस पर केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया था कि हर वर्ष केवल 250 शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को ही परमानेंट कमीशन दिया जा सकता है। सेना में अधिकारियों का युवा काडर होना बहुत जरूरी है। इस पर उच्चतम न्यायायल ने कहा कि जो अनुभवी महिला अधिकारी हैं, वे भी युवा सैनिकों के मार्गदर्शन और मानसिक संबल के लिए बहुत आवश्यक हैं। न्यायालय का यह फैसला महिला अधिकारियों के लिए उम्मीद की किरण है।

उन्होंने कहा कि बाद में थल सेना की भी महिला अधिकारियों ने इस मामले को आगे बढ़ाया और 2009 आते-आते सारे केस क्लब करते हुए 14 दिसंबर 2009 को दिल्ली की हाई कोर्ट ने यह केस फैसले के लिए सुरक्षित कर लिया गया। बारह मार्च 2010 को कोर्ट का महिला अधिकारियों के पक्ष में फैसला आया और वायु सेना की महिला अधिकारियों के मामले में रक्षा मंत्रालय का एक नीतिगत पत्र जारी हुआ तो मेरे जैसी 23 महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिल गया। इस मामले में सेना ने कोई नीतिगत पत्र नहीं निकला था, तो बबिता पुनिया वर्सेस भारत सरकार को केस की बाकी महिला अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट में अपनी लड़ाई आगे के 10 साल तक लड़नी पड़ी। इसमें नौ सेना की महिला अधिकारियों ने बाद में अपने स्थायी कमीशन की लड़ाई लड़ी।

# सुरक्षित निकाले गए 23 तेलुगु छात्र

**हैदराबाद,** 10 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के आदेश पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए संघर्षग्रस्त क्षेत्र में फंसे 23 तेलुगू छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के रहने वाले ये छात्र शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) में पढ़ रहे थे। पिछले कुछ दिनों से कश्मीर में तनाव तेजी से बढ़ गया है, पाकिस्तान ने नागरिक घरों, सरकारी भवनों और सेना के शिविरों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। जमीनी स्तर पर स्थिति लगातार बिगड़ती रही, जिससे निवासियों और छात्रों में लगातार भय का माहौल बना हुआ था। तेलुगु छात्र खुद को फंसा हुआ पा रहे थे, क्योंकि क्षेत्र में हवाई अड्डे बंद थे और वे बाहर नहीं निकल पा रहे थे। इस अनिश्चितता के बीच, उन्होंने केंद्रीय मंत्री को एक पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाई थी।

**संघर्षग्रस्त क्षेत्र में फंसे थे छात्र**

छात्रों ने कहा कि हम युद्ध क्षेत्र में फंसे हैं, कृपया मदद करें। हालात की गंभीरता देखते हुए मंत्री ने तुरंत छात्रों से संपर्क किया और जिला कलेक्टर और एसकेयूएएसटी यूनिवर्सिटी डीन से बात करके उनकी सुरक्षित निकासी सुनिश्चित कराई। मंत्री के निर्देश पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की पूरी व्यवस्था की। अब खतरे से बाहर ये छात्र तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से हैं, जो एसकेयूएएसटी में पढ़ रहे थे और हिंसा के चलते फंस गए थे।

# उपमहाद्वीप में नेतृत्वकर्ता की भूमिका अपनाए भारत : महबूबा

## तनाव कम करने के लिए कदम उठाने का किया आग्रह

**श्रीनगर,** 10 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार से शांति प्रक्रिया का नेतृत्व करने और तनाव कम करने की दिशा में पहला कदम उठाने का शनिवार को आग्रह किया। मुफ्ती ने कहा कि भारत को उपमहाद्वीप में नेतृत्वकर्ता की भूमिका को अपनाना चाहिए और तनाव कम करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से संपर्क किया है और तनाव कम करने का आग्रह किया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि शुरुआत में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में अमेरिका एक निश्चित बिंदु से आगे हस्तक्षेप नहीं करेगा, लेकिन अब स्थिति की चिंताजनक गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से संपर्क किया है और तनाव



कम करने का आग्रह किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अब वह ऐसी उभरती हुई शक्ति है, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तथा वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसे असंगत अंतरराष्ट्रीय समर्थन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इसकी बजाय, भारत को उपमहाद्वीप में अपनी नेतृत्वकर्ता की भूमिका को अपनाना चाहिए और तनाव कम करने के लिए पहला कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया हमें देख रही है। यह भारत के लिए मजबूती से खड़े होने और यह दिखाने का समय है कि उसकी असली ताकत परमाणु हथियारों में नहीं बल्कि संयम और शांति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता में निहित है।

## सार संक्षेप

### मुंबई तट पर हाई अलर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने वाले समुदाय को चेतावनी जारी की है कि वे तेल रिग और 877.97 किमी लंबे महाराष्ट्र तट पर अपतटीय रक्षा क्षेत्रों के पास न जाएं। भारतीय नौसेना ने मुंबई और कोंकण क्षेत्र के मछुआरा समुदाय, मत्स्य विभाग, तटीय पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और तटरक्षक बल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की व संवेदनशील क्षेत्रों में मछली पकड़ने के खिलाफ सलाह दी। सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उच्च स्तरीय बैठक में निषिद्ध क्षेत्रों में प्रवेश करने पर 'गोली मार डालने' के निर्देशों के साथ हाई अलर्ट पर चर्चा की गई है।

### इंदौर के होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर के होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को आया। इस ईमेल में होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके साथ ही देश भर में स्लीपर सेल होने का जिक्र किया गया। इतना ही नहीं, यह भी कहा गया कि पाकिस्तान से पंगा मत लो। इस ईमेल में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया। स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी के ईमेल को पुलिस-प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और पुलिस अमला मौके पर पहुंचा व उसने तलाशी अभियान चलाया।

### पटेल ने जिला प्रशासनों के साथ की समीक्षा बैठक

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के जिला प्रशासनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस समीक्षा बैठक की। मौजूदा हालात में राज्य सरकार के पास जरूरी वस्तुओं, दवाइयों, ईंधन आदि का भंडार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राज्य के सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर उनके जिलों में ऐसी किसी भी वस्तु की जरूरत प्रतीत हो कि वे तुरंत ही राज्य सरकार से संपर्क कर तत्काल प्राप्त कर सकेंगे।

### ग्रेनाइट स्लैब से लदी लॉरी पलटने से तीन की मौत

**बापटला।** परचूर मंडल के थिम्माराजूपालम गांव में शनिवार को ग्रेनाइट स्लैब से लदी लॉरी पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मार्टूर से गुंटूर जा रही ग्रेनाइट स्लैब से लदी लॉरी सड़क पर पलट गई, जिससे पलापर्थी श्रीनू, तल्लूरी प्रभुदास और तम्मुलुरु सुरेंद्र की मौत हो गई। दुर्घटना के समय सभी मृतक लॉरी में सवार थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जीजीएच भेज दिया है। लॉरी का चालक फरार है।

# ओडिशा के 23 और मीसा बंदियों को मिलेगी मासिक पेंशन

**भुवनेश्वर,** 10 मई (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 23 और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम (मीसा) के तहत बंदियों को पेंशन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है, जिनमें मीसा के अंतर्गत गिरफ्तार 19 और डीआईएसआईआर प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार चार बंदी शामिल हैं। इससे पहले 21 मीसा बंदियों के लिए पेंशन स्वीकृत की गई थी। इन 23 लोगों के जुड़ने के बाद अब राज्य में कुल 44 पूर्व बंदियों को पेंशन योजना के लिए पात्र माना गया है। प्रत्येक लाभार्थी को 20,000 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी तथा उनके सभी चिकित्सा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार ने ओडिया स्वतंत्रता की भावना को मूर्त रूप प्रदान करने वाले लोगों को सम्मानित करने की कोशिश की है।



मोहन चरण माझी ने प्रस्ताव को प्रदान की मंजूरी

इस पहल में स्वतंत्रता सेनानियों के भत्ते में बढ़ोतरी की गई है तथा आपातकाल के दौरान मीसा अधिनियम के अंतर्गत जेल में बंद लोगों को पेंशन भी प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में अनेक लोगों को मीसा, डीआईआर और डीआईएसआईआर कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। ओडिशा सरकार ने निर्णय लिया है कि एक जनवरी 2025 तक सभी जीवित कार्यकर्ता पेंशन और चिकित्सा लाभ के लिये पात्र होंगे।

# बिहार के सीमावर्ती जिलों में बरतें पूरी सतर्कता : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अफवाहों पर कड़ी नजर रखने के दिए निर्देश

**पूर्णिया,** 10 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को ध्यान में रखते हुए नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से लगे प्रदेश के सभी जिलों में पूरी सतर्कता बरतने के साथ ही राज्य में असामाजिक तत्वों के उकसावे वाली किसी भी अफवाह पर कड़ी नजर रखने का आज निर्देश दिया। कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी के लिए शनिवार को यहां उनकी अध्यक्षता में हुई सुरक्षा संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती इलाकों में पूरी तरह से सतर्कता बरतें। सीमा पर



स्थित सड़कों पर लगातार गश्ती करते रहें तथा आने-जाने वालों की पूरी जांच करें। साथ ही महत्वपूर्ण सड़कों, पुलों, रेलवे लाईन एवं धार्मिक स्थलों जैसे संवेदनशील स्थानों पर पूरी निगरानी रखें। राज्य सरकार के सभी पदाधिकारी, सेना एवं सशस्त्र सीमा बल के (एसएसबी) पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पांच जिलों पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया और सुपौल जिलों के अलावा अन्य सीमावर्ती जिलों में भी इसी तरह से सतर्क रहने एवं

सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर किए जाएं पुलिस बल प्रतिनियुक्त : **नीतीश कुमार**

मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सभी जिलों में कड़ी चौकसी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया जाए। वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से गश्ती कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेते रहें। इस घटना के आलोक में भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया और सुपौल के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, भारतीय सेना तथा सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों के साथ यह बैठक की जा रही है।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड पर हो लगातार गश्त

नीतीश कुमार ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी रखी जाए एसएसबी के साथ मिलकर इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड पर लगातार गश्ती होनी चाहिए। सीमा पर आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाय। संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाय। उन्होंने कहा कि सेना के साथ उचित समन्वय सुनिश्चित किया जाए एवं राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए हर तरह से सतर्कता बरतने की जरूरत है। आतंकवादी या असामाजिक तत्व किसी व्यक्ति को गुमराह कर या लालच देकर गड़बड़ी करा सकते हैं। इन सब चीजों पर भी विशेष नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जाय। महत्वपूर्ण पथों, पुलों, रेलवे लाईन, एयरपोर्ट, पेट्रोल-डीजल डिपो, गैस स्टेशन आदि पर कड़ी नजर रखी जाय। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाए। आसूचना तंत्र को अत्यंत संवेदनशीलता से सूचना संग्रहण हेतु लगाया जाए।

# आईएमएफ को पाकिस्तान को लोन देने से पहले सोचना चाहिए था : मनोज झा

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन दिए जाने पर राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि आईएमएफ को लोन देने पहले सोचना चाहिए था। राजद सांसद ने कहा कि आईएमएफ की ओर से जिस तरह से पाकिस्तान को लोन दिया गया, इस पर कई बातें कही जा रही हैं। लेकिन, मैं एक महत्वपूर्ण बात कहना चाहूंगा कि जिन देशों या संस्थाओं ने यह फैसला लिया है, उन्हें गंभीरता से विचार करना चाहिए कि यह रकम पाकिस्तान के लोगों के लिए है या आतंकी प्रयोगशालाओं के लिए। जब सच्चाई सामने आएगी, तो वे भी चौंक जाएंगे। राजद सांसद ने आगे कहा कि पूरी दुनिया को भारत और पाकिस्तान की आर्मी के बीच का अंतर भी देखना



हमने कभी भी स्थिति को बढ़ाने की कोशिश नहीं की

चाहिए। पाकिस्तान जो नापाक हरकत कर रहा है, हमारे सशस्त्र बल और हमारी सरकार पूरी तरह मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। मैंने सेना और रक्षा मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग सुनी और मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि वे तथाकथित स्रोतों और टेलीविजन चैनलों पर ध्यान न दें। विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हमने कभी भी स्थिति को बढ़ाने की कोशिश नहीं की। ऑपरेशन सिंदूर की पहली रात को नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों पर कोई हमला नहीं हुआ, लेकिन पाकिस्तानी सेना की ओर से प्रतिक्रिया पूरी तरह से विपरीत थी। भारत-पाक के बीच तनाव है और जिस तरह से पहलगाम में आतंकवादी हमले हुए, एक चिंगारी लगाई गई।

**पाक की नापाक हरकत में हमने अपने लोगों को गंवाया**

राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकत में हमने अपने लोगों को गंवाया। पीडीपी प्रमुख के सोशल मीडिया पोस्ट पर राजद सांसद ने कहा कि हमें यह देखना चाहिए कि हमारी सेना जो प्रेस वार्ता में बता रही है, हमेशा उन्हीं की बातों पर गौर करना है। सूत्र या सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही खबरों पर ध्यान नहीं देना है।

# सिद्दारमैया आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा करेंगे : परमेश्वर

**बेंगलुरु,** 10 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने बताया कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और सोशल मीडिया पर चल रही युद्ध संबंधी अफवाहों के मद्देनजर आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। डॉ. परमेश्वर ने बताया कि बैठक में राज्य की तैयारी की समीक्षा की जाएगी और केंद्र सरकार की एडवाइजरी के अनुसार आवश्यक कदमों पर विचार किया जाएगा। युद्ध या युद्ध जैसी स्थिति में नागरिक सुरक्षा विभाग ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती कदम उठाए हैं। गृह मंत्री ने अफवाहों और भड़काऊ सामग्री के फैलाव पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे अफरा-तफरी मच सकती है और खाद्य पदार्थ, पानी, दूध जैसी जरूरी चीजों की कमी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग युद्ध, समाज और समुदायों को लेकर झूठी बातें फैलाकर अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ. परमेश्वर ने बताया कि बैठक में मंत्री प्रियंक खड़गे, आईटी विभाग और आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं को रोकने की रणनीति बनाना है। उन्होंने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी गलत जानकारियां न फैलाएं तथा ऐसे पोस्ट तुरंत ब्लॉक किए जाएं ताकि जनता में घबराहट और अशांति न फैले।

# मुलुगु विस्फोट में पीड़ित परिवार को अनुग्रह राशि की घोषणा

**हैदराबाद,** 10 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत. रेड्डी ने मुलुगु जिले में बारूदी सुरंग विस्फोट और उसके बाद हुई गोलीबारी की घटना में तीन पुलिस कांस्टेबलों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। शहीद कांस्टेबलों में मेडचल जिले के घाटकेसर के संदीप (27), कामारेड्डी जिले के पलवंचा के वडला श्रीधर (29) और आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के कनिगिरी के पवन कल्याण (23) ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गवां दी। रेडी ने प्रत्येक शहीद के परिवार के लिए एक करोड़ रुपए की विशेष अनुग्रह राशि की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि सभी आवश्यक वित्तीय सहायता बिना देरी के प्रदान की जाए। इसके अलावा, राज्य की सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 80 लाख रुपये और 300 वर्ग गज आवासीय भूमि आवंटित की जाएगी। साथ ही परिवारों के पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी दी जायेगी। उन्होंने शनिवार को राज्य की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वालों के परिवारों को समर्थन देने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि उनकी बहादुरी और समर्पण को कभी नहीं भुलाया जाएगा।



एक करोड़ रुपए व सरकारी नौकरी देगी रेड्डी सरकार

# ऑप्रेशन सिंदूर में इंटेलिजेन्स इनपुट बने बड़े मददगार

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के अड्डों और ट्रेनिंग कैंपस पर सफल एयर स्ट्राइक के बाद दुश्मन मुल्क में घुसकर भारतीय वायुसेना ने अभी तक जो भी कामयाबी हासिल की है उसमें देश की सर्वोच्च खुफिया एजेंसी रिसर्च एनालिसिस विंग (रॉ) से मिले इंटेलीजेंस इनपुट का खास योगदान रहा है।

पहलगाम में आतंकी हमले के 15 दिन बाद 6 मई की दरम्यानी रात पाकिस्तान तथा पीओके में 25 मिनट की छोटी सी अवधि में 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया जिसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया था। जिसमें जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मौलाना मसूद अजहर के दर्जनभर करीबी रिश्तेदारों के साथ सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए।

इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने बहावलपुर (जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय), मुरीदके (लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय), सियालकोट (आतंकी अड्डा) और चक अमरू (आतंकी शिविर) और मुजफ्फराबाद में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के शिविरों के साथ कोटली, भीमबर, बाग और गुलपुर में आतंकी ठिकानों पर सटीक




हमले किए। वह केवल बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ से मिले इन्टैलीजेंस इनपुट के आधार पर संभव हो पाया है॥ बता दें कि पहलगाम हमले के बाद जब रक्षा मंत्रालय सैन्य अफसरों और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तान को सबक सिखाने की रणनीति तैयार कर रहा था तब रॉ ने पीओके व पाकिस्तान में आतंकवादियों और सेना द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कैंप और लॉचिंग पेड के 21 ठिकानों की पूरी जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि इसी लिस्ट के आधार पर 9 ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर प्रहार किया गया और इसमें कामयाबी भी मिली। इस एयर स्ट्राइक के बाद जब पाकिस्तान लगातार तीन दिन से भारत पर ड्रोन अटैक कर रहा था उसके बाद घर में घुसकर की जा रही स्ट्राइक में भी रॉ से मिल रहे इंटैलीजेंस इनपुट का बड़ा रोल है। चाहे अरब सागर में खड़े भारतीय युद्धपोत आईएनएस विक्रांत करांची में बंदरगाह की तबाही हो या पाकिस्तान के अलग-अलग शहरों में प्रमुख सैन्य ठिकानों व ऐयरबेस की जानकारी सब कुछ तीनों सेनाओं को देश की सर्वोच्च खुफिया एजेंसी ही उपलब्ध करा रही है।

■ रॉ के पास है पाकिस्तान में आतंक के अड्डों और सैन्य ठिकानों की पूरी जानकारी

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और एनएसए अजित डोभाल के निर्देश पर खुद रॉ चीफ तीनों सेनाओं के साथ इंटैलीजेंस इनपुटस को लेकर कोर्डिनेशन कर रहे हैं।

# भारत-पाक संघर्ष विराम स्वागत योग्य कदम : स्टालिन

**चेन्नई,** 10 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान द्वारा चार दिनों से चल रही भीषण शत्रुता को समाप्त करने के लिए घोषित संघर्ष विराम एक स्वागत योग्य कदम है। एक्स पर एक पोस्ट में, स्टालिन ने उनके द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में आयोजित रैली की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि तमिलनाडु ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता में मार्च किया। एम के स्टालिन ने लिखा कि युद्धविराम एक स्वागत योग्य कदम है, शांति कायम रहे। हमारी सीमाओं की रक्षा करने वालों के साहस को हमारा हार्दिक सलाम।



# साहित्य



कहानी

## युद्ध

■ शानी

पाकिस्तान से युद्ध के दिन थे। हवा भारी थी। लोग डरे हुए और सचमुच नीमसंजीदा। आतंक, असुरक्षा और बेचैनी से लदा दिन वक़्त से पहले निकलता और शाम के बहुत पहले यक-ब-यक डूब जाता था। फिर शाम होते ही रात गहरी हो जाती थी और लोग अपने घरों में पास-पास बैठकर भी घंटों चुप लगाए रहते थे।

'सुना! वसीम रिज़वी से चार्ज ले लिया गया है।' दफ़्तर पहुँचते ही शंकर दत्त को एक दिन इसी तरह हतप्रभ रह जाना पड़ा था।

'यानी ? क्या वह नौकरी से...'

'नहीं, नौकरी पर तो है। रिज़वी से वह काम छीन लिया गया है, जो बरसों से करता आ रहा था। डायरेक्टर ने कहा है कि हालात को देखते हुए ऐसा बड़ा काम रिज़वी पर छोड़ना ठीक नहीं। सारे देश का मामला है...'

'क्या पिद्दी और क्या पिद्दी का शोरबा!' शंकरदत्त को हँसी आ गई थी। एक तो निहायत बेमानी और सड़ा महकमा और उस पर वह दो कौड़ी का काम, जो रिज़वी करता आ रहा था। अगर विभाग के प्रमुख होने के नाते डायरेक्टर भी चाहता, तो कुछ नहीं कर सकता था, फिर रिज़वी तो एक मामूली कर्मचारी था।

दफ़्तर में मुसलमानों की संख्या कुल मिलाकर चार थी और उस पर भी नोटिस लिए जाने वाले तीन थे। युद्ध छिड़ते ही शहर के मुसलमानों में जो आतंक और भय था, उसका आभास दफ़्तरों में पा लेना सबसे आसान था। दो-एक दिन हर क्षण यह लगता रहता था कि अब कोई दंगा छिड़ा, अब कोई फ़साद हुआ। दरअसल, आम मुसलमान झाड़ियों में दुबके खरगोश की तरह अजीब सकते के आलम में डरा हुआ और चौकस हो गया था। लोग दरवाजे-खिड़कियाँ बंद करके धीमी आवाज़ में रेडियो पाकिस्तान की न्यूज सुनते और जब भी दो या चार आपस में मिलते, खरगोश के अंदाज़ में बातें करते।

इसी बीच एक घटना हुई। सकते के दौरान ही एक रात शहर के संभ्रांत मुसलमानों की एक आम सभा हुई और दूसरे दिन शहर के बीचों बीच एक इमारत पर हिंदी का एक बहुत बड़ा बोर्ड लटका हुआ था-'राष्ट्रीय मुस्लिम संघ'।

शहर के नामी-गिरामी आदमी हामिद अली, जो दो बार हज करके लौटे थे, इसके प्रेसीडेंट चुने गए थे। हामिद अली के हस्ताक्षरों से मुसलमानों के नाम राष्ट्रीयता की शपथ दिलाने वाली कई बड़ी-बड़ी अपीलें निकाली गई थीं और इन अपीलों को प्रेस तथा अख़बारों तक पहुँचाने का काम क़ुरैशी ने ही किया था।

'क्यों दोस्तो, लाहौर और कितना रह गया?'

युद्ध के बीच के दिनों में लगातार दो दिनों तक जैसे इसी प्रश्न से दफ़्तर खुलने लगा था। टैंकों का नाश हो या आदमियों का, बड़ी अजीब-अजीब और उत्साहवर्धक अफ़वाहें फैलीं हुई थीं। इनमें सबसे बड़ी अफवाह यह थी कि पाकिस्तानी फ़ौज को गाजर-मूली की तरह काटती अपनी फ़ौज लगातार आगे बढ़ती जा रही है और लाहौर पर अब बस क़ब्ज़ा हुआ ही चाहता है।

'क्यों साहब, बहादुरों की किसी फ़ौज को दस-बारह मील का फ़ासला तय करने में कितना वक़्त लगता है?'

उस दिन यह सवाल सबसे पहले क़ुरैशी ने ही किया था। दफ़्तर अभी-अभी खुला था। रिज़वी भी आ चुका था और रोज़ की तरह चुपचाप बैठा वह कोई अख़बार पलट रहा था। क़ुरैशी ने यह सवाल हालाँकि पूरे दफ़्तर से किया था, लेकिन पहले उसने रिज़वी की ओर छिछलती और मानीख़ेज़ नज़रों से देख लिया था।

'दस घंटे भी लग सकते हैं, दस दिन भी और दस साल भी...'

'अमाँ, दस मिनट कहिए, दस मिनट!' दफ़्तर में अपनी कायरता के लिए प्रसिद्ध एक साहब ने ऐसे जोश में कहा, जैसे वह क्लर्क नहीं, फ़ौज के कप्तान हों।

'यार, लाहौर आ जाए ? बगल की मेज़ से आवाज़ आई, 'हम तो वहीं चलकर बसने की सोच रहे हैं। सुना है कि शहर साला बेहद ख़ूबसूरत है।'

'हाँ, है तो, लेकिन वहाँ करोगे क्या ?'

'क्यों, कुछ भी किया जा सकता है-अखबार है, प्रेस है। क्यों सर, वहाँ चलकर हिन्दी का प्रेस डाल लूँ, कैसा रहेगा?'

'मैं तो भाई होटल खोलूँगा।' एक दूसरे साहब ने पुलकित स्वर में कहा, 'पानी बेचो और पैसा सूँतो ! साली होटल में बड़ी आमदनी है। और कुछ नहीं, तो इस ग़ुलामी से तो पिंड छूटे...'

'कल मैं तेरह रुपए पंद्रह पैसे का मनीआर्डर करने जा रहा हूँ।' सहसा दफ़्तर के बीचों बीच और रिज़वी के सामने घोषणा हुई, 'किसके नाम जानते हो ?' प्रेसीडेंट अय्यूब के नाम ! बेचारा बड़ा ग़रीब आदमी है। पार्टिशन होते ही हमारे तेरह रुपए पंद्रह आने लेकर भाग गया था। यक़ीन न हो तो छिंदवाड़ा मिलिटरी कैंटीन का पुराना खाता देख लो...'

उसी समय रिज़वी, जो अब तक सारी बातों को अनसुनी करता मेज़ पर गर्दन झुकाए बैठा था, सहसा उठा और बिना किसी को देखे हुए चुपचाप गेट से बाहर निकल गया। एक क्षण को तो सब चुप हो गए थे, लेकिन दूसरे ही क्षण क़ुरैशी ने सबकी ओर देखकर आँख मारी थी और लोगों ने एक-दूसरे को कोहनियों से ठेला था।

'देख लिया दत्त जी!' किसी ने सीधे शंकरदत्त पर हमला किया, 'ये अचानक क्या हो गया? क्या मिर्च लग गई ?'

शंकरदत्त हमलावर का मुँह ताकते ही रह गए थे। कि क़ुरैशी ने तपाक से कहा 'अजी, दत्तजी बेचारे क्या कहेंगे ! अभी परसों जब मैं 'राष्ट्रीय मुस्लिम संघ' की अपील लेकर गया था, तो हजरत कहने लगे, काहे की अपील और क्यों?' पट्ठे ने दस्तख़त करने से साफ़ मना कर दिया। कहने लगा, मैं क्या बेईमान हूँ, जो ईमानदारी का सबूत पेश करता फिरूँ... ?'

'बत्ती बुझाओ... बत्ती बुजाओ...!

दूर से अभी स्वयंसेवकों की आवाज़ें आ रही थी। बाहर अँधेरा और हैबतनाक ख़ामोशी थी, जैसे समूचे शहर को किसी ने ठंडे और अँधेरे गार में उतार दिया हो। रह-रहकर लड़ाकू हवाई जहाज़ों की आवाज़ सहसा आकाश के किसी कोने में जन्मती, फिर वह शैतानी जवान की तरह लपलपाती हुई मानो प्रत्येक घर की छत-मुँडेरों को चाटती हुई कहीं दूर निकल जाती।

'अब तो शहरों पर भी बम गिराए जा रहे हैं....सिविलियन्स पर!' शंकरदत्त ने साँस भरकर कहा, जैसे अपने आप से बात कर रहे हों। फिर रिज़वी की ओर देखने लगे। वह दोनों घुटने उठाए गुड़ी-मुड़ी-सा बैठा था। कमरे में एक मरियल मोमबत्ती की हलकी सी रोशनी थी, जिसे खिड़की-दरवाज़े बंद करके, या पर्दों को खींचकर रोका गया था। रोशनदान तक के शीशों पर काग़ज़ चिपकाककर उन्हें अंधा किया गया था।

'तुमने आज का अख़बार देखा?' शंकरदत्त को अपनी ही आवाज़ कहीं दूर से आती हुई सुनाई दी, 'सिविलियन्स अस्पताल पर बमबारी और बेग़ुनाह मरीजों के बीमार जिस्मों के परखच्चे उड़ जाना... हरे राम, क्या इस क्रूरता के लिए हमें ईश्वर कभी क्षमा कर सकता है ?' मुझे तो लगता है...'

उसी समय मोमबत्ती की लौ काँपकर टेढ़ी हो गई थी। लगा था कमरे के नीम उजाले फ़र्श को पलटती हुई अँधेरे की कोई लहर आई हो। रिज़वी ने घुटने पर से सिर उठाया। उसके होंठ भी खुले लेकिन वह बोला नहीं। उसने केवल सिर हिला दिया। उठकर शंकरदत्त पास गए और मनाने वाले स्वर में अपनेपन से बोल, 'अमाँ, भूलो भी उसे !'

'किसे?'

'वही सब...?'

'किसे भूलूँ, दत्तजी?'

'क्या वही सब दुहराकर मैं फिर से तुम्हारा मन ख़राब करूँ?' शंकरदत्त ने अत्यंत स्नेहपूर्वक रिज़वी के कंधे पर हाथ रख दिया, वसीम, मैं बराबर यही कहता रहूँगा कि नाइंसाफ़ियों को लेकर मातम करना आज ऐसा ही है जैसे आदमी की मौत पर सिर पटकना। क्या तुम समझते हो कि अपनी बच्चों जैसी ज़िद से लड़कर तुम ऐसी दुनिया से जीत जाओगे, जो युद्ध से कहीं ज्यादा क्रूर है...?'

'बत्ती बुझाओ...!' दूसरे ब्लॉक में से आवाज़ आई थी, लेकिन लगा जैसे वे फिर क्वार्टर के सामने आ गए हों। शंकरदत्त ने उठकर पर्दों को एहतियातन और ठीक कर दिया।

पिछले कई दिनों से शहर में ब्लैक आउट चल रहा था। शहर कैंटोनमेंट एरिया में नहीं आता था, तो भी ख़तरा बना हुआ था। चाहे नागरिकता के फ़र्ज़ के नाते हो या प्राणों के डर से लोग बेहद चौकस और समझदार हो गए थे। ब्लैक आउट बनाए रखने के लिए हर मोहल्ले में स्वयंसेवकों के जत्थे तैयार थे।

रोज़ की तरह आवाज़ लगाते हुए आज भी स्वयंसेवकों के जत्थे आए थे, लेकिन एक जत्था इस ब्लॉक में पहुँचकर आगे नहीं बढ़ा। ऐन रिज़वी के क्वार्टर के सामने आकर रुक गया था। शायद किसी खिड़की का पर्दा ज़रा—सा सरक गया था और रोशनी की शहतीर क्वार्टर से कूदकर सामने की सड़क पर पड़ रही थी।

'बत्ती बुझाओ! किसी ने डपटकर आवाज़ लगाई थी। रिज़वी घर पर मौजूद था। उसने झाँककर भी देखा था, लेकिन कोई असर लिए बिना वह चुपचाप बैठा पढ़ता रहा।

'क्यों साब, बहरे हैं ?' दो नौजवानों ने आगे बढ़कर पूरी ताक़त से कुंडी खटखटाई।

'क्या बात है ?' कुछ क्रोध और कुछ कैफ़ियत तलब करने के अंदाज़ में रिज़वी बाहर निकल आया और बात शायद यहीं से बिगड़ गई थी। 'अपना फ़र्ज़ मैं ख़ूब समझता हूँ, बत्ती बुझी हुई है।' आख़िर में रिज़वी ने कहा था।

'अगर बत्ती बुझी हुई है, तो यह रोशनी कहाँ से आ रही है?'

'वह मोमबत्ती है। मैंने पढ़ने के लिए जलाई है।'

'क्या मोमबत्ती में रोशनी नहीं होती ?'

'उससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। मैं पर्दे ठीक किए देता हूँ।'

'फ़र्क़ पड़ता हो या नहीं, आप बत्ती बुझाइए!' कहकर एक उत्साही युवक तीर की तरह दरवाज़े की ओर बढ़ा और जिसे अधबीच में बाँह अड़ाकर रिज़वी ने रोक लिया था।

'वह बत्ती नहीं बुझेगी!'

'बुझेगी !'

'नहीं बुझेगी!'

'बुझेगी !'

'ज़िद बेकार है,' रिज़वी ने कहा था, 'पहले सामने वाले क्वार्टर्स की मोमबत्तियाँ बुझाइए !'

'उनकी उन पर छोड़िए ! हम आपसे बात कर रहे हैं !'

'क्यों छोड़ दूँ ? क्या उन पर हीरे-मोती जड़े हैं !'

एक क्षण को यह युवक नवयुवक हतप्रभ सा देखता रहा, फिर सहसा वह शेर की तरह यों गर्जा कि सारी कॉलोनी गूँज उठी, 'यह बत्ती ज़रूर बुझेगी !'

सन्न, सकता पल-भर का, जिसे तोड़ते हुए अँधेरे में से एक आवाज़ आई, 'मार डालो जासूस को !'

'जासूस ! जासूस !'

कई लम्हों तक रिज़वी काँपता खड़ा रहा, फिर एकाएक अँधेरे में वह उस ओर लपका, जिधर से आवाज़ आई थी।

देर हो चुकी थी, जब तक शंकरदत्त वहाँ पहुँचे और बीच-बचाव किया, काफ़ी देर हो चुकी थी।

'भाईजान!' कोई दस मिनट बाद जब वे दोनों भीतर आकर संयत हुए तो इस रूँधी आवाज़ में शंकरदत्त चौंके थे। भीतरी दरवाज़े की चौखट में यह बेगम रिज़वी की आवाज़ थी, गले में फँसी-फँसी और अवरुद्ध।

'भाईजान, हम पर एक अहसान कीजिए। इनसे कहिए कि मुझे और बच्चों को ज़रा ज़हर देकर सुला दें, फिर चाहे ये दुनिया से जूझते फिरें... हम... हम... हमारा ख़ुदा है...'

आगे उनका स्वर रुलाई में फँसकर डूब गया था. शंकरदत्त ने दरवाज़े की ओर देखा, जहाँ बेगम रिज़वी के दुपट्टे का पल्लू झाँक रहा था, पर कुछ बोल नहीं पाए। रिज़वी के दोनों बच्चे अप्पू और सबा पर्दे से लगे हुए और भयभीत खड़े थे। ख़ासकर अप्पू जैसी ख़ामोश, कातर और डरी हुई आँखों से अपने पिता की ओर देख रहा था, उससे शंकरदत्त सहम कर रह गए। यक—ब—यक ख़याल आया था कि वे भी हिंदू हैं। इतने बरसों में इस घर में पहली बार... फिर जैसे यह भी पहली बार ध्यान आया कि रिज़वी अब भी उस हुलिए में बैठा हुआ है, 'फटी हुई कमीज, नुचे हुए बिखरे बाल, और निचले होंठ पर चोट का लहू-जमा निशान...'

'अप्पू बेटे!' सहमती हुई आवाज़ में शंकरदत्त ने धीरे से पुकारा, 'बेटे, अपने अंकल के पास आओ !'

अप्पू नहीं आया। एक बार उन्हीं आँखों से घूरकर वह परदे से और सट गया।

'पापा के लिए दूसरे कपड़े ले आओ, बेटे!' उन्होंने हतप्रभ होते हुए कहा था।

थोड़ी देर में कपड़े आए। लेकर अप्पू ही आया था, लेकिन कपड़े रखकर बिना किसी से कुछ कहे वह लौट गया था। शंकरदत्त हाथ बढ़ाकर उसे पकड़ना चाहता था, लेकिन वह मछली की तरह हाथ से फिसलता चला गया था। बहुत हल्के शंकरदत्त को कहीं चोट भी लगी, लेकिन उन्होंने फीकी हँसी हँसकर धीरे से कहा था, 'अप्पू हमसे नाराज़ है !'

पता नहीं रिज़वी ने उनकी बात सुनी थी या नहीं, स्वयं शंकरदत्त उसे देखते हुए भी नहीं देख रहे थे।

क्या अप्पू सचमुच नाराज़ नहीं है ? क्या लोग ठीक कहते हैं कि बच्चों की आँख में अच्छे या बुरे को सहसा भाँप जाने की शक्ति होती है ? लेकिन इतने बरसों में वे यक—ब—यक बुरे कैसे हो गए और क्यों ? और क्यों ? कहीं ऐसा नहीं है कि उन्हें लेकर घर पर इधर कोई बात हुई हो और बच्चे ने चुपचाप उसका असर ले लिया हो ? एक बार यह भी मन में आया था, लेकिन अभी कल तक ?

युद्ध का ग्यारहवाँ दिन चल रहा था। यही ब्लैक आउट और अँधेरा! लेकिन कल भी वे ऐसे ही लुढ़क आए थे, जैसे ढलान की ओर राह खोजता जल... कोई अगर संतानहीन शंकरदत्त से यह पूछता कि अक्सर शामें इस घर में गुजारने के पीछे सचमुच कौन है ? रिज़वी या अप्पू, तो क्या वह जवाब दे सकते थे ? और सचमुच कौन है! रिज़वी की बरसों पुरानी दोस्ती या अप्पू की दहलीज़ पर से ही गले लिपट जाने वाली वह किलकारी, 'अपने अंकल आ गए... अपने अंकल आ गए...!'

कमरे में आग से फूटने वाले काँपते उजाले की तरह जरा-सी रोशनी और बहुत-सा अँधेरा था।

'अपने अंकल !' रोज़ की तरह अप्पू कल भी आ गया था, लेकिन आदत के मुताबिक़ न तो उसने शंकरदत्त के गले में अपनी छोटी-छोटी बाँहों का गजरा डाला था और न...

'अपने अंकल, आपको पता है, यह लड़ाई कब बंद होगी ?

शंकरदत्त बेतरह चौंक गए थे, 'क्यों बेटे?'

'बताइए, कब बंद होगी ?'

'लेकिन क्यों ?'

'अम्मी पूछ रही हैं। कहती हैं, अंकल से पूछकर आओ।'

शंकरदत्त ने भीतरी परदे की ओर देखा। कहीं बेगम रिज़वी तो नहीं खड़ी हैं ? नहीं थीं। लेकिन सवाल अकेले अंकल से क्यों, पापा से क्यों नहीं ? एक पल को उन्हें लगा था, जैसे वह कटघरे की ओर धकेले जा रहे हों। उसके छोटे से बदन को समेटते हुए उन्होंने धीरे से कहा, 'पता नहीं बेटे !'

अप्पू कुछ और कहता कि दूर कहीं उसी आवाज़ ने जन्म लिया। फिर कुछ ही पलों में वह आवाज़ सारे आकाश और सन्नाटे को रौंदती इतनी निष्ठुर और ख़तरनाक होकर पास आने लगी कि अप्पू ने कहा था, 'अंकल, आपको डर नहीं लगता ?'

'लगता है, बेटे !'

'आपको भी ?'

'हाँ, हमें भी।'

'यह जहाज़ लड़ाकू था न अंकल ?'

शंकरदत्त ने सिर हिला दिया।

'यह बम गिराने जा रहा है ?'

'अप्पू, अब अंदर चलो ! बीच में रिज़वी ने टोक दिया।'

'लड़ाई में लड़ता कौन है, अंकल ?'

'सैनिक लड़ते हैं, बेटे।'

'सैनिक कैसे होते हैं ?'

'जो फ़ौज में होते हैं, वे सैनिक कहलाते हैं।'

'अच्छा समझ गए। जैसे हमारे पाकिस्तान वाले मम्मा सैनिक हैं... है न ?'

'हाँ, बेटे वे भी लड़ रहे होंगे।'

'बंदूक से ?'

'हाँ। बंदूकों से, हथगोलों से, टैंकों से।'

'इन्हें फ़ौज में भेजता कौन है अंकल ?'

'देश भेजता है बेटे।'

'देश? देश कौन है ?'

'बेटे... देश...' शंकरदत्त को एक पल सोचना पड़ा था, 'देश वो है जिसमें लोग रहते हैं, जैसे हम...तुम...हमीं देश हैं, बेटे !'

'लेकिन अंकल आप तो कह रहे थे कि आपको लड़ाई से डर लगता है। फिर इन्हें क्यों भेजा?'

'अप्पू !'

रिज़वी ने इस बार डाँटने के स्वर में पुकारा था। अप्पू ने एक लम्हे को अपने पापा की ओर देखा था। फिर उनकी ओर मुड़कर बोला, 'अच्छा अंकल, एक बात और....सैनिक डरते नहीं हैं ?'

'किससे ?'

'लड़ाई में, गोली-वोली से। उनके लगती नहीं है ?'

'लगती है।'

'सच्ची-मुच्ची की ?'

'हाँ।'

'फिर वे मर जाते हैं ?'

'मर जाते हैं।'

'सच्ची-मुच्ची ?'

'हाँ बेटे, सच्ची-मुच्ची।'

अप्पू की छोटी सी पेशानी में बल पड़ा था और उसके छोटे-छोटे होंठ आश्चर्य और चिंता से खुल गए थे। एक पल उन्हें अजीब सी आँखों से घूरने के बाद सहसा पूछा था, 'तो अंकल, उन्हें पुलिस क्यों नहीं पकड़ती ?'

क्या शंकरदत्त उस सवाल का जवाब दे सकते हैं ? अगर रिज़वी ने इस दफ़ा और भी सख़्ती से डाँटकर अप्पू को ख़ामोश कर दिया होता, तो वह क्या कहते ?

'बहुत तंग करता है !' अप्पू के चले जाने के बाद रिज़वी ने धीरे से कहा।

'हाँ, सचमुच तंग करता है !' साँस भरकर शंकरदत्त बोले थे, 'वसीम, तुम्हें उस दिन की याद है...उस दिन की, जब अप्पू ने तुमसे एक सवाल कर दिया था और जिसका तुम्हारे पास बिल्कुल जवाब नहीं था। वह बात आज भी मुझे तंग करती है...'

कोई छुट्टी का दिन था। यही बैठक। यही दोनों। यही देर तक चलने वाली ख़ामोशी। बेगम रिज़वी अंदर थीं। अप्पू बाहर अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। अचानक जाने क्या हुआ कि खेल छोड़कर वह सीधे पापा के पास आ पहुँचा था और फिर गोली दागने जैसा उसका यह सवाल था।

'पापा, हम हिंदू हैं कि मुसलमान ?'

'क्यों?' बेतरह चौंकते हुए भी रिज़वी ने उसे टालना चाहा था, 'बाहर खेलो, बेटे ! हमें बात करने दो'

'नहीं, पहले बताइए,' अप्पू मचल गया था, 'हम हिंदू हैं कि मुसलमान ?'

'लेकिन क्यों ?'

'बताइए ?'

'अच्छा, मुसलमान।'

'अल्ला मियाँ कहाँ रहते हैं पापा, ऊपर आसमान में न ?'

'हाँ।'

'और भगवान ?'

'वे भी वहीं।'

'वहीं?' कहते हुए अप्पू की आँखों में एक बहुत गहरा प्रश्न तैर रहा था।

आगे सवाल न पूछे इसलिए रिज़वी ने कहा, 'जाओ, बाहर खेलो...' पर अप्पू कोई अगला सवाल पूछने के लिए उतावला था और वे दोनों अपनी जान बचाने के लिए... रिज़वी ने निगाह बचाने के लिए दालान की तरफ़ देखा।

दालान में टँगे आईने पर बैठी एक गौरैया हमेशा की तरह अपनी परछाईं पर चोंच मार रही थी।

**( प्रस्तुति : ज़ाहिद ख़ान, मो. 94254 89944 )**

# 'समकालीन कविता में माँ'

■ डॉ.नीरज कुमार मिश्र

माँ एक ऐसा शब्द है, जिसमें संपूर्ण सृष्टि की ममता, त्याग, प्रेम और उसका बलिदान समाहित है। इसी मातृत्व की महानता को सम्मान देने और मां के प्रति अपने प्रेम और कृतज्ञता को प्रकट करने के लिए हर साल 'मदर्स डे' मनाया जाने लगा है। यह दिन माँ के प्रति हमारे प्रेम, सम्मान और समर्पण को व्यक्त करने का विशेष अवसर की तरह है। आज माँ को याद करने का दिन है। आधुनिक समय में माँ को प्यार और सम्मान देना किसी कल्पना से कम नहीं है।क्योंकि हम विकास की अंधी दौड़ में इस कदर भागे जा रहे हैं कि अपनी माँ और उसके त्याग को भूले जा रहे हैं। याद कीजिए भीष्म साहनी की कहानी 'चीफकीदावत' और प्रेमचंद की कहानी' बूढ़ी काकी'को।एक तरफ हम इस दिन माँ को याद करते हैं,दूसरी तरफ उनकी ममता,त्याग,प्रेम और बलिदान को भूलकर उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं।

इस दुनियाँ में यदि कुछ भी महान और नायाब तोहफा है,तो वह है-माँ। वैसे माँ को सम्मान और प्यार देने के लिए किसी दिन और तारीख की जरूरत नहीं होती है। फिर भी यदि कोई दिन अलग से माँ के नाम में मनाया जाये तो और भी अच्छा है। ऐसा कहते हैं कि मदर्स डे मनाने की परंपरा प्राचीन यूनान और रोम से जुड़ी हुई है। वहां देवियों की पूजा की जाती थी, जिन्हें मातृत्व का प्रतीक माना जाता था। लेकिन मदर्स डे नाम हमें अमेरिका से मिला है। कहा जाता है कि अमेरिका एक्टिविस्ट एना जार्विस ने मदर्स डे मनाने की प्रथा शुरू की।एना अपनी माँ से बहुत प्यार करती थीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की। वो हमेशा अपनी माँ के साथ रहीं।8 मई, 1914 को अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पारित किया, जिसमें मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे घोषित किया गया। 9 मई 1914 को अमेरिकी राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने नियम बनाया की मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जायेगा। इसे भारत में भी अब मनाया जाने लगा है।

हम और किसी दिन अपनी माँ को याद करें न करें,लेकिन इस दिन बाजारवाद के के असर से जरूर याद कर लेते हैं। यही वजह है की मई के इस विशेष दिवस पर सोशल मीडिया में माँ के प्रति अपार प्यार देखते ही बनता है।

कल सुबह पेपर पढ़ते हुए, ये बात दिमाक में आई कि शायद ही ऐसा कोई कवि हो,जिसने माँ पर कविता न लिखी हो। सुबहमहाविद्यालय के बहुत जरूरी काम से निकलने की वजह से थोड़ा ही लिख पायाथा ।लेकिन दिन भर मन में बेचैनी रही। देर शाम घर पहुँचा। मेरे पास जितने भी समकालीन कवियों की कविताएँ थीं,सभी को निकाल कर देखा। उन्हीं कविताओं के आधार पर माँ को याद करने का ये प्रयासकिया है।

समकालीन हिंदी कविता में अशोक वाजपेयी के 1966 में प्रकाशित पहले कविता संग्रह 'शहर अब भी संभावना है' और 1995 में में प्रकाशित कविता संग्रह 'आविन्यो' पर माँ पर लिखी अनेक कविताएँ हैं।अशोक वाजपेयी अपनी माँ को दीदीआ कहते हैं- 'अनंत में जहाँ तुम हो / पितरों के जनाकीर्ण पड़ोस में / वही अपने ढीले पेण्ट को सम्हालता /मैं भी हूँ गुड्डुन / जैसे यहाँ इस असंभव सुनसान में / तुम हो इस कविता,इन शब्दों,इस याद की तरह दीदीआ।' अशोक वाजपेयी अपनी कविताओं में आने वाली माँ को भावात्मक ऊँचाई से नीचे लाकर, उसे वस्तुस्थिति से जोड़कर, सामान्य धरातल में लाकर खड़ा कर देते हैं।इनके यहाँ भी माँ चुप रहती है।दु:ख झेलती है।चुप्पी ही उसका निर्वेद है।चंद्रकांत देवताले जब माँ पर कविता लिखते हैं,तो ऐसा लगता है कि जैसे उनका पूरा कवित्व माँ को समर्पित हो गया हो।उनकी कविता 'माँ जब खाना परोसती थी' उन दिनों की याद दिलाती है,जो अभी भी दबे हैं शायद कहीं गहरे हमारे दिलों में- 'वे दिन बहुत दूर हो गए / जब माँ के बिना परसे पेट भरता ही नहीं था / वह मेरी भूख और प्यास को रत्ती-रत्ती पहचानती थी / और मेरे अकसर अधपेट / खाये उठने पर/ बाद में जूठे बरतन अबेरते / चौके में अकेले बड़बड़ाती रहती थी / बरामदे में छिपे मेरे कान उसके हर शब्द को लपक लेते थे / और आखिर में उसका भगवान के लिए बड़बड़ाना/ सबसे ख़ौफ़नाक सिद्ध होता / और तब मैं दरबाजा खोल / देररात के लिए सड़क के एकांत और /अंधेरे को समर्पित हो जाता है।' कवि नरेंद्र पुण्डरीक ने भी अनेक कविताएं माँ पर लिखीं हैं। इन्होंने 'माँ' कविता में उस माँ की बेबसी को मार्मिक ढंग से रखा है। जिसके बेटे अपनी माँ कोपिता के न होने पर बोझ समझते हैं-' पिता के बाद/हम भाइयों के बीच पुल बनी माँ / अचानक नहीं टूटी/धीरे-धीरे टूटती रही / हम देखते रहे और मानते रहे / कि बूढ़ा रही है माँ / हाथों-हाथ रहती माँ / एक दिन कंधों में आ गई / धीरे-धीरे महसूस करने लगे हम /अपने वृषभ कंधों में/माँ का भारी होना/जब तक जीवित रही माँ /हम बदलते रहे अपने कंधे / माँ आखिर माँ ही तो है/ बार- बार हमें कंधे बदलते देख / हमारे कंधों से उतर गई माँ / और माँ के कंधों से उतरते ही उतर गये हमारे कंधे।' आज लगभग हर माँ की स्थिति ऐसी ही है।माँ कितनी बार टूटती है।इसका भान हम बेटों को नहीं होता।बेरोजगारी की वजह से अपने घरों से महानगर में पलायन आज के समय की सबसे बड़ी त्रासदी है। कैसे माँ और गाँव से दूरी कवि मिथिलेश श्रीवास्तव को कचोटती है।इसकी बानगी उनकी कविता 'सूरज का घर' में देखी जा सकती है-'दो रोटी की व्यवस्था / मेरी माँ / अपने पास ही कर सकने में समर्थ होती / मैं वहीं होता माँ के पास / जहाँ सूरज का घर/दस कदम पर जान पड़ता है/नदी की बेचैनी अपनत्व से भर देती है'। ये महानगरीय टीस केवल कवि की अकेले की नहीं है। ये टीस हम जैसे न जाने कितने लोगों की है,जो अपनी माँ से दूर,इस महानगर की चकाचौंध में अपने गमों को दबाए हुए मशीन हो गए हैं।

कवि दिविक रमेश की कविताओं में माँ अनेक रूपों में आती है। माँ की विड़म्बना को उनकी कविता 'माँ के पंख नहीं होते' में देख सकते हैं- 'माँ के पंख नहीं होते / कुतर देते हैं / उन्हें होते ही पैदा / खुद ही उसके बच्चे।' हर माँ की अपनी चाहतें होती हैं। पूरी होने पर सबके सामने हँस लेती है और न पूरी होने पर अकेले में रो लेती है। इनकी कविता' तू तो है न मेरे पास% में इसी चाहत का बयान है- 'चाह जरूर थी माँ के पास /जैसे होती है जीने के लिए जीती हुई / किसी भी औरत के पास।' कवि सुभाष राय को उनकी माँ के स्पर्श ने तत्क्षण बदल दिया है। माँ के स्पर्श से वह स्त्री हो जाते हैं और उनके अंदर बहने लगती है माँ। 'मेरा परिवार' कविता के माध्यम से वह अपनी माँ को याद करते हैं- 'माँ के नाम पर/मैंने लगाये हैं ढेरों गुलाब/उनकी पंखुड़ियों पर ठहरी बूंदें देखकर बहुत याद आती है माँ।' एक संजीदा कविमन ही सभी स्त्रियों में माँ को देख सकता है।इनकी कविता 'पितरपक्ष और माँ' में ये कविमन प्रखरता से आता है-'सब मांएं एक जैसी लगती हैं मुझे / प्रेम और करुणा से भरी हुई/जीवन के युद्ध के लिए / बच्चों को पल-पल रचती हुई।' कवि राकेशरेणु की कविताओं में स्त्रियों के विविध रूपों को देखा जा सकता है।उनमें से एक रूप माँ का भी है।इनकी कविताओं में एक तरफ माँ का अकेलापन है,तो दूसरी तरफ माँ के चले जाने का दु:ख भी भी। 'अब जबकि तुम चली गई हो माँ %कविता माँ के चले जाने के बाद के दर्द को बयां करती है।जिनके सर से माँ का साया उठ गया है,वे ही इस दर्द को समझ सकते हैं-' जाड़े के उन्हीं दिनों में/ कौन रखेगा छुपा कर / खेसारी की साग मेरे लिए/ कौन बांधे रख पाएगा परिवार को / कौन बताएगा कि नहीं खाना चाहिए / अमौरियाँ / सतुआनी से पहले किसी भी हाल में ? / कौन बताएगा यह सब / जब जबकि तुम चली गई हो माँ?' भरे पूरे परिवार में माँ अकेलपन का किस तरह शिकार हो जाती है। इसकी समूची व्यथा इस कविता में देखी जा सकती है। कवि स्वप्निल श्रीवास्तव के यहाँ माँ करघा के रूम में आती है।जो हम बच्चों को बुनती है।माँ के चले जाने का दु:ख सभी को होता,क्योंकि माँ ही हमें हर मुश्किल घड़ी में बचाती है।इसी दु:ख को स्वप्निल श्रीवास्तव अपनी कविता 'माँ' के माध्यम से व्यक्त करते हैं-'तूफान में हिलते थे घोसले / माँ उसे दिल से थामे रहती थी / अब घोसले की जगह/ तिनके बचे हुए हैं/माँ उड़कर अनन्त में चली गयी है।'

कवि विनय विश्वास ने अपनी कविता 'एक माँ का पुत्र प्रेम' के माध्यम से माँ की उस दबी चीख़ को उभारने की कोशिश की है।जिसमें उसका लड़का उसे छोड़कर चला जाता है। अमेरिका से माँ को लेने उसका लड़का आता है। जाते समय माँ को एयरपोर्ट में छोड़कर चला जाता है- 'जा चुका अमेरिका जाने वाला/ कोई कह गया / माँ का कलेजा धक से रह गया / बेटे का मखमली रास्ता देखते-देखते माँ की नज़र पथरा गई / बेटा नहीं आया रात आ गई।' ये दर्द हर उस माँ का है,जिसके बेटे माँ को महारानी बनाकर विदेश ले चलने का लालच इसलिए देते हैं;ताकि वह उसके नाम के मकान को बेंचकर पैसा हड़प लें।अंत में जब वे अपने मंसूबों में सफल होते हैं तो उसे अकेले यहीं बेसहारा छोड़ जाते हैं।इनकी कविताओं में माँ बचपन के उस होश की तरह है,जिसे हम बड़े होकर भूल जाते हैं । इनकी कविता में ' माँ आज तू उदास है / पर तेरी उदासी देखने का समय किसके पास है / बूढ़ी हड्डियां लिए भले तू पिसती रहे चूल्हे चक्की में।मैं मस्त हूँ अपनी तरक़्क़ी में।' यहाँ ऐसी माँ हमारे सामने नज़र आती है,जो अपने बच्चों के लिए अपना समूचा जीवन रात बना लेती है।और बच्चे हैं कि अपनी तरक़्क़ी के पीछे इतने पागल हैं कि माँ की कोई फ़िकर उन्हें नहीं है।कवि मणिमोहन मेहता अपनी कविता 'कविता भी समझ आनी चाहिए' में कहते हैं- 'समझ में आना चाहिए कविता / जैसे माँ के चेहरे पर लिखी चिंता ,समझ में आती है।' कवि कुमार अनुपम को अपनी कविता' पराये शहर में माँ की याद' में माँ बहुत याद आ रही है।पराये शहर में जब कोई अपनापन न मिले तो सबसे ज्यादा माँ ही याद आती है-'नींद नहीं आ रही और याद आ रही है माँ /लौटता था /पानी से सींचकर भूख का खेत /तो पड़ते ही खाट पर आ जाती थी नींद/ पर जाने क्या बात कि नींद नहीं आ रही / और याद आ रही है माँ।' कवि को लगता है कि उसकी नींद माँ के उपवास की ऊष्म बेचैनी से लथपथ, माँ के पास ही चली गई है।जब हमारे पास माँ का साया होता है तो हम बेखटके आराम से सो पाते हैं। माँ चाहे जैसी और जिस रूप में हो,हमें अच्छी लगती है।उसे समाज यदि बुरा कहता भी है तो भी एक बेटे के लिए माँ सबसे अच्छी होती है।कवि टेकचंद अपनी कविता 'बीड़ी पीती माँ' में इसी बात को बेझिझक कहते हैं- 'मिस्सी मजदूरों के साथ बैठ/बीड़ी पीती/दम लेती/सबको बुरी लगती/पर मुझे सुहाती सुस्ताती मुस्काती,बीड़ी पीती माँ।'

दुनियाँ में माँ का रिश्ता ही सबसे अनोखा है। जो स्वार्थ के नींव पर नहीं टिका।माँ हमेशा दु:ख को सहती हुई अपने परिवार को मजबूत रखती है।परिवार के सामने एक ढाल बनकर खड़ी रहती है। मुन्नवर राणा की इन पंक्तियों से अपनी बात खत्म करूंगा कि-'घेर लेने को मुझे जब भी बलाएँ आ गईं/ढाल बन कर सामने माँ की दुवाएँ आ गईं।' पहलगाव में जिस तरह निर्दोष नागरिकों को उनके परिवार के सामने मारा गया,उससे आज देश में युद्ध का माहौल है। ऐसे युद्ध के दौर में शहीद हुए बेटों के माँ का कलेजा रोता नहीं है। क्योंकि 'लिपट के रोती नहीं है कभी शहीदों से / ये हौंसला भी हमारे वतन की माँओं में है'। यह लेख देश की सभी माँओं कोसमर्पित,उनके लिए मेरी तरफ से एक छोटी सी भेंट है।

## हाना

लंगड़ी धोड़ी बहुत उपायी,
छानही में चघ के बंदूक चलायी।
जेन मनखे ह थोरकिन लंगड़ा, खोरवा या शरीर ले कमजोर होथें तेन मन के दिमाग ह ज्यादा काम करथे, वो मन ह छानही में चढ़ के बंदूक चलाए के काम ल कर डारथें।

## शब्द अरथ

1. छंदइया-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# बंजर धरती म वृक्षारोपण

आज जब ताप हर बछर एक डिग्री बाढ़त हावय त पेड़ लगाना जरुरी हे। पर्यावरण के संतुलन बिगड़त हावय। जब कार्बन डाई आक्साइड के अधिकता ल पेड़-पौधा मन आक्सीजन म नइ बदल पावत हावंय त संतुलन तो बिगड़बे करही। कारखाना गाड़ी के धुआँ मन ले नाइट्रोज पारा के अलावा अउ बहुत अकन तत्व निकलत रहिथे येखर ले भी हवा दूषित होथे। ये ह वातावरण ल अउ गरम करत हावय। पेड़ नइये त पानी के स्तर गिरत जात हावय।

ये सब ल देख के मध्यप्रदेश म पेड़ लगाये के एक नवा उदिम करे हावंय। मध्यप्रदेश के कान्हा अउ बांधवगढ़ के आसपास के जंगल म पेड़ के कमी होगे रहिस हे। जंगल के सघनता कमती होगे रहिस हे। उहां के वन विभाग अउ द कार्बेट फाऊंडेशन (सीटीएफ) मिल के घना जंगल तइयार कर डरिन। पौधारोपण करे गिस।

तीन लाख इक्कीस हजार पेड़ लगाये गीस। अइसना खरपतवार लैंटाना कैमारा जेन ले जमीन खराब होथे ओला नष्ट करे गीस। 2018 ले 2025 तक 2592 हेक्टेयर याने छः हजार चार सौ चार एकड़ जंगल ल रीस्टोर करिन। मतलब ये मन मिलके जंगल ल फेर से बनइन, पुनर्स्थापित करिन। इहां बांस भी लगाये गीस। आठ साल म ये जंगल के स्वरूप देखे के लइक होगे।

इंहा पशु-पक्षी आना शुरु होगे। इहां 58 तरह के पक्षी के आवाज गूंजत हावय। पहिली जतका स्तनधारी जानवर रहिन हें ओखर अलावा तेरह प्रजाति अउ आ गे हावय। एक्कीस तरह के आर्थ्रोपोडा परिवार के कीट आ गे हावय। घास फूस एक्कीस प्रकार के हावय जेन ह मिट्टी ल उपजाऊ बनावत हावय।

येखर बन कान्हा के बैगा अउ गोंड़ महिला मन स्वसहायता समूह बना के नर्सरी म पौधा तइयार करिन। स्थानीय प्रजाति के पेड़-पौधा ही लगाये गीस। इही मन पेड़-पौधा के देखरेख करिन। टीसीएफ ह इको डेवेलपमेंट कमेटी अउ विलेज डेवेलपमेंट कमेटी के संग मिल के काम करिन। स्थानीय प्रजाति के नर्सरी बना के काम करिन। मध्यप्रदेश के ये प्रयोग ह देश के पहिली प्रयोग आये। ये प्रयोग ल हर गांव कर सकत हावय। छत्तीसगढ़ शासन ल तो एखर बर सोचना चाही। करोड़ों रुपिया वृक्षारोपण समारोह म खर्च करे जाथे। देखरेख होवय नहीं तिहाई हिस्सा मर जथे। जतका बांचिस तेनो ह रोवत-रोवत दू-चार बछर म मर जथे।

जेन तरीका ले मध्यप्रदेश म जंगल तइयार करे के काम होय हावय वइसने इंहा भी करना चाही। ये प्रयोग गांव मन म परती जमीन में भी करना चाही। देशी वृक्ष ही लगाना चाही। चालीस बछर म पहिली, बॉटल ब्रश, नीलगिरी अउ साइकस के पेड़ लगाये गे रहिस हे। येखर ले पानी के स्तर कमती होवत जाथे। धनबहार याने अमलताश के अउ परसा के पेड़ ल लगाना चाही। कनेर लगे तेनों बढ़िया हावय। परती जमीन बर तो बहुत पेड़ हावय।

मानसून अवइया हावय अपन-अपन बर तइयारी कर लेवव। परती जमीन म अधिकतर बरगद, पीपल, तुलसी, बेल, करंज के पौधा लगाना चाही। ये ह 85-100 प्रतिशत तक आक्सीजन देथे। अभी तो 45—49 तक पारा चढ़थे। वैज्ञानिक मन कहिथें के ये पारा यदि 55-56 तक जाही त जीव-जंतु मन जल जही। आज ले सोचना शुरु करव, पेड़ लगावव।

-सुधा वर्मा

# बोरे बासी

**ठंडा मतलब बोरे बासी- बोरे बासी हमर छत्तीसगढ़ के अड़बड़ प्रसिद्ध व्यंजन आए ए हमर छत्तीसगढ़ के प्रमुख पहिचान अऊ प्रमुख भोजन तको आए। छत्तीसगढ़ सबो वर्ग के मनखे मन चाहे ओहा गरीब हो, कमइया किसान हो,चाहे ओहा कोनो साहेब हो ।सबो झन मन ए व्यंजन ल अड़बड़ चाव ले खाथे।**

हमर छत्तीसगढ़ धान बर जबर फेमस हे, फेर एकर पाछू के हीरो हमर किसान भाई मन हरय जेन ह अपन पसीना के ओगरत ले, जांगर टोरके खेत म कमाथे अउ खेत के चारो मुड़ा ल हरियर कर देथे। हमर छत्तीसगढ़ के विकास म ए मेहनतकस किसान मन के बड़ जबर योगदान हे। हमर छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र मन खेत भर म नहीं, ओहा खदान म, बड़े-बड़े फेक्ट्री म, अउ अइसने सबो छेत्र म जबर ईमान से जांगर टोर कमाथे। हमर छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र अतेक मेहनती अउ अतेक उर्जावान, अऊ अतेक फुर्तीला पन कहां ले आथे ? त मंय बता देथवं कि हमर छत्तीसगढ़ के रहवासी मन म अतेक मेहनती, उर्जावान अउ फुर्तीला होए म सबले सुघ्घर, स्वादिस्ट अउ एकदम सात्विक भोजन बोरे-बासी के अड़बड़ महत्व हे। खेत कमइया, गोदी जवइया, फेक्ट्री म बुता करइया छत्तीसगढ़िया मनखे के टिफिन म तोला बोरे बासी, चटनी, अउ गोंदली के सुघ्घर सात्विक अउ पोस्टिक भोजन देखें बर जरूर मिलही। गरमी बेखत म जेन दिन हम छत्तीसगढ़िया मनखे ल बोरे बासी नई मिलिस ओ दिन मन उबुक-चुबुक लागथे, दिन ह बने नई गुजरे, कतको रंग-रंग के जेवन पानी ल कर लेबे फेर मन ह नई माढ़हे।

छत्तीसगढ़ के बासी म हमर छत्तीसगढ़िया साहित्यकार टिकेन्द्र टिकरिहा जी ह अड़बड़ सुघ्घर कविता लिखे हे-

अइसे हाबय छत्तीसगढ़ के
गुदगुद बासी
जइसे नवा बहुरिया के मुच-मुच हांसी
मया पोहाये येकर पोर-पोर म
अउ अंतस भरे जइसे जोरन के झांपी
कासा जइसे दग-दग उज्जर चोला
मया-पिरित के बने ये दासी
छल-फरेब थोकरो जानय नहीं
हमर छत्तीसगढ़ के ये बासी।
कोंवर गजबेच जइसे घिवहा सोहारी
भोभला तक के बने ये संगवारी
रोटी सहीं तक के ये महतारी
अउ अंतस भरे जइसे जोरन के झांपी
सब कलेवा बनेगे सोना
येला बना दीन रासी
कभू पारटी म चलिस नहीं
हमर छत्तीसगढ़ के ये वासी।
येकर बर गहेरिच बन गे गंगा
पानी म बूड़े बपुरा रहिगे ग नंगा
येकर पाछू कतको तरगे भइया
ऐरे गैरे परदेसी अउ लफंगा
उथलही के मरम जानिस नहीं
गहेरींच के रहिगे ये वासी
पानी के मया में बूड़े रहिगे
हमर छत्तीसगढ़ के ये वासी।।

अतेक सुग्घर कविता म टिकरिहा जी ह हमर छत्तीसगढ़ के वासी मन ल हमर सुग्घर जेवन बासी ले उपमा देके एकर व्यथा ल प्रस्तुत करे, अपन सिरतोन गोठ ल आघू रखे हे। आज के परिवेश म ए कविता ह एकदम फिट अउ सटिक बईठथे। फेर आज के परिदृश्य मन ल देखके मोर अंतस ह बड़ रोथे जी, आज हमर हमर छत्तीसगढ़ के सुघ्घर सिधवा मनखे मन ह अपन लोक व्यंजन मन ल सल्ला बिसरावत जाथे। आज इंकर मुंहू मन म गुरतुर बासी के जेवन ह लीलात नइहे, चाउर के बने चीला, अउ खापुर्री रोटी आज एमन ल चेम्मर बरोबर जनाथे। आवव संगवारी हो बोरे बासी दिवस म हम सबो छत्तीसगढ़िहा संगवारी मन एकठन परन लेवन कि हमन अपन लोकव्यंजन मन ल संजो के रखबो, एला कभू नंदाए ल नई देवन, अउ एकर सुघ्घर मीठास पन ल गुरतुरपन ल चारों मुड़ा म बगराये के उदीम म करबोन अउ जबर गरब ले ए कहावत ल कहीबोन-

ठंडा मतलब बोरे बासी- बोरे बासी हमर छत्तीसगढ़ के अड़बड़ प्रसिद्ध व्यंजन आए ए हमर छत्तीसगढ़ के प्रमुख पहिचान अऊ प्रमुख भोजन तको आए। छत्तीसगढ़ सबो वर्ग के मनखे मन चाहे ओहा गरीब हो, कमइया किसान हो,चाहे ओहा कोनो साहेब हो ।सबो झन मन ए व्यंजन ल अड़बड़ चाव ले खाथे।

बोरे बासी का हरे ? बोरे बासी कईसे बनथे आवव जानन- बोरे बासी ह दुठन सब्द ले मिलके बने हावय। बोरे अऊ बासी, एला अधिकतर मनखे मन ह एके समझथे ,फेर एहा एके नइहे। बोरे अऊ बासी दूनों के आने आने अर्थ हे। बोरें अऊ बासी म नानमुन अंतर नइहे, बहुत बड़का अन्तर हे। इंकर दूनों के बीच म का अंतर हे आवव जानन।

जउन भात ल बनाये के बाद ठंडा करके ओतके बेर पानी डार के खाय जाथे ओला बोरे कहे जाथे। माने तुरते बने भात ल जुड़ों के पानी म बोर के खाये जाथे तेला बोरे केहे जाथे।

बासी का आए-जब रातकुन के भात बनथे त खाये के बाद म जउन उपराहा भात बांचथे, नइते जानबुझ के बचाए जाथे ,तउन ल पानी डारके रातकन रख दे जाथे अऊ दूसरइया दिन बिहनिया कन के बाद कतको बेरा होए खाये जाथे। इही ल 'बासी' केहे जाथे।

का संग खाबे त मजा आथे बोरे बासी के-बोरे बासी के मजा पायेबर नून अऊ मिर्चा सबले जादा जरूरी हे। एकर बिगर बासी खायेके मजा नई आए। एकर संग म आमा के चटनी, निमऊ के चटनी, मिर्चा के चटनी , पाताल के चटनी, गोंदली हो जाये त फेर पूछ मत ।

हमर छत्तीसगढ़ म लोगन मन ह दही मही, नून मिरचा, गोंदली , चटनी आदी मन संग खवई ल जादा पसंद करथे। फेर आजकल नवा जमाना चटनी बासी, बोरे बासी हलू हलु नंदावत जात हे।

बोरे बासी खायेले बलड प्रेशर ह कन्ट्रोल म रहिथे। गर्मी के दिन म बोरे बासी खाये ले लू घलो नई धरे, हाईपर टेंसन तको कंट्रोल म रहिथे अऊ गर्मी के दिन म काम-बुता करइया मन के शरीर के तापमान ल बनाये रखथे। एकरे सेती छत्तीसगढ़ म बोरे बासी बिक्कट प्रसिद्ध हे।

हमर छत्तीसगढ़ म एकठन प्रसिद्ध तकियाकलाम तको हे- 'ठंडा मतलब बोरे बासी।'

- गणेश्वर पटेल
पोटियाडिह धमतरी

## धरम के नांव म लूटे बर संडा आगे

धरम के नांव म लूटे बर संडा आगे।
खारुन के घाट म पुजेरी पंडा आगे।।
छत्तीसगढ़िया जेन पछीना गारत हे,
ओखर हक ला परदेसिया मारत हे।
हाथ म धरे कतको लाठी डंडा आगे
धरम के नांव म लूटे बर संडा आगे।
खारुन खारुन ये,गंगा झन बनावव,
लूटे बर आय तेन लुटेरा ल भगावव।
लहरावत आनी-बानी के झंडा आगे,
धरम के नांव म लूटे बर संडा आगे।।
गुंडागर्दी करके सब ठऊर पोगरावत,
बाहिर ले आके इहां सबे ह भोगावत।
पूजा पाठ के ओखी नवां फंडा आगे।
धरम के नांव म लूटे बर संडा आगे।।
मन चंगा हे तेखर बर कठौती म गंगा,
हमर बर त तरिया नरवा घलो ये गंगा।
चरू ला चपके बर कतको हंडा आगे,
धरम के नांव म लूटे बर संडा आगे।।
सिधवा जान के करत धरम के धंधा,
बोट खातिर नेता घलो डारे हे फंदा।
करम बिगाड़े बर घोलहा अंडा आगे,
धरम के नांव म लूटे बर संडा आगे।।

-डॉ.पीसी लाल यादव

**सोंचतेच रहीस के प्रहलाद के तरपंवां फेरे दौड़त पीं-पीं करत रहय के कांड़ी मं खुसरगे। अउ दई कथे ऊंच जा मोर हीरु...बेटा, तव प्रहलाद हर निहुर के ऊंचत रहिथे भीतरी कांड़ी मं खुसरे बांटी कस गोल मुड़ी के पिंयर-पिंयर दिख जथे-सोन के अंड़वा।**

# सोन के अंड़वा

कहिनी

ए दई मनिहारी दुकान वाला मन आनी-बानी के जिनिस धरे लानथे अउ घरी-घरी सबो जिनिस ल अलग करके पसरा लगाथें। नान्हे प्रहलाद ह दादू के खंधइया म चढ़ के हटरी गे रहय तव देखे रहय। अपन घर म खेलत-खेलत कहत हे- दादू हमर बर दू ठन खिलौना लानथे। तेहू ल बिसर डरथन। काय खा के मनिहारी वाला मन आथें के उँकर कोनो समान हर नइ बुले। नाती प्रहलाद अपन ककादाई ल कहीस।

तव दई कथे नही हीरू समे हर सबो जिनिस ल सरेखे बर सबे मनखे ल सीखा देथे। तोर बाप घलो ननपन म खेले के जिनिस ल गवां डरय तहन दिन भर खोजत रहय। रोवत रहय, तव तोर दादू च हर फेर खेलवना गढ़ देवय। तव नइ बेटा हीरू तोर काय खिलौना बिसर डरे हच।

नान्हे प्रहलाद ल दई मया म हीरू कहय। तव प्रहलाद कथे-दई मैं अंगना -परछी मं खेलत रहेंव, दौंड़त खनी धारन म टक्कर होगीस तव उहीं धारन के उपर ले गिरे रहीस पिंयर रंग के बांटी असन गोली ओ, खोलइत म धरे रहेंव। उही हर कोन मेर ढुलगे।

हीरु के गोठ ल सुने मं दई के दूनो आंखी ले टप-टप दू बूंद झरगे। आंसू आंखी म झूल गे। सबो सुरता आघूच म आगे। कतका महिनत मजदूरी ले डोकरा मोर बर गवन के बछर पूरा होय के समे मोला भेंट म दे रहीन। गरीबी अंकाल म एक नंग ल बेंच के पेज पसिया पी के जिनगी राखे रहेंन अउ हीरू के बाप ल ले दे के भुखमरी ले बचाय रहेन। संचार करे रहेंन मालिक ! तव एक नंग ल धारन के उपर टांग दे रहेंन। उहू आज टपकगे।

सोंचतेच रहीस के प्रहलाद के तरपंवां फेरे दौड़त पीं-पीं करत रहय के कांड़ी मं खुसरगे। अउ दई कथे ऊंच जा मोर हीरू...बेटा, तव प्रहलाद हर निहुर के ऊंचत रहिथे भीतरी कांड़ी मं खुसरे बांटी कस गोल मुड़ी के पिंयर-पिंयर दिख जथे-सोन के अंड़वा।

अश्वनी कोसरे
कवर्धा कबीरधाम

# कपड़ा म प्राकृतिक रंगाई के बुता करत हे 'पनकी आदिवासी'

बस्तर के सभ्यता संस्कृति अउ कला ह अपन आप म अलग पहिचान कराथे। देश दुनिया म बस्तर कला के बिकट मांग हावय। ऐसना कलात्मक बुता करत हावय बस्तर के सुदुर अंचल म रहइय्या आदिवासी समुदाय मन। जेन ह कपड़ा म प्राकृतिक रंगाई के बुता करत हे बस्तर के 'पनिकाज आदिवासी समुदाय।

आल पेड़ के जर ले तियार करे जाथे रंग । रंग म सुतरी ल बोर देथे जेकर ले सुतरी ह रंगीन हो जाथे । रंगीन सुतरी ले कपड़ा बुने के बुता करथे अउ किसिम-किसिम के कलात्मक कपड़ा बुनथे बस्तर के दुर्लभ प्राकृतिक रंगाई कला के देस दुनिया म बिकट मांग हवय।

**आल पेड़ के जर ले तियार करे जाथे रंग । रंग म सुतरी ल बोर देथे जेकर ले सुतरी ह रंगीन हो जाथे। रंगीन सुतरी ले कपड़ा बुने के बुता करथे अउ किसिम-किसिम के कलात्मक कपड़ा बुनथे बस्तर के दुर्लभ प्राकृतिक रंगाई कला के देस दुनिया म बिकट मांग हवय।**

आल रुख के महत्व- पनकी आदिवासी समुदाय बस्तर अउ उड़ीसा सीमा कोटपाड म प्राकृतिक रंगाई (नेचुरल डाइंग) के बुता करत हावय। ए बुता ल करत 500 बछर ले जादा हो गे हावय। आल रुख दुनिया म बड़ किमती रुखवा आय ।जेन हर गिने चुने जगह म देखे बर मिलथे। ए हर हमर भाग आय की ए रुखवा ह हमर बस्तर म पाए जाथे। पनकी आदिवासी समुदाय मन आल रुख के जर ल खन के लान के ओ जर ले रंग निकाले के बुता करय अउ उन रंग ले कपड़ा ल रंगाय ।

फेर रुख के जर ल काट देय ले रुखवा ह मर जावय। धीरे-धीरे जागरुकता बाढ़िस त पनकी आदिवासी समुदाय मन आल रुख के जर ल काट के लाने के बजाय उंकर जर के छाल ल आन के रंग निकाले के बुता करय अउ जर ल उही मेरा माटी म तोप देवय। जेकर ले दुनो बुता होवय रुख के रुख राहय अउ छाल ले रंग घलो मिलत राहय।

रंग तियार करे के बिधि- पनकी समुदाय के लोगन मन आज घलोक सालो पुराना चलत परम्परा ले रंग निकाले के बुता करत हे। सबले पहिली आल रुख के छाल ल बने घाम म सुखा देथे। बने सुखा जाय ले ओला बने बारीक पीस के पाउडर बना लेथे। सादा रंग के सुतरी ल पानी म एक दिन एक रात भर बोर दे रहिथे । बोरे सुतरी ल पानी ले निकाल के जाड़ा तेल म मिलाथे तेकर पाछु सुतरी ल बने निचोड़ के गोबर लगाथे जेकर बाद म सुतरी ल सुखाथे। सुतरी के बने सुखावत ले एक ठन बर्तन म राख मिला के पानी ल डबकाथे अउ सुखा जाय के पाछू इही राख पानी म धोथे अउ सूखा देथे। सुखाए के बाद म आल रुख के छाल ले बने पाउडर म पानी घोरथे अउ उही सुखाए धागा ल मिला देथे। ओकर बाद धागा ल सुखो देथे जेन ह कपड़ा बुने के काम आथे। ए प्रक्रिया म पूरा 15 ले 20 दिन समय लग जाथे।

लाल अउ भुरवा रंग करथे तियार- आल रुख ले सिरीफ लाल रंग ही तियार हो पाथे फेर पनकी आदिवासी मन लाल रंग के अलावा जगदलपुर म पाए जाने वाला हीराकसी पत्थर ले डार्क ब्राउन रंग घलो तियार करके प्राकृतिक रंगाई के बुता करत हे।

बिदेशी बजार म बाढ़िस मांग- पनकी समुदाय के माइलोगिन मन कपड़ा रंगाई के बुता करथे अउ बाबूजात मन लुगरा,फेटा,दुपट्टा किसिम - किसिम के जिनिस बुनाई करथे। पहिली सिरीफ लूंगी अउ गमछा बुनत रिहिन फेर धीरे-धीरे जागरुकता बाढ़िस अउ समय के संग चलत अब नोनी मन बर कुर्ती,लेंगिस अउ फेसनेबल जिनिस बुने लगिस जेकर मांग अब बिदेशी बज़ार म घलो होवत हे।. केमिकल ले रंगाई के मांग कम होवत हे अउ प्राकृतिक रंगाई के मांग ह बढ़त हे जेन हर पनकी समुदाय मन बर शुभ संकेत आय।

—प्रीतम कुमार साहू, गुरुजी
लिमतरा धमतरी

# महतारी खाइस चेन के मार, फेर टूटीस नहीं भरथरी के धार- रेखा जलक्षत्रीय

छत्तीसगढ़ी लोककला लोकोन्मुखी हे। जेखर पोठ रोंठ थाथी ल साजे संवारे खातिर कतकोन कलाकार अपन जिनगी के हूम देहें हावयं। तभो ले जबड़ कमाई- धमाई अउ प्रचार- प्रसार के मामला म लोक कलाकार मन के ज्यादा पूछारी आजो नी होय।'

ए बिचार हर छत्तीसगढ़ के नामी भरथरी लोकगायिका रेखा जलक्षत्रीय के आय। उंखर संग राजधानी रायपुर के घासीदास संग्रहालय के अंगना म भेंट होइस। जिहां छत्तीसगढ़ी लोककला ल बड़हर देहे बर अउ नवा पीढ़ी के कलाकार मन ल जोड़े खातिर संस्कृति विभाग हर 'सीखे सिखाए' के सिविर लगाए रहिस। उंहचे गोठ- बात करत रेखा जी ल पूछेंव कि सहर म लोककला सिविर लगाए के कोनो फायदा दिखथे का ?

त वोमन बोलिन- नंदावत कला संस्कृति के बीजा ल सहरिया लइका मन के भीतर बोना जरूरी हे। इहां बगरही तभे लोककला म नवा जान फूंकाही। काबर कि गांव म तो लोककला के गंगा हर बोहातेच हे। सहर म तको लोकधारा बोहवत रहय अइसन उदिम जरूरी हे। गरब के बात आए कि गावं-सहर के लइका मन भरथरी,पंडवानी सीखे बर गजब के ललक देखावत हें।

वाह ए तो बने बात आए। फेर कतको झन कहिथें कि हमर लोकगीत -संगीत- परंपरा हर नंदा जाही। मोर बात ल बीचे म काटत रेखा जी कहिन-अइसन कभु नी हो सकय महाराज। काबर कि बर पेड़ के जरी कस हमर लोककला संस्कृति हर जनमन म समाए हे। आप तो देखे हव हवा गरेर के चपेट म डारा पाना टूटबेच करथे। फेर जरी ह मजबूत रहिथे त पेड़ हर ठाढ़े रहिथे। हमर लोककला के जरी हर जबड़ मजबूत हे ।एहर अउ फलय फूलय एखर जवाबदारी नवा पीढ़ी के खांद म हावय ।जेन मन करा हमर ले जादा मौका- मंच - मीडिया हावय। अपन पुरखा के गुन ल सुन सीख के ओमन हर कला ल नंदावन नी देवंय। मोला भरोसा हे।

रेखाजी तूंहर भरोसा हमर भरोसा आए। सही म एहर बड़ा गुमान के बात तको आए। फेर एला तो बतावव कि आपके चरन लोककला जगत म कहां कइसे परिस ? ए सवाल ल सुनके पहली तो रेखा जी खलखला के हांसिन ।फेर बताइन- मोर जनम सीमेंट नगरी मांढर म 14 जून 1956 म गरीब परिवार म होए रहीस। महतारी जामवंती दद्दा बिष्णु के कोरा म खेलत-कूदत बाढ़ेवं। नानपन म मे तोतरी रहेवं। लोगन मोला तोतो कहयं ।फेर मोर गायिकी म मिठास रहीस अउ नाचे- गाए- बजाए के चलन तो हमर समाज के पहचान आय। ए पुस्तैनी गुन ल पाके दसे बछर के उमर ले नचाई-गवई संग मोर नता जुड़गे रहीस।

वाह इही ल कहिथें पूत के पांव पालना म दिख जाथे। अच्छा ए बतावव रेखाजी लोक मंच के रद्दा म रेंगत-रेंगत भरथरी के तमूरा ल कइसे थाम लेव ?

एखर जवाब देवत रेखा जी बताइन- उज्जैन के राजा भर्तृहरि के गाथा के भरथरी म गाय जाथे। अइसे माने जाथे कि भर्तरी गायन विधा के जनक छपरा के महादेव आराजी हर आएं। लोकवाद्य चिंकारा, करताल, हारमोनियम, तबला,के उपयोग एमा होथे है। मोला भरथरी के भान- गियान मोर

## 11 मई सुरता

**कलाकार हर अपन जिनगी म सदा दिन मुसीबत के मोहाटी म ठाढ़े रहिथे। इही पाए के कलाकार हर आगी म तीपे सोन कस जगमगाथे ।जिनगी के बदतर हालत म तको सपना ल पोसत ओहर नवा इतिहास रंचथे। जेन हर इतिहास नी रंचे पाए तेन ह साजिश रंचथे है।**

दादा मेहतर प्रसाद ले होइस। उही हर गुरू बन के मोला भरथरी गायन म राजा भरथरी के जिनगी के बैराग, बियोग, भिक्छा, बिहाव कस कतको प्रसंग ल सिखोइस। भरथरी गायन के बेरा म करुणा, सिंगार,भय, बीर, हास्य रस के भाव भंगिमा ल देखाना परथे। ते पाय के गायन संग एकल अभिनय (मोनो प्ले ) के गुन पंडवानी,भरथरी, चंदैनी,ढोला-मारू, आल्हा-ऊदल गायक कलाकार म होना चाही।

आपके जनमजात गुन ल अगासदिया कस ऊपर चघाए म अउ काखरो पंदोली मिलीस का पूछेवं त रेखा जी बताइन- महराज मोला ऊपर बढ़े चढ़े बर सरगनिसेनी कस पद्मलोचन जायसवाल जी अउ आकासवानी के बरसाती भइया केसरी प्रसाद बाजपेई जी मिलीन। उही मन ह इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ म गायन के मौका देवाइन। उहां मोर कला ल देखे के पाछु शरीफ सर, आशा खरे मन ह मोला आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल के मंच म मौका देवाइन। जेन ल देख परख के डॉ भावसार अउ निर्गुणी सर हर संगीत नाटक अकादमी दिल्ली म मंच देवाइस। तहां ले मोर कला हर छत्तीसगढ़ के चौखट ल नाहक के देश अउ बिदेस म बगरत चल दिस।

मांढर के माटी ले निकल के भरथरी के भभूति ल कहां-कहां बगराए हव अउ कइसे कइसे अनुभव मिलीस कहेवं त रेखा जी बताइन- भरथरी गायन ल महानगर दिल्ली, कलकत्ता सहित नागपुर जोन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र महाराष्ट्र, उत्तर सांस्कृतिक केंद्र इलाहाबाद के बूते देस-बिदेस म देखाय हवं।

पटना म तो नामी भोजपुरी गायिका सारदा सिन्हा हर मोला पोटार के मन भर मया आसीस देहे रहीस। फिलमी कलाकार मिथुन चक्रवर्ती जी के दुलार मिलीस। भरथरी गायन म महारथ के सुफल आय मोला दिल्ली म राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा अउ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ले उदयपुर म सम्मान मिलीस। हबीब तनवीर जी के साथ प्रस्तुति देहे के मौका मिलीस। बिदेस (जर्मनी मास्को) म तो मोला दीदी बहिनी मन पोटार के चूम देवत रहीन। बिकट लाज लागय महराज जी।

बात ल बढ़ावत रेखा जी ल बोलेवं राजा भरथरी के दु:ख पीरा ल सुनावत दुनिया भर म किंजरत रहिथो। दुनिया ल लेके आपके मन म का बिचार हे ? तब ओ बोलिन -दुनिया म मनखे के पहिचान गरीब अउ धनवान होथे ।फेर मोर कहना कि गरीब मनखे ल धीरजवान अउ पूंजीपति ल दयावान होना चाही। दुनिया म चलत भेदभाव बर कबीर दास जी लिखे हावयं च्च निर्धन गिरे पर्वत से कोई ना पूछे हाल, धनी को कांटा लगे पूछें लोग हजार'।

अतका सुनके में हर वाह वाह कहत पूछेवं- रेखा जी, आपके जिनगी के कुछ दु:ख पीरा ल बताहू का ? मोर सवाल सुनके उंखर आंखी डबडबा गिस ।आंसू पोंछत ओ बताइन -महराज , मैं हर दु:ख सागर म कई घवं बूड़े हवं। हलाकान होए हवं। एक घवं तो मोर नचई गवई के बिरोध करत हमर समाज के लोगन मोर महतारी ल लोहा चेन म मार-मार के अधमरा कर देहे रहीन। तभो ले मोर कला यात्रा नी थमीस। आज उही समाज हर मान देवत मोला माला पहिनाए म गरब करथे। सरसती माई ल सुमिरत कहिथों 'सरसती के दास होवय नहीं उदास'।

रेखा जी तूंहर बात हर सोला आना सही आए। तूंहर कांटा भरे जिनगी म लोक कला हर उछाह बना के राखे हावय ।अपन ए कला यात्रा म का सीखेव बने फोर के बताहू कहेवं त वो बड़ सुग्घर बात बताइन- कलाकार हर अपन जिनगी म सदा दिन मुसीबत के मोहाटी म ठाढ़े रहिथे। इही पाए के कलाकार हर आगी म तीपे सोन कस जगमगाथे ।जिनगी के बदतर हालत म तको सपना ल पोसत ओहर नवा इतिहास रंचथे। जेन हर इतिहास नी रंचे पाए तेन ह साजिश रंचथे है। अइसन दोगला मन ले बांचत कलाकार मन ल काखरो साजिस चारी-चुगली के डारा फांदा ले दूरिहा अपन सपना ल पूरा करे म डटे रहना चाही,तभे सफलता के नवा-नवा दुवार खुलही।

दार भात चुरगे मोर किस्सा पूरगे कहत रेखा जी संग गोठ- बात ल खतम करेन त मन म एके बिचार आइस कि- 'जेन हर बरसा के पानी म भींजथे तेन हर अंगरक्खा ल बदलथे अउ जेन हर पछीना म भींजथे तेन हर इतिहास ल बदलथे।

विजय मिश्रा 'अमित'
सुंदर नगर रायपुर

# देश विदेश

## चीन व अमेरिका के बीच जिनेवा में हुई व्यापार वार्ता

**बीजिंग,** 10 मई (एजेंसियां)। चीन और अमेरिका ने शनिवार को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अर्थव्यवस्था और व्यापार पर उच्च स्तरीय वार्ता की। यह जानकारी सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने दी। चीन के उप प्रधानमंत्री ही लिफेंग और अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के बीच वार्ता शुरू हुई। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने बैठक से पहले कहा कि वह अमेरिका के साथ टैरिफ पर बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वैश्विक व्यापार की स्थापित व्यवस्था को कायम रखते हुए अपने हितों की रक्षा दृढ़ता से करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीनी आयात पर कई दौर के टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ गया, जो फिलहाल 145 प्रतिशत है।

### पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को भारतीय सेना ने पूरी तरह से किया विफल, कहा

# पाकिस्तानी ड्रोन के निशाने पर थे निर्दोष नागरिक

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान ने हमला ड्रोन के जरिए शनिवार की सुबह किया। हालांकि, पहले से सतर्क भारतीय सेना के आगे पाकिस्तान की एक नहीं चली और उसके ड्रोन जमीन पर औंधे मुंह गिरे। बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान की सेना ने विस्फोटकों से भरे ड्रोन भारतीय आबादी क्षेत्र में भेजे थे। इनका मकसद पंजाब में सामान्य नागरिकों के ठिकानों पर हमला करना था। पाकिस्तान के ड्रोन भारत में ज्यादा से ज्यादा सामान्य नागरिकों को नुकसान पहुंचाना चाहते थे। लेकिन, पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को भारतीय सेना ने पूरी तरह से विफल कर दिया।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि शनिवार तड़के सुबह लगभग पांच बजे, पाकिस्तानी सेना ने सीमा पार पंजाब के अमृतसर की ओर कई कामिकेज ड्रोन भेजे। कामिकेज ड्रोन एक खतरनाक आत्मघाती मानव रहित हवाई वाहन होते हैं। ये ड्रोन विस्फोटक के साथ उड़ान भरते हैं। पेलोड यानी विस्फोटक समेत ड्रोन अपने लक्ष्य से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।



खतरनाक आत्मघाती मानव रहित हवाई वाहन होते हैं कामिकेज ड्रोन

पाकिस्तानी सेना द्वारा भेजे गए इन ड्रोनों का लक्ष्य भारत में अमृतसर की घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों पर हमला करना था। हालांकि, भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली की सतर्कता और तेज प्रतिक्रिया के चलते, ये ड्रोन भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही कुछ ही क्षणों में पहचान लिए गए। सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने इन्हें ट्रैक किया और तुरंत ही नष्ट कर दिया। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में तैनात त्वरित प्रतिक्रिया वाली वायु रक्षा तोपों का उपयोग कर गनर्स ने इन ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया। इन पाकिस्तानी ड्रोन का मलबा अमृतसर के रिहायशी इलाकों में नहीं गिरा और कोई जनहानि नहीं हुई।

## सियालकोट के लूनी में आतंकी लांच पैड तबाह



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की ओर से लगातार भारतीय क्षेत्रों पर हो रहे हमलों के बीच बीएसएफ ने पाकिस्तान के सियालकोट जिले के लूनी में स्थित आतंकी लॉन्च पैड को तबाह कर दिया है। इस बात की जानकारी बीएसएफ ने एक बयान जारी कर दी है। बीएसएफ जम्मू के पीआरओ ने एक बयान में बताया कि 9 मई 2025 को, रात करीब 21:00 बजे से पाकिस्तान ने जम्मू सेक्टर में बीएसएफ चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी शुरू की। बीएसएफ ने इस गोलीबारी का उचित जवाब दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान रेंजर्स की चौकियों और संपत्तियों को व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि अखनूर क्षेत्र के सामने सियालकोट जिले के लूनी में स्थित आतंकी लॉन्च पैड को बीएसएफ ने पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

## भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर नहीं किया हमला, पाकिस्तान का दावा निकला झूठा

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान के हमलों का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। हालांकि, दोनों देशों के बीच बिगड़ते हालात ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों और झूठे दावों की झड़ी लगा दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से भारत को नुकसान पहुंचाने और साजिश रचने के लिए तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक दावा ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमले को लेकर किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है। पीआईबी के फैक्ट चेक ने इस दावे की पोल खोलकर रख दी है। पीआईबी ने फैक्ट चेक में बताया कि सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है, जबकि यह दावा पूरी तरह फर्जी है। एक्स हैंडल पर फर्जी वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने के लिए ऐसे कंटेंट बनाए जाते हैं। कृपया सतर्क रहें। ऐसे वीडियो फॉरवर्ड न करें।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 11 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - आज का दिन गृहस्थ एवं दांपत्य जीवन के लिए बहुत अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय गुजरेगा। वहीं आप प्रेम का सुखद अनुभव पा सकेंगे। आर्थिक लाभ तथा प्रवास की भी संभावना है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सारा दिन आप आनंद और उल्लास में गुजारने वाले हैं। दिन के सभी काम योजनानुसार पूरे होंगे। इनकम की संभावना रहेगी।

मिथुन - आपको जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से आज दूर ही रहें। बातचीत में सावधानी रखें, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

कर्क - आज मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आज ताज़गी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी। धन का खर्च होगा तथा अपयश भी मिल सकता है।

सिंह - आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक गुजरेगा। अपने भाई-बहनों के साथ सम्बंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। उनका साथ भी आपको मिलेगा। किसी बात को लेकर इमोशनल बने रहेंगे।

कन्या - परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी, इससे आप अपना निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी भी बौद्धिक और राजनीतिक चर्चा में आज भाग ना लें।

तुला - आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आज कोई रचनात्मक काम में आप व्यस्त रह सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रुप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। दृढ़ विचारों के साथ आप काम पूरा कर पाएंगे।

वृश्चिक - आज आप वाहन आदि के उपयोग में सावधानी बरतें। बातचीत में किसी के साथ कन्फ्यूजन हो सकता है। शारीरिक कष्ट और मानसिक चिंता से आप परेशान रहेंगे। आनंद-प्रमोद के पीछे विशेष खर्च होने की संभावना है।

धनु - आज का दिन आप के लिए लाभकारी है। गृहस्थ जीवन का आनंद ले सकेंगे। मित्रों के साथ सुंदर स्थल पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। आय में वृद्धि के योग है। भोजन अच्छा मिल सकता है।

मकर - आज आपको व्यापार में कोई लाभ हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा बना हुआ है। मित्रों और सम्बंधियों से लाभ होगा। उनसे उपहार मिलने से आनंद होगा। पानी वाली जगहों से दूर रहें।

कुंभ - आप का आज का दिन मिश्रित फलदायी है। शारीरिक रूप से आप को अस्वस्थता का अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति कम रहने के कारण कोई भी काम करने में आपकी रुचि कम रहेगी। अधिकारियों की अप्रसन्नता भी आपको अखरेगी।

मीन - आप का दिन मध्यम फलदायी है। अधिक परिश्रम वाले काम अभी टालें। आज हर काम में मानसिक और शारीरिक परिश्रम अधिक होगा। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। व्यापार में पुराना उधार का धन मिल सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1784- अंग्रेजों और मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के बीच संधि।
1833- अमेरिका से क्यूबेक जा रहे जहाज लेडी ऑफ द लेक के हिमखंड से टकराकर अटलांटिक महासागर में डूबने से 215 लोगों की मौत।
1940- ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग सर्विस ने अपनी हिंदी सेवा की शुरुआत की।
1951- राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने नवनिर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया।
1962- सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भारत का राष्ट्रपति चुना गया। उन्होंने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का स्थान लिया।
1965- बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान में 17 हजार लोगों की मौत।
1988- फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1995- अमेरिका के न्यूयार्क शहर में 170 से अधिक देशों ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए।
1998- भारत ने राजस्थान के पोकरण में तीन परमाणु परीक्षण करने का ऐलान किया।
1998- यूरोप की एकल मुद्रा यूरो का पहला सिक्का बना।
2000- जनसंख्या घड़ी के मुताबिक भारत की जनसंख्या एक अरब पहुंची।
2007- उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने बहुमत हासिल किया और पार्टी नेता मायावती ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली।
2008- न्यूयार्क के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने देश का पहला जेनेटिकली मोडिफाइड मानव भ्रूण तैयार किया।
2011- भारत और पाकिस्तान ने लाहौर और अमृतसर के बीच बस सेवा शुरू करने पर सहमति जतायी।

## भारत के साथ तनाव के बीच कठिन स्थिति में है पाकिस्तान : मसूद अख्तर

**इस्लामाबाद,** 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर ने स्वीकार किया है कि भारत की ओर से पाकिस्तान स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए सटीक हमलों के कारण देश मुश्किल घड़ी में है।



**अरब देशों व ईरान के कूटनीति प्रयासों की भी आलोचना की**

सेवानिवृत्त एयर मार्शल ने कहा कि मौजूदा समय में हम कठिन स्थिति में हैं और अभी हमारे पास स्पष्ट जबाव नहीं है। उन्होंने भारत-पाक की सैन्य संख्याओं में व्यापक असमानता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की सैन्य संख्या 16 लाख है जबकि पाकिस्तान की मात्र छह लाख ही सैन्य संख्या है। पूर्व मार्शल ने अपने बयान में कहा कि किसी भी तरह की धार्मिक युद्ध की बयानबाजी भारत-पाक के बीच तनाव को कम नहीं कर सकती।

## रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही : किम जोंग

**सियोल,** 10 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा कि रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में समर्थन देने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती उचित थी। उन्होंने अपनी सेना की भागीदारी को देश के संप्रभु अधिकारों के इस्तेमाल के रूप में बचाव किया। प्योंगयांग की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।



किम ने यह टिप्पणी शुक्रवार को प्योंगयांग में रूसी दूतावास के दौरे के दौरान की, जहां वे द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की नाजी जर्मनी पर जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर गए थे, जिसे विजय दिवस के रूप में जाना जाता है। योनहाप ने सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह जानकारी दी है। पिछले साल रूस संग हुई रक्षा संधि का हवाला देते हुए किम ने कहा कि उन्होंने कुर्स्क फ्रंट-लाइन क्षेत्र को मुक्त करने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजने का आदेश दिया था, क्योंकि वे इस संधि को पूरी तरह लागू करने पर अडिग थे।

किम ने कहा कि हमारी युद्ध में भागीदारी उचित थी और यह हमारे संप्रभु अधिकारों के उपयोग के दायरे में है। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल उत्तर कोरियाई सैनिकों को हीरो बताया। पिछले महीने, उत्तर कोरिया ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने रूस के साथ मिलकर यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए सैनिक भेजे थे। सियोल की जासूसी एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया ने अब तक रूस को लगभग 15,000 सैनिक भेजे हैं और इसमें 4,700 से अधिक हताहत हुए हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पाकिस्तान ने चार घंटे में...**

की शुरुआत की। उसके बाद हुई चर्चा में दोनों पक्ष शाम पांच बजे से सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। विदेश सचिव ने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने अपने भारतीय समकक्ष के साथ दिन में तीन बजकर 35 मिनट पर बातचीत की थी। दोनों पक्ष भारतीय समय के अनुसार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र सभी क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमत हुए हैं। इस संबंध में दोनों देशों ने अपने सशस्त्र बलों को इस पर अमल के आदेश जारी कर दिए हैं। दोनों सैन्य अधिकारी स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार यानी 12 मई को दिन में बारह बजे फिर से बात करेंगे।

**पाकिस्तान ने भी सीजफायर की पुष्टि की**-पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, 'पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।'

**डोनाल्ड ट्रम्प ने दी सबसे पहले जानकारी**-भारत और पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी हो गए हैं। यह दावा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, रात में यूएस की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।'

**अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत-पाक से बात की थी**-अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। उन्होंने दोनों देशों से तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति स्थापित को लेकर मिलकर काम करने की अपील की थी।

**ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी ...**

पाकिस्तानी सरकार में अच्छी पैठ थी। पाकिस्तान सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से उसे पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, इसमें जमात-उद-दावा के नामित वैश्विक आतंकवादी के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। पाकिस्तानी सेना एक सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी नमाज में शामिल हुए।

इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का कुख्यात आतंकवादी हाफिज मुहम्मद जमील भी मारा गया है। यह मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला और बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी था। यह युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था।

मारे गए तीसरे बड़े आतंकवादी का नाम जैश-ए-मोहम्मद के मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब है। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला और जैश-ए-मोहम्मद के लिए हथियारों के प्रशिक्षण का काम देखता था। यह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। इस आतंकवादी की कंधार विमान अपहरण मामले में भी तलाश थी।

हमलों में मारा जाने वाला चौथा आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का खालिद उर्फ अबू अकाशा था जो जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। यह अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल था। इसका अंतिम संस्कार फ़ैसलाबाद में किया गया। इसमें पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी और फ़ैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए। पांचवां आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद का मोहम्मद हसन खान था। वह मुफ़्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश का ऑपरेशनल कमांडर था। इसने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई।

**नवा रायपुर में प्रस्तावित ...**

करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न अधोसंरचना निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनमें 30 करोड़ रुपए सड़क निर्माण पर खर्च होंगे। शेष राशि नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर व्यय किए जाएंगे।

**डीएमएफ घोटाला मामले में ...**

आया कि निविदा देने के बदले अफसरों द्वारा ठेकेदारों से मोटी रकम वसूली गई। ठेके के नाम पर निविदा राशि का लगभग 40 फीसदी कमीशन के रूप में आपस में बांटा गया। इस घोटाले में सरकारी नियमों की भारी अनदेखी हुई है।

**भारतीय सेना की आंख बने ...**

उपग्रह से सेनाओं को सटीक इनपुट मिल रहा है। कार्टोसेट से 0.6 मीटर से 0.35 मीटर तक की हाई रिजॉल्यूशन इमेजरी मिल सकती है। इसके जरिए पाक के आतंकी लॉन्च पैड्स, सैन्य ठिकानों की सटीक लोकेशन और मूवमेंट की स्पष्ट तस्वीरें मिल पाईं। दिन की अच्छी रोशनी में इस सैटेलाइट से सीमावर्ती इलाकों में रियल टाइम तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स तक हासिल की जा सकती हैं।

**कांगेर घाटी में 75 लाख का ...**

के दामाद जी को गिफ्ट के रूप में दिए गए थे ।

सिर्फ 6 महीनों में ही बह गया स्टॉप डैम-डेड़ साल बाद बची हुई राशि से कार्य की शुरुआत हुई ।उच्चाधिकारियों के दबाव के बाद अचानक 2021 के दिसंबर माह में 7 से 31 दिसंबर के बीच किसी अन्य ठेकेदार से स्टॉपडेम का निर्माण करवाया गया ।इस बीच 375121 रुपये का भुगतान रायपुर के श्रमिकों को करना बताया गया। पहले बोगस बिलों से खरीदी गई निर्माण सामग्री से तो काम हो नहीं सकता था लिहाज़ा इधर उधर के प्रोजेक्ट से निर्माण सामग्रियों का एडजस्टमेंट किया गया। इसीलिए इस वर्ष विभाग के खातों में किसी भी निर्माण सामग्री की खरीदी का उल्लेख नहीं किया गया ।बहरहाल कहीं की मिट्टी कहीं का रोड़ा वाले स्टाईल में यह ऐतिहासिक स्ट्रक्चर तैयार तो हो गया लेकिन छः महीने बाद हुई बारिश में बह गया ।इस 35 मीटर लंबे स्टॉप डेम के दर्जन भर टुकड़े हो गए जो आज भी मुनगाबहार नाला के इर्द गिर्द पड़े हुए हैं ।यह भ्रष्टाचार की इस कहानी का मध्यांतर था ।इसके बाद शुरू हुई आगे की कहानी।

**वर्तमान रेंजर ने भी खुल कर किया भ्रष्टाचार**

2023 में यहां विंसेंट जेकब की पदस्थापना पार्क रेंजर के रूप में हुई ।उन्होंने भी इस बहते मुनगाबहार नाले में खूब हाथ धोया ।इस साल इस खंडहर में बदल चुके स्टॉप डैम के लिए विंसेंट जेकब ने 10 लाख रुपये का सीमेंट 5 लाख की गिट्टी ,सवा 6 लाख की रेत और 45 हज़ार का लोहा खरीदा है। इसमें से एक रुपये की सामग्री भी निर्माण स्थल तक नहीं पहुंची है ।कागजों में इस खरीदी के छह माह बाद 8 अगस्त और 25 अक्टूबर के बीच सुकमा के मजदूरों के नाम से फर्जी वाउचर बना कर लाखों का भुगतान किया गया है ।कोटमसर और तीरथगढ़ इलाके में श्रमिकों की कोई कमी नहीं है फिर भी सुकमा के श्रमिकों से काम कराना बताया गया है। वैसे ही रेत,गिट्टी और सीमेंट जैसी आसानी से उपलब्ध होने वाली सामग्री की खरीदी भी बीजापुर के माजीसा ट्रेडर्स से दर्शायी गई है।

**सामग्री की जगह माजीसा ट्रेडर्स से खरीदे गए बोगस बिल**

यह स्टॉप डैम वनविभाग के अधिकारियों के लिए एटीएम जैसा था। जब जब इन्हें खुद के लिए पैसों की ज़रूरत होती थी इस स्टॉपडेम का काम कागजों में शुरू कर दिया जाता था ।पिछले साल इस प्रोजेक्ट के लिए कैम्पा की बची हुई राशि भी साफ कर दी गई है ।रेंजर विंसेंट जेकब द्वारा 2023 की तरह 2024 में भी जमकर बोगस खरीदी की गई है ।इस वर्ष माजीसा ट्रेडर्स से 745000 का सीमेंट,558000 की गिट्टी ,192000 की रेत खरीदी गई है जो अब तक भ्रष्टाचार के इस मौका ए वारदात तक नहीं पहुंच सकी है ।इतना ही नही इसी वर्ष 3 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक सुकमा के श्रमिकों के नाम से जमकर फ़र्ज़ी वाउचर बनाये गए हैं और 184508 रुपये का सीधे सीधे गबन कर लिया गया है ।इस तरह कैम्पा के 75 लाख रुपये कोटमसर के मुनगाबहार नाले में डूब चुके है ।35 मीटर के स्टॉप डेम में 8700 बोरी सीमेंट खपाने वाले नेशनल पार्क के अधिकारियों ने एक ढह चुके स्टॉप डैम पर 5196132 रुपये की निर्माण सामग्री और 2074036 रुपये का मज़दूरी भुगतान दर्शाकर भ्रष्टाचार की एक और नई कहानी को अंजाम तक पहुंचा दिया है।

**रॉयल्टी भी कागजों में करते रहे जमा**

बीजापुर से गौण खनिज के बिल खरीदे जाते रहे और उनकी रॉयल्टी के वाउचर बनाये जाते रहे लेकिन खनिज विभाग को इस पूरे काम की रॉयल्टी का एक रुपया भी भुगतान नहीं किया गया ।इस संबंध में जब कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के सहायक वन संरक्षक कमल तिवारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि रॉयल्टी तो शासन का पैसा है वह किसी भी विभाग में रहे इससे कोई फर्क नही पड़ता ।उन्होंने कहा कि रॉयल्टी के वाउचर बनाये गए लेकिन खनिज विभाग के खाते में राशि जमा नहीं की गई है ।इसी तरह बीते दो सालों से इस स्टॉपडेम के लिए लाखों की निर्माण सामग्री खरीदने वाले पार्क परिक्षेत्र अधिकारी विंसेंट जेकब से जब पूरे मामले पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

## सुडोकू 6909

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6909



**बायेंसे दायें:-**

१. दुख भरी कहानी
३. रेल का सिंग्नल
५. प्रधान, सरदार
६. निवासी (उर्दू)
७. समान दरजे का, बराबर
९. नियंत्रित, संयमित, दबाया हुआ
१०. निर्दयी(उर्दू)
१२. बदसूरत
१३. मौलिक, वास्तविक
१४. पानी का बुल्ला, क्षणभंगुर वस्तु
१६. झुका हुआ
१८. कमीशन लेकर दूसरोंका माल बिकवा देने का व्यवसाय
२०. माथा, ललाट
२१. आया हुआ अतिथि
२३. भेदभरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. रोजगार, व्यापार
२. सेना का एक अफसर(उर्दू)
३. राजनीति, शासन (उर्दू)
४. प्रेक्षक, देखने वाला
५. नरम, कोमल (उर्दू)
८. माफ करना
१०. दुर्दशाग्रस्त बुरी हालत (उर्दू)
११. पते या प्रमाण के लिए किया गया उल्लेख, सिपुर्दगी (उर्दू)
१२. खानदानी
१३. निरक्षर
१४. होशियारी, चतुराई
१५. जुलाहा
१७. लहर
१८. सुस्ती, अकर्मण्यता
१९. पुत्र
२२. रीति, शैली, ढंग बनावट (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6908



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

## माल्टा बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल

**वैलेटा,** 10 मई (एजेंसियां)। माल्टा की जहाज रजिस्ट्री में वर्ष की पहली तिमाही के अंत तक 10,000 से अधिक जहाज पंजीकृत हो चुके हैं, जिससे यह यूरोप में सबसे बड़ी और दुनिया में छठी सबसे बड़ी जहाज रजिस्ट्री बन गई है।

माल्टा के परिवहन मंत्रालय ने कहा कि जब सुपरयॉट की बात आती है, तो माल्टा विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर है। मंत्रालय के अनुसार माल्टा जल्द ही डिजिटल प्रणाली की शुरुआत के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को बेहतर बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए एक और कदम आगे बढ़ाएगा। परिवहन माल्टा माल्टीज़ ध्वज के तहत पंजीकृत जहाजों और नौकाओं के मालिकों को एक जून से इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणपत्र (ई-प्रमाणपत्र) देना शुरू कर देगा। परिवहन, बुनियादी ढांचा और लोक निर्माण मंत्री क्रिस बोनेट ने कहा कि यह पहल माल्टा को समुद्री उद्योग में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी, जो तेजी से अधिक दक्षता, पारदर्शिता और पहुंच की मांग कर रहा है। ट्रांसपोर्ट माल्टा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्ट फर्रुगिया ने कहा कि यह परियोजना 2021 में नाविकों के लिए ई-प्रमाणपत्र की शुरूआत का विस्तार है।

# खेल जगत

**फ्रेंच ओपन से पहले जोकोविच ने ली जिनेवा ओपन में वाइल्डकार्ड एंट्री**

**जिनेवा।** फ्रेंच ओपन से पहले फॉर्म और फिटनेस हासिल करने के प्रयास के तहत जोकोविच ने जिनेवा ओपन में खेलने के लिए वाइल्डकार्ड एंट्री ली है। पेरिस में अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहे जोकोविच ने इटैलियन ओपन से नाम वापस ले लिया है। 37 वर्षीय सार्बियाई खिलाड़ी पिछले महीने मोंटे कार्लो और मैड्रिड में क्ले-कोर्ट इवेंट में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद अपने पिछले तीन मैच हार चुके हैं। छह बार के चैंपियन जोकोविच ने रोम में एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का कोई कारण नहीं बताया है। जोकोविच के लिये यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वे ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे लेकिन जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ पहला सेट हारने के बाद उन्हें चोटिल होकर बाहर होना पड़ा।



# विराट टेस्ट क्रिकेट से लेना चाहते हैं संन्यास

## भारत के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सबसे कामयाब कप्तान हैं विराट

■ सत्येंद्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। भारत और दुनिया के तीनों फॉर्मेट के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में अगले महीने 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की अहम क्रिकेट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को बता दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कहना चाहते हैं। सूत्रों की माने तो विराट की टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने को लेकर बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों से करीब डेढ़ महीने से चर्चा चल रही थी। विराट को टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए और वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज में खेले तो बेशक इस उपलब्धि को हासिल कर सकते हैं। बीसीसीआई आशा कर रहा है कि विराट कम से कम इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट खेलना जारी रखे। कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद

■ **विराट को टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखने के लिए मनाने का काम भारतीय क्रिकेट की एक बड़ी शख्सियत को सौंपा गया है**

शुभमन गिल के भारत की इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी संभालने की उम्मीद है। विराट कोहली का अनुभव ऐसे में नए कप्तान के बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। सूत्रों का मानना है कि बीसीसीआई विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले को बदलने की बाबत उन्हें मनाने में जुटा है। विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखने के लिए मनाने का काम भारतीय क्रिकेट की एक बड़ी शख्सियत को सौंपा गया है और दोनों के बीच यह बैठक 23 मई को इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के घोषित करने की तारीख 23 मई से पहले होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बीसीसीआई विराट कोहली को अपना फैसला टालने और इंग्लैंड में उसके खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज खेलने जाने के लिए मना पाती है। बीसीसीआई को उम्मीद है उसने जिस शख्स को विराट को मनाने का जिम्मा सौंपा है वह अपने इस मकसद में कामयाब रहेगा। रोहित शर्मा के हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा के बाद बीसीसीआई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत के नए कप्तान के साथ टीम की घोषणा भी करनी है। भारत के पांच टेस्ट के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने से पहले इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली इंडिया ए टीम की भी एक दो दिन घोषणा की जानी है। विराट कोहली ने अपना 123 वां पिछला टेस्ट मैच इसी साल जनवरी में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें व अंतिम टेस्ट के रूप में सिडनी में खेला था और इसमें पहली पारी में उन्होंने 17 और दूसरी में छह रन बनाए और इसमें भारत को छह विकेट से हार के साथ सीरीज 1-3 से गंवानी पड़ी थी।



**विराट कोहली**
**टेस्ट में प्रदर्शन**
डेब्यू 2011
मैच 123
इनिंग्स 210
रन 9230
100/50/30/31

### रायुडू ने कोहली से टेस्ट प्रारूप में खेलना जारी रखने की अपील की



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने कथित फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। शनिवार को, आईएएनएस ने बताया कि कोहली ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली महत्वपूर्ण पांच मैचों की श्रृंखला से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अपनी इच्छा बीसीसीआई को बता दी है। लेकिन बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय कप्तान और टीम के सबसे अनुभवी बल्लेबाज से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था, जिसमें इंग्लैंड दौरे सहित प्रारूप में आगे महत्वपूर्ण सीरीज शामिल हैं। रायुडू का मानना है कि कोहली की बड़ी उपस्थिति के बिना टीम पहले जैसी नहीं रहेगी। रायुडू ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा, विराट कोहली, कृपया रिटायर न हों। भारतीय टीम को आपकी पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। आपके पास अभी बहुत कुछ है। आपके बिना टेस्ट क्रिकेट पहले जैसा नहीं रहेगा.. कृपया पुनर्विचार करें। भारत का इंग्लैंड का पांच मैचों का टेस्ट दौरा उनके लिए एक नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत भी है।

# खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ सुरक्षित रूप से बेंगलुरु लौट आए हैं : आरसीबी ने पुष्टि की

■ **आरसीबी को शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2025 का अपना मैच खेलना था**



**बेंगलुरु,** 10 मई (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सुरक्षित रूप से बेंगलुरु लौटने की पुष्टि की, साथ ही कहा कि वे सभी अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए हैं।

आरसीबी को शुक्रवार शाम को बीआरएसएबीवी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 का अपना मैच खेलना था। लेकिन यह मैच नहीं हो सका क्योंकि बीसीसीआई ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार तनाव के कारण आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए रोक दिया है। फ्रेंचाइजी ने विराट कोहली, यश दयाल और जोश हेजलवुड की तस्वीरों वाले अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हमारे खिलाड़ी और विस्तारित स्टाफ सुरक्षित रूप से बेंगलुरु लौट आए हैं और अब अपने-अपने शहरों और देशों के लिए रवाना हो गए हैं। हम बीसीसीआई, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के त्वरित समन्वय और समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं, जिन्होंने इसे संभव बनाया। इससे पहले शुक्रवार को एक विशेष वंदे भारत ट्रेन ने पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ मैच अधिकारियों, कमेंटेटरों, प्रसारण दल के सदस्यों, संचालन कर्मचारियों और अन्य प्रमुख कर्मियों को धर्मशाला से सुरक्षित रूप से नई दिल्ली पहुंचाया। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पहली पारी में केवल 10.1 ओवर के खेल के बाद पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मैच रद्द कर दिया गया, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से हवाई और ड्रोन हमलों के कारण जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में ब्लैकआउट हो गया, जो सभी हिल स्टेशन के नजदीक हैं।

### आपकी ताकत हमारी स्वतंत्रता की रक्षा करती है : अश्विन-मंधाना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है, क्योंकि वे पाकिस्तान की ओर से हाल ही में किए गए हवाई हमलों का कड़ा जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय सीमावर्ती शहरों के साथ-साथ जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में अन्य सैन्य स्टेशनों पर ड्रोन और मिसाइलों से हवाई हमले जारी रखे। लेकिन भारत की रक्षा प्रणालियों ने उन सभी को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। ये हमले पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों, मुख्य रूप से पर्यटकों, के मारे जाने के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में किए गए हैं।शनिवार को अश्विन ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि हमारे सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता। ऑपरेशन सिंदूर। श्रीलंका में महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग ले रहीं स्मृति ने भी इंस्टाग्राम पर लिखा कि हमारे भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, प्रतिबद्धता और बलिदान को सलाम। आपकी ताकत हमारी स्वतंत्रता की रक्षा करती है। हम हमेशा आपके साथ खड़े हैं, वंदे मातरम।

# भारत-पाक तनाव के बीच पीसीबी ने तत्काल प्रभाव से पुरुष घरेलू टूर्नामेंट स्थगित किए

**लाहौर,** 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के साथ सीमा पार बढ़ते तनाव के कारण देश में सभी पुरुष घरेलू टूर्नामेंटों को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की शनिवार को घोषणा की।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पुष्टि करता है कि देश में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण चल रहे प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी ग्रेड-II, क्षेत्रीय अंतर-जिला चैलेंज कप, अंतर-जिला अंडर-19 वनडे टूर्नामेंट को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। पीसीबी ने शनिवार को अपने आधिकारिक बयान में कहा कि टूर्नामेंट बाद में उसी चरण से फिर से शुरू होंगे और फिर से शुरू होने के करीब एक संशोधित कार्यक्रम साझा किया जाएगा। इससे पहले शुक्रवार को, जब बीसीसीआई ने सीमावर्ती क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए रोक दिया था, तो पीसीबी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ द्वारा दी गई सलाह का हवाला देते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के चल रहे संस्करण को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की थी। टूर्नामेंट के स्थगित होने की खबर पीसीबी द्वारा दावा किए जाने के कुछ घंटों बाद आई कि वह यूएई में टूर्नामेंट के शेष आठ मैचों की मेजबानी करने जा रहा है, हालांकि संगठन ने उन पुनर्निर्धारित मैचों की तारीखों या स्थानों को निर्दिष्ट नहीं किया।

# पंत का सबसे अच्छा खेल मैदान पर अपने शॉट खेलना है : बांगर

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने बताया कि ऋषभ पंत की सफेद गेंद के प्रारूप में गिरावट का कारण उनका अपने मजबूत क्षेत्र-मैदान पर शॉट खेलने- से हटकर स्टंप के पीछे खेलना है। पंत ने आईपीएल 2025 सीजन में 11 मैचों में केवल 128 रन बनाकर बुरी तरह संघर्ष किया है, जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है।



■ **पंत ने आईपीएल 2025 सीजन में 11 मैचों में केवल 128 रन बनाकर बुरी तरह संघर्ष किया है**

इस सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन के कारण अक्सर उनके खिलाड़ी मैदान पर निराश होते थे। बांगर ने पाया कि पंत की फॉर्म में गिरावट उनके शॉट चयन के कारण है, जिसका उद्देश्य स्टंप के पीछे अपरंपरागत तरीके से खेलना है, जिसके कारण आईपीएल 2025 में वे जल्दी आउट हो गए। बांगर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि उन्हें अभी भी सफेद गेंद के खेल को पूरी तरह से समझना बाकी है - दोनों प्रारूप, 50 ओवर के क्रिकेट के साथ-साथ टी20 क्रिकेट। एक शानदार टेस्ट मैच बल्लेबाज, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन यहां इस विशेष सीजन में, मैंने जो देखा वह यह है कि वह विकेट के पीछे शॉट खेलने की कोशिश में कई बार आउट हो गए। बांगर ने कहा कि अब, आप ऋषभ की सर्वश्रेष्ठ पारी को देखें - उन्होंने रन बनाने के लिए कहां देखा है? कवर के माध्यम से ड्राइव किया, ट्रैक से नीचे कदम रखा और साइटस्क्रीन को हिट करने या मिडविकेट पर जाने की कोशिश की। लेकिन यहां वह उन रिवर्स स्वीप या शॉट्स को खेलने की कोशिश कर रहा था जो बहुत बढ़िया हैं।

**सार संक्षेप**

### यूएई ने कतर को 163 रन से रौंदा

**बैंकॉक।** कतर के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप एशिया क्वालीफायर मुकाबले में यूएई ने पहले 16 ओवर में 192 रन बनाने के बाद समय बचाने के लिए बादलों से घिरे मौसम में अपनी पूरी बल्लेबाजी लाइन-अप को रिटायर करने का फैसला किया। यह कदम बाद में खेल में कारगर साबित हुआ, जब ईशा ओजा की टीम ने कतर को मात्र 29 रन पर आउट कर दिया, जिससे न उसे बड़ी जीत मिली बल्कि नेट रन रेट में भी बढ़त हासिल हुई। यूएई ने पहले बल्लेबाजी की और ओजा (113 रन 55 गेंद, 19 चौके) और तीर्था सतीश ( 74 रन,42 गेंदो 11 चौके) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत तेजी से रन बनाए। इस बीच बारिश की आशंका को देखते हुए कोच अहमद रजा के नेतृत्व में यूएई प्रबंधन ने 16 ओवर के बाद फैसला किया कि उनके पास खेलने के लिए पर्याप्त रन हैं।

**सुडोकू 6909 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

# वीर, अनाहत ने बड़ी जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया

**स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप**

**शिकागो,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत के वीर चोटरानी पूर्व विश्व नंबर 15 डेक्लेन जेम्स के खिलाफ उलटफेर करने के बाद पहली बार स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। एशिया क्वालीफाइंग इवेंट जीतकर टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की करने वाले चोटरानी ने 3-1 (11-9, 9-11, 12-10, 16-14) से जीत हासिल कर विश्व चैंपियनशिप में अपनी पहली उपस्थिति में दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व नंबर 57 को अंग्रेज खिलाड़ी के साथ पांचवें गेम में लगभग मजबूर होना पड़ा, जब उनके पास चार मैच बॉल थीं, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं पाए। हालांकि, चोटरानी ने पांचवें प्रयास में जीत सुनिश्चित करने में सफलता हासिल की।



**पिछले हफ्ते मुझे विश्वास नहीं था कि मैं शीर्ष 20/25 खिलाड़ियों को हरा सकता हूं : चोटरानी**

उन्होंने कहा कि मैं राहत की सांस लेता हूं! पिछले हफ्ते मैंने बरमूडा में (मोहम्मद) जकारिया के साथ खेला था और मेरे पास चार मैच बॉल थे लेकिन मैं हार गया। जब मैं मैच बॉल पर था, तब वह मैच मेरे दिमाग में था और मैंने सोचा कि मैं इस बार इसे नहीं दे सकता, लेकिन मैंने कड़ी मेहनत की और बेहद केंद्रित रहा और मैं अंत में जीत हासिल करने में सक्षम रहा। चोटरानी ने कहा कि पिछले हफ्ते मुझे विश्वास नहीं था कि मैं शीर्ष 20/25 खिलाड़ियों को हरा सकता हूं, और मैं मैच में बिना कुछ खोए गया और मैंने खुद से कहा कि, बिना किसी दबाव के खेलो और इसका आनंद लो। वे मैच पॉइंट बहुत कठिन थे और उन्होंने दिखाया कि वह शीर्ष 15 खिलाड़ियों में क्यों हैं। मैं आगे बढ़ने के लिए बहुत खुश हूं। चार बार के विश्व चैंपियन अली फराग दूसरे राउंड में चोटरानी का इंतजार कर रहे हैं। एशियाई क्वालीफाइंग इवेंट की विजेता और चोटरानी की हमवतन अनाहत सिंह, जो इस इवेंट में पहली बार भाग ले रही थीं, ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में मरीना स्टेफनोनी की घरेलू उम्मीदों को खत्म कर दिया। हमारे बीच बहुत लंबी रैलियां चलीं और वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने पिछले कुछ टूर्नामेंट में उन्हें खेलते हुए देखा है, वह वास्तव में अच्छा खेल रही हैं और वह शीर्ष 30 में शामिल हो गई हैं, इसलिए मुझे पता था कि मुकाबला रोमांचक होने वाला है। यह वास्तव में थका देने वाला था और मैं थक गई हूं और मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं इससे बाहर निकल पाई।

**चार बार के विश्व चैंपियन अली फराग दूसरे राउंड में चोटरानी का इंतजार कर रहे हैं**

# भारत का लक्ष्य श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना

**कोलंबो,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत रविवार को आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में मेजबान श्रीलंका से भिड़ने पर सभी विभागों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगा। रविवार के फाइनल के लिए, श्रीलंका क्रिकेट ने घोषणा की है कि प्रशंसक स्टेडियम में मुफ्त में फाइनल देख सकेंगे। लीग चरण में श्रीलंका के खिलाफ ही भारत को त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी एकमात्र हार का सामना करना पड़ा था और रविवार का मुकाबला उन्हें चामरी अथापथु की अगुवाई वाली टीम पर पलटवार करने का मौका देता है, साथ ही फाइनल खेलने के दबाव का सामना करने का भी मौका देता है - ऐसा कुछ जो उन्हें इस साल के वनडे विश्व कप की तैयारी में भी मदद करेगा। भारतीय बल्लेबाजी के नजरिए से, जेमिमा रोड्रिग्स 67 की औसत से 201 रन बनाकर उनकी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रही हैं - जिसमें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार 123 रन भी शामिल हैं। दीप्ति शर्मा, प्रतीक रावल और उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भी बल्लेबाजी में योगदान दिया है, लेकिन अगर कप्तान हरमनप्रीत कौर अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल देती हैं तो यह भारत के लिए बहुत अच्छा होगा।



■ **ऑलराउंडर स्नेह राणा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद शानदार प्रदर्शन कर रही हैं**

# मधुरा के स्वर्ण पदक से भारत के पदकों की संख्या 4 पहुंची

**तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2**

**शंघाई,** 10 मई (एजेंसियां)। मधुरा धामनगांवकर ने शनिवार को फाइनल में यूएसए की कार्सन क्रेहे पर 139-138 से सनसनीखेज जीत के साथ तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता से तीन साल की अनुपस्थिति के कारण विश्व तीरंदाजी स्टैंडिंग में अनरैंक्ड मधुरा, तीसरे एंड पर सात के निराशाजनक स्कोर के बाद 81-85 से पीछे चल रही थी। हालांकि, 24 वर्षीय ने दबाव में अविश्वसनीय संयम दिखाया, लगभग परफेक्ट चौथे एंड पर सिर्फ एक अंक गंवाकर मैच को 110-110 से बराबर कर दिया।

अंतिम दौर में, उसने अपना धैर्य बनाए रखा, दो परफेक्ट 10 - दोनों एक्स-रिंग शॉट - और एक 9 स्कोर करके क्रेहे को एक अंक से हराया। यह स्वर्ण पदक मधुरा का टूर्नामेंट का तीसरा पदक था, इससे पहले उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था - तीन साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी में यह एक उल्लेखनीय वापसी थी। यह तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में भारत का चौथा पदक था,

**यह स्वर्ण पदक मधुरा का टूर्नामेंट का तीसरा पदक था**

इससे पहले उन्होंने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण, महिला टीम स्पर्धा में रजत और मिश्रित टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। पुरुष टीम - अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव - ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराकर एक शांत और लगातार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने एक कड़े सेमीफाइनल में डेनमार्क को 232-231 से हराया। महिला कंपाउंड फाइनल में, ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय तिकड़ी को प्रमुख मैक्सिकन टीम से 221-234 से हार के बाद रजत से संतोष करना पड़ा। एकतरफा नतीजों के बावजूद, भारतीय महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावित किया और पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। भारत के पदकों में अभिषेक वर्मा और मधुरा धामनगांवकर की मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के लिए कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया पर जीत के साथ कांस्य पदक जीता।



| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 12 | 5 | 6 | 11 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.992 |

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 4.38 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.90 प्रतिशत |
| एलटी | 3.77 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.39 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.02 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.16 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.70 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.02 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.93 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# देश में खाने-पीने की चीजों का पर्याप्त स्टॉक : जोशी

■ सरकार ने दी खाने-पीने की चीजों को लेकर होड़ न मचाने की सलाह

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। वर्तमान हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने खाने-पीने की चीजों को लेकर होड़ न मचाने की सलाह नागरिकों को दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश में जरूरी वस्तुओं की कोई कमी नहीं है।नागरिकों से अपील है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्य सामग्री खरीदने के लिए बाजार में दौड़ लगाएं।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भरोसा दिलाया है कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। चावल का मौजूदा स्टॉक 135 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 356.42 लाख मीट्रिक टन है। इसी तरह, गेहूं का स्टॉक 276 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 383.32 लाख मीट्रिक टन है, जो जरूरत से कहीं ज्यादा है, जिससे देश भर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे पास वर्तमान में सामान्य आवश्यकता से कई गुना अधिक स्टॉक है, चाहे वह चावल हो, गेहूं हो या चना, अरहर, मसूर या मूंग जैसी दालें हों। इसकी कोई कमी नहीं है और नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्यान्न खरीदने के लिए बाजारों में भागदौड़ करें। इसके अलावा, भारत के पास वर्तमान में लगभग 17 लाख मीट्रिक टन खाद्य तेल का स्टॉक है। घरेलू स्तर पर, सरसों के तेल की उपलब्धता चालू पीक उत्पादन सीजन के दौरान पर्याप्त है, जो खाद्य तेल की सप्लाई को और बढ़ा रहा है। चालू शुगर सीजन की शुरुआत 79 लाख मीट्रिक टन के कैरी-ओवर स्टॉक के साथ हुई। इथेनॉल उत्पादन के लिए 34 लाख मीट्रिक टन के डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए, उत्पादन 262 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। अब तक, लगभग 257 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन हो चुका है। 280 लाख मीट्रिक टन की घरेलू खपत और 10 लाख मीट्रिक टन के निर्यात को ध्यान में रखते हुए, समापन स्टॉक लगभग 50 लाख मीट्रिक टन होने की उम्मीद है, जो दो महीने की खपत से अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुकूल जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए 2025-26 शुगर सीजन के लिए उत्पादन का पूर्वानुमान भी आशाजनक है।



मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे पास वर्तमान में सामान्य आवश्यकता से कई गुना अधिक स्टॉक है : प्रल्हाद जोशी

## देश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मौजूद : इंडियन ऑयल

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच देश की सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल ने कहा कि देश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी मौजूद है और घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी न करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सरकारी तेल विपणन कंपनी ने लिखा कि इंडियन ऑयल आपको यह आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। हमारी आपूर्ति श्रृंखलाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं और सभी रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध हैं। पोस्ट में आगे लिखा कि हम आपसे निवेदन करते हैं कि घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी से बचें। शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ से बचकर, हम सभी मिलकर आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रख सकते हैं, जिससे सभी के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही लिखा कि आपका सहयोग हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का जवाब देते हुए 7 मई को भारतीय सेना की ओर से आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव है। इसके जवाब में पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने 8 और 9 मई 2025 की मध्यरात्रि पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए हैं। पाक सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर भी बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन किया है।

# भारत के रिटेल सेक्टर में 2025 की पहली तिमाही में 169 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय रिटेल सेक्टर में सालाना आधार पर 169 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रमुख महानगरों में नए रिटेल स्टोर खोलने की मजबूत गति जारी रही।

जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रिटेल सेक्टर में ग्रॉस लीजिंग एक्टिविटी को लेकर तिमाही आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। टॉप सात शहरों में रिटेल स्पेस की मांग में निरंतर वृद्धि जारी रही, वहीं नए रिटेल स्पेस का निर्माण भी एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान टॉप सात शहरों में शॉपिंग मॉल और हाई स्ट्रीट में रिटेल विक्रेताओं ने 3.1 मिलियन वर्ग फुट लीज पर दिए। वर्ष के पहले तीन महीनों में सप्लाई फ्रंट पर 2 मिलियन वर्ग फीट के नए रिटेल स्पेस जोड़े गए। लीजिंग वॉल्यूम के भौगोलिक प्रसार को लेकर बेंगलुरु और हैदराबाद ने मिलकर भारत की कुल लीजिंग गतिविधि का 60 प्रतिशत हिस्सा लिया।



■ प्रमुख महानगरों में नए रिटेल स्टोर खोलने की गति जारी रही

रिपोर्ट में कहा गया है कि इन दोनों शहरों की प्रमुख सड़कों पर उपनगरीय सूक्ष्म बाजारों में वाइब्रेंट लीजिंग देखी गई, जिसमें दैनिक जरूरतों और किराने, खाद्य और पेय पदार्थ और फैशन और परिधान जैसे रिटेलर कैटेगरी से बड़े स्टोर आकार की जरूरतें सामने आईं।

रिटेलर कैटेगरी में फैशन और परिधान भारत के खुदरा परिदृश्य में सबसे आगे बने रहे। जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री, अनुसंधान और आरईआईएस भारत प्रमुख, डॉ. सामंतक दास ने कहा कि इस सेगमेंट ने 2025 की पहली तिमाही में लीजिंग एक्टिविटी में महत्वपूर्ण 31 प्रतिशत हिस्सा लिया।

# एक्मे सीकर सोलर पावर परियोजना में पहला चरण शुरू

■ परियोजना से सालाना लगभग 780 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न होने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड ने राजस्थान के बीकानेर में एक्मे सीकर सोलर पावर परियोजना के 52.5 मेगावाट के पहले चरण को शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा कि 52.5 मेगावाट की वर्तमान कमीशनिंग 300 मेगावाट की सौर परियोजना का हिस्सा है जिसे चरणों में पूरी तरह से चालू किया जाएगा। इस उपलब्धि के साथ कंपनी की कुल परिचालन क्षमता 2,540 मेगावाट से बढ़कर 2,592.5 मेगावाट हो गई है। भारत के सबसे ऊंचे सौर विकिरण क्षेत्रों में से एक में रणनीतिक रूप से स्थित, यह भारत के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों में एक महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। यह परियोजना राजस्थान के बीकानेर में 1300 एकड़ में फैली हुई है। इस परियोजना के माध्यम से प्राप्त स्वच्छ ऊर्जा को इन्वर्टर स्टेशनों पर एकत्र किया जाता है और एक समर्पित सिंगल सर्किट 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन का उपयोग करके बीकानेर-दो ग्रिड को भेजा जाता है। पीएफसी लिमिटेड के माध्यम से वित्तपोषित, इस परियोजना से इसके पूर्ण कमीशन के बाद सालाना लगभग 780 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न होने का अनुमान है।

# भारत का जीरो एमिशन ट्रकिंग पर जोर

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने शून्य-उत्सर्जन ट्रकिंग के लिए भारत के प्राथमिकता वाले गलियारों पर एक रिपोर्ट जारी की है। पीएसए कार्यालय की इस रिपोर्ट में देश भर के 10 महत्वपूर्ण राजमार्ग खंडों की रूपरेखा दी गई है, जो शून्य-उत्सर्जन ट्रकों (जेडईटी) को अपनाने की सबसे अधिक संभावना पेश करते हैं, जिसका उद्देश्य क्लीन, अधिक सस्टेनेबल माल ढुलाई की दिशा में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परिवर्तन लाना है।

पीएसए के कार्यालय ने कहा कि भारत रणनीतिक रूप से इन गलियारों को लक्षित कर, प्रतिस्पर्धात्मकता और मजबूती बढ़ाते हुए शून्य-उत्सर्जन माल ढुलाई क्षेत्र में अपने परिवर्तन को तेज कर सकता है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर जीरो एमिशन ट्रकिंग आईआईटी मद्रास, रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट और नॉलेज पार्टनर्स के सहयोग से विकसित की गई इस रिपोर्ट को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने जारी किया। रिपोर्ट में दी गई जानकारी से चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सार्वजनिक-निजी भागीदारी और रेगुलेटरी सपोर्ट मैकेनिज्म में भविष्य के निवेश का मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है। भारत में शून्य-उत्सर्जन ट्रकिंग (जेडईटी) के लिए टॉप 10 गलियारों की पहचान तीन चरण की प्रक्रिया के माध्यम से की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में ईंधन की खपत और परिवहन उत्सर्जन का लगभग 40 प्रतिशत लंबी दूरी के ट्रकों से उत्पन्न होता है। परिणामस्वरूप, जेडईटी को अपनाना लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने, वायु प्रदूषण को कम करने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में टॉप 10 उच्च-प्रभाव वाले गलियारों की पहचान की गई है, जो शुरुआती जेडईटी डेप्लोयमेंट के लिए सबसे उपयुक्त हैं, जो एक डेडिकेटेड नेशनल जेडईटी इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क के लिए आधार तैयार करते हैं। रिपोर्ट के तहत महत्वपूर्ण विश्लेषण न केवल इस बदलाव को और बढ़ावा देगा बल्कि नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के लोगों के लिए तीन-भाग वाले गलियारे की पहचान प्रक्रिया में व्यापक अंतर्दृष्टि के साथ एक रणनीतिक मार्गदर्शक के रूप में भी काम करेगा।



■ प्राथमिकता वाले गलियारों को लेकर रिपोर्ट जारी

### सार संक्षेप

## मार्निंस्टार डीबीआरएस ने की भारत की रेटिंग में सुधार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल सोवेरेन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मॉर्निंगस्टार डोमिनियन बॉन्ड रेटिंग सर्विस (डीबीआरएस) ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को बीबीबी (निम्न) से स्थिर प्रवृत्ति के साथ बीबीबी में सुधार किया। भारत की अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को भी स्थिर प्रवृत्ति के साथ आर-2 (मध्यम) से बढ़ाकर आर-2 (उच्च) कर दिया गया है। उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश, डिजिटलीकरण आदि के माध्यम से भारत के संरचनात्मक सुधार शामिल हैं , जिनमें से सभी ने राजकोषीय समेकन और निरंतर उच्च विकास को व्यापक आर्थिक स्थिरता (स्थिर मुद्रास्फीति, सीमाबद्ध विनिमय दर और मजबूत बाहरी संतुलन) के साथ सुगम बनाया। उच्च पूंजी पर्याप्तता अनुपात और 13 साल के निचले गैर-निष्पादित ऋणों के साथ अच्छी तरह से पूंजीकृत बैंकों की विशेषता वाली एक स्थायी बैंकिंग प्रणाली उन्नयन के लिए एक और महत्वपूर्ण कारक थी।

# भारतीय ट्रैवल कंपनियों ने तुर्किए व अजरबैजान के लिए पैकेज किए निलंबित

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा संघर्ष में पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए प्रमुख ट्रैवल कंपनियों ने तुर्किए और अजरबैजान को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इन दोनों देशों के लिए सभी पैकेज निलंबित कर दिए हैं।

■ दोनों ही देश भारत-पाकिस्तान के संघर्ष में पाकिस्तान को दे रहे समर्थन

दोनों ही देश भारत-पाकिस्तान के इस संघर्ष में पाकिस्तान को सार्वजनिक रूप से समर्थन दे रहे हैं।

ईजमाईट्रिप, कॉक्स एंड किंग्स और ट्रैवोमिंट ने तुर्किए और अजरबैजान के लिए बुकिंग पर पूरी तरह रोक लगाने की घोषणा की है, जो राष्ट्रीय भावना के अनुरूप है। यह निर्णय एक व्यापक उद्योग बदलाव को दर्शाता है, जहां व्यवसाय अपने अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव और राष्ट्रीय हितों पर उनके प्रभाव के बारे में तेजी से सचेत हो रहे हैं।

कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किए के लिए सभी नए यात्रा प्रस्तावों को रोकने का फैसला किया है। यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। उन्होंने भारतीय यात्रियों को सलाह दी कि जब तक स्थिति स्पष्ट न हो जाए, वे इन गंतव्यों से बचें।

ईजमाईट्रिप के संस्थापक और अध्यक्ष निशांत पिट्टी ने इन अनिश्चित समय में यात्रियों की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हाल के घटनाक्रमों से हम बहुत चिंतित हैं। ईजमाईट्रिप में यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम अपने सभी ग्राहकों को सलाह देते हैं कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक सलाह की जानकारी लेते रहें। इसके तुरंत बाद ट्रैवोमिंट भी इस अभियान में शामिल हो गया।

सीईओ आलोक के. सिंह ने कंपनी के रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान और तुर्किए तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के कारण, हमने ट्रैवोमिंट में एक दृढ़ और जिम्मेदाराना रुख अपनाया है। हमने तुर्किए और अजरबैजान का बहिष्कार करने के भारतीयों के आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। यह कार्रवाई तब हुई जब तुर्किए और अजरबैजान दोनों ने आतंकी ठिकानों पर भारत के जवाबी हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त की। अजरबैजान की सरकार ने भारत की सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें नागरिकों के हताहत होने पर चिंता व्यक्त की गई और कूटनीतिक समाधान का आग्रह किया गया। इसी तरह, तुर्किए के विदेश मंत्रालय ने भारत के हवाई हमले को उकसाने वाला कदम बताया और युद्ध के जोखिम की चेतावनी दी। भारत ने पाया है कि तुर्किए निर्मित एसिसगार्ड सोंगर ड्रोन पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हैं।



पाकिस्तान व तुर्किए तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के कारण, हमने ट्रैवोमिंट में एक दृढ़ और जिम्मेदाराना रुख अपनाया है : आलोक के सिंह, सीईओ

## भारत-चिली सीईपीए पर वार्ता इसी माह से

**नई दिल्ली।** भारत और चिली ने आपस में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की बातचीत के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं और वार्ता का पहला दौर इसी माह के अंत में दिल्ली में होगा। गुरुवार को हुई इस सहमति को देनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण प्रगति माना जा रहा है।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ZAKIYA KHAN W/O LATE. IFTEKHAR KHAN resident of F-21, MARUTI RESIDENCY, AMLIDIH, RAIPUR (C.G.) have changed my old name ZAKIYA KHAN W/O LATE. IFTEKHAR KHAN so in future I should be recognized by my new name that is ZAKIYA TASNEEM KHAN W/O LATE. IFTEKHAR KHAN in all Government and other documents.

**ZAKIYA TASNEEM KHAN**
F-21, MARUTI RESIDENCY, AMLIDIH, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SURESH KUMAR JAIN S/O ANOPCHAND JAIN resident of E-92, SAMTA COLONY, RAIPUR (C.G.) have changed my old name SURESH KUMAR JAIN S/O ANOPCHAND JAIN so in future I should be recognized by my new name that is SURESH JAIN S/O ANOPCHAND JAIN in all Government and other documents.

**SURESH JAIN**
E-92, SAMTA COLONY, RAIPUR (C.G.)

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/तह./वाचक/2025
मंदिर हसौद, दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक इन्द्रजीत करमाकर पिता स्व. नगेन्द्रनाथ करमाकर, निवासी- म.नं.-204/28 लक्ष्मी नगर, बालाजी ट्रान्सपोर्ट के पास, मार्बल पैलेस गली, रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-छतौना, प.ह.नं.-22, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 19/2, 19/3, 19/4 रकबा क्रमशः 0.0100, 0.0100, 0.0900 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक मे दर्ज है। आवेदित भूमि नवा रायपुर, अटल नगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत होने के फलस्वरूप विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 21.05.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.05.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 10)**
**अमलडीह पानी टंकी, रायपुर**
**ईश्तहार**

पत्र क्र./20228/न.पा.नि. /जोन क्र.- 10 / 2025
रायपुर , दिनांक 09-05-2025
नामंतरण प्र.क्र.- 20228
वार्ड का नाम - 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR652J0338A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SURYAKANT NIRMALKAR पिता/पति श्री/श्रीमती CHANDRAHAS NIRMALKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती NAR SINGH YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती BHUJBAL YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जारी करें।

सील — श्री विवेकानन्द दुबे ( जोन कमिश्नर ) जोन ( 10 ) नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता श्री प्रकाश चंद्र प्रसाद पिता- श्री ईश्वर चंद्र प्रसाद निवासी घनश्याम अंश, भावना मगर, खम्हारडीह, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्री श्रवण कुमार यादव पिता स्व. श्री सुखीराम यादव निवासी- ग्राम व धोरट नेवई, व्हाया- उत्तई, तह, व जिला- दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि नय मकान नं. 34 (आरपीआर 44600005), जो कि ग्राम अमलीडीह, प.ह.नं.- 114/69, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका संविलयन पश्चात् वर्तमान ख.नं.- 15043/18 (पुराना ख.नं 250/5, 251/1 का भाग एवं नया ख.न. 250/12, 251/7 के भाग पर निर्मित है), रकबा 0.0111 हेक्टेयर अर्थात् 1200 वर्गफुट जिसमें भूतल पर 600 वर्गफुट तथा प्रथम पर 600 वर्गफुट में पक्का मकान बना है, जो वॉर्ड क्र. 46. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वॉर्ड (नया वॉर्ड क्र. 50, रानी दुर्गावती वॉर्ड) के अंतर्गत आवासीय कॉलोनी खुशी वाटिका में स्थित है को सौदे की संपूर्ण राशि अदा कर पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर लिया है, जिसका विधिवत् पंजीयन दिनांक 03.02.2025 को उप पंजीयक कार्यालय रायपुर (छ.ग.) में कराकर राजस्व अभिलेख में विधिवत् नामांतरण कराकर बी-1 में क्रेता का नाम दर्ज कराया जा चुका हैं तथा अब मात्र नगर निगम के अभिलेख में नामांतरण कराया जाना शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय निकाय या कंपनी को उजर आपत्ति या दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति पेश करें, म्याद गुजरने के बाद मेरा पक्षकार नगर निगम के अभिलेख में नामांतरण करा लेवेगा, म्याद बाद की गई आपत्ति आमान्य, विधि शून्य होगी।

सो सूचना जाने
रायपुर छ.ग.
दिनांक .....

**अधिवक्ता**
**अभिषेक कुमार चंदेल**
**पता- जिला एवं सत्र न्यायालय कचहरी चौक, रायपुर ( छ.ग. )**
**मो. नं. 88391 22238**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती विमला बाई पति बोधुराम साहू निवासी कवर्धा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 भनपुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 400/29, 415/21, 415/26 रकबा क्रमशः 0.0235, 0.0716, 0.0168 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/वाचक/अति.तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 24.04.2025 के परिपालन में दिनांक 15.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 40 के उरकुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत कुमार दुबे पिता अरविंद कुमार दुबे निवासी भनपुरी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 भनपुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 58/168, 59-80-81-86/168 रकबा 0.0410 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/वाचक/अति.तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 24.04.2025 के परिपालन में दिनांक 19.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 39 के खमतराई स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत कुमार दुबे पिता अरविंद कुमार दुबे निवासी भनपुरी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 भनपुरी स्थित भूमि खसरा नंबर84/144, 84/131 रकबा क्रमशः 0.0460, 0.0230 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/वाचक/अति.तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 24.04.2025 के परिपालन में दिनांक 15.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 40 के उरकुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निशा दुबे पति प्रशांत कुमार दुबे निवासी बीरगांव रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 भनपुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 84/204 रकबा 0.0700 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/वाचक/अति.तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 24.04.2025 के परिपालन में दिनांक 15.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 40 के उरकुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुशीला दुबे पति अरविन्द दुबे निवासी बीरगांव रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 84/209, 84/33, 132/34 रकबा क्रमशः 0.0470, 0.0150, 0.0870 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/वाचक/अति.तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 24.04.2025 के परिपालन में दिनांक 15.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 40 के उरकुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी ) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित पिता नरहर लाल शर्मा द्वारा आवेदित ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 99/1 रकबा 0.0810 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/वाचक/अति.तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 06.05.2025 के परिपालन में दिनांक 15.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 40 के उरकुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 ( भनपुरी )**

**नाम परिवर्तन की सूचना**

मैं सतेन्द्र नाथ पाण्डेय उम्र 66 वर्ष पिता स्व. श्री जे. एन. पाण्डेय निवासी सुभाष नगर कुकरी पारा रायपुर छ.ग. मुझे जारी ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम SATYENDRA PANDEY गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरे समस्त अन्य दस्तावेज में मेरा नाम SATENDRA NATH PANDEY दर्ज है। अपने ड्रायविंग लायसेंस में मेरे गलत दर्ज नाम को परिवर्तित/सुधार कर सही नाम SATENDRA NATH PANDEY दर्ज करने के लिये उक्त सूचना प्रकाशन सूचना/आपत्ति के संबंध में प्रकाशित करा रहा हूँ।

**सतेन्द्र नाथ पाण्डेय**
**पिता स्व. जे. एन. पाण्डेय**
**मो.नं. 9300264881**

### शादी में हमने कोई रस्म नहीं की : राजकुमार राव

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में है। फिल्म की कहानी शादी और टाइम लूप के इर्द-गिर्द घूमती है। एक्टर ने कहानी के इस एंगल को अपनी असल जिंदगी से जोड़ते हुए बताया कि दोनों ने शादी की रस्मों से इतर पार्टी को तवज्जो दी थी। जब राजकुमार राव से पूछा कि वह शादी की कौन-सी रस्म को बार-बार दोहराना चाहेंगे, तो इस पर उन्होंने जवाब दिया कि उनकी शादी में पारंपरिक रस्में जैसे संगीत या हल्दी नहीं निभाई गई थीं। उन्होंने कहा कि मेरी शादी में, हमने संगीत या हल्दी जैसी रस्में नहीं कीं। हमने बस पार्टियां कीं, पहले दिन, दिन में एक पार्टी हुई, फिर उसी दिन रात में एक और पार्टी हुई। इसके बाद अगला दिन शादी का था और उसी रात को फिर से पार्टी हुई।

# अच्छा है 'फलों का राजा आम'

## गर्मियों में आम खाने से मन प्रसन्न, तंदुरुस्त रहता है शरीर

**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। चिलचिलाती धूप, तपन और लू के बीच गर्मी के मौसम में 'आम' राहत भरा नाम है। गर्मी के मौसम में दिन हो या रात, लंगड़ा, दसहरी, चौसा मीठे-मीठे 'फलों के राजा' का बोलबाला रहता है। स्वाद से परे, आम में खूब पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। रोजाना एक आम खाने से उदासी दूर होती है। ऐसा आयुर्वेद भी कहता है और न्यूट्रिशनिस्ट भी।

- लंगड़ा, दसहरी, चौसा मीठे-मीठे 'फलों के राजा' का बोलबाला
- विटामिन ए, सी, ई, कॉपर, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, आयरन, जिंक जैसे पोषक तत्व

आम से मधुमेह नहीं होता और इससे रक्त शर्करा बढ़ने का खतरा नहीं होता। अमेरिकन डायबिटिक एसोसिएशन भी मौसम के हिसाब से आम खाने की सलाह देता है। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने इसे लेकर सोशल प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दिलचस्प फैक्ट्स शेयर किए हैं। वह बताती हैं कि आम को लेकर कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए।

मिथ और फैक्ट्स के बीच का अंतर बताती हैं। उनके मुताबिक, गर्मी के मौसम में आम से परहेज नहीं करना चाहिए। जो मिथ है, उसे दरकिनार करना चाहिए। आम से मधुमेह नहीं होता, मोटापा नहीं होता और चेहरे पर दाने भी नहीं निकलते हैं।

दिवेकर के मुताबिक, आम खाने से पहले एहतियात बरतनी चाहिए। आम को खाने से पहले कम से कम आधे घंटे के लिए ठंडे पानी में भिगोना चाहिए, जिससे उसकी गर्मी निकल जाती है।

स्वाद से भरपूर 'फलों के राजा' आम में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, पॉलीफेनॉल भरपूर मात्रा में होता है। इसमें विटामिन ए, सी, ई, कॉपर, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, आयरन, जिंक भी पाए जाते हैं।

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, आम की जीआई वैल्यू 51 + 5 के बीच होती है और 55 से कम इंडेक्स वाले फलों को मधुमेह के मरीजों के लिए सुरक्षित माना जाता है। जानकारी के अनुसार आम में प्रोटीन नहीं पाया जाता है, इसलिए यह शरीर में शुगर को तेजी से बढ़ने से रोकता है। आम को बादाम के साथ खाना फायदेमंद होता है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि आम में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे पेट से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। रोजाना आम खाने से आंत के बैक्टीरिया नियंत्रण में रहते हैं। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।



# योग व प्राणायाम में होता है अंतर

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। आमतौर पर हम योग और प्राणायाम को एक लड़ी में पिरो देते हैं। मतलब योग को ही प्राणायाम कह देते हैं लेकिन इनमें बारीक सा अंतर होता है। कह सकते हैं कि एक सिक्के के दो पहलू हैं ये।

बिजी शेड्यूल में लोग ज्यादा समय शरीर को स्ट्रेच करने की बजाय चुपचाप बैठकर श्वसन क्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हैं और यही प्राणायाम है। संस्कृत शब्द 'प्राण' और 'आयाम' से लिया गया है। दोनों शब्द संस्कृत मूल के हैं। प्राण का अर्थ होता है श्वसन या सांस तो वहीं आयाम का अर्थ 'नियंत्रण' है। तो इसलिए प्राणायाम का अर्थ है सांस लेने का नियमन।

योग एक शारीरिक व्यायाम है जिसमें प्रवाह के क्रम से जुड़े आसन शामिल हैं। योग का शाब्दिक अर्थ- जुड़ना या जोड़ना होता है। योग आमतौर पर सांस लेने के व्यायाम संग होता है। इसका समापन विश्राम, लेटने और ध्यान से होता है। वहीं, प्राणायाम श्वास पर ध्यान केंद्रित करने के योग अभ्यास को दर्शाता है। प्राणायाम का मूल अर्थ जीवन ऊर्जा को ऊपर उठाना है। ये प्रमुख हिन्दू धार्मिक ग्रंथों में अपना स्थान पाता है, जिसमें भगवद गीता और पतंजलि के योगसूत्र भी शामिल हैं। प्राणायाम अपना स्थान हठ योग ग्रंथों में भी पाता है। योग एक प्रकार का व्यायाम है, जो शरीर को लचीला बनाने का काम करता है। प्राणायाम से पहले योग किया जाता है, जिससे प्राणायाम सही प्रकार से किया जा सकता है। पतंजलि के योगसूत्र बताते हैं कि योग अस्थमा जैसी बीमारियों को रोकने या उनसे पार पाने में कारगर है तो वहीं, प्राणायाम हृदय गति और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है। अब बात इनके फायदों की। एक से शरीर लचीला बनाता है तो दूजे से मन-मस्तिष्क को सुकून मिलता है। अतिरिक्त चर्बी को कम करने में योग का कोई सानी नहीं, वहीं प्राणायाम कफ विकार को भी कम करता है। योग शरीर का तो प्राणायाम दिल का ख्याल रखता है। एक बात जो दोनों में समान है वो ये कि दोनों ही इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं।



**एक का संबंध शारीरिक व्यायाम से तो दूसरे का मन से**

# तलाक के बाद इन बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने दिखाई सिंगल मदर की ताकत



**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। मां का प्यार दुनिया में सबसे खास होता है। वह अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकती है। मदर्स डे हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है, ताकि हम अपनी मां को शुक्रिया कह सकें। बॉलीवुड में कई ऐसी माएं हैं, जो अपने पति से अलग रहकर सालों से अपने बच्चों की परवरिश अकेले कर रहीं हैं। उन्होंने ना सिर्फ एक मां का फर्ज निभा रही हैं, बल्कि बाप की जिम्मेदारी भी बेहतरीन तरीके से उठा रही हैं।

**करिश्मा कपूर :** करिश्मा कपूर न सिर्फ बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, बल्कि एक मजबूत और प्रेरणादायक सिंगल मदर भी हैं। उनकी शादी 2003 में दिल्ली के बिजनेसमैन संजय कपूर से हुई थी, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला। दोनों के बीच मतभेद बढ़ने लगे और आखिरकार 2016 में उनका तलाक हो गया। तलाक के बाद उन्होंने अपने दोनों बच्चों समायरा और कियान की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली। सोशल मीडिया पर भी करिश्मा अपने बच्चों के साथ बिताए पलों को शेयर करती रहती हैं।

**पूनम ढिल्लों :** पूनम ढिल्लों ने बॉलीवुड में 80 और 90 के दशक में कई हिट फिल्मों में काम किया। उन्होंने न सिर्फ फिल्मों में, बल्कि असल जिंदगी में भी एक मजबूत महिला होने का परिचय दिया। उन्होंने अशोक ठकारिया से शादी की थी, लेकिन कुछ सालों बाद यह रिश्ता टूट गया। तलाक के बाद पूनम ढिल्लों ने अपने दोनों बच्चों, बेटी पलोमा और बेटे अनमोल की परवरिश अकेले की। आज उनके दोनों बच्चे इंडस्ट्री में शानदार काम कर रहे हैं।

**पूजा बेदी :** जानी-मानी एक्ट्रेस पूजा बेदी ने 90 के दशक में कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने 1994 में फरहान फर्नीचरवाला से शादी की। शादी के बाद उनके दो बच्चे हुए, बेटी आलिया और बेटा उमर। लेकिन साल 2003 में उनका यह रिश्ता टूट गया और उन्होंने तलाक ले लिया। तलाक के बाद पूजा ने अपने बच्चों की परवरिश अकेले की और एक ताकतवर सिंगल मदर के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई।

# मेरी हिम्मत है मां, उन्होंने कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया : संदीपा धर



**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। 11 मई को मदर्स डे है। इस मौके पर अभिनेत्री संदीपा धर ने अपनी मां सुषमा धर के प्रति प्रेम का इजहार किया। उन्होंने बताया कि वो आज जो कुछ भी हैं, उसके पीछे मां का ही हाथ है। संदीपा ने बताया कि मां ने उन्हें और उनके परिवार को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। संदीपा ने बताया कि उनकी मां ने कश्मीर को छोड़कर एक नई जगह पर जिंदगी को नए सिरे से शुरू किया। संदीपा ने बताया कि उनके पास कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं था, आसपास कोई जाना-पहचाना चेहरा नहीं था, लेकिन उनके पास हिम्मत थी। उन्होंने पापा के साथ मिलकर जिंदगी की नई शुरुआत की और हमें कभी परेशानियों का एहसास तक नहीं होने दिया।

बेहतरीन अभिनेत्री और प्रशिक्षित शास्त्रीय नृत्यांगना के रूप में मशहूर संदीपा अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को देती हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथ सफर करना मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी है। उनका ह्यूमर, हर नई चीज को अपनाने का जज्बा, और 'ना' न कहने वाला स्वभाव, हर परिस्थिति में सकारात्मक रहने का स्वभाव, हर लम्हे को यादगार बना देता है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अपनी मां से कड़ी मेहनत करने की आदत विरासत में मिली है। धर ने बताया, उन्होंने मुझे सिखाया कि सच्ची ताकत का मतलब सिर्फ मजबूती से खड़ा होना नहीं, बल्कि दूसरों के लिए सहानुभूति रखना भी है। आज जो संवेदनशीलता और दूसरों के लिए सम्मान मेरे अंदर है, वो सब उन्हीं से मिला है। संदीपा ने साल 2010 में आई फिल्म 'इसी लाइफ में' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।

# इलैयाराजा राष्ट्रीय रक्षा कोष में संगीत कार्यक्रम की फीस व एक महीने का वेतन देंगे



चेन्नई, 10 मई (एजेंसियां)। देश के मशहूर संगीत निर्देशक और सांसद इलैयाराजा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि वह अपने संगीत कार्यक्रम की फीस और एक महीने का वेतन राष्ट्रीय रक्षा कोष में देंगे। शनिवार को एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि इस साल मैंने अपनी पहली सिम्फनी रिकॉर्ड की है जिसका नाम 'वैलिएंट' रखा है। हमारे लिए मई का महीना काफी भारी रहा, पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। जवाबी कार्रवाई के लिए सीमा पर सेना बहादुरी, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ जुटी हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे बहादुर, दुश्मनों को उनके घुटनों पर ला देंगे।

क्रांतिकारी कवि सुब्रमण्यम भरथियार की एक प्रसिद्ध कविता के छंदों का उल्लेख करते हुए संगीत निर्देशक ने कहा कि एक गौरवशाली भारतीय और एक सांसद के रूप में मैंने आतंकवाद को मिटाने और हमारी सीमाओं और लोगों की सुरक्षा के लिए देश के बहादुर नायकों के 'वीरतापूर्ण' प्रयासों के लिए 'राष्ट्रीय रक्षा कोष' में अपने संगीत कार्यक्रम की फीस और एक महीने का वेतन देने का फैसला लिया है। जय हिंद।'

इलैयाराजा की यह घोषणा भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर आई है, जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया गया।

इससे पहले उन्होंने घोषणा कर बताया था कि लंदन के इवेंटिम अपोलो थिएटर में अपनी पहली वेस्टर्न क्लासिकल सिम्फनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि इलैयाराजा के साथ इसमें विश्व प्रसिद्ध रॉयल फिलहारमोनिक कॉन्सर्ट ऑर्केस्ट्रा भी शामिल होगा।

इस अवसर पर इलैयाराजा लोकप्रिय गीतों के विशेष ऑर्केस्ट्रा वर्जन को प्रस्तुत करेंगे। निर्माताओं ने एक नया वीडियो जारी किया था, जिसमें इलैयाराजा की पहली अंग्रेजी शास्त्रीय सिम्फनी वैलिएंट के निर्माण की झलक दिखाई गई थी।

सिम्फनी को रॉयल स्कॉटिश नेशनल ऑर्केस्ट्रा में रिकॉर्ड किया गया था। पोस्ट किए गए वीडियो क्लिप में इलैयाराजा रॉयल स्कॉटिश नेशनल ऑर्केस्ट्रा के संगीतकारों से बात करते दिखाई दिए।

# एलओसी पर पाक गोलाबारी के बीच जिन्दगी



- जो घर बनाने में जिन्दगी लग गई, वह पलक झपकते ही तबाह हो गया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 10 मई (देशबन्धु)। यह कथाएं सिर्फ एक उस सीमांतवासी की नहीं है जो दोनों मुल्कों के बीच की तल्खी के बीच घरों से बेघर होने को मजबूर हो रहे हैं। करीब 22 सालों तक सीजफायर का आनंद उठाने वाले एलओसी पर रहने वालों के लिए पिछले तीन दिन भयानक दुस्वपन की तरह है जिसमें उन्होंने अपने घरों और पशुधन को पलभर में मिट्टी में मिलते देखा है। अपने घर के मलबे के बीच खड़े एक सीमावासी का कहना था कि हमारे घर बनाने में पूरी जिंदगी लग गई और अब हमारे पास कुछ भी नहीं बचा है। कुपवाड़ा के केरन और चौकीबल सेक्टर भी गोलाबारी की मार झेल रहे हैं। हालांकि इन इलाकों से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति को बहुत नुकसान हुआ है। बचाव दल द्वारा उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाते समय एक ग्रामीण ने आंसू बहाते हुए कहा था कि हम इसके लिए नहीं बने हैं - हम शांतिपूर्ण जीवन चाहते हैं। अधिकारियों ने बारामुल्ला, कुपवाड़ा और पुंछ में लोगों को निकालने के प्रयास तेजी से शुरू किए और सरकार ने प्रभावित परिवारों को स्थानांतरित करने के लिए निजी स्कूलों और परिवहन आपरेटरों से बसें मंगवाई हैं।

उड़ी, बोनियार और बारामुल्ला शहर के सुरक्षित इलाकों में राहत केंद्र बनाए गए, जहां सैकड़ों लोगों ने शरण ली है। उड़ी के बदगारा निवासी फैयाज अहमद कहते थे हम डर के मारे जा रहे हैं। सरकार हमें समायोजित कर रही है, लेकिन हमारा दिल हमारे घरों के साथ है।

पूरे क्षेत्र में भय, हताशा और थकावट की भावनाएं गूंज रही थीं। उड़ी के एक अन्य निवासी के बकौल, हमें गोलाबारी की आदत हो गई है, लेकिन हम विनती करते हैं- इसे हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाए। युद्ध इसका समाधान नहीं है। नागरिक मर रहे हैं, और हम इस पागलपन में अपना सब कुछ खो रहे हैं। सरकार को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और शांति के लिए वास्तविक कदम उठाने चाहिए।

इस बीच, स्थानीय लोगों ने सामुदायिक बंकरों के निर्माण की मांग को फिर से दोहराया, जिसमें बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन के बावजूद पर्याप्त दीर्घकालिक सुरक्षा उपाय प्रदान करने में बार-बार विफलता का हवाला दिया गया। कुपवाड़ा में एक विस्थापित ग्रामीण कहते थे कि जब गोलीबारी शुरू होती है तो हमारे पास जाने के लिए कोई जगह नहीं होती। बंकर ही वह न्यूनतम चीज है जिसके हम हकदार हैं। पुंछ में, जहां पिछले कुछ दिनों में भारी गोलाबारी हुई थी, इस सप्ताह की शुरुआत में हताहतों की सूचना मिली थी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रभावित गांवों का दौरा किया और स्थिति को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा था कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। हम राहत, सहायता और निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।



## पाकिस्तान ने 1999 में करगिल के लिए शुरू किया था ऑप्रेशन बदर

**जम्मू।** यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि पाक सेनाध्यक्ष मुल्ला जनरल आसिम मुनीर ने आपरेशन सिंदूर के खिलाफ 'बुनयान अल मरसूस' का ऐलान कर पाकिस्तान को खतरे में डाल दिया है। कहने को तो ये भारत के खिलाफ है लेकिन अंजाम पाकिस्तान की आवाम को भुगतना होगा। मुल्ला जनरल ने कुछ दिनों पहले इस्लामाबाद में दी तकरीर के मुताबिक ही इस आपरेशन का नाम रखा है।

इस्लाम में बुनयान अल मरसूस काफी अहम मायने रखता है। कुरान के सुरा 61-4 में इसका जिक्र है जिसका मतलब है -अल्लाह उन सब लोगों से मोहब्बत करता है जो अपने हक के लिए लड़ते हैं। बुनयान का मतलब है इमारत। मरसूस का मतलब है मजबूत। बुनयान अल मरसूस यानी एक ऐसी इमारत को दर्शाता है जो बहुत मजबूत और एकजुट है पाकिस्तान का आर्मी चीफ अल कायदा या आईएसआईएस चीफ की तरह इसे मुसलमानों की एकता और ताकत का प्रतीक जता रहा है। हालांकि उसको नहीं मालूम कि पड़ोसी तालिबान भी पहलगाम में हिंदुओं के नरसंहार के मसले पर उसके साथ नहीं है।

**इस्लाम में बुनयान का मतलब है इमारत। मरसूस का मतलब है मजबूत**

जनरल आसिम मुनीर ने 10 मई 2025 की अहले सुबह बुनयान अल मरसूस शुरू किया। उसका दावा है कि इसके तहत पाक एयर फोर्स ने पठानकोट, उधमपुर एयरबेस पर हमला किया है। हालांकि हमारे सारे एयरबेस महफूज हैं। हां ये जरूर है कि पाकिस्तानी आर्मी रिहायशी इलाकों पर निशाना बना रहा है। पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन से पहले भी भारत के खिलाफ कई आपरेशन चलाए जिसका अंजाम उसके लिए बहुत बुरा हुआ।

1965 में आप्रेशन जिब्रालटर और फिर करगिल युद्ध के दौरान जो आप्रेशन पाकिस्तान ने शुरू किया था उसका नाम बदर रखा गया था। वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के दौरान शुरू हुआ ऑप्रेशन बदर किस अंजाम पर पहुंचा, यह पाकिस्तानी सैनिकों की उन लाशों को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है जिन्हें पाकिस्तान ने वापस लेने से इंकार कर दिया था और उन्हें करगिल की चोटियों में ही दफन कर दिया गया था। पाकिस्तान ने करगिल में ऊंची चोटियों पर कब्जा किया। इसका मकसद लद्दाख का रास्ता काटना था। भारत ने आपरेशन विजय से जवाब दिया। पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा। पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई लेकिन उसने पहले अपनी भूमिका से इनकार किया।

# समर्थन में उतरे सितारे, फिल्मों की रिलीज डेट आगे बढ़ी, किसी ने रद्द तो किसी ने टाला प्रोग्राम

**ऑपरेशन सिंदूर**

**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किए भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' को मनोरंजन जगत के सितारों का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। भारत-पाक तनाव के बीच सेना के शौर्य की तारीफ करने के साथ ही एक्टर्स ने अहम फैसला भी लिया है। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की रिलीज डेट आगे खिसक चुकी है। वहीं, अरिजीत सिंह ने अपने एक म्यूजिक कॉन्सर्ट को रद्द कर दिया।

आमिर खान की अपकमिंग फिल्म 'सितारे जमीन पर' इसी साल 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, भारत-पाक तनाव को देखते हुए आमिर खान प्रोडक्शन ने इसे आगे बढ़ाने का फैसला लिया।

प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्र ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि देश की सीमाओं पर चल रहे घटनाक्रम और राष्ट्रव्यापी अलर्ट को देखते हुए 'सितारे जमीन पर' की डेट को स्थगित करने का फैसला किया है। उनका मानना है कि जिम्मेदार नागरिकों के रूप में इस समय एकता और संयम के साथ जवाब देना महत्वपूर्ण है।

'सितारे जमीन पर' के जरिए आमिर खान दस नए कलाकारों को लॉन्च कर रहे हैं। इनके नाम सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, गोपी कृष्ण वर्मा, अरूष दत्ता, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, सिमरन मंगेशकर और नमन मिश्रा हैं।

आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी अपकमिंग फिल्म में आमिर खान के साथ जेनेलिया देशमुख भी हैं। भोजपुरी अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह ने बताया कि जब तक देश में सब ठीक नहीं हो जाता, उनका कोई गाना रिलीज नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इस कठिन समय में वह देश के साथ खड़ी हैं।

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की अपकमिंग फिल्म 'भूल चूक माफ' की रिलीज डेट को लेकर निर्माताओं ने बड़ा फैसला लिया है। फिल्म पहले 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए फिल्म अब सिनेमाघरों पर नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। फिल्म 'भूल चूक माफ' को 16 मई को सीधे प्राइम वीडियो पर रिलीज करने का फैसला किया है।अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपने यूएसए शो को रद्द कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अंकिता ने प्रशंसकों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मुश्किल समय में वह देश के साथ खड़ी हैं।

गायक अरिजीत सिंह भी पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अबू धाबी में आयोजित अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट को स्थगित कर चुके हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने फैंस को इसकी जानकारी दी थी।

इंस्टाग्राम पर अरिजीत सिंह की टीम ने पोस्ट शेयर किया, बताया था कि हाल की घटनाओं के कारण अबू धाबी में आयोजित लाइव कॉन्सर्ट को स्थगित करने का फैसला लिया गया।

इससे पहले अरिजीत ने पहलगाम को लेकर अपने चेन्नई म्यूजिक कॉन्सर्ट को रद्द कर दिया था।

कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की टीम ने ऑडियो लॉन्च इवेंट को टालने का फैसला लिया। यह इवेंट पहले 16 मई 2025 को होने वाला था। कमल हासन ने एक्स पोस्ट के जरिए प्रशंसकों को जानकारी दी थी। हासन का मानना है कि कला इंतजार कर सकती है, देश नहीं। देश सबसे पहले आता है।

## आतंकवादी अब समझ लें कि ये देश झुकता नहीं : संजय दत्त



भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पहलगाम हमले का बदला लिया। इसको लेकर कई भारतीय कलाकारों ने सेना की प्रशंसा करते हुए इसे गौरवान्वित करने वाला क्षण बताया। इस कड़ी में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई के लिए अपना अटूट समर्थन जाहिर किया और भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि लड़ाई किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि उन लोगों के खिलाफ है जो भय और हिंसा फैलाते हैं। संजू बाबा के नाम से मशहूर एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि हमारे लोगों पर लगातार हो रहे हमलों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने सरकार मना रही सुशासन तिहार : साय

**महासमुंद,** 10 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महासमुंद जिले के दौरे पर शुक्रवार शाम पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी को पता है कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसका तीसरा चरण 5 मई से प्रारंभ हो चुका है, जो 31 मई तक चलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इस दौरान वे स्वयं, उनके मंत्रीगण, सांसद, विधायक समाधान शिविरों में भाग ले रहे है और कई स्थानों पर औचक निरीक्षण भी कर रहे है। स्कूलों और अस्पतालों में भी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलेगा। इस दौरान जिला प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा उपस्थित रहे। वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि समाधान शिविर में बलौदाबाजार. भाटापारा जिले के बलदाकछार गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर जाना कि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें वास्तविक रूप में मिल रहा है या नहीं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र की स्थापना की गई है। पूरे प्रदेश में अगले छह माह में 5000 और एक वर्ष में 11,000 से अधिक पंचायतों में ये सेवा केंद्र खोले जाएंगे। इसी के अंतर्गत समाधान शिविर में पहुंचे श्री साय ने बलदाकछार अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिससे ग्रामीण नागरिकों को अपनी पंचायत में ही आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी। जिससे समय की बचत होगी और अनावश्यक भागदौड़ से छुटकारा मिलेगा।



मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इसके बाद गरियाबंद जिले के मड़ेली गांव में समाधान शिविर में शामिल हुए। वहां उन्होंने ग्राम पंचायत मड़ेली में एक अत्याधुनिक 132 केवी विद्युत सब.स्टेशन और उससे जुड़ी लाइन की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए 75 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे आसपास के गांवों को स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राजिम से छुरा ;बेलटुकरी होते हुए सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए 147 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है, जिससे आवागमन बेहतर होगा और क्षेत्रीय विकास, व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि उन्होंने महासमुंद जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल को स्वच्छ और सुव्यवस्थित पाया तथा जिस पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें जल्द ही हल कर लिया जाएगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के उत्तर में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सभी जिलों का प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर समस्याओं का समाधान जिला कलेक्टर स्तर पर ही हो रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली में सुधार देखने को मिल रहा है। प्रेस वार्ता में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सीएम को पार्षद भाऊराम ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,** 10 मई (देशबन्धु)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वार्ड क्र 25 डॉ राधाकृष्णन वार्ड के पार्षद भाऊराम साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर वार्ड में विभिन्न कार्यों की मंजूरी के लिए ज्ञापन सौंपा। श्री साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके वार्ड क्र.25 में गरीब तबके लोग निवासरत हैं। वार्ड शासकीय भूमि पर गरीब परिवारों के प्रधानमंत्री आवास बनाकर उनके लिए पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। जिसके लिए स्वीकृति देने का निवेदन किया।



इसके अलावा वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों व मांगों से भी उन्हें अवगत कराया। पार्षद भाऊराम ने सीएम को बताया कि वार्ड25 में स्थायी आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क, नाली, पेयजल हेतु बोर खनन एवं ओवर हेड टंकी निर्माण की आवश्यकता है। साथ ही वार्ड में हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट, गरीब परिवारों को भूमि स्वामी पट्टा प्रदान करने, सार्वजनिक शौचालय, वार्ड के चौक-चौराहों पर रंगमंच बनाने संबंधी आवेदन मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्षद श्री साहू द्वारा की गई सभी मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, कलेक्टर विनय लंगेह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा में 10 विद्यार्थियों को मिला स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार का 10 अंक बोनस



## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम में स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार बोनस अंक की महत्वपूर्ण भूमिका रही

**धमतरी,** 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली धमतरी का उत्कृष्ट रहा। 12वीं कला शत प्रतिशत, 12वीं विज्ञान 83त्न, 12वीं वाणिज्य 83त्न व दसवीं का परीक्षा परिणाम 76.66 प्रतिशत रहा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 89.76 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के 6 विद्यार्थी लाकेश कुमार, प्रेम सागर, सतीश साहू, प्रियंका, लोमिन व दसवीं के चार विद्यार्थी वेदिका साहू, रूमा, देवेंद्र बंजारे, तन्मय को बोर्ड परीक्षा में भारत स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार का 10-10 अंक बोनस प्राप्त हुआ है। जिससे इनके परीक्षा परिणाम व प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रभारी स्काउट मास्टर गणेश प्रसाद साहू, मंजूषा साहू गाइड कैप्टन, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को सदैव प्रेरित कर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती एस रामटेके के कुशल मार्गदर्शन में विषय शिक्षकों ने काफी मेहनत कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने में अपना योगदान दिया है। 12वीं प्रथम विकास 83.4 त्न, द्वितीय विवेक 81.6त्न, तृतीय होमेंद्र 76.6 त्न रहा, दसवीं में प्रथम स्थान वेदिका साहू 90.66 प्रतिशत, द्वितीय सोनम 79 प्रतिशत, तृतीय अंकिता 74.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय व ग्राम को गौरवान्वित किया है। सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्राचार्य एस. रामटेके, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, अशोक सिन्हा, गुहलेद सन्हरा, बलीराम साहू, गंभीर साहू, नवलख साहू, दिलीप सेन जनपद सदस्य, सरपंच श्रीमती शिवरात्रि ध्रुव, व्याख्यातागण एल. एन. साहू, गणेश प्रसाद साहू, रामशरण मिश्रा, धनंजय सोनकर, राकेश कुमार साहू, लक्ष्मीनाथ शांडिल्य, गोविंद सिन्हा, गोपेश साहू, राहुल सोनकर, विनोद ध्रुव, डोमन ध्रुव, महेंद्र साहू, रेखा देहारी, मंजूषा साहू, रेणुका ध्रुव, स्वाति शोरी, दीप्ति शुक्ला, दुर्गा साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, लखन्तीन एवं समस्त ग्राम वासियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# कर्म करने मात्र में ही मनुष्य का अधिकार : राजेश्री महन्त

**पलारी,** 10 मई (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज एक दिवसीय जांजगीर चांपा जिला प्रवास के दौरान अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने ग्राम नवागांव (झूलन पकरिया) विकासखंड अकलतरा पहुंच कर साहू परिवार के द्वारा आयोजित संगीतमयी श्री राम कथा में कथा का रसपान किया। आयोजक परिवार के द्वारा बहुत ही आत्मियता पूर्वक उनका स्वागत किया गया। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की एवं आचार्य जी का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य जी ने भी अभिवादन करके आशीर्वाद प्राप्त की। इस अवसर पर अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि -ग्राम नवागांव में साहू परिवार के द्वारा अपने परिजनों के मोक्षार्थ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है भगवान रघुनाथ जी से प्रार्थना है कि सभी दिवंगत दिव्य आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें। उन्होंने कहा कि -गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्रीरामचरितमानस में लिखा है कि करम प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करहिं सो तस फल चाखा। अर्थात इस संसार में जो मनुष्य जैसा कर्म करता है उसके अनुसार उसे फल की भी प्राप्ति होती है। मुखिया के संदर्भ में उन्होंने कहा की मुखिया को मुख के समान होना चाहिए जो खट्टे, मीठे, तीखे सभी पदार्थ को खाता तो स्वयं है लेकिन किस अंग को कितने रस की आवश्यकता है इसका निर्धारण वह विवेक पूर्वक करता है। व्यास पीठ पर विराजित आचार्य दिनेश गोस्वामी जी महाराज ने कहा कि- यह हम सभी का ही नहीं अपितु इस नगर वासियों का परम सौभाग्य है कि पूज्य गुरुदेव जी महाराज का दर्शन करने का अवसर हम सभी को मिला है। *बसंत जहां आती है वहां प्रकृति खिल जाती है और संत जहां आते हैं वहां संस्कृति मुस्कुराती है।* उल्लेखनीय है कि अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान राजेश्री महन्त जी महाराज पलारी में लाला वर्मा के घर जन्मोत्सव के कार्यक्रम में, जांजगीर में आशुतोष गोस्वामी जी एवं चापा में अजय अग्रवाल के परिवार जन से सौजन्य भेंट मुलाकात तथा ग्राम कुरियारी में जी आर कश्यप जी के यहां मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



## अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

इस कार्यक्रम में उनके साथ कमलेश सिंह, सुशांत सिंह, हर प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव तथा कृष्णकांत सिंग सार्वा, रज्जाक खान, भूषण ठेठवार, वरुण कहरा, सुशील साहू, शशिकांत सिंह, राकेश जी, मनोज मित्तल, राजेंद्र देवांगन सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

## पेयजल संकट निवारण के लिए 07788-233089 दूरभाष नंबर जारी, शिकायत और सुझाव हेतु टोल फ्री नं. 18002330008

**बिलाईगढ़,** 10 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन और संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ कार्यरत है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07788-233089 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2025 तक के लिये प्रभावी रहेगा। सारंगढ़, बरमकेला एवं बिलाईगढ़ ब्लॉक के लिए बी.एल. खरे, सहायक अभियंता 7999534608 को नियंत्रण प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार के.आर. सूर्यवंशी उप अभियंता 8602103054, शेखर सिंह कंवर, उप अभियंता 8770356793, महावीर चौहान, प्रयोगशाला सहायक 9691608380 नियंत्रण प्रकोष्ठ में सहायक नियुक्त है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जा रहा है।

# अनुपस्थित करारोपण अधिकारी और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के सीईओ ने दिए निर्देश



## जनपद पंचायत नगरी और मगरलोड के कार्यों की समीक्षा

**धमतरी,** 10 मई (देशबन्धु)। जिले के जनपद पंचायत मगरलोड एवं नगरी के सभाकक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किशत प्राप्त प्लिंथ स्तर पर लंबित मगरलोड विकासखंड के 1474 आवास एवं नगरी के 2988 आवास कुल 4462 आवासों को 15 दिवस में प्लिंथ स्तर तक प्रगतिपूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत स्वीकृत आवासों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से 90 मानव दिवस की मजदूरी का भुगतान हेतु साप्ताहिक मस्टररोल जारी करने एवं आवास के भौतिक पूर्णता के पूर्व संपूर्ण मानव दिवस का भुगतान किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। ग्राम पंचायतों में सेंट्रिंग प्लेट हेतु समूह के माध्यम से खरीदी किया जाना हैं की जानकारी विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गये। जीपीडीपी कार्ययोजना के संबंध में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि वर्ष 2025-26 का जीपीडीपी एक सप्ताह के भीतर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। सभी करारोपण अधिकारी को निर्देशित किया कि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल में सभी एन्ट्री समय-सीमा पर पूर्ण किये जावें। मेरी गांव मेरी पंचायत एप्प का सभी पंचायत सचिव डाऊनलोड करें। टैक्स वसूली की जानकारी भी ई-ग्राम में एंट्री की जावें। सभी पंचायत सचिवों को संपत्ति कर, स्वच्छता कर अनिवार्य रूप से जमा करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए। वहीं ग्राम संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में पंचायत सचिव अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। सुशासन तिहार में आवास, महतारी वंदन, आयुष्मान कार्ड, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जाब कार्ड संबंधी मांगपत्र का त्वरित निराकरण करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए।

वहीं सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि-मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहेरा, सिंगपुर, मोंहदी, बिरझुली, भण्डारवाड़ी तथा नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलरगांव, उमरगांव, घठुला, बिरगुड़ी, छुही, पाईकभाठा, घुटकेल, गढ़डोंगरी (मा.), फरसिया, करैहा, डोंगरडुला, बटनहर्रा, गोरेगांव, माकरदोना के सचिवों को अपने कार्यक्षेत्र में निर्माणाधीन आवासों की सही व स्पष्ट जानकारी नहीं देने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसी तरह महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अनुपस्थित विकासखंड मगरलोड एवं नगरी के करारोपण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस एवं सचिव का एक दिवस का वेतन कटौती करने का प्रस्ताव जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से नगरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रीति दुर्गम, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, सीईओ दीव्या ठाकुर जनपद पंचायत मगरलोड, करुणा सागर पटेल सीईओ जनपद पंचायत नगरी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार का समाधान, अब बनेगा बागबाहरा बायपास रोड : डॉ पाणिग्राही

- सुशासन तिहार में लगाया था आवेदन मिला समाधान
- महासमुंद, बागबाहरा बायपास के लिए डी पी आर कार्य प्रगति पर
- डीपीआर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत होते ही शीघ्र निर्माण प्रारंभ होंगे



**बागबाहरा,** 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार के समाधान से अब राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पर बागबाहरा बायपास एवं महासमुंद बायपास के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। दोनों बाईपास का सुशासन तिहार के समाधान जो नेट में उपलब्ध है, जानकारी मिलते ही खुशी का इजहार करते हुए प्रारंभ से बागबाहरा बायपास को एक अभियान बनाकर चल रहे डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि समाधान के उत्तर एवं पत्र से स्पष्ट है कि अब बागबाहरा बायपास शीघ्र बनेगा। साथ ही महासमुंद बायपास भी बनेगा। इस कड़ी मे डॉ पाणिग्राही ने कहा कि तत्कालीन मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह के प्रथम कार्यकाल से महासमुंद जिला प्रभारी मंत्री ननकी राम कंवर को प्रथम ज्ञापन से प्रारंभ किया। 18 जून 2006 को मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने 'हेलो मुख्य मंत्री फोन इन कार्यक्रम' में मेरी मांग पर स्पष्ट स्वीकृति देते हुए कहा मेरी सरकार विश्वनाथ पाणिग्राही के माध्यम से बागबाहरा की जनता को विश्वास दिलाती है कि मेरी सरकार बागबाहरा बाईपास जरूर बनाएगी। 2007, में बजट भी स्वीकृत किया। किंतु बागबाहरा बायपास राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के क्षेत्रांतर्गत होने के कारण प्रदेश से एन एच में चला गया। इसके बाद भी मैं इस अभियान में जुटा रहा। ग्रीन केयर सोसायटी के माध्यम से बागबाहरा के नागरिकों ने पोस्ट कार्ड लिखो अभियान चलाया। राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके जन्म दिन पर उनके आवास नागपुर में कवि एवं साहित्यकार गोवर्धन बघेल के साथ गडकरी जी से भेंट कर ज्ञान दिया चर्चा किया। सकारात्मक आश्वासन मिला। अगले क्रम में रायपुर विमान तल पर भी मंत्री महोदय नितिन गडकरी से भेंट कर ज्ञापन दिया। पत्राचार ट्वीट का सिलसिला भी समसामयिक जारी रहा। हाल ही में दिल्ली में मंत्री जी नितिन गडकरी जी से भेंट न हो पाने के कारण ज्ञापन हमारे सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी से दिल्ली में भेंट कर उनके माध्यम से भेजा। सांसद महोदया ने भी बागबाहरा बायपास के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। देर आए दुरुस्त आए। अब बायपास निर्माण चरण बद्ध बढ़ेगा। सुशासन तिहार के समाधान के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा डी पी आर की स्वीकृति प्रदान की गई उसके अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा मैसर्स लायन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को एन एच 353 में 65.900 की. मि. 4 लेन सह पेवड सोल्डर एवं महासमुंद तथा बागबाहरा बायपास की डी पी आर कार्य दिया है जो प्रगति पर है। डी पी आर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। इस आशय का पत्र मेरे द्वारा दिए गए आवेदन के समाधान स्वरूप है जो कि सुशासन तिहार के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं विधान सभा अध्यक्ष पूर्व मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

## बिरनपुर जंगल में शव मिलने से दहशत

**नगरी,** 10 मई (देशबन्धु)। नगरी ब्लाक के बिरनपुर गांव के जंगल मे सड़ी गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया, बताया जा रहा है कि दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर के जंगल में स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति के शव को देखा, इसके बाद इसकी सूचना तत्काल पुलिस थाने में दी गई, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही एक एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुँची थी, वहीं मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस का कहना है कि लाश 12 से 13 दिन पुराना है। पुलिस की माने तो भूख, प्यास और लू लगने से व्यक्ति की मौत हुई होगी, फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा विक्रेता श्री मोहन बंजारे पिता लेनू बंजारे एवं अन्य के संयुक्त नाम पर वाके मौजा ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. खम्हरिया तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद छ.ग. स्थित भूमि जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक पी-3537093, भूमि खसरा नंब 1241 रकबा 1.55 हे. स्थित है जिसे मुझे क्रेता श्रीमती आबेदा खान पति स्व. जाकिर रहमान द्वारा क्रय किए जाने का इकरारनामा निष्पदित किया गया है।

यदि कि उक्त सौदे के फलस्वरूप जिस किसी को भी उक्त सौदे पर किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति है तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के अंदर मुझ क्रेता के समक्ष दावा आपत्ति दर्ज करा सकता है जिसके पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**दिनांक 10.05.2025**

**श्रीमती आबेदा खान**
**पता आयशा मस्जिद के पास**
**वल्लभ नगर पचपेड़ी नाका**
**रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9893254505**

### न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला-दुर्ग (छ.ग.)
### मुकदमे के फैसले के बारे में समन्स

**व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5**
**वाद क्रमांक 95ए/2025,**
**आवेदक श्रीमती रेखा गुप्ता**
**अनावेदक आमजनता**
**बनाम आम जनता**

क्योंकि वादि/आवेदक ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते घोषणा कीमती 300/- ख. अक्षरी तीन सौ मात्र का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20 माह 06 सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपकी अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निभर्र करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 08/05/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**(रवि कुमार कश्यप)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
सील

### न्यायालय आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग.)
### सूचना-पत्र

प्रकरण क्रमांक 01/डब्ल्यू.सी.एक्ट/ 2025/ विविध पक्षकारों की हाजिर होने की सूचना
1. वेचलपु देवी, पति स्व वेचलपु लक्ष्मणा उम्र 23 वर्ष, 2. वेचलपु सिम्हाचलम, पति स्व. वेचलपु पेदारामुनायडू उम्र-75 वर्ष, 3. नाबा. वेचलपु हेमान्वेश, पिता स्व. वेचलपु लक्ष्मणा उम्र-03 वर्ष, 4. नाबा वेचलपु जेरविक, पिता स्व. वेचलपु लक्ष्मणा उम्र-01 वर्ष, नाबालिक आवेदक क्रमांक 03 व 04 की ओर से बहैसियत निवासी ग्राम चीडीपल्ली तह. चोडावरम, थाना-चोडावरम जिला-विशाखापट्टनम (आन्ध्रप्रदेश) ...... आवेदिकागण
बनाम
पी. सुगन्या, पति-साई सेधुरम उम्र 33 वर्ष, निवासी-15/ए, मुस्लिम स्ट्रीट पुडुपलायम, जिला-कडलोर (तमिलनाडु)
2. मंडल प्रबंधक, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड प्रथम तल, नवीन बाजार फूल चौक, रायपुर (छ.ग.) ....अनावेदकगण

उपरोक्त पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.06.2023 को कर्मचारी वेचलपु लक्ष्मणा की नियोजित कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से मुआवजे की राशि मंडल प्रबंधक निशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वारा क्षतिपूर्ति राशि 14.41,050/- रूपये (चौदह लाख ईकचालीस हजार पचास रूपये) आश्रितगण को आबंटित करने के लिए न्यायालय में जमा है। आप लोग आयुक्त, श्रम न्यायालय महासमुन्द (सुश्री संघपुष्पा भतपहरी) में अपने पहचान के संबंध में आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पास बुक और वर्तमान फोटोग्राफ नोटरी द्वारा सत्यापित लेकर न्यायालय में सुबह 11.00 बजे उपस्थित रहें।

**सुश्री संघपुष्पा भतपहरी**
**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति**
मुहर **अधिनियम श्रम न्यायालय महासमुंद (छ.ग)**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SANA RAHEMAN D/O RAYEES AHMAD SHAKEEL resident of 5 SHITLA PARA WARD NO. 8, MAIN ROAD KANKER, KANKER PO. KANKER, DIST. KANKER (C.G) 494334 have changed my old name SANA RAHEMAN D/O RAYEES AHMAD SHAKEEL so in future I should be recognized by my new name that is SANA RAHMAN W/O MOHAMMED SHARIQUE HANFI in all Government and other documents.

**SANA RAHMAN**
5 SHITLA PARA WARD NO. 8,
MAIN ROAD KANKER,
KANKER PO. KANKER, DIST.
KANKER (C.G) 494334

### कार्यालय नगर पालिका परिषद,खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

क्रमांक/133/टेण्डर/न.पा.प./ लो.नि.वि./2025 खैरागढ़, दिनांक 01.05.2025

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रं. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र जमा करनेकी अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | समग्र शिक्षा मद / अध्यक्ष / पार्षद निधि एवं निकाय मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य (24 कार्य) | 119.18 | 22.05.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते,विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://www.uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, खैरागढ़**

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)
### सूचना

ज्ञा.क्रं. 1024/व.ले.लि./ग्रा.यां.से/2025-26 दुर्ग दिनांक 08.05.2025

इस कार्यालय द्वारा जारी संक्षिप्त मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-26 दिनांक 20.03.2025 अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**जी.नं. 242506085**

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
दुर्ग (छ.ग.)

**जी- 252600750**

### न्यायलय श्रीमती अंकिता अग्रवाल व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बलौदाबाजार के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, माटापारा (छ.ग.)
### आम सूचना

**प्रोसेस क्रमांक-352/2025**
**प्रकरण क्रमांक-21ए/2005**
**पेशी दिनांक 18.06.2005**
**पक्षकार-कुमारी योगिता निषाद विरुद्ध श्रीमान संभागीय यंत्री वगैरह (जिसका इससे संबंध हो)**
**प्रति,**
**आम जनता वगैरह (जिसका इससे संबंध हो)**

कुमारी योगिता निषाद- वादिनी द्वारा, आपके विरुद्ध एक दाया वास्ते धोषणा हेतु कीमती 2000 क की घोषणा हेतु वाद प्रस्तुत की है। वादिनी छ.ग. राज्य विद्युत वितरण में भाटापारा के सहायक श्रेणी-एक के पद पर कार्यस्त यशवंत कुमार निषाद की पुत्री है। जिनकी विद्युत विभाग मंण सेवा में रहने के दौरान आकस्मिक निधन दिनाक 06/08/2024 को हो गया है। वादिनी के द्वारा अपने पिता के मृत्यु पश्चात छ.ग. राज्य विद्युत वितरण के भाटापारा के समक्ष आवेदन के आधार पर वादिनी को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने तथा जना राशि तथा पेंशन प्रदान करने बाबत दिनांक 30/08/2024 को प्रस्तुत किया गया था। वादिनी को उनके पिल्ल के मृत्यु उपरांत शासकीय फण्ड में जमा राशि जो विनाम द्वारा जारी किया गया है पर अधा हिस्सा बादिनी को दिलाया जाना है इस तथ्य पर आम जनता (जो भी इससे संबंधित हो) या जिस किती गी संस्था/कार्यालय को आपत्ति है आपको इस न्यायालय में नियत तारीख 18.06.2025 को 11.00 बजे दिन को याद का जवाब देने के लिये उपस्थित होने के लिये नोटिस किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिया गया हो. और इस बाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का जवाब दे सकें। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपने प्रतिरक्षा या मुजराई या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य को रूप में हो, विसरत करते हुये आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि उपर वर्णित की गई पेशी तारीख 18.06.2025 की इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे ती वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया। जायेगा।

अतः इस न्यायालय द्वारा आज दिनांक 06.05.2025 को न्यायालय की त्सतील व मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तारीख-06.05.2025**
**स्थान- भाटापारा**

**(अंकिता अग्रवाल)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बलौदाबाजार के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, भाटापारा (छ.ग.)**
सील

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के पहले हाइड्रोजन फ्यूल ट्रक को दिखाई हरी झंडी

- शून्य कार्बन उत्सर्जन और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल
- मुख्यमंत्री ने अपने हस्ताक्षर कर हाइड्रोजन ट्रक के चालक को सौंपी ट्रक की चाबी
- लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में स्वच्छ और ग्रीन ट्रांसपोर्ट को मिलेगा बढ़ावा






**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी स्थित अपने निवास परिसर से देश के पहले हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने हस्ताक्षर कर हाइड्रोजन ट्रक के चालक को चाबी सौंपी और इस अभिनव पहल के लिए सीएसपीजीसीएल और अडानी नैचरल रिसोर्सेस को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ और देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ लगातार विकास कर रहा है और इसमें आज एक नया आयाम जुड़ा है। भारत के पहले हाइड्रोजन फ्यूलड लॉजिस्टिक ट्रक का शुभारंभ छत्तीसगढ़ में हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस है और उन्होंने वर्ष 2070 तक भारत को शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन साधने में भी यह कदम मददगार होगी। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा समृद्ध प्रदेश है और इस ट्रक का उपयोग खनिज परिवहन में होने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारंपरिक संसाधनों के साथ-साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और नवाचार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। साय ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ संभव हैं और ऐसी पहल से हमारे संकल्प को और मजबूती मिलेगी।

इस मौके पर अडानी एंटरप्राइजेज के नैचरल रिसोर्सेस के सीईओ डॉ. विनय प्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए और इस पहल को खनन क्षेत्र में सतत विकास के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक संजीव कटियार और अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### हाइड्रोजन ईंधन के उपयोग से ग्रीन एनर्जी को मिलेगा बढ़ावा

हाइड्रोजन प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है और सबसे विशेष बात यह किसी भी प्रकार का हानिकारक उत्सर्जन नहीं करता है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाले वाहन डीज़ल ट्रक जितनी दूरी और लोड उठाने की क्षमता रखते हैं। लेकिन धुएं के बजाए ये सिर्फ पानी की भांप और गर्म हवा उत्सर्जित करते हैं और आवाज़ भी बहुत कम करते हैं। चूंकि माइनिंग क्षेत्र में अधिकांश मशीनें मुख्य रूप से डीज़ल से ही चलती है, ऐसे में स्वच्छ ईंधनों को अपनाने से प्रदूषण और शोर को कम करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, यह कदम भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी सहायक होगा। खास बात यह है कि अडानी नैचरल रिसोर्सेस एशिया की पहली कंपनी है, जिसने च्डोज़र पुश सेमी ऑटोनॉमस तकनीक को अपनाया है, जिससे सुरक्षा और स्थिरता, दोनों को बढ़ावा मिल रहा है।

गौरतलब है कि भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी साझेदारी से यह ट्रक तैयार किया गया है और इसमें ईंधन के तौर पर हाइड्रोजन का उपयोग होगा। इसके अंतर्गत माल परिवहन के लिए हाइड्रोजन फ्यूल सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित किया जा रहा है। प्रत्येक ट्रक स्मार्ट तकनीक और तीन हाइड्रोजन टैंक से लैस होगा, जिसमें 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जाने की क्षमता होगी। प्रदेश में हरित भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और अदाणी नैचरल रिसोर्सेस ने यह साझा प्रयास किया है छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा रायगढ़ जिले के गारे पेल्मा-3 कोल ब्लॉक से राज्य की विद्युत उत्पादन इकाई तक कोयला परिवहन में इसका उपयोग किया जाएगा।

# श्रीमंत झा ने एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग में जीता रजत पदक




**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी वर्ल्ड नंबर-3 और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने एक बार फिर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में उन्होंने प्लस 85 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक (सिल्वर) जीतकर भारत का परचम लहराया है।

- बढ़ाया देश और प्रदेश का मान
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रीमंत झा की इस उपलब्धि पर बधाई दी है और कहा छत्तीसगढ़ के होनहार पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने कठिन परिस्थितियों को पार करते हुए जो अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है, वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी सफलता प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री साय ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

श्रीमंत झा ने अपनी जीत भारत के शहीद जवानों को समर्पित करते हुए कहा, यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर मैच शहीदों की स्मृति में खेलता हूं और अब मेरा लक्ष्य आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश को फिर से गौरवान्वित करना है। झा जो दोनों हाथों में केवल चार अंगुलियों के साथ जन्मे थे, आज 55 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। वे पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में विश्व स्तर पर तीसरे और एशिया में पहले स्थान पर हैं।

श्रीमंत झा के इस गौरवशाली उपलब्धि पर पीपुल्स आर्म रैसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष सुश्री प्रीति झींझानी, छत्तीसगढ़ आर्म रेसलिंग संघ के अध्यक्ष सुरेश बाबे, चेयरमैन बृज मोहन सिंह, सचिव श्रीकांत और कृष्ण साहू ने भी उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों का तबादला

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जीरो टॉलरेंस नीति और परिणाम आधारित कार्यशैली का असर अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने आज महासमुंद जिले में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही, निष्क्रियता और खराब प्रदर्शन अब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है।

- मुख्यमंत्री साय की सख्त चेतावनी के बाद पहली कार्रवाई
- महासमुंद में बोर्ड परीक्षा परिणामों पर सख्त रुख, मुख्यमंत्री ने जताई थी नाराजगी

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार महासमुंद जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य एम.आर. सावंत को उनके पद से हटाकर कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ (जांजगीर-चांपा) के पद पर कार्यरत प्राचार्य विजय कुमार लहरे को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद नियुक्त किया गया है। वहीं भूपेंद्र कुमार कौशिक को जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड का विकासखंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

यह निर्णय उस समीक्षा बैठक के बाद सामने आया है, जिसमें मुख्यमंत्री साय ने महासमुंद जिले की बोर्ड परीक्षा में खराब परिणामों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में महासमुंद में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट कहा था कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई दर्शाती है कि मुख्यमंत्री साय की सरकार परिणाम आधारित कार्यशैली में विश्वास रखती है और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव को पितृशोक

रायपुर, 10 मई। जनसंपर्क संचालनालय में पदस्थ अपर संचालक आलोक देव के पिता प्रेमलाल सुखदेवे उम्र 79 वर्ष का आज डीके अस्पताल रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बालोद जिला स्थित उनके गृहग्राम जुंगेरा में शनिवार 10 मई को पूर्वान्ह 11 बजे किया गया। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने प्रेमलाल सुखदेवे के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



# राजधानी में देश भर से जुटेंगे ख्याति नाम चित्रकार

## 16 मई तक राष्ट्रीय प्रिंटकला (प्लेटोग्राफी) पर होगा कार्यशाला

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। लोक कला, संस्कृति के संरक्षण के लिए वेदांता सिटी, कांदूल रायपुर में 10 से 16 मई तक सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रिंटकला (प्लेटोग्राफी) कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'डॉट्स एण्ड लाईन्स' नाम से रायपुर में प्रथम बार होगा। इस कार्यशाला में प्रिंटकला के क्षेत्र में आ रहे बदलाव पर विस्तार से चर्चा होगी। कार्यशाल के आयोजनकर्ता चित्रकार एवं प्रिंटमेकर प्रो. व्ही. नागदास ने बताया कि इस कार्यशाला में देश के सुप्रसिद्ध प्रिंटमेकर एवं चित्रकार प्रो. अजित शील (शांति निकेतन, पं. बंगाल), रमेन्द्रनाथ काष्ठा (कोलकाता, पं. बंगाल), प्रो. विजय बगोड़ी (बड़ोदरा, गुजरात), प्रो. धनंजय पाठक (नागपुर, महाराष्ट्र) के साथ प्रतिभागी के रूप में मोना गुप्ता (राउरकेला, ओडिसा), दुर्गा दास (खैरागढ़, छत्तीसगढ़), मुक्ता यदू दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), डॉ. अंबरीश मिश्र (प्रयागराज, उत्तरप्रदेश), अर्चना जैन (कोरबा, छत्तीसगढ़), डॉ. निशा चड्ढा (अंबाला, हिमाचल प्रदेश), हेमलता दत्त (बोकारो, झारखण्ड), सुकांत दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), अंकिता दौलतबोड़कर (औरंगाबाद, महाराष्ट्र), प्रभात बरमैया (शिवनी, म. प्र.), अर्चना कुमारी (पटना, बिहार) एवं राजन ठाकुर (रायपुर, छत्तीसगढ़) शामिल होंगे।

# 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे भाजपा सरकार: बैज

**रायपुर**/10 मई । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार 18 लाख आवास स्वीकृत होने का झूठा दावा करती है, जबकि सच्चाई यह है कि साय सरकार गरीबो को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है, जो भी आवास बने है और जो बन रहे है वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। साय सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है।

श्री बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भाजपा सरकार भ्रम फैला रही है। विधानसभा चुनाव में वादा किये थे 18 लाख आवासहीनों को आवास देंगे, अब दावा कर रहे है 8 लाख आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली गयी है। जबकि हकीकत यह है कि सरकार के पास अभी तक पात्र हितग्राहियों की न सूची है और न संख्या, जिन लोगों के खाते में पहली किस्त डालने का दावा कर रहे है उन सभी के खाते में पहली किश्त तो कांग्रेस की सरकार ने अक्टूबर में ही जारी कर दिया है। भाजपा सरकार में साहस है तो जिन लोगों के खाते में पैसा डालने का दावा कर रहे है उनकी सूची सार्वजनिक किया जाये। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई तब केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार थी। 2011 के जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए कल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 18 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 237000 ग्रामीण पीएम आवास तथा 19000 शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 23 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाएं। शेष लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया। 7 लाख आवासहीनो के लिये मकान बनाने के लिये पहली किश्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दिया था।

# छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनें रहेगी रद्द

**बिलासपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अंतर्गत रांची नगर में सिरम टोली चौक पर 4-लेन एलिवेटेड रोड सह रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है. इस परियोजना के तीसरे और अंतिम चरण के अंतर्गत 5 मई से 30 मई तक ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया गया है, जिसके चलते विभिन्न तिथियों को ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा।




इसी प्रकार, चक्रधरपुर मंडल के सागारा रेलवे स्टेशन स्थित गुड्स शेड प्राइवेट साइडिंग में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य 11 मई से 26 मई 2025 तक किया जाएगा. इस कार्य के चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा.

रेल प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है और सहयोग की अपील की है।

रद्द की गई ट्रेनों में 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस 12, 14, 19, 24, 25, 26, 27, 28 और 29 मई, 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 13, 15, 20, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 मई, 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 11 से 26 मई तक प्रतिदिन रद्द रहेगी

वही परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों में 18478 योग नगरी ऋषिकेशङ्कपुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 11, 13 और 16 मई को यह ट्रेन ईब, झारसुगुड़ा, संबलपुर सिटी और कटक होकर चलेगी. 18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 16 मई को यह ट्रेन कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा और ईब होकर चलेगी.

# देश में पर्याप्त खाद्यान्न उत्पादन महती जिम्मेदारी: शिवराज सिंह

- कृषि खरीफ अभियान पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन
- केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बतायी कार्य योजना
- धरती की सेहत को रासायनिक उर्वरकों से खतरा
- 2014 के बाद धान की 2 हजार 900 नई किस्मों का विकास



**दंतेवाड़ा,** 10 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह की अगुवाई में नई दिल्ली स्थित पूसा कैंपस के भारत रत्न सी. सुब्रह्मण्यम ऑडिटोरियम में कृषि खरीफ अभियान 2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन संपन्न हुआ। दंतेवाड़ा के कृषि विज्ञान केन्द्र में भी वर्चुअल जुड़ कर किसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री का संबोधन सुना।

इस सम्मेलन में 10 से ज्यादा राज्यों के कृषि मंत्रियों ने पूसा कैंपस पहुंचकर और अन्य कृषि मंत्रियों ने वर्चुअल जुड़े व कृषि की उन्नति की दिशा में केंद्र के साथ मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई। इस मौके पर श्री चौहान ने कहा कि भारत की 145 करोड़ जनता के लिए पर्याप्त खाद्यान्न, फल और सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। यह एक असाधारण काम है, जिसे हमें मिलकर पूरा करना होगा। हम केवल भारत के लिए नहीं, सारी दुनिया हमारा परिवार है, हम सबका कल्याण चाहते हैं, हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़े तो उसे छोड़ते भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है कि आतंकवाद का जड़ से खात्मा करके ही चैन की सांस लेंगे।

श्री सिंह ने कहा कि भारत अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। कल्याणकारी योजनाओं के लिए भी कार्य चल रहा है, आज खरीफ सम्मेलन चल रहा है, कल प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई, भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 5वें पायदान से ऊपर उठकर अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हमारे कृषि विभाग के सभी साथी कटिबद्ध हैं, हम प्रधानमंत्री के पीछे खड़े हैं। हमें गर्व है अपनी सेना पर, सेना के शौर्य पर, हमारे जवानों पर और ऑपरेशन में लगे हुए सारे साथियों पर। ऑपरेशन सिंदूर एक संदेश है कि भारत की तरफ किसी को आंख उठाकर देखने नहीं दिया जाएगा। जरुरत पड़ी तो रक्त की अंतिम बूंद तक देश के मान, सम्मान और शान के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। श्री चौहान ने कहा कि आज हमने किसानों की मेहनत से अन्न के भंडार भर दिए हैं। उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। मैं अपने वैज्ञानिकों को बधाई दूंगा। अभी हमने चावल की दो किस्में विकसित की है, जिससे उत्पादन बढ़ेगा, 20 दिन पहले फसल तैयार हो जाएगी, पानी बचेगा, मीथेन गैस का उत्सर्जन कम होगा, जल्द ही ये किस्में किसानों को उपलब्ध कराई जाएंगी। 2014 के बाद 2 हजार 900 नई किस्मों का विकास हमारे वैज्ञानिकों ने किया है।

उन्होंने कहा कि ये खरीफ कॉन्फ्रेंस कोई औपचारिकता नहीं है। आगे रबी कॉन्फ्रेंस दो दिन के लिए होगी। हमारा काम है उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, उत्पाद के ठीक दाम देना, आपदा में सहायता करना, फलों और फूलों की खेती को बढ़ावा देना है। श्री चौहान ने कहा कि ये धरती केवल हमारे लिए नहीं है, इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ रखना है। अत्याधिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। मैं कृषि मंत्री हूँ तो 24 घंटे मुझे यही सोचना चाहिए कि किसानों की बेहतरी कैसे हो। हमें मेहनत के साथ काम करना हमें कृषि के लिए उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए खेती की उन्नति के लिए काम करना होगा। हमें लैब से लैंड तक टेक्नोलॉजी और रिसर्च को पहुँचाना ही होगा।

इस कड़ी में श्री चौहान ने 'विकसित भारत संकल्प अभियान' के जरिए वैज्ञानिकों की टीम के गठन और उनके किसानों तक पहुंच बनाने की रूपरेखा भी रखी और बताया कि किस प्रकार से यह टीमें गांव-गांव पहुंचकर किसानों के बीच जागरुकता के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि हमारे पास 16 हजार वैज्ञानिक हैं, जिनमें से 4-4 वैज्ञानिकों की टीमें बनाकर जमीनी स्तर पर जागरुकता का अभियान चलाया जाएगा। इन टीमों का उपयोग किसानों की सेवा के लिए होगा। ये साल में दो बार निकलेंगी। रबी फसल के लिए अक्टूबर में अभियान चलेगा। श्री चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों से इस अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि जब-तक हम सब मिलकर एक दिशा में नहीं चलेंगे, तब तक खेती किसानी के हित में वांछित परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

सम्मेलन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री राम नाथ ठाकुर भी शामिल हुए। राज्यों से आए मुख्य सचिवों, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, कृषि आयुक्त, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों ने भी शिरकत की। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सम्मेलन की रूपरेखा रखी तथा राज्यों के साथ समन्वय और तालमेल के साथ काम करने की बात कही। सचिव (उर्वरक) रजत कुमार मिश्रा ने भी प्रस्तुति दी।

# राजभवन में आयोजित हुई सर्वधर्म सभा, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री हुए शामिल

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। वर्तमान में चल रहे तनावपूर्ण परिस्थिति में सभी धर्मो, समाजों एवं सम्प्रदायों के बीच शांति, सौहार्द एवं एकजुटता के उद्देश्य से आज राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में सर्वधर्म सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति केवल सीमाओं पर युद्ध की चुनौती नहीं है बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता, हमारी संस्कृति की सहिष्णुता और हमारे नागरिकों की जागरूकता की परीक्षा भी है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में संयम, शांति और सद्भाव को बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि जब हमारा राष्ट्र संघर्ष से गुजर रहा हो तो केवल सीमाओं पर तैनात हमारे सैनिक ही नहीं बल्कि देश के हर नागरिक की चेतना, एकता और संकल्प ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। श्री डेका ने कहा कि सदियों से भारत एक ऐसा देश रहा है जिसने विविधताओं को अपनाया है। जहां पूजा की विधियां भले ही भिन्न हो पर मानवता की मूल भावना सभी में एक समान है। जब-जब देश पर संकट आया है हर धर्म, हर जाति, हर वर्ग के लोग कंधे से कंधे मिलाकर खड़े हुए हैं। वर्ष 1965 और 1971 के युद्ध हो या 1999 का कारगिल का संघर्ष हर बार हमारे देश ने यह सिद्ध किया है कि हम किसी धर्म, सम्प्रदाय या भाषा के नाम पर विभाजित नही हो सकते। देश में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बौद्ध और अन्य सभी धर्मो के लोग मिलजुल कर रहते है। छत्तीसगढ़ भी इस सांस्कृतिक समन्वय का जीवंत उदाहरण है।

श्री डेका ने छत्तीसगढ़ की जनता से अपील की कि वे एकजुट रहे शांति और सौहार्द बनाएं रखें। अभी यह सोचना है कि देश व समाज को क्या दे सकते है। हमें एकजुट होकर देश के लिए खड़ा होना है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत देश सत्य, अहिंसा और शांति का पुजारी है। आज के इस बैठक में सभी धर्म के प्रतिनिधियों ने एकता का संकल्प दोहराया है। इस घड़ी में हम सभी को यह दिखाना है कि हम एकजुट है और देश के सैनिकों के अदम्य साहस को हम प्रणाम करते है। हमारी सेना के जवानों ने आंतकियों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमें बहुत सचेत रहने की जरूरत है। ऐसे समय में असामाजिक तत्व भी लाभ उठाने का प्रयास करते है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया में आ रही भ्रामक सूचनाओं से भी जनमानस को सतर्क रहने कहा।

सभा में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए देश की एकता और अखंडता पर जोर दिया। शांति एवं सद्भाव बनाएं रखने के लिए एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करने तथा शासन एवं प्रशासन के हर निर्देशों का पालन करने की बात कही।

सर्वधर्म सभा में जैन समाज के चंद्रेश शाह, शदाणी दरबार के युधिष्ठिर महाराज, ब्रम्हाकुमारी शांति सरोवर की सविता बहन, सिक्ख समाज के सरदार अमरिक सिंह, बोहरा समाज के फिरोज गांधी, ब्राम्हण समाज के दीवाकर तिवारी, बौद्ध समाज के भंते डॉ. जीवक, रामकृष्ण मिशन के किशोर महाराज, भारत सेवा संघ के स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज, बिशप डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ की सुषमा कुमार, गायत्री परिवार के दिलीप पाणिग्राही, मुतवल्ली जामा मस्जिद के अब्दुल फहिम और कालीबाड़ी बंगाली समाज के रंजन बनर्जी ने अपने विचार व्यक्त किए।

**0 गया,** 10 मई। बिहार के गया में शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिरकत की। इस तिरंगा यात्रा की शुरुआत शहर के राजेंद्र आश्रम मोहल्ला स्थित पार्टी कार्यालय से हुई, जो शहर के विभिन्न सड़क मार्गों से होकर गुजरी।

**NECC**

| 11.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 501 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 100 | 160 |

डिलीवरी 516 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पति- परसों मेरी बीवी कुंए में गिर गई, बहुत चोट लगी, बहुत चिल्ला रही थी।
डॉक्टर- अब तबीयत कैसी है?
पति- अब ठीक है, कल से कुंए से आवाज नहीं आई। डॉक्टर तबसे सदमे में है।

# जल संसाधन मंत्री की पहल, इन्द्रावती-जोरानाला में लौटी जलधारा

## बस्तर की जनता को जल संकट से राहत देना हमारी प्राथमिकता : केदार कश्यप



**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। लंबे समय से इन्द्रावती-जोरानाला जल संकट से जूझ रहे बस्तर जिले को आखिरकार राहत मिली है। यह संभव हो पाया है छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की पहल से, जिन्होंने समय रहते ठोस निर्णय लेकर न केवल जल संकट की गंभीरता को समझा बल्कि उसे स्थायी समाधान की दिशा में भी अग्रसर किया।

विदित हो कि वर्ष 2010 से 2016 तक ओडिशा राज्य में हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ ने 49 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की थी, जिससे दोनों राज्यों के बीच जल बंटवारे के समझौते के अनुसार 50 प्रतिशत जल प्राप्ति सुनिश्चित हुई थी। किंतु 2021 से 2023 तक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में सिल्ट, बोल्डर और रेत जमा होने से बस्तर को मात्र 23 प्रतिशत जल मिल रहा था। वर्ष 2024 में यह मात्रा घटकर सिर्फ 16 प्रतिशत रह गई, जिससे बस्तर में भयावह पेयजल संकट खड़ा हो गया। जनदबाव और आंदोलन के बीच जब स्थिति विकराल होने लगी, तब संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के मुख्यमंत्री से संवाद कर समस्या समाधान की पहल की। इसके साथ ही जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने मोर्चा संभाला और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। सुशासन तिहार के अवसर पर 9 मई 2025 को बस्तर प्रवास पर आए मंत्री केदार कश्यप ने जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो एवं प्रमुख अभियंता इन्द्रजीत उईके को निर्देशित किया कि इन्द्रावती- जोरानाला संगम पर बने हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम से अवरोधक रेत, बोल्डर, रेत बोरी आदि को स्थायी रूप से हटाया जाए। इस निर्देश के बाद अस्थायी रूप से रास्ता बनाकर नदी प्रवाह को सुचारू किया गया, जिससे जल प्रवाह 16 प्रतिशत से बढ़कर पुनः 49 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो बस्तरवासियों के लिए किसी अमृत से कम नहीं। इस महत्वपूर्ण निर्णय और तत्पर प्रयास के लिए बस्तर की जनता ने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार व्यक्त किया है, जिनके संवेदनशील नेतृत्व शैली और तत्काल निर्णय क्षमता ने बस्तर को जल संकट से उबार कर जीवनधारा बहाल की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और संवेदनशील पहल से बस्तर के जल संकट का समाधान संभव हुआ। बस्तर की जनता को जल संकट से राहत देना हमारी प्राथमिकता है। हमने तत्परता से कार्यवाही की और आज इन्द्रावती की जलधारा फिर बस्तर की ओर बह रही है और बस्तर की प्यास बुझा रही है। यह साय सरकार की प्रतिबद्धता और जनता के विश्वास की जीत है।

# पांच शिक्षकों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के लिए किया गया निलंबित

**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर से मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी ने 5 शिक्षकों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के लिए निलंबित किया है। इसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिक शाला कहच्छेनार के सहायक शिक्षक एल.बी. गौतम कुमार वर्मा को शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण गौतम कुमार वर्मा को छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1,2,3) का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी लोहण्डीगुड़ा किया गया है। जगदलपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिक शाला छोटेमुरमा के प्रधान अध्यापक मोसू राम को शाला दिवस में शाला समय में शराब पीकर आने, हर वक्त नशे में रहने, शाला समय में विद्यालय में उपस्थित नहीं होने एवं समय पूर्व शाला बंद कर चले जाने के फलस्वरूप मोसू राम को छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर किया गया है। तोकापाल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिक शाला बाजारपारा करंजी के प्रधान अध्यापक राजकिशोर आचार्य को शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण राजकिशोर आचार्य, को छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1,2,3) का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी तोकापाल किया गया।

बकावण्ड विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिक शाला आमादुला के प्रधान अध्यापक प्रेमनाथ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की हुई समीक्षा बैठक



**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। एनटीईपी के एसटीएस और एसटीएलएस की बैठक शनिवार को सीएमएचओ कार्यास्य में हुई। बैठक में जिला नोडल अधिकारी कार्यालय, जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम में जिले भर के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर और सीनियर ट्रीटमेंट लेबोरेटरी सुपरवाइजर बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक और जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ सी, मैत्री भी उपस्थिति रहे। बैठक में बस्तर जिले के क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत सभी एसटीएस और एसटीएलएस को अपने अपने विकासखंड की अब तक की उपलब्धि और शेष बचे कार्यों के पूर्ण किए जाने लिए कार्य योजना की जानकारी दी गई। सीएमएचओ द्वारा इस समीक्षा बैठक में जोखिम वाले जन समूह का रजिस्ट्रेशन से लेकर, उनके एक्सरे और ट्रू नॉट जांच और पॉजिटिव केस के उपचार और वितरित फूड बास्केट के बारे में सूक्ष्मता से जानकारी ली। इस समीक्षा बैठक में महेश कश्यप, धनीराम यादव, दीपेश्वर साहू, भोलानाथ माझी, गंगा शंकर साहू, भारत नेताम, फेकू राम मरावी, अशोक बघेल, वंदना साहू, दिनेश कश्यप, शकील खान और जिला सलाहकार कमलेश वर्मा मौजूद रहे।

# नगरनार और ग्राम करंजी में समाधान शिविर




## जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और विधायक चित्रकोट विनायक गोयल हुए शामिल

**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन जिले के विकासखंडों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शनिवार को बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर और तोकापाल के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जगदलपुर विकासखंड के नगरनार में आयोजित समाधान शिविर में 17 ग्राम पंचायत को सम्मिलित किया गया जिसमें करनपुर, रामपाल, भालुगुड़ा, उपनपाल, बिजापुट, नगरनार, भेजापदर, धनपूंजी, कस्तूरी, बम्हनी, आमागुड़ा, मंगनपुर, चोकावाड़ा, माचकोट, कुम्हली, बागराउड़ एवं जीरागांव सम्मिलित रहे। इस शिविर में 7539 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 7524 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 15 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था।

तोकापाल विकासखंड के करंजी में आयोजित समाधान शिविर में टाहकापाल, गुमियापाल, टांडपाल, पोटानार, देउरगांव, कोहकापाल, करंजी, टेकामेटा, धरमाउर, बड़े मोरठपाल, छोटे मोरठपाल, कुरेंगा, पखनारचा और रान सरगीपाल कुल 14 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। इस शिविर में 5426 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5417 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 09 लंबित हैं। इस शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। नगरनार में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आमजनों की समस्या और मांगों के निराकरण के सुशासन तिहार का किया जा रहा है। सभी जागरूक जनसाधारण ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। इस शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुरषोत्तम कश्यप सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरत कौशिक सहित विभिन्न विभागों के जिला और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

तोकापाल विकासखंड के करंजी में आयोजित समाधान शिविर में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरे राज्य में सुशासन लाने व्यापक पहल कर रही है यह सुशासन शहर और गांवों के हर व्यक्ति तक पहुंचे, इस दिशा में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति लाभान्वित होकर प्रदेश के विकास में सहभागिता निभाए। उन्होंने इस शिविर से सभी को लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों सहित जिला और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभागों के अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण की जानकारी तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान किताब, सामाजिक सहायता पेंशन स्वीकृति आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण स्वीकृति आदेश और सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

# बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाने पर जोर



## बस्तर सेवक मंडल बालगृह छिन्दगढ़ का डॉ. वर्णिका शर्मा ने किया औचक निरीक्षण

**सुकमा,** 10 मई (देशबन्धु)। राज्य बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा आज सुकमा जिले के प्रवास पर रही। इस दौरान डॉ. वर्णिका शर्मा ने बस्तर सेवक मंडल बालगृह छिन्दगढ़ का औचक निरीक्षण कर, न्यू सर्किट हाउस सुकमा में बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक भी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालगृह में रह रहे बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई, दिनचर्या और सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. शर्मा ने उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शर्मा ने बालगृह में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उन्होंने बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर न्यू सर्किट हाउस सुकमा में बैठक भी ली, जिसमें विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बाल श्रम की रोकथाम के लिए जिले में हर माह विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि जिले में बाल श्रम की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। डॉ. शर्मा ने यह भी बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि किशोर-किशोरियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल, पोटाकेबिन, आश्रमों में जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं क्षमता वृद्धि सत्र आयोजित किए जाएं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, नगर पालिका परिषद सुकमा के अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव, जिला महिला बाल विकास अधिकारी बिस्मिता पाटले, श्रम विभाग के पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधि, विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लॉटरी उपरांत दस्तावेज सत्यापन आरंभ



**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, धरमपुरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 1 ली से 8 वीं तक की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया शनिवार को सम्पन्न की गई। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ विद्यालय परिसर में उच्च अधिकारियों, शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। लॉटरी के माध्यम से कक्षा 1 ली में 50 सीटों, कक्षा 2 री में 3 सीटों, कक्षा 3 री में 6 सीटों, कक्षा 4 थी में 4 सीटों, कक्षा 5 वीं में 1 सीट, कक्षा 6 वीं में 4 सीटों, कक्षा 7 वीं में 6 सीटों, कक्षा 8 वी में 4 सीटों पर विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसके अलावा सभी कक्षाओं के लिए प्रतीक्षा सूची का भी चयन किया गया। लॉटरी में चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं प्रतिक्षा सूची विद्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों की दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया दिनांक 13/05/2025 से दिनांक 20/05/2025 तक किया जाएगा। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, पिछली कक्षा की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि की मूल प्रति एवं फोटो कॉपी के साथ निर्धारित तिथि तक विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

# समाधान शिविर में हितग्राहियों को आवास, पेंशन की स्वीकृति सहित राशन कार्ड की सौगात



**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिए गए आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में त्वरित निराकरण सहित जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के फलस्वरूप लाभार्थियों में हर्ष है। समाधान शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, कृषि और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण की स्वीकृति आदेश, सामाजिक सहायता पेंशन आदेश, नवीन राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया गया।

सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर नगरनार में ग्राम कुम्हली निवासी देवदास पिता साधुराम ने बताया कि वह बीते मार्च महीने में 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है। इसे ध्यान रखते हुए ग्राम पंचायत में बताया गया कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए सुशासन तिहार में आवेदन करना तो उसने उक्त पेंशन के लिए आवेदन किया था। मुझे बहुत खुशी है कि मेरे आवेदन पर विभाग ने तत्काल कार्यवाही कर पेंशन स्वीकृति आदेश दिया है। इसी तरह जीरागांव निवासी ठुरलू पिता मंगलू को भी वृद्धावस्था पेंशन के लिए दिए गए आवेदन के आधार पर वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। इसके लिए उक्त दोनों बुजुर्गों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया। ग्राम चोकावाड़ा निवासी नीला बघेल और गंगा बघेल ने सुशासन तिहार में नवीन राशन कार्ड के लिए आवेदन किए थे। खाद्य विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर इन दोनों हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड बनाकर प्रदाय करने पर इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें उचित मूल्य दुकान से रियायती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त हो सकेगी। समाधान शिविर में ग्रामीणों को किसान किताब, किसान क्रेडिट कार्ड सहित श्रमिक कार्ड बनाने के किए हितग्राहियों ने त्वरित पहल के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें किसानों से पुराने जीर्णशीर्ण किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए जीरागांव के लाभार्थी मुराहा पिता बिसु ने बताया कि मैंने किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए सुशासन तिहार में आवेदन किया था। विभाग ने तत्काल बनाकर मुझे किसान किताब की दूसरी कॉपी प्रदान की है। मुराहा के साथ-साथ कुम्हली निवासी सुनामनी पति स्वर्गीय बुधू ने भी किसान किताब की द्वितीय प्रति देने के लिए शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लोक अदालत में 33,887 प्रकरणों का हुआ निराकरण



**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार 10 मई शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 33887 प्रकरणों का निराकरण हुआ। राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये हैं। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य सुलह द्वारा विवादों के समाधान हेतु माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीशगण की कुल 12 खण्डपीठ, परिवार न्यायालय की 1 खण्डपीठ एवं जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत की 1 खण्डपीठ सहित कुल 14 खण्डपीठों तथा बस्तर जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के कुल 20 खण्डपीठों का गठन किया गया था। इस नेशनल लोक अदालत के लिए गठित समस्त 34 खण्डपीठों में प्रकरणों के निराकरण हेतु सुलहकर्ता सदस्यों के रूप में पेनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी।

आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ माननीय अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगड़े द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात् दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

विदित हो कि आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल रखे गये कुल लंबित 1720 प्रकरणों में से 16 आपराधिक प्रकरण, 12 व्यवहार वाद प्रकरण, 07 दावा प्रकरण, 09 पारिवारिक प्रकरण, 38 धारा 138 नि.ई. एक्ट के प्रकरण, 19 श्रम संबंधी प्रकरण, 531 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 799 ट्रैफिक चालान के प्रकरण, 01 जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत के प्रकरण इस प्रकार कुल 1432 निराकृत लंबित प्रकरणों में रूपये 2,08,74,921 में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया। राजस्व न्यायालयों में गठित 20 खण्डपीठों में कुल 32417 राजस्व प्रकरणों एवं जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा 04 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल विभाग, विद्युत विभाग द्वारा रखे गये कुल 3760 प्रकरणों में से बैंकों के 5 प्रकरण, बीएसएनएल के 9 प्रकरण एवं जलकर के 20 प्रकरण इस प्रकार कुल 34 प्रकरणों में रूपये 2,45,318/- में राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया गया।

इस आयोजित नेशनल लोक अदालत हेतु चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ रक्त दान षिविर तथा नेत्र परीक्षण षिविर भी लगाया गया था, जिसमें उपस्थित पक्षकारों एवं आमजनों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए रक्त दान महादान अभियान में सहयोग देते हुए अपना रक्त दान दिया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में कई लोगों को आपसी सुलह समझाईस से राजीनामा किए जाने के साथ कारण उन्हें न्यायालयीन प्रकरणों में राहत मिला, जिसमें -परिवार न्यायालय जगदलपुर के न्यायालय में वैवाहिक जीवन में पति-पत्नि के मध्य पैदा हुई वैमनस्यता को दूर कर लोक अदालत के माध्यम से फिर से साथ हुए। नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय जगदलपुर के समक्ष रखे गये प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य रीक्क्यूनियन करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह दिनांक 1 अप्रैल 2004 को सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। विवाह पश्चात् आवेदिका एवं अनावेदक के दाम्पत्य संबंधों से तीन संतानों का जन्म हुआ है। कुछ वर्ष पूर्व आवेदिका एवं अनावेदक के मध्य लड़ाई झगड़ा व विवाद होने के कारण आवेदिका दिनांक 20/3/2022 को अपने मायके चली गई। उसके पश्चात अनावेदक द्वारा आवेदिका के भरण-पोषण में उपेक्षा किये जाने के कारण आवेदिका द्वारा अनावेदक के विरूद्ध भरण-पोषण का यह मामला प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण के लम्बनकाल के दौरान आवेदिका एवं अनावेदक को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भुलकर, पति-पत्नि के रूप साथ रहकर सुखपूर्वक व शांतिपूर्वक पारिवारिक जीवन-निर्वाह करने के संबंध में समझाईश दी गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये एवं उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में निराकरण करते हुए पति-पत्नि के मध्य रीक्क्यूनियन स्थापित की गई।

## स्काउट-गाइड ने राहगीरों की सेवा

**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तहत स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से एक माह तक शीतल जल से राहगीरों की सेवा की गई। प्रतिदिन एक अच्छा कार्य करना हैष् इस ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए बीएसपी शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने सभी राहगीरों को शीतल जल पिला कर उनकी थकान दूर की। ज्ञातव्य है कि भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में जारी प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से अनेक तरीकों से प्रेरित किया जा रहा है। उसी तारतम्य मे श्रीमती शिखा दुबे जिला मुख्य आयुक्त स्काउट.गाइड ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आज जो सद्गुण हम जीवन में सीख रहे है उसे भविष्य में अपने कर्मक्षेत्र में कुशलतापूर्वक उतारकर कर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए स्काउट गाइड को जीवन निर्माण की पाठशाला निरूपित किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट विजय सिंह पवार, सरिता शाक्य जिला सचिव, शिक्षा विभाग से विभा रानी कटिहार, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आर.के. गुप्ता आदि अधिकारी उपस्थित थे। स्काउट गाइड सत्यनारायण साहू, डी.ओ. सी.स्काउट कीर्तिलता देशमुख डी.ओ.सी.गाइड मीनाक्षी अय्यर. वंदना सोनवाने. एस. के साहू, पवन अग्रवाल वरिष्ठ व्याख्याता, डी.के. साहू, वरिष्ठ व्याख्याता भिलाई विद्यालय से रजनी रजक सहित अन्य लोग विद्यार्थी व पालक शामिल हुए।

# 589 दस्तावेजों की जांच, 154 के लिए फिंगर प्रिंट



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। आज शनिवार को को प्रात: थाना छावनी के शारदा पारा, खुर्सीपार के के.एल.सी एवं जोन-3 में किराए से निवास करने वाले व्यक्तियों एवं बिना सूचना के रह रहे लोगो की जानकारी के लिये शारदा पारा छावनी में सत्य प्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के नेतृत्व में लगभग 200 व्यक्तियों की इनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जिसमें पश्चिम बंगाल, किशनगंज बिहार, झारखण्ड से आकर लोग किराए का मकान लेकर रहना पाया गया। जांच के उपरांत 70व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए। के.एल.सी. खुर्सीपार में हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी एवं जोन-3 खुर्सीपार में हेम प्रकाश नायक उप अधीक्षक के नेतृत्व में 389 नागरिकों की, इनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गयी। जांच के उपरांत 74 व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए। बाहरी अपराधिक प्रवृत्ति के लोग एवं अवैध अप्रवासी नागरिक जो अपनी पहचान छिपाकर किराए का मकान लेकर निवास कर रहे हैं तथा औद्योगिक इकाईयों, भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों की पहचान हेतु इनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र आदि चेक किए गए। कॉस वेरिफिकेशन किया गया। पुलिस द्वारा आज शनिवार को कुल 589 व्यक्तियों की जांच कर 144 व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए। पुलिस आम नागरिकों से अपील की है कि उनके यहां जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं। किराएदार फार्म नजदीकी थाना, चौकी से प्राप्त कर किराएदार का पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों आधार काड, वोटर आईडी, पहचान पत्र राशनकार्ड के साथ संबंधित थाना, चौकी में अनिवार्य रूप से जमा करें। जानकारी नहीं दिए जाने की स्थिति में एवं किराएदार की किसी भी मामलें में संलिप्तता पाए जाने पर किराएदार के साथ साथ मकान मालिक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो एक दिन पूर्व ही वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक विजय अग्रवाल ने इस मामले का फरमान पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर किया था। जिस पर आज अमल हो रहा है।

## छावनी पुलिस ने महिला को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। छावनी पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि होण्डा शोरूम के पीछे एवेन्यु रोड पावर हाऊस भिलाई के पास एक महिला नीले रंग का एक्टीवा सीजी-07 सीएच 2876 में गांजा रखकर बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है। इस सूचना पर उक्त स्थान पर पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर दबिश देकर महिला को पकड़ा गयाए नाम पता पूछने पर अपना नाम अकुला कैनाल रोड परसुराम चौक के पास छावनी में रहना बतायी। जिसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 1.200 कि.ग्रा. कीमती लगभग 10,000 रूपये एवं एक्टीवा सीजी 07 सीएच 2876 विधिवत बरामद किया गया। आरोपिया के विरुद्ध थाना छावनी में अपराध क्रमांक 207/25 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नवी मोनिका पाण्डेय, थाना प्रभारी छावनी, सउनि विनय कुमार रजक, प्रधान आरक्षक उमेश गंगराले, आरक्षक नितिन सिंह, तालेन्द्र चन्द्राकर की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## उतई में हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी



भिलाईनगर, 10 मई (देशबन्धु)। उतई थाना क्षेत्र म बाइक गलत तरीके से चलाने की बात पर हुए विवाद इतना बढ़ गया कि उक्त युवक की हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने महिला, उसके पति व दोनों देवर को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छाटा निवासी शांति खुटियारे ने शिकायत में बताया कि 8 मई की रात 8.30 बजे उसका बेटा हरकिशन बस्ती तरफ से अपनी मोटर सायकल से घर की तरफ आ रहा था। पडोस में रहने वाली नुपुर अपने बच्चे तथा पति व दोनों देवर के साथ सड़क पर बैठी थी। हरकिशन उसके बगल से मोटर सायकल चलाते हुए निकला तो नुपुर घटे उसे बोली कि गाडी चलाने को लेकर विवाद हो गया। इतने में नुपूर का पति शंकर, शंकर भाई प्रदीप और ज्ञानेश्वर भी आ गये। प्रदीप स्टील का पाइप तथा शंकर और ज्ञानेश्वर हांथ में डंडा से हरकिशन को घर के पास मारपीट करने लगे। पिटाई से सड़क किनारे बनी पक्की नाली गिर गया। जिससे हरिशंकर बेहोश गया तो चारों वहां से चले गए। इसके बाद उसकी मां उसे लेकर घर गई और उसे पलंग पर लिटा दिया। रात में जब खाना खाने हरकिशन को उठाया तो वह उठा नहीं। इसके बाद उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उतई पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 105 (3) (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। चारों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई विपिन रंगारी, उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक महेश देवांगन, आरक्षक धुव नारायण चंद्रकार, राजीव दुबे, दुष्यंत लहरे, हुलेश्वर साहू, मुकेश यादव, दिलीप सिदार, लक्ष्मी नारायण, शिखर भट्ट, पूजा सोनकर, बिंदु भाले की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## भारतीय सेना के सम्मान में आज कलाकार बनाएंगे पेटिंग



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना के सम्मान में रविवार 11 मई को शाम 6 से 7 बजे सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में भिलाइ, दुर्ग, खैरागढ़ के कलाकार पेन्टिंग बनाएंगे तथा तिरंगा लहराकर देशभक्ति के नारे लगाएंगे। ज्ञात हो कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हरकत का जवाब देने के लिए भारत ने पाकिस्तान में संचालित आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर दिया है। जिससे देश में युद्ध की स्थिति बनी हुई है ऐसे में सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए कलाकार 100 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण करेंगे। जिसमें सेना के शूरवीरो के पराक्रम को प्रदर्शित किया जाएगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकार शिरकत करके सेना की शौर्यगाथा को अपनी तूलिका से प्रदर्शित करेंगे। ललित कला अकादमी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने कलाकारों तथा आम जनता से अपील की है कि कलर. ब्रश. क्रेयान इत्यादि कलर सामग्री और एक तिरंगा झंडा लेकर आने का कष्ट करेंगे।

## लोगों को भटकना न पड़े इसलिए सुशासन तिहार



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। सुविधाओं और समस्याओं को लेकर नागरिकों को भटकना न पड़े इसलिए प्रदेश सरकार सुशासन तिहार शिविर का आयोजन निकाय स्तर पर कर रही है। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर वार्ड 18 रिसाली के सुशासन शिविर में कही। उन्होंने शिविर में न केवल कुपोषित बच्चों के लिए किट का वितरण किया। बल्कि नए राशन कार्ड भी हितग्राहियों को सौंपा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर समस्या और मांग के निराकरण के लिए नागरिकों को कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम जनता को उनके वार्ड में ही रहते समस्याओं का निराकरण हो ऐसी व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने पहले शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर शैलेन्द्र साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, चन्द्र प्रकाश सिंह, रेखा देवी, सोनिया देवांगन, चन्द्रभान ठाकुर, विनय नेताम, राजू जंघेल उपस्थित थे। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह, तहसीलदार प्रफूल्ल गुप्ता मौजूद रहे। विधायक ने चित्रांश यादव, कृतिका साहू, चैतन्य व रिया साहू को सुपोषण किट भेंट किया। वहीं आयुक्त व महिला पार्षदों ने विधायक की उपस्थिति में चमेली, गोरे, आरती साहू, खुशबू निषाद, शिवानी चंद्राकर की गोद भराई की। प्रथम चरण में 9 वार्डो के लिए शिविर में कुल 588 आवेदन आए। इसमें 23 शिकायत वाले आवेदन है। वहीं 565 आवेदन मांग से संबंधित है।

## अहंकार का भाव विनाश का सबसे बड़ा कारक : भारद्वाज

### शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ में आया नारद के अहंकार का प्रसंग



**जगदलपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। शहर मध्य स्थित भीतरमठ में चल रहे श्री कालिका शिव महापुराण सर्व ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को शिव महापुराण में नारदमोह, सृष्टि वर्णन, गुरूमहात्म्य, रूद्राक्ष पूजन का प्रसंग आया। कथा बांचते हुए सुमित जी भारद्वाज ने कहा कि कुतर्क करने वाला हमेशा हारता है। जिस गुफा में भगवान शिव ने ध्यान किया था वही नारद जी ने तपस्या की थी और अपने कार्य से ब्रह्मर्षि भी कहलाये। प्रशंसा से मन में अभिमान न लाएं। नारदजी ने भगवान शंकर की अवज्ञा की और ब्रह्माजी से कुतर्क किया। जो व्यक्ति अपने मुख से स्वयं की तारीफ प्रशंसा करता है। मान लीजिए वह व्यक्ति उतना ही अंदर से खोखला है। अहंकार का भाव विनाश का सबसे बड़ा कारण है इसलिए कभी भी अभिमान न करें। कथा बांचते हुए भारद्वाज महाराज ने कहा की विश्वमोहनी को पाने के लिए काम से अभिभूत होकर नारद जी ने भगवान विष्णु से हरि जैसा सुंदर रूप मांगा। भगवान ने नारद का अभिमान तोड़ने के लिए नारदजी को हरि अर्थात वानर का मुख दिया और ब्रह्मर्षि के मन में उपजे अभिमान को नष्ट किया। उन्होंने बताया कि बंदर का रूप देने से नाराज नारद जी ने भगवान विष्णु को श्राप दिया था। जिसके फलस्वरूप त्रेता युग में विष्णु अवतार भगवान राम को वानरों की मदद लेनी पड़ी थी। यह अनुष्ठान सुश्री कमला कुमारी कश्यप द्वारा आयोजित है। आज की कथा 11 मई रविवार को कुबेर चरित्र, शक्ति प्रादुर्भाव की कथा सुनाई जाएगी, साथ ही सती-जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा।

## कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार विधायक द्वारा वितरित



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें वार्ड क्षेत्र के नागरिक आवेदन किए गए थे, उसका निराकरण किया गया। निराकृत आवेदन के बारे में संबंधित आवेदकों को बताया गया। उनके द्वारा दी गई शिकायत का जो निराकरण किया गया ओर मांग के अनुसार उसका समाधान किया गया। इसी तारतम्य में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा 9 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किया गया। इसके साथ ही आठ कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार किट प्रदान किया गया। विधायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास है कि कोई भी बच्चा कुपोषित ना रहे। गर्भवती महिलाओं को बराबर आहार मिले। जिससे मां स्वस्थ रहे, आने वाले बच्चे भी स्वस्थ रहें। नेहरू नगर जोन में कुल 15 वार्डों में से 751 मांग 546 प्राप्त हुई थी। जिसमें से 522 का निराकरण कर दिया गया। शिकायत 205 मिले थे उसमें से 189 का निराकरण कर दिया गया है। शेष का प्राक्कलन बनाकर के प्रक्रिया में ला दिया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं संबंधित शिकायतों का जो निराकरण हुआ है उसका औचक निरीक्षण जोन आयुक्त एवं संबंधित अधिकारी को लेकर कर रहे हैं। संबंधित शिकायतकर्ता से जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं, कि उनके समस्या का निराकरण हुआ कि नहीं, उन्हें कोई शिकायत तो नहीं है। शिविर के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी अपने दल के साथ उपस्थित रहे। आगामी सुशासन तिहार समाधान शिविर जोन 2 शिविर स्थल 13 मई को नव निर्मित लोकांगन परिसर वैशाली नगर में लगाया जायेगा। जिसमें सम्मिलित वार्ड 14 शांति नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर, वार्ड 16 सुपेला, वार्ड 19 राजीव नगर, वार्ड 20 वैशाली नगर, वार्ड 27 शास्त्री नगर, वार्ड 28 प्रेमनगर, वार्ड 29 वृंदानगर है। नागरिक शिविर स्थल पर निर्धारित तिथि एवं समय पर जाकर अपने मांग एवं शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर के सहायक नोडल अधिकारी जोन आयुक्त येशा लहरे, प्रभारी अधिकारी सहायक अभियंता श्वेता वर्मा एवं उपअभियंता अर्पित बंजारे होगें। 17 मई को हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड सामुदायिक भवन में लगाया जायेगा। जिसमें सम्मिलित वार्ड 21 कैलाश नगर, वार्ड 22 कुरूद बस्ती, वार्ड 23 घासीदास नगर, वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 25 जवाहर नगर है। इसके प्रभारी अधिकारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को कार्य सौंपा गया है। जिसका समय सुबह 10 से शाम 5 तक होगा। वहां पर पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को बताया जाएगा। सभी विभाग के अधिकारी अपने विभाग के साथ वहां पर उपस्थित रहेंगे। नए आवेदन भी लिए जाएंगे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का पंजीयन प्रारंभ



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 15 मइ स 5 जून तक स्कूली बच्चों हेतु भव्य और विशाल ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर के लिये सभी संबंधित स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन किया जा रहा है 14 मई तक किया जायेगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर जयंती स्टेडियम एवं आईटीआइ खुर्सीपार में, बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इन्डोर स्टेडियमए इंदिरा प्लेस में, बॉल बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर.4 में, बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बास्केटबॉल कोर्ट पंत स्टेडियम सेक्टर.1 में तथा बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर-2 इस्पात क्लब, सेक्टर.8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर.1 इस्पात क्लब एवं दिव्यांग खेल परिसर। शतरंज प्रशिक्षण शिविर भिलाई विद्यालयए सेक्टर.2 के हॉल में, क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर.1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंडए इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का पंत स्टेडियम रिसाली ग्राउंड एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैंण्डबॉल प्रशिक्षण शिविर ईएमएमएसए सेक्टर-10 एवं हैंडबॉल ग्राउण्ड सेक्टर-4 में, हॉकी प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम, जूडो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर.4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर सेक्टर.6 पावर जिम में, कबड्डी प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार मेंए टेनिस प्रशिक्षण शिविर बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्सए सिविक सेंटर में किया जाना प्रस्तावित है। वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम, इस्पात क्लब खुर्सीपारए हुडको एवं सेक्टर-5 में, योगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसएसएस सेक्टर-10 में, सायकल पोलो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसएसएसए सेक्टर-7 में, कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर-5 इस्पात क्लब, इस्पात क्लब मरोदा, सेक्टर-1 इस्पात क्लब, जिमनास्टिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल परिसर, सेक्टर-4 में, खो-खो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-4 खेल परिसर एवं खुर्सीपार में, नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भिलाई विद्यालयए सेक्टर-2 में तथा कुश्ती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बीएसपी अखाड़ा, सेक्टर-3 में किया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पांच शिक्षकों को कर्तव्य के...

कश्यप को शाला दिवस में शाला समय में शराब पीकर आने, बच्चों को नहीं पढ़ाने एवं शाला में अनियमितित उपस्थिति के कारण प्रेमनाथ कश्यप को छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (ढ्ढ,ढ्ढढ्ढ,ढ्ढढ्ढढ्ढ) का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी दरभा किया गया। लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिक शाला मिचनार के सहायक शिक्षक दीपक कुमार ध्रुव को शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण दीपक कुमार ध्रुव, को छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1,2,3) का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर होगा तथा निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### समाधान शिविर में हितग्राहियों को...

करते हुए कहा कि अब उसे बैंक से ऋण लेने तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में सहूलियत होगी। ज्ञात हो कि समाधान शिविर नगरनार में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं से 106 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश सहित 22 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड तथा चार किसानों को किसान किताब प्रदान किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं से भी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## नाली पर बने अतिक्रमण को हटाया गया



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार में दर्ज शिकायतों की जिलाधीश अभिजीत सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त के निर्देश पर निगम भिलाई द्वारा शिकायतो के निराकरण कि दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहा है। राजस्व अमला नाली, नाला, निगम व शासकीय भूमि के अवैध कब्जे, स्वास्थ अमला स्वच्छता, साफ-सफाई सहित अन्य आवेदन का निराकरण किया जा रहा है। आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर खुर्सीपार में सिवरेज लाईन के प्रभावितो को निगम अधिकारियों के द्वारा नोटिस वितरण किया जा रहा है। प्रभावित व्यक्तियों द्वारा सीवरेज लाइन निर्माण हेतु स्वेच्छा पूर्वक सहयोग किया जा रहा है। इस पर आयुक्त द्वारा प्रशंसा की गई। वही केनाल रोड के निर्माण का सर्वेक्षण कार्य जोन दो एवं तीन की टीम लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक, पटवारी के साथ प्रभावित भवन का नपाई तथा सूची बद्ध करने कार्य प्रारंभ हो चुका है। सुशासन तिहार अन्तर्गत वार्ड 29 वृंदानगर एवं शांति नगर वार्ड 15 में सडक 6 बी 6 सी के बीच मकानो के पीछे से गुजर रही नाली पर अवैध कब्जा कर जगह जगह गेट लगा कर बंद किया गया था। जिससे कर्मियो को सफाई मे परेशानी हो रही थी। आयुक्त श्री पाण्डेय अपने प्रात: भ्रमण के दौरान उक्त शिकायत का स्थल अवलोकन कर जोन आयुक्त येशा लहरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को समय सीमा में नियमानुसार कार्यवाही कर निराकृत करने को कहा था। गुरूवार को जोन का राजस्व विभाग रवि भावते के मकान के मुख्य गेट का पिल्लर जो नाली में खडा किया था उसे जे.सी.बी.से गेट सहित उखाडा कर नाली में लम्बी दुरी तक लगे पाँच गेट को भी तोडा गया। इसी प्रकार वृंदावन नगर में नाले के किनारे शासकीय भूमि पर तार, बाँस,बल्ली, लोहा गेट लगा कर किये गये अवैध कब्जे को बेदखल किया गया। इस दौरान शरद दुबे, हरिओम गुप्ता, हरि ताम्रकार, कृष्ण कुमार सुपैत, समीर अहमद, कार्तिक, प्रतीक तिवारी, मंगल कुर्रे, राजेंद्र सिंह खेमू सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

## युवक से चैन खीचकर फरार

**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। खुर्सीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल सुबह दुकान जा रहे व्यवसाय को चाकू दिखाकर गले से चेन खींचकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर से खुर्सीपार पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। खुर्सीपार पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रार्थी ए. मीना 35 वर्ष के निवासी खुर्सीपार मे सुबह 5 बजे दुकान जा रहे थे । सडक नं-54 के चौक के किनारे बाइक सवार 2 लडके आये और चाकू दिखकर कर गले मे लोगा सोने का चेन खिंचकर ले गया। सोने की चेन खींचन गमछा चेहरे मे बंधा हुआ था। मोटर साईकल में थे। प्रार्थीया ए.मीना की रिपोर्ट पर से आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (1)बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## निधन

### शकुंतला मिश्रा



**जगदलपुर,** 10 मई। पूर्व महिला एवं बाल विकास अधिकारी शकुंतला मिश्रा का शनिवार को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे आजाद हिंद फौज में सेवारत रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जगदलपुर नगर पालिका के प्रथम नगर अध्यक्ष स्व. दीनानाथ मिश्रा की पत्नी थी। वे वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. संजय मिश्रा की माता थी। स्व. शकुंतला मिश्रा नगर कांग्रेस की सेकेट्री भी रह चुकी हैं।

# क्राइम बैठकों में एसपी पढ़ा रहे पाठ आमजनों से सद्व्यवहार करने का

**कोण्डागांव**,10 मई (देशबन्धु)। जहां एक ओर क्राइम बैठकों में एसपी कोण्डागांव, कोण्डागांव जिला पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को आमजनों से सद्व्यवहार करने का पाठ पढ़ाते नजर आते हैं, वहीं जमीनी स्तर पर जिले के कुछ पुलिस अधिकारी ग्रामीणजनों के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट करके पुलिस की वर्दी को बदनाम करते नजर आ रहे हैं। पुलिस की वर्दी को बदनाम कर रहे होने का ऐसा ही एक वीड़ियो सोशल मीडिया के कई ग्रुप में 10 मई को वायरल हुआ है। वायरल वीड़ियो के साथ घटना के सम्बन्ध में लेख करते हुए बताया गया है कि ''यह घटना 9 मई दिन शुक्रवार साप्ताहिक बड़े डोंगर (थाना बड़े डोंगर) जिला कोंडागांव का है। बड़े डोंगर थाने में पदस्थ एसआई के द्वारा खुले आम क्षेत्र की जनता से (गुंडागर्दी) मारपीट किया जा रहा है। और दुर्भाग्य देखिए मौके पर बड़े डोंगर थाना प्रभारी महोदय जी भी दिखाई दे रहे हैं। इस मामले को पहले दबाया जा रहा था, किन्तु अब पुलिस विभाग के अधिकारियों को बचाने के लिए इसे दूसरा रूप दिया जा रहा है। मेरे द्वारा इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय कोंडागांव को भी शिकायत कर दी गई है। अब देखना होगा कि विभाग अपने लोगों को बचाने का कार्य करेगी या फिर क्षेत्र के भोले भाले गरीब आदिवासी लोगों को न्याय दिलाती है। अंत में छत्तीसगढ़ सुशासन तिहार, पीएमओ इंडिया, सीएम छत्तीसगढ़, सीजी होम मिनिस्टर, एमएलए केषकाल एवं एस.पी.कोण्डागांव का लेख किया गया है। जिससे प्रतित होता है कि उपरोक्त सभी को भी पुलिस द्वारा आम ग्रामीणजनों से की जा रही वायरल विड़ीयो को भी भेजा गया हो सकता है।



**जमीनी स्तर पर कुछ पुलिस अधिकारी वर्दी को कर रहे बदनाम**

पुलिस अधिकारी के द्वारा ग्रामीण के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार सम्बन्धी उपरोक्त वायरल विड़ीयो के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही किया जा रहा है? पूछने पर अति.पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव ने कहा कि सम्बन्धित एएसआई उमेष मण्डावी पर निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

ज्ञात हो कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर सम्भाग जिसमें कि कोण्डागांव जिला भी सम्मिलित है, जहां कुछ वर्श पूर्व तक माओवाद/नक्सलवाद फल फूल रहा था। क्षेत्र में माओवाद/ नक्सलवाद क्यों फल फूल रहा था ? प्रष्न पर जानकारों द्वारा प्रकट किए गए विचारों में से एक विचार यह भी है कि 1970-80 के दषक में जब माओवाद/नक्सलवाद विचारधारा से प्रभावितों ने आदिवासी बाहुल्य बस्तर सम्भाग के अंदरुनी पहुंचविहीन क्षेत्र में कदम रखा तो उनका व्यवहार स्थानीय ग्रामीणजनों से काफी मित्रतापूर्ण रहा और माओवाद/नक्सलवाद विचारधारा से प्रभावित लोग ग्रामीणजनों से लगातार मेल मुलाकात करते और सम्पर्क बनाते रहे थे, जिसका ही परिणाम रहा कि क्षेत्र में माओवाद/नक्सलवाद फलता-फूलता चला गया।

वैसे वक्त में जिले के तहसील फरसगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बड़े ड़ोंगर क्षेत्र भी माओवाद/नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में षुमार था, वर्तमान में कोण्डागांव जिला, रिकार्ड में नक्सल मुक्त जिला बन गया है। क्राईम बैठकों में एसपी कोण्डागांव के द्वारा कोण्डागांव जिला पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को आमजनों से सद्वयवहार करने का पाठ पढ़ाए जाने के बावजूद वर्तमान में वर्दीधारी पुलिस अधिकारी के द्वारा आम ग्रामीण के साथ सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले स्थान पर मारपीट किया जाकर, क्षेत्र की जनता को पुलिस के विरुद्ध खड़ा करने का कार्य प्रतित होता है।

# धनोरा में सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन



**कोण्डागांव**, 10 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के विजन को धरातल पर उतारते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत जन समस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं के लाभ पहुँचाने हेतु समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को विकास खंड केशकाल के ग्राम धनोरा में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग तथा केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने अध्यक्षता की।

इस शिविर का उद्देश्य 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ शासन की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी और लाभ हितग्राहियों तक सीधे पहुँचाना रहा। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ पहुँचाया गया, जिसमें 2 मछली पालकों को 10-10 हजार रुपये मूल्य के मछली जाल, 10 किसानों को किसान किताब, 10 लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड, 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी, 18 ग्रामीणों को मनरेगा जॉब कार्ड, 22 किसानों को सब्जी बीज, 9 नागरिकों को नवीन राशन कार्ड और 5 किसानों को धान बीज प्रदान किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। इसी प्रयास के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विधायक नीलकंठ टेकाम ने ग्रामीणों से कह कि कि उनकी समस्याओं का समाधान अब उनके गाँव में ही मिलेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, जनपद सदस्य श्रीमती नमिता जैन, कोंडागांव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, केशकाल एस.डी.एम.अंकित चौहान, केशकाल जनपद पंचायत सीईओ, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला की बैठक



**कोण्डागांव**, 10 मई (देशबन्धु)। छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला अध्यक्ष रितेश पटेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक फरसगांव रेस्ट हॉउस में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिले के पदाधिकारियों सहित सामाजिकजन सम्मिलित हुए और संगठन की मजबूती सहित आगामी रणनीतियों पर चर्चा करने के साथ ही कोंडागांव के नए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार से जल्द मुलाक़ात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की सहमति बनी। जिले के विकास खंड केशकाल एवं विश्रामपुरी में जल्द ही बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार करते हुए ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जाना भी तय हुआ। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक नीलकंठ शार्दुल, संभाग उपाध्यक्ष फूलचंद दीवान, जिला उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, जिला महामंत्री रैमल दीवान, मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता, सचिव योगेश्वर साहू, लोकनाथ राठौर, जिला पंचायत सदस्य नन्दलाल राठौर, देवेंद्र पटेल, डिगेश्वर साहू, कलार समाज जिला अध्यक्ष त्रिनाथ दीवान, रामनाथ पांडे, राजेश साहू, रामकृष्ण पटेल सहित सामाजिकजन मौजूद रहे।

# मसोरा में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन

**कोण्डागांव**, 10 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप पूरे छत्तीसगढ़ में 'सुशासन तिहार' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पहुँचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विभिन्न ग्रामों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को विकास खंड कोंडागांव के ग्राम मसोरा में 12 ग्राम पंचायतों के लिए सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समाधान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर ग्राम मसोरा, उमरगांव अ, बनसिरसी, भिरागांव ब, कुम्हारपारा, गिरोला, सातगांव, पल्ली, सितली, चिलपुटी, डोंगरीगुड़ा सहित कुल 12 पंचायतों के ग्रामीणों के लिए आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी शामिल हुई। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, कोंडागांव वनमंडलाधिकारी चूड़ामणी सिंह, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ शिविर स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरुआत बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन बच्चों का प्रतीकात्मक अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उसेंडी ने कहा कि यह शिविर शासन की एक अभिनव पहल है, जो ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही हल करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने शिविर में शामिल लोगों से कहा कि सभी विभागों के अधिकारी स्टॉल लगाकर उपस्थित हैं, जहाँ आप अपनी समस्याएँ लेकर पहुँच सकते हैं और समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सौर सुजला योजना, दीदी ई-रिक्शा योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए किसानों एवं महिलाओं से इनका लाभ उठाने की अपील की। साथ ही सभी उपस्थितो को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए उन्होंने लोगों से को जल संरक्षण का आह्वान किया।



**समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक लता उसेंडी**

इस अवसर पर कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने बताया कि इस समाधान शिविर में कुल 3477 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3366 आवेदनों का तत्काल निराकरण संबंधित विभागों द्वारा कर दिया गया। उन्होंने आवास योजना 2.0 के तहत पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की जानकारी भी दी। कलेक्टर ने महिलाओं को दीदी ई-रिक्शा योजना के बारे में जानकारी देते हुए उनसे योजना का लाभ लेने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के आधार कार्ड निर्माण और जाति प्रमाण पत्र जैसी दस्तावेजी प्रक्रिया की भी जानकारी दी और अधिक से अधिक शासन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया, जिसमें राजस्व विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को किसान किताब का वितरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 67 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण, कृषि विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को धान बीज वितरण, उद्यानिकी विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को सब्जी बीज वितरण, मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मछली पकड़ने के जाल वितरण और आयुष्मान योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पीएमश्री सेजेस कसडोल में 15 को होगी प्रवेश प्रक्रिया

**कसडोल/बलौदाबाजार**, 10 मई (देशबन्धु)। पी एम श्री सेजेस गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी कसडोल में प्रवेश प्रकिया लॉटरी से 15 मई सुबह 10 बजे से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी कसडोल व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदगण, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पालकगण, आम नागरिकगण एवं मीडिया अध्यक्ष एवं सदस्य की उपस्थिति में विद्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न होगा। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत लॉटरी के लिए पात्र अपात्र की सूची ऑनलाइन आवेदन के अनुसार चस्पा कर दी गई जिसमें दावा आपत्ति 13 मई तक निर्धारित है। तत्पश्चात लॉटरी में नाम आने के पश्चात दस्तावेज सत्यापन की जाएगी तत्पश्चात ही अंतिम प्रवेश की पात्रता होगी। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई।

# विखं माकड़ी के काटागांव में लगा सुशासन तिहार का समाधान शिविर

**कोण्डागांव**, 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं के लाभ पहुँचाने हेतु समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के विकास खंड माकड़ी के काटागांव में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में राज्य के हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। सुशासन तिहार में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो रहा है और गांव-गांव में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य मंत्री विष्णु देव साय द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी पहल से लेकर महतारी वंदन योजना, किसानों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कई योजनाएं शुरू की गई। उन्होंने सभी से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। प्रधान मंत्री मुफ्त बिजली घर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि हर महीने की बिजली बिल को शून्य करने के साथ अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन का निराकरण कर विधायक सुश्री उसेंडी एवं अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें समाज कल्याण द्वारा 07 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति, उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत 19 किसानों को लौकी और करेला बीज, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज, 07 हितग्राहियों को राशन कार्ड, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 01 मत्स्य पालक को मछली जाल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 10 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड और 08 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए।



- हितग्राहियों को बांटे गए आयुष्मान, राशन, जॉब कार्ड एवं केसीसी
- सुशासन की सरकार में हर वर्ग का हो रहा कल्याण : सुश्री उसेण्डी

**जल संरक्षण की दिलाई शपथ**

कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने समाधान शिविर में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण और संचयन की शपथ/संकल्प दिलाते हुए जल का अपव्यय रोकने और अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाने की अपील किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती पटेल एवं श्रीमती रदमा बघेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैसाखु कोर्राम, दीपेश अरोरा, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बालिका गृह में स्वयं खाकर परखी भोजन की गुणवत्ता

**दंतेवाड़ा**, 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने दंतेवाड़ा जिले के प्रथम प्रवास की शुरुआत मां दंतेश्वरी के दर्शन पूजन से की। उन्होंने बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं एवं सेवाओं की समीक्षा हेतु विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में डॉ. शर्मा ने आयोग द्वारा पूर्व में जारी अनुशंसाओं के क्रियान्वयन को संवेदनशीलता एवं परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण से लागू करने के निर्देश दिए। जिससे बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ संवाद करते हुए डॉ. शर्मा ने जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने, शिक्षा विभाग द्वारा संचालित आश्रम शालाओं में बरसात पूर्व मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं बच्चों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बाल श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रेस्क्यू किए गए बच्चों एवं उनके परिजनों को सशक्त बनाने हेतु श्रम विभाग में एकल खिड़की की स्थापना किए जाने की घोषणा की गई। इस एकल खिड़की के माध्यम से बच्चों व उनके परिवारों को एक ही स्थान से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बैठक के उपरांत डॉ. शर्मा ने बालिका गृह का निरीक्षण कर वहाँ रह रही बच्चियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चियों की रुचियों, आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान बच्चियों ने नृत्य एवं गीत की सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे माहौल आनंदमय हो उठा। अध्यक्ष ने संस्थान में परोसे जा रहे रात्रिकालीन भोजन की गुणवत्ता स्वयं परखने के लिए भोजन भी ग्रहण किया, जिसे उन्होंने संतोषजनक बताया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्यगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, जिला स्तरीय निरीक्षण समिति की सदस्य श्रीमती पार्वती परिहार, जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण सिंह नागेश, विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



- दंतेश्वरी दर्शन के बाद डॉ. वर्णिका ने की योजनाओं की समीक्षा
- एक दिवसीय प्रवास पर पहुंची राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष

# भिलाई की राज्य स्पर्धा में भाग लेंगे कराटे खिलाड़ी



**दंतेवाड़ा**, 10 मई (देशबन्धु)। 9वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन (मान्यता कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन, वर्ल्ड कराटे फेडरेशन) एवं जिला कराते संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के कराटे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान वाले सभी खिलाड़ी 11 से 15 जून तक देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ सोतोकॉन कराटे एसोसिएशन जिला दंतेवाड़ा के खिलाड़ी सेंसेई सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में कोच अरुण नाग के नेतृत्व में आज रवाना हुए। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दंतेवाडा जिला से चयनित खिलाड़ी महिल भास्कर, समर सिंह ठाकुर, राम सोनी तथा हिमांशु साहू राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ सोतोकॉन कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष/मुख्य प्रशिक्षक सरजीत सिंह बख्शी, प्रशिक्षक विजेंद्र नाथ ठाकुर, ज्वाला सिंह ठाकुर, भाग्य कुमार दंगड़ामाझी, निकेत भगत, अनीश वेको, हर्ष वर्धन झाड़ी ने शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे दंतेवाड़ा का प्रतिनिधित्व
- प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में होंगे शामिल

# जिला न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ नेशनल लोक अदालत

**कोण्डागांव**, 10 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 10 मई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर कोण्डागांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात नेशनल लोक अदालत में रखे गये लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गए। जिला न्यायालय कोण्डागांव के पांच न्यायालयों में एवं तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल के न्यायालय में एक खण्डपीठ तथा तालुका विधिक सेवा समिति नारायणपुर के न्यायालय में दो खण्डपीठ बैठाकर तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व न्यायालय में एक-एक खण्डपीठ बैठाकर 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया और राजीनामा योग्य मामलों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। जिसमें कोण्डागांव, केशकाल, नारायणपुर न्यायालय में 'बैंक रिकवरी के कुल 935 प्रकरण निराकरण हुए जिसमें कुल राशि रु.7218557 अवार्ड प्राप्त हुआ। आपराधिक प्रकरण कुल 19 प्रकरण निराकृत हुए। बिजली बिल के कुल प्रकरण 1759 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.926963 प्राप्त हुआ। मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण 03 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.1480000 प्राप्त हुआ। चेक बाउंस के कुल प्रकरण 14 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.2415900 प्राप्त हुआ। अन्य सिविल के कुल प्रकरण 07 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.4762398 प्राप्त हुआ। ट्रॉफिक चालान के कुल प्रकरण 1655 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.210700 प्राप्त हुआ। राजस्व प्रकरण के कुल प्रकरण 7831 निराकृत हुए। नगर पालिका कोण्डागांव एवं नारायणपुर के कुल 1065 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.732350 प्राप्त हुआ। दूरसंचार के कुल प्रकरण 285 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.18546 प्राप्त हुआ। तथा अन्य मामलों के कुल 219 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें कुल राशि रु.22400 प्राप्त हुआ।



**निराकृत हुए कुल 13792 प्रकरण एवं कुल 1.77 करोड़ का अवार्ड पारित**

इस प्रकार समस्त न्यायालय/राजस्व न्यायालय के माध्यम से कुल 13792 प्रकरण का निराकरण किया गया जिसमें कुल राशि 17787814 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। उपरोक्त सभी खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारी, सदस्यगण, अधिवक्तागण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के उपस्थिति व सहयोग से उपरोक्त सफलता प्राप्त की जा सकी। साथ ही जिला चिकित्सालय कोण्डागांव की टीम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आये पक्षकारगण का बी.पी.सुगर का जांच किया गया। इसी प्रकार बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कोण्डागांव के द्वारा टेंट स्टॉल का सहयोग किया गया।

इसी दौरान सभी खण्डपीठों के न्यायाधीश महोदयों ने प्रकरणों में समाधान प्राप्त करने वालों पक्षकारों को न्याय वृक्ष के रूप में काजू, जामुन, आंवला इत्यादि वृक्ष भेंट कर सम्मानति किया गया। इस पहल का उद्देश्य न्याय के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहित करना था। इस पहलों के माध्यम से न्यायपालिका ने न केवल विवादों का समाधान किया बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों का भी निर्वहन किया।

उल्टा पुल्टा

सास- मुझे पूरा भरोसा है, तुम किचन संभाल लोगी।
बहू किचन में गई और कुछ टूटने की जोरदार आवाज आई.
सास- क्या तोड़ दिया ?
बहू- आपका भरोसा

# घुसपैठियों की खैर नहीं, प्रदेश में चलेगा विशेष अभियान

## जिलों में होगा स्पेशल टास्क फोर्स का गठन : गृहमंत्री

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई बैठक में राज्य में बंगलादेशी घुसपैठियों, अवैध रूप से निवास कर रहे अप्रवासियों व बिना वैध दस्तावेजों के रहने वाले अनाधिकृत व्यक्तियों की पहचान एवं उन पर प्रभावी कार्रवाई के निर्णय लिए गए थे। इसके लिए प्रत्येक जिले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऐसे तत्व न केवल नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि गंभीर सुरक्षा चुनौतियां भी उत्पन्न करते हैं। इसके रोकथाम के लिए प्रत्येक जिले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।श्री शर्मा ने कहा कि अवैध दस्तावेज बनाने वाले एवं बिना वैद्य दस्तावेज वाले व्यक्तियों को लाने में संलग्न अनेक ठेकेदार, टेंट व्यवसायी, गार्डन और कबाड़ी का काम करने वाले लोग छोटा लाभ कमाने के लिए इस कृत्य में जो संलग्न है उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी पत्र में सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे भारत सरकार एवं वरिष्ठ कार्यालयों की ओर से समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। निर्देशों के अनुसार राज्य के सभी जिलों में बांग्लादेशी नागरिकों सहित अन्य अवैध अप्रवासियों की पहचान एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करने को कहा गया है। इन टास्क फोर्स की सहायता से न केवल ऐसे तत्वों की पहचान की जाएगी, बल्कि उन्हें राज्य से निष्कासित करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ठेकेदारों के माध्यम से बाहर से आए श्रमिक कार्यरत हैं। इनके दस्तावेजों की समुचित जांच एवं सत्यापन नहीं हो पाने के कारण यह आशंका प्रकट की जा रही है कि कई अवैध अप्रवासी भी इन्हीं माध्यमों से राज्य में निवास कर रहे हैं। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे श्रमिकों का ठेकेदारों के माध्यम से अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाए। साथ ही फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से पहचान पत्र प्राप्त करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि दस्तावेजों का त्वरित सत्यापन कराना भी अनिवार्य किया गया है।

जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित रूप से इस संबंध में समीक्षा भी की जाएगी। पत्र के माध्यम से सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में आवश्यकतानुसार विशेष अभियान चलाकर कानून सम्मत, वैज्ञानिक एवं प्रभावी तरीकों से अवैध अप्रवासियों की पहचान सुनिश्चित करें तथा भारत सरकार एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए की गई कार्रवाई की जानकारी समय-समय पर पुलिस मुख्यालय को प्रेषित करें।

# आजाद चौक से जय स्तंभ तक 'जय हिन्द मशाल रैली' निकली




**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं रायपुरवासियों के साथ ''जय हिंद मशाल रैली'' निकालकर भारतीय नागरिकों की एकजुटता का संकेत दिया। मशाल रैली निकलने से पूर्व उपस्थित कांग्रेसजन एवं आमजनों द्वारा सर्वप्रथम दिवंगत हुए जवान एवं भारतीय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विकास उपाध्याय ने कहा हम अपनी सेना और सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं। सभी जाति धर्म मजहब के लोग आज देश के साथ एकजुट हैं। विकास उपाध्याय ने कहा कि ''भारतीय सेना विषय बड़ा है, भारत राष्ट्र की शान का, जिसने हमें साहसी बनाया, नाम नहीं लिया विश्राम काञ्। साहस के रंग में रंगा हुआ हर कोना खिल जाता हैञ्इसलिए सेना के साहस का, हर भारतीय को एहसास होना आवश्यक है।

**दिवंगत जवानों व भारतीय नागरिकों को दी श्रद्धांजलि**

भारतीय सेना पाकिस्तान की नापाक हरकत को नाकाम कर रही है। आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को हम नहीं बख्शेंगे, उन्हें भारत के खिलाफ अपनी हर साजिश की कीमत चुकानी होगी।

जय हिन्द मशाल रैली में विकास उपाध्याय के साथ पंकज पाल, अनिल बर्गे, बबीता नत्थानी, दिनेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, कमलाकांत शुक्ला, सुरेश उपाध्याय, शशिकांत साहू, शिव श्याम शुक्ला, देवेन्द्र यादव, दिनेश शुक्ला, हरीश साहू, आरती उपाध्याय, विकास अग्रवाल, अखिलेश जोशी, दाऊ लाल साहू, संदीप शर्मा, मनीष शर्मा, सत्यनारायण नायक, स्वपनिल मिश्रा, सोमेन चटर्जी एवं काफी संख्या में कांग्रेसजन व आमजन शामिल थे।

# प्रदेश हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार : मुख्यमंत्री

**केंद्र ने सभी राज्यों में जारी की गाइडलाइंस**

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को गाइडलाइंस जारी करने और जरूरत पड़ने पर इमरजेंसी पॉवर इस्तेमाल करने का आदेश दिया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि केंद्र के निर्देश के अनुसार ही दुर्ग में मॉकड्रिल हुआ. आगे भई केंद्र सरकार से कुछ भी निर्देश मिलेंगे, उसका हम पालन करेंगे।प्रदेश हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। इसके बाद से पाकिस्तान लगातार भारत के जम्मू, पंजाब, गुजरात और राजस्थान में ड्रोन और मिसाइलों से रिहायसी इलाकों समेत सैन्य इलाकों में हमला कर रहा है। भारत-पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव को देखते हुए शुक्रवार को भारत सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 के तहत इमरजेंसी पॉवर इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं।

नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 की धारा 11 के तहत राज्यों को विशेष अधिकार प्राप्त हैं।

ये अधिकार युद्ध जैसी स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा, संपत्ति की रक्षा और महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखने के लिए होते हैं।

नागरिक सुरक्षा का अर्थ है ङ्क भारत में लोगों, संपत्तियों और स्थानों को शत्रुतापूर्ण हमलों या आपदाओं से बचाने के लिए उठाए गए कदम. प्रमुख बंदरगाहों की सुरक्षा।ये उपाय युद्ध के दौरान नहीं, बल्कि हमले या आपदा के पहले, दौरान या बाद में भी लागू किए जा सकते हैं।

धारा 16 के अनुसार, केंद्र सरकार के आदेश राज्य सरकार के विरोधाभासी आदेशों पर प्रभावी होते हैं।राज्य सरकारों को अधिकार है कि वे नागरिकों और संपत्तियों की रक्षा तथा जरूरी सेवाओं को जारी रखने के लिए त्वरित कार्रवाई करें।

## राजधानी रायपुर से अचानक लापता हुए 4 बच्चे

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के तरुण नगर शीतला तालाब इलाके से 4 बच्चे अचानक गायब हो गए।

इन बच्चों की उम्र 6 से 8 साल के बीच है। बताया जा रहा है कि अज्ञात व्यक्ति ने कुछ खाने की वस्तु देकर सभी को अपने साथ ले गए हैं। एक बच्चे ने आकर बताने पर इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची हुई है।

# बिलासपुर हाईकोर्ट में पहले की तरह रहेगा ग्रीष्मकालीन अवकाश

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। हाईकोर्ट बिलासपुर ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में जारी आदेश को वापस ले लिया है। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि पहले की तरह रहेगी। बता



■ वापस लिया गया आदेश

दें कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में गर्मी छुट्टियां रद्द कर दी गई थी। पहले 12 मई से 6 जून तक समर वेकेशन निर्धारित था, जिसे 2 जून से 28 जून तक कर दिया गया था। यह आदेश चीफ जस्टिस के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल ने जारी किया था।

# 9 जिलों में हो सकती हैं गरज-चमक के साथ तेज बारिश

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। शहर में भीषण गर्मी झेल रहे छत्तीसगढ़ में शनिवार, 10 मई को मौसम ने करवट ली है। भारतीय मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के 9 जिलों कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा के साथ धमतरी और गरियाबंद के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।इन क्षेत्रों में अगले पांच दिनों तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश, अंधड़ और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

साथ ही बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, बालोद, कांकेर, बस्तर और अन्य जिलों में

**यलो अलर्ट जारी**

रेड अलर्ट भी लागू किया गया है।इन इलाकों में तेज तूफानी हवाएं और भारी वर्षा की आशंका के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन को



सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय सिस्टम और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की सक्रियता से नमी युक्त हवाएं प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं।फिलहाल तापमान में विशेष गिरावट के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन अचानक मौसम परिवर्तन से स्वास्थ्य पर असर पड़ने की संभावना बनी है। राज्य के विभिन्न जिलों में शुक्रवार एवं शनिवार को रिकॉर्ड तापमान दुर्ग 40.2°C, रायपुर 38.9°C (न्यूनतम 25.2°C), बिलासपुर 39.4°C (न्यूनतम 26.1°C), अंबिकापुर 36.0°C (न्यूनतम 21.9°C) रहा।मौसम विभाग के अनुसार मानसून पूर्व की गतिविधियां अगले सप्ताह में और सक्रिय हो सकती हैं, जिससे प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और तापमान में राहत मिलने की उम्मीद है।

# कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पर राज्य शासन की कड़ी कार्रवाई

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)।उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान अपूर्ण दस्तावेज रिकॉर्ड संधारण कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पाए जाने के बाद आज राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री साव के औचक निरीक्षण के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएमओ नेतराम चन्द्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के 9 मई को कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकांश अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी एवं निष्ठा एप में उपस्थिति नहीं पायी गयी। नगर पालिका लेखा के निरीक्षण में कैशबुक पंजी एवं लेखा पंजी अपूर्ण पाया गया। निकाय में पेयजल संकट की स्थितिए अमृत मिशन और अटल परिसर के निर्माण की प्रगति अत्यंत धीमी पायी गई। निकाय में राजस्व वसूलीए प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य निर्माण कार्यो

■ **राज्य शासन की कड़ी कार्रवाई**
■ **कुम्हारी नगर पालिका के सीएमओ तत्काल प्रभाव से निलंबित**

के साथ ही सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण की प्रगति भी अत्यधिक धीमी पायी गई। उप मुख्यमंत्री साव द्वारा औचक निरीक्षण और कार्यों की समीक्षा में सीएमओ नेतराम चन्द्राकर संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये। इस दौरान उनकी भाषा.शैली भी अशोभनीय थी। राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के इस कृत्य को गंभीर कदाचार मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संयुक्त संचालकए क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। उप मुख्यमंत्री साव ने 9 मई को कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण में गंभीर अव्यवस्था और अनुशासनहीनता पायी थी। उन्होंने अपूर्ण दस्तावेजोंए रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही पर सीएमओ को फटकार लगाई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत मिशन के कार्यों में धीमी प्रगति पर असंतुष्टि जताई थी। साव वहां सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण की धीमी प्रगति से भी नाखुश थे। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों.कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

# सीडी कांडः भूपेश के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में रिविजन फाइल

## 17 जून को होगी याचिका पर अंतिम बहस

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। सेक्स सीडी कांड में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता बताते हुए सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में रिविजन फाइल किया है। रिविजन को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने बहस लिए 17 जून की तिथि तय कर दी है। इसी दिन मामले में संलिप्तता के आरोप में फंसे विनोद, कैलाश मुरारका और विजय भाटिया की ओर से सीबीआई के विरुद्ध पेश रिविजन याचिका भी अंतिम बहस होगी।

पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित उनके करीबी लोगों पर भाजपा सरकार के तत्कालीन मंत्री के खिलाफ सेक्स सीडी बनवाने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले की जांच के बाद पूर्व सीएम के करीबी विनोद वर्मा के दिल्ली स्थित निवास पर छापेमारी कर दस्तावेज के साथ विनोद वर्मा को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने तब दावा किया था कि विनोद वर्मा के निवास से बड़ी मात्रा में सीडी बरामद किया गया था।



सीबीआई स्पेशल कोर्ट में अलग-अलग रिवीजन पेश किया गया है। कोर्ट के फैसले को चुनौतीदेते हुए सीबीआई ने रिविजन पेश कर अश्ली में पूर्व सीएम भूपेश बघेल की संलिप्तता बताते हुए

हुए मामला चलाने की अनुमति मांगी है।दूसरा रिवीजन सीडी कांड के आरोपी विनोद वर्मा, विजय भाटिया और कैलाश मुरारका की ओर से किया गया है। पेश रिविजन में कहा की सी डी उनकी संलिप्तता नहीं है। पुलिस और सीबी आई ने झूठा फंसाया है। इस मामले से बरी करने की मांग करते हुए रिविजन पेश किया है।

पुलिस के अलावा जांच एजेंसियों ने सीडी जांच के बाद बताया था कि फर्जी सीडी बनाई गई थी जिसमें महिला के साथ अंतरंग स्थिति में दिख रहे पुरुष का चेहरा एडिट कर तत्कालीन मंत्री का चेहरा लगा दिया गया था। जांच एजेंसी के अनुसार जिस दिन विनोद वर्मा को सीडी के साथ पकड़ा गया था उसी दिन भूपेश बघेल बंगले द्व में उसी सीडी की कापी पत्रकरो को उपलब्ध कराया था। सेक्स सीडी कांड की जांच के लिए राज्य सरकार ने मामला सीबीआई के हवाले कर दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री को इस मामले से बरी कर दिया था

विनोद वर्मा, विजय भाटिया और कैलाश मुरारका के विरुद्ध मामला चलाने का आदेश दिया था।

# इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को सब्सिडी का भुगतान जल्द मिलेगा

## 2022 से 2025 मार्च तक 90 करोड़ का भुगतान किया जाना शेष

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को घोषित राज्य सब्सिडी का लंबित भुगतान एक बार फिर पुन: प्रारंभ किया जा रहा है। 2022 में ईवी के प्रति लोगों को आकर्षित करने और खरीदारों को प्रोत्साहन हेतु केन्द्रीय योजना के तहत सब्सिडी देने की घोषणा की गई थी। केन्द्रीय सब्सिडी वाहन कंपनियों को दी जानी थी, जो लगातार मिलती रही, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीदारों के लिए घोषित सब्सिडी के तहत 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया।बाद में राशि के अभाव में प्रक्रिया रोक दी गई। शासन से परिवहन विभाग द्वारा लगातार राशि की मांग की जाती रही। हाल ही में 30 करोड़ रुपए मिलने के बाद भुगतान की प्रक्रिया फिर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के जरिये प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।



सूत्रों के मुताबिक 2022 से 2025 मार्च तक की स्थिति में ही 90 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना शेष है। 30 करोड़ रुपए से 2023 तक ईवी खरीदने वाले वाहन स्वामियों को भुगतान देना संभव हो जाएगा। विभाग को उम्मीद है कि 30 करोड़ रुपए वितरित होते तक और अतिरिक्त राशि मिल जाएगी। ऐसी स्थिति में अब भुगतान की प्रक्रिया नहीं रुकेगी.

आरटीओ ने आरसी बुक, आधार कार्ड जमा कराने कहा इधर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर ने 2022 में पंजीकृत ईवी एवं हाईब्रिड वाहन स्वामियों से आरसी कार्ड, बैंक विवरण (पास बुक या कैंसिल चेक) व आधार कार्ड की छाया प्रति जमा कराने की अपील की है।

आरटीओ अधिकारियों के मुताबिक ऐसे ईवी व हाईब्रिड वाहनों के स्वामी, जिन्हें सब्सिडी रशि का भुगतान आज तक नहीं हुआ है।वे आरसी बुक व बैंक विवरण तथा आधार कार्ड रावांभाठा रायपुर काउंटर नंबर 21 में जमा करा सकते हैं। उन्हें लंबित सब्सिडी राशि का भुगतान जल्द किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में भी हाई अलर्ट

**पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द**

**रायपुर**, 10 मई(देशबन्धु)। भारत पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक तरफस्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर्स और वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट रहने कहा है। वहीं पुलिस विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के हालात हैं। जैसे जैसे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत सीमाओं से लेकर आंतरिक क्षेत्रों में भी अपनी तैयारी मजबूत कर रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में भी स्वास्थ्यए सुरक्षा से लेकर परिवहन समेत कई क्षेत्रों में अलर्ट जारी किए गए हैं। सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। भारत पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक तरफस्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर्स और वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट रहने कहा है। वहीं पुलिस

■ **एयरपोर्ट, स्टेशन और बस स्टैंड की सुरक्षा सख्त**

विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। छत्तीसगढ़ यूं तो देश के मध्य भाग में स्थित होने के कारण तमाम खतरों से दूर है। लेकिन पाकिस्तान के नापाक इरादों को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार लगातार हर परिस्थितियों से निपटने तैयारी कर रहे हैं। केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों का प्रदेश में पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसीलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हों या दोनों उपमुख्यमंत्री हर स्तर पर प्रदेश के तैयार होने की बात कहते नजर आ रहे हैं। सीएम साय ने कहा है राज्य केंद्र के हर निर्देशों को पालन कर रहा हैए और हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बौखलाहट में है। हमारी सेना पाकिस्तान को हर मोर्चे पर जवाब दे रही हैं। लेकिन पाकिस्तान के नापाक इरादों को देखते हुए हर स्तर पर तैयारी भी की जा रही है। शासन की ओर से तो लगातार तमाम स्थानों को अलर्ट पर रखा गया है। जरूरत है देश और प्रदेश की जनता भी सजग और गंभीर होकर दिशानिर्देशों का पालन करे। और पाक के नापाक इरादों को नाकाम करने में अपनी सेनाओं का साथ दें।

**महापौर ने दी बुद्ध जयंती की बधाई**

**राजनांदगांव** 10 मई। महापौर मधुसूदन यादव ने बुद्ध जयंती की बधाई देते हुये कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य,अहिंसा,दया,करूणा व साकाहार के मार्ग पर चलने की सीख दिये।



# टीम प्रहरी और निगम नगर निवेश ने मुख्य मार्गों को कराया अतिक्रमण मुक्त




- यातायात सुगम बनाने कार्रवाई निरंतर जारी
- तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में विद्युत तारों में लटकते फ्लैक्स हटाए
- रामनगर बाजार, जीई मार्ग, एम्स हॉस्पिटल, समता कॉलोनी मुख्य मार्ग, तेलीबांधा एक्सप्रेसवे को कब्जा मुक्त कराया

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप और रायपुर जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त पंकज के शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनो के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही व्यापक रूप से निरन्तर जारी है।

टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राईव में विद्युत तारों पर लटकते फ्लैक्स को हटाने की अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी. वहीं रामनगर बाजार मार्ग, जीईमार्ग, एम्स हॉस्पिटल टाटीबंध मुख्य मार्ग, समता कॉलोनी मुख्य मार्ग, तेलीबांधा एक्सप्रेस वे के नीचे, सहित राजधानी शहर रायपुर के अन्य विभिन्न मुख्य मार्गो और बाजारों को अतिक्रमण और अवैध कब्जों से ठेले गुमतियाँ सड़क बाधा, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स को हटाकर नागरिकों को जनहित में सुगम और सुव्यवस्थित यातायात दिलवाकर त्वरित राहत दिलवाने का कार्य यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में किया ।

इस प्रकार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग एवं जोनो के नगर निवेश विभाग की टीमो ने यातायात पुलिस बल सहित मिलकर विभिन्न जोनो में अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की एवं मार्गो के यातायात को सुगम बनाकर नागरिको को त्वरित राहत दिलवायी। अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# उत्तर विस के तीन उद्यानों का होगा कायाकल्प

## विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे ने किया भूमिपूजन



**रायपुर**, 10 मई (देशबन्धु)। आज 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 के तहत भिन्न 3 उद्यानों पण्डित रविशंकर शुक्ल उद्यान के बाजू में नवीन उद्यान विकास कार्य 43 लाख 50 हजार रूपये,दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर के पीछे उद्यान में 34 लाख 60 हजार रूपये, संकट मोचन हनुमान मन्दिर के बाजू स्थित उद्यान में 6 लाख 50 हजार रूपये की स्वीकृत लागत से नवीन सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्र कराये जाने रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा और नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, शंकर नगर वार्ड पार्षद श्री राजेश कुमार गुप्ता, जोन 3 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता श्री सुशील मोडेस्टस, श्री अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता श्री शैलेन्द्र पटेल, उप अभियंता सुश्री अर्जिता दीवान, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं, आम जनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर किया।

इन तीन उद्यानों में पण्डित रविशंकर शुक्ल उद्यान शंकर नगर के बाजू में नवीन उद्यान विकास कार्य संविधान पार्क के विकास की परियोजना तैयार की गई है. इस उद्यान को शीघ्र भारत गणराज्य के संविधान की थीम पर विकसित करने का कार्य किया जाएगा. इसमें धर्म चक्र एवं संविधान के चारों स्तंभ एवं इत्यादि घटकों को सम्मिलित कर संविधान पार्क का निर्माण किया जाएगा।

बाकी के दो उद्यानों में पाथवे रिपेयरिंग ,पेंटिंग , किड्स प्ले इचिपमेंट परगोला, लाइट लाइटिंग का कार्य एवं अन्य सिविल कार्य किए जाएंगे।

# हरिशंकर शुक्ला इंग्लिश मीडियम स्कूल दसवीं-बारहवीं छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। पंडित हरिशंकर शुक्ला इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल शंकर नगर में कक्षा दसवीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों में छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। संस्था के चेयरमैन सुशील शुक्ला ने छात्रों अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि यह सफलता सभी की कड़ी मेहनत का परिणाम है। शाला में कक्षा दसवीं की छात्रा इशिता अनंत ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही तुषार चौधरी ने 87 प्रतिशत और हिमांशी ध्रुव ने 80.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 12वीं में चांदनी नायक ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिति शुक्ला 87.2प्रतिशत और श्रीम केसरवानी 85.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। शाला के सचिव आकाश गर्ग शुक्ला ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत रंग लाई है हमें उन पर गर्व है भविष्य में भी वे इसी तरह सफलता की ऊंचाइयों को छूते रहे। शाला की डायरेक्टर श्रीमती प्रिया शुक्ला, प्राचार्या तथा समस्त स्टाफ ने छात्रों को बहुत-बहुत बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारती यादव 'मेधा' विश्व हिंदी परिषद सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली भारत के द्वारा भारती यादव 'मेधा' को छत्तीसगढ़ प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के महामंत्री पद पर मनोनयन किया गया है । ज्ञात हो विश्व हिंदी परिषद हिंदी को विश्व भाषा बनाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली भारत के छत्तीसगढ़ शैक्षणिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ.संगीता बनाफर ने विश्व हिंदी परिषद छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जिसमें डॉ ए.के. यदु सेवानिवृत्ति एग्जीक्यूटिव ऑफिसर विश्व हिंदी परिषद छत्तीसगढ़ अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ,डॉ आभा गुप्ता वरिष्ठ साहित्यकार उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ , भारती यादव मेधा साहित्यकार, रायपुर छत्तीसगढ़ महामन्त्री सांस्कृतिक प्रकोष्ठ , डॉ. रंजना चतुर्वेदी प्रिंसिपल डी एल एस महाविद्यालय, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शैक्षणिक प्रकोष्ठ ,डॉ.अनीता सिंह प्रिंसिपल महाराणा प्रताप महाविद्यालय,महामन्त्री छत्तीसगढ़ शैक्षणिक प्रकोष्ठ , शिव मंगल शुक्ला जी यूट्यूब एवं सोशल मीडिया प्रमुख, छत्तीसगढ़ मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है ।

विश्व हिंदी परिषद हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रमुख संगठन के रूप में कार्यरत् है। यह संस्था हिंदी को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर दुनिया भर में अखंडता और एकता स्थापित करते हुए हिंदी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। समय समय पर परिषद द्वारा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन तथा गोष्ठियाँ भी आयोजित की जाती हैं ।

डॉ.बनाफर ने सभी पदाधिकारियों को नई-दिल्ली से जारी प्रपत्र सौंपकर शुभकामनाएं दीं । संगठन के विस्तार को लेकर पूर्व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं थावे विद्यापीठ के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक एवं वरिष्ठ साहित्यकार केशव शुक्ला ने भी हर्ष प्रकट करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं ।

# माहुद मचांदुर स्कूल में कक्षा 10वीं के पंकज यादव व 12वीं में भूमिका ने किया टाप



**चौकी मानपुर**, 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 7 मई 2025 को घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में अपना परचम लहराया है । 10 वीं व 12 वीं बोर्ड में जिले मे शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि दर्ज की है। उसी तरह जिले के शा. उच्चतर मा.वि. माहुद मचांदुर के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने गांव का नाम रौशन किया । जिसमे कक्षा दसवी से स्कूल में प्रथम स्थान पंकज यादव 86.83 त्न, नंदनी नेताम 86.66 त्न, तृतीय शशीकला साहू 84.83 त्न आई । साथ ही कक्षा 12 वीं मे स्कूल पर प्रथम स्थान कु. भुमिका 78.60 त्न , द्वितीय स्थान वरुण निर्मल 75 त्न , तथा तृतीय स्थान पोषण कुमार 74 त्न रहे । रिजल्ट आते ही बच्चों के पालक सहित , विद्यालय स्टाफ प्राचार्य आर.डी.कोसरिया, सहित सभी शिक्षक , ग्रामीणों ने खुशिया जाहिर करी । स्कूल का कुल रिजल्ट 97 त्न रहा है ।

# सेजेस जंजगिरी का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

**कुम्हारी**, 10 मई। सेजेस जंजगिरी अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, इस विद्यालय में कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम में 35 विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिसमें 32 विद्यार्थियों ने प्रथम तथा तीन विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिसमें कृष कुमार सिंह ने 577 अंकों के साथ 96.16 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं अंग्रेजी माध्यम में 25 विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रथम, 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय तथा एक विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है, इस कक्षा की खुशबू यादव (कॉमर्स संकाय) ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इस प्रकार दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 84.7 प्रतिशत तथा हिंदी माध्यम कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 94.01 रहा । संस्था प्रमुख श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दिया है, तथा परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए समस्त विषय के शिक्षकों को सहयोग एवं बच्चों के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है, पालकों द्वारा भी बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया गया।

# बिजली के खंभे में लगी आग



**रायपुर**, 10 मई (देशबन्धु)। रायपुर में गर्मी के कारण आग लगने और शॉर्ट सर्किट के मामले बढ़ गए हैं। शनिवार को शहर के एमजी रोड स्थित मंजू ममता होटल के पास एक बिजली के खंभे में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगातार खंभे में स्पार्किंग हुए। पटाखों की तरह आवाज और चिंगारियां काफी देर तक निकलती रही। बताया जा रहा है कि ये आग खंभे में उलझे हुए तारों में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना दी है। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारण कई दुकानों के बिजली बंद है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया किए करीब 1 से 2 घंटे बाद बिजली आई बिजली खंभे में आग लगने के कारण दुकानों के सर्विस वायर जल गए है। आग के चलते अभी खंभा बेहद गर्म है। पानी का छिड़काव कर उसे ठंडा हटाया जा रहा है। इसलिए आस पास की बिजली बंद की गई

- पटाखे की तरह लगातार आती रही आवाजें
- गर्मी में शॉर्ट सर्किट की घटनाएं बढ़ीं

**क्यों बढ़ रहे है शॉर्ट सर्किट के मामले**

प्रदेश में गर्मी गर्मी और ट्रांसफॉर्मर में लोड बढ़ने के कारण शॉर्ट सर्किट के मामले बढ़ रहे हैं। शहर में जो ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं वे पुराने हैं और लंबे समय से उनके लोड को नहीं बढ़ाया गया है शॉर्ट सर्किट का एक कारण यह भी माना जा रहा है।

**घरों में लगे उपकरण की नहीं देते जानकारी**

शॉर्ट सर्किट बढ़ने के मामले को लेकर जानकारों का कहना है कि बिजली बिल को बचाने के लिए लिए लोग घर में लगे उपकरणों की सही जानकारी नहीं देते। इस वजह से भी बिजली विभाग के पास पावर लोड की सही जानकारी नहीं रहती। गर्मी के दिनों में जब एक साथ एसी और कूलर चलता है तो लोड और बढ़ जाता है। और ओवरलोड होने के कारण शॉर्ट सर्किट के मामले बढ़ते है।

# बिलाईगढ़ महाविद्यालय के भूगोल विभाग में रिसर्च मेथाडोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला

**बिलाईगढ़,** 10 मई (देशबंधु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के भूगोल विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध की मूल अवधारणाओं, वैज्ञानिक पद्धतियों तथा शोध लेखन की तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. अमित टंडन, भूगोल विभाग, संत गुरु घासीदास शासकीय पीजी महाविद्यालय, कुरूद (जिला-धमतरी) आमंत्रित किए गए थे।



प्रो. टंडन ने शोध प्रक्रिया की चरणबद्ध समझ, शोध समस्या का चयन, परिकल्पना निर्माण, डेटा संग्रहण की विधियाँ (प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोत), सैंपलिंग, विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने अनुसंधान में नैतिकता और नवीन तकनीकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस शैक्षणिक आयोजन से छात्रों को न केवल शोध के प्रति रुचि उत्पन्न हुई बल्कि उनके भविष्य के अध्ययन व प्रोजेक्ट कार्य के लिए मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. पंकज साहू की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिनके निर्देशन में यह कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही जनभागीदारी शिक्षक नरेंद्र राकेश ने भी कार्यशाला की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यशाला का समापन विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता और सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ। भूगोल विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की उपयोगी कार्यशालाओं के आयोजन की योजना बनाई जा रही है।

## निधन

### शकुंतला मिश्रा

**जगदलपुर,** 10 मई। पूर्व महिला एवं बाल विकास अधिकारी शकुंतला मिश्रा का शनिवार को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे आजाद हिंद फौज में सेवारत रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जगदलपुर नगर पालिका के प्रथम नगर अध्यक्ष स्व. दीनानाथ मिश्रा की पत्नी थी। वे वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. संजय मिश्रा की माता थी। स्व. शकुंतला मिश्रा नगर कांग्रेस की सेकेट्ररी भी रह चुकी हैं।



# अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा, प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप

**पिथौरा,** 10 मई (देशबन्धु)। नगर के वार्ड नंबर 12क्क13-14 एवं कब्रिस्तान के आस पास के इलाके तथा वार्ड 2, 3 रावणभाठा तालाब के पास अवैध शराब और प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री से नगर की महिलाओं में खासा रोष है। सुबह 6 बजे से लेकर पूरे दिन धड़ल्ले से हो रही इस अवैध गतिविधि में स्थानीय पुलिस एवं आबकारी विभाग की निष्क्रिय भूमिका संदेह पैदा कर रही है। विभिन्न वार्ड की महिलाओं का आरोप है कि पुलिस और आबकारी विभाग अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे न केवल युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है, बल्कि इससे समाज में अव्यवस्था और अशांति भी फैल रही है।



अवैध शराब की बिक्री में कोचियों की चांदी हो रही है, जबकि युवाओं की जिंदगी दांव पर लगी हुई है। कच्ची शराब की विषाक्तता से जनहानि की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय महिलाएं इस गंभीर मुद्दे के खिलाफ सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रही हैं। उनका कहना है कि यदि संबंधित विभाग अपने काम में निष्पक्षता नहीं दिखाते, तो वे जल्द ही जिला कार्यालय का घेराव कर सकती हैं।

समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, खासकर युवाओं के बीच, एक गंभीर चिंता का विषय है। प्रशासन की मिलीभगत और पुलिस की निष्क्रियता ने स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। इस विषय में जागरूक लोगों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान दे और प्रभावी कार्यवाही कर प्रधानमंत्री और राज्य सरकार की नीतियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाए।

पिथौरा की महिलाएं एकजुट होकर न केवल अपने परिवारों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए, बल्कि समाज को इस बड़ी समस्या से बाहर निकालने के लिए संघर्ष कर रही हैं। क्या प्रशासन उनकी आवाज सुन पाएगा? यह सवाल सभी के मन में है। इस मामले में पिथौरा थाना प्रभारी उमेश कुमार वर्मा ने कहा सूचना मिलने पर कार्यवाही करूँगा, पहले कार्यवाही की गई थी।

# तय समय सीमा में सभी आवेदनों का निराकरण करें : महापौर

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जोन 1 के 7 वार्डों के लिए दही हांडी मैदान गुढ़ियारी में सुशासन तिहार समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, एडीएम उमाशंकर बन्दे रायपुर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, पार्षद श्रीमती अम्बिका साहू, श्रीमती प्रमिला बल्लाराम साहू, राजेश कुमार देवांगन, डॉक्टर मनमोहन मनहरे उपस्थित रहे।



सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों ओर निगम मुख्यालय में कुल भिन्न 71 स्थानों पर शिविर में आम जनता से प्राप्त रायपुर नगर निगम से सम्बंधित कुल 14798 आवेदनो, 12666 मांगो, 2132 शिकायतो में से लगभग 90 प्रतिशत का पूर्ण त्वरित गुणवत्तापूर्ण समाधान द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 मई के मध्य करने की प्रकरणवार विस्तृत समाधान की जानकारी मंच से दी गई।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का लाभ आमजनों को देने लगाये गये सुशासन तिहार शिविर में अधिकारियों से कहा कि आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत समाधान तय समय सीमा के भीतर अवश्य करवाना चाहिए विष्णु देव साय सरकार के सभी जनप्रतिनिधि आमजनों के कार्य समय पर करवाने पूरी तरह जागरूक होकर कार्य कर रहे हैं महापौर ने मंच से अधिकारियों को सुझाव दिया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सुशासन तिहार समाधान शिविरों का आयोजन जबरदस्त तपिश के मध्य जनसुविधा को दृष्टिगत रखकर सार्वजनिक मैदान के स्थान पर बड़े सामुदायिक भवन में रखा जाना चाहिए। रायपुर लोकसभा सांसद ने प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक, महापौर, सभापति रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि, निगम आयुक्त, एमआईसी सदस्य, जोन 1 जोन अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों सहित सुशासन तिहार समाधान शिविर स्थल पर आमजनों की सुविधा हेतु लगाए गए रायपुर नगर निगम, राज्य लोक निर्माण विभाग, छग राज्य विद्युत पावर वितरण कम्पनी, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, कृषि विभाग, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्व विभाग, महिला और बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, श्रम विभाग, अन्य शासकीय विभागों के स्टाल का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सम्बंधित शासकीय अधिकारियों को जनहित में आवश्यक निर्देश दिए।

# रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संरक्षा सुरक्षा के लिए चलाया गया अभियान

## वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में प्लेटफार्म पर यात्री सुविधाओं के साथ सुरक्षा संरक्षा का जायजा लिया



**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। रायपुर रेल मंडल में रायपुर स्टेशन पर यात्रियों की संरक्षा सुरक्षा व्यवस्थाओं का सघन जायजा लेने के उद्देश्य से देश हित में रेल कर्मियों को आमजन से जोड़नेए यात्रियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में सघन टिकट चेकिंग अभियानए यात्रियों की संरक्षा सुरक्षा व्यवस्था यात्रियों से सीधा संपर्क स्टेशनों पर मौजूद यात्री सुविधाओं अन्य अनियमितताओ को जानने के लिए सघन अभियान चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान में टिकट चेकिंग में 25940 का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसमें सहायक वाणिज्य प्रबंधक अरबिंद कुमार साव सहित फ्रंटलाइन स्टाफटीटीई रेलवे सुरक्षा बलए वाणिज्य विभाग में कार्यरत वरिष्ठ प्रचारक निरीक्षक सभी मुख्य वाणिज्य निरीक्षकए कार्यालय अधीक्षक अन्य सभी ऑफिस स्टाफको भी सम्मिलित किया गया ताकि मौजूदा स्थिति में हर समस्या एवं सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। सभी फ्रंटलाइन स्टाफको सजग रहने हेतु आगाह किया गया साथ ही यात्रियों से भी अनुरोध किया गया कि वह किसी भी तरह की संदिग्ध स्थिति का शक होने पर तुरंत ट्रेन स्टेशन पर मौजूद रेलवे अधिकारियों दृ स्टाफको सूचना दें। रेल कर्मी सजग सैनिक की भूमिका के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाएं अफवाहें न फैले सही सूचनाओं का संरक्षण हो इसका ध्यान रखा जाए।

## स्टेशनों रेल परिसरों में गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई के साथ जनजागरूकता की पहल




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई के साथ जनजागरूकता की एक पहल शुरू की गई है। इसी कड़ी में जनवरी 2025 से मार्च 2025 के बीच रेलवे परिसरों में सार्वजनिक स्थानों पर थूकने और कूड़ा फैलाने जैसी असामाजिक गतिविधियों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई है जो न केवल जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यावश्यक थी बल्कि स्वच्छता की दिशा में एक सशक्त संदेश भी है। तीन महीनों की इस अवधि में कुल 3,550 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के लिए दंडित किया गया जिससे कुल 3,77,730 की राजस्व वसूली हुई। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य न केवल आर्थिक दंड के माध्यम से अनुशासन लागू करना हैए बल्कि व्यापक स्तर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति चेतना और जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करना भी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता में बाधा डालने वालो पर आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी । स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें स्टेशन परिसरों में घोषणाएंए पोस्टरए डिजिटल डिस्प्ले और सोशल मीडिया के माध्यम से निरंतर अपील की जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। यह न केवल एक सामाजिक दायित्व हैए बल्कि यह प्रत्येक यात्री की स्वयं की सुविधा और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं बल्कि एक संस्कृति है जिसे हमें मिलकर अपनाना होगा। यह अभियान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि स्वच्छता के प्रति कोई भी लापरवाही अब स्वीकार्य नहीं होगी। भविष्य में भी इस प्रकार की निगरानी और कार्रवाई को और अधिक प्रभावी तरीके से जारी रखा जाएगा।

# रेलवे स्टेशन में मिला नीला संदिग्ध बैग



### हरकत में आई आरपीएफ

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। भारत.पाकिस्तान वॉर के बीच रेलवे स्टेशन भी हाई अलर्ट मोड पर ह इसी बीच छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब आरपीएफको एक नीले रंग का बैग मिला आनन.फानन में आरपीएफएक्टिव हुई ये बैग चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 पर मिला था चूंकि पूरा रेलवे स्टेशन हाई अलर्ट पर था इसलिए बिना देरी किए आरपीएफने मेटल डिटेक्टर से बैग को पूरी तरीके से स्कैन किया लेकिन जब ऐसी कोई संदिग्ध वस्तु के न होने की पुष्टि हुई तो जांच.पड़ताल के लिए उस बैग को खोला गया इसके बाद आरपीएफपोस्ट राजनांदगांव की इंस्पेक्टर तरूणा साहू ने अपने सोशल मीडिया में इस बैग के मिलने को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने ये बताया कि उक्त बैग में एक युवती के ओरिजनल मार्कशीट और किताबें मौजूद है युवती से पूछताछ में ये बात सामने आई कि उसका ये बैग दुर्ग रेलवे स्टेशन से चोरी हुआ था और किसी ने इस बैग को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में उतार दिया अब आरपीएफ सीसीटीवी फुटेज की जांच भी कर रही है करीब 1 घंटे बाद उक्त वीडियो को देखकर उक्त युवती के दोस्त ने आरपीएफसे संपर्क किया और बाद में पूरी कागजी कार्रवाई करने के बाद ये बैग उसे हेंडओवर कर दिया गया।

# हिस्ट्रीशीटर 2 नग धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार



**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने धारदार चाकू के साथ दो बदमाशों को पकड़ा हैं। बताया गया कि प्रार्थिया श्रीमती गायत्री सोनी पति बिट्टू सोनी उम्र 32 साल पर राजीव आवास रायपुर थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी पीयूष बघेल एवं मुक्कू नायक द्वारा अपने हाथ में कोई धारदार चीज लेकर प्रार्थिया के साथ अश्लील गली गली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए कोई धारदार चीज दिखाकर डराया धमकाया कि रिपोर्ट पर थाना गोलबाजार में धारा 296 351;2 3;5 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण पीयूष बघेल पिता श्रवण बघेल उम्र 21 साल पता राजीव आवास थाना गोलबाजार रायपु छ.ग एवं मुक्कू मुकेश नायक पिता लोचन लायक उम्र 19 साल पता पुराना चीरघर के पासए लोहार बस्ती थाना गोलबाजार रायपुर छ.ग के कब्जे से दो नाग धारदार चाकू जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर प्रकरण में 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपीगण को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी पीयूष बघेल थाना गोलबाजार का लिस्टेड हिस्ट्रीशीटर गुंडा बदमाश है जिसके विरुद्ध थाना गोलबाजार में हत्या हत्या का प्रयास मारपीट बलवा आबकारी एक्ट आर्म्स एक्ट के तहत अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने जानलेवा हमलें के मामले में पुलिस ने दो आरोपी युवकों को पकड़ा हैं बताया गया कि प्रार्थिया शीतल तिवारी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मौली माता मंदिर के पास रहती है। 8 मई को प्रार्थिया अपने परिवार के साथ घर में दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे के मध्य बरामदा में बैठी थे उसी समय भुवन पंकज एवं अन्य उनके साथी लोग घर के दरवाजा को लात से मारकर जबरदस्ती घर के अंदर घुसे और प्रार्थिया के बड़े बेटे से बोले की ष्तुम्हे जान से मारकर खत्म कर देगे कहते हुये सभी के द्वारा प्रार्थिया के पुत्र को पकड़ कर उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए अपने पास रखे चाकू से उसके शरीर पर गंभीर चोट पहुंचा कर फरार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 109;2 3;5 333 238 111 बी.एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा प्रार्थी सहित वहां उपस्थित अन्य लोगों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी भूवन हरपाल एवं पंकज कोहड़े को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर आरोपी भूवन हरपाल एवं पंकज कोहड़े को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# पुलिस ने चाकूबाजों का निकाला जुलूस



### पुरानी रंजिश में घर घुसकर चाकू से किया था हमला

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। रायपुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। तीन लड़कों ने युवक के घर में घुसकर पेट और सीने में ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद उसे मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब पुलिस ने चाकूबाजों का जुलूस निकाला है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कोतवाली थाना प्रभारी सुधांशु बघेल के मुताबिकए शीतल तिवारी ने थाने में बताया कि उसके दो बेटे आयुष तिवारी और प्रत्यूष तिवारी है। 8 मई की दोपहर करीब 2 बजे परिवार घर पर था। इस दौरान भुवनए पंकज और गोल्डी नाम के युवक घर के भीतर घुसे। आरोपी घर के अंदर घुसते ही प्रत्युष के साथ मारपीट करना शुरू कर दिए। उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया।

**सीने और पेट में मारा चाकू**

आरोपियों ने प्रत्युष के सीने और पेट में 3 से 4 बार वार किया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में गलिय ने याम मर्टर के तहत केस दर्ज किया है। इसके साथ ही वारदात में शामिल भुवन हरपाल और पंकज कोहड़े निवासी टिकरापारा को गिरफ्तार किया है।

# खराब कार देकर पार्षद से धोखाधड़ी

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। रकम वापस मांगने पर सागर ने 1 लाख 65 हजार का चेक दियाए लेकिन ये चेक भी बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित अपने पैसों की मांग करने सागर के पास फिर गएए तो उन्हें धमकियां देने लगा। राजेंद्र नगर इलाके में नीरज मोटर्स के संचालक का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। ग्राहकों को अच्छी बताकर खराब कार को बेच दिया। पीड़ित की शिकायत पर राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपी फरार है।

**कार खरीदी-बिक्री की धोखाधड़ी:** पुलिस के मुताबिक लालपुर में नीरज मोटर्स के नाम से सागर वाधवानी की सेकंडहैंड कार खरीदी.बिक्री की दुकान है। उरला निवासी पार्षद शकुंतला धन्नू बंदे के पति ने सागर से वर्ष 2023 में इनोवा सीजी 04 एचबी 1197 खरीदी। इसके एवज में 3 लाख 31 हजार रुपए का भुगतान उन्होंने सागर को किया। कार बेचते समय सागर ने दावा किया था कि कार में किसी भी प्रकार की खराबी नहीं है। कार उनके नाम पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इसके बाद

### मोटर्स संचालक के खिलाफ एफआईआर

शकुंतला के पति कार लेकर घर आ गए। एक.दो दिन बाद ही कार में कई तरह की खामियां निकलनी शुरू हो गई। कार बार.बार खराब होने लगी। इसकी शिकायत सागर से की गईए तो उसने ठीक करने का आश्वासन दिया। इसके बाद भी कार में सुधार नहीं हुआ और नाम भी ट्रांसफर नहीं किया गयाए तो उन्होंने कार लौटा दी।

**आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज:** ब्ळ छमूेरू इसके एवज में दी गई रकम को वापस मांगा। रकम वापस मांगने पर सागर ने 1 लाख 65 हजार का चेक दियाए लेकिन ये चेक भी बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित अपने पैसों की मांग करने सागर के पास फिर गएए तो उन्हें धमकियां देने लगा। गाली.गलौज करने लगा। पैसे देने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत राजेंद्र नगर थाने में की। पुलिस ने आरोपी सागर के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। कई लोगों से ठगीरू पीड़ित के मुताबिक सागर ने कार को किसी दूसरे को बेच दिया है। बताया जाता है कि आरोपी ने कई लोगों से इसी तरह ठगी की है। इससे पहले भी एक और मामला सामने आ चुका है। कई लोगों को कार बेचने के नाम पर झांसा दिया है।

# राजधानी में अवैध रूप से संचालित बार एवं क्लबों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने राजधानी रायपुर में अवैध रूप से संचालित बार और क्लबों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में शनिवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा गया।

### एनएसयूआई ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रायपुर शहर में कई क्लबों द्वारा प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करते हुए देर रात तक शराब परोसी जा रही है। जिससे शहर की कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। साथ ही इन क्लबों में बिना आयु सत्यापन के युवाओं को मादक पदार्थों की आपूर्ति भी चिंता का विषय है।

एनएसयूआई के नेताओं की मांग है सभी अवैध क्लबों की जांच हेतु विशेष दल का गठन किया जाए। जो क्लब नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए। देर रात तक चलने वाली अवैध बारों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। प्रदेश सचिव कुणाल दुबे ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो एनएसयूआई को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि वे जनहित के मुद्दों पर चुप नहीं बैठेंगे और यदि जरूरत पड़ी तो चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी । ज्ञापन देने वालो में रायपुर जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान जिला सचिव संस्कार पांडेय, विधानसभा महासचिव आशीष बाजपाई, तनिष्क मिश्रा मोजूद थे।

# सीआरपीएफ कैंप में सिपाही ने हवलदार पर किया जानलेवा



### चाकू और कैंची से गोदा, बुरी तरह जख्मी, हमले की वजह साफ नहीं

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। रायपुर में ओल्ड पीएचक्यू परिसर के सीआरपीएफ कैंप में एक सिपाही ने हवलदार पर जानलेवा हमला किया है। बताया जा रहा है कि सिपाही ने चाकू कैंची से छाती भुजा और कान के पास मारा है जिससे हवलदार बुरी तरह घायल हो गया। बैरक के आसपास मौजूद अन्य सिपाहियों ने बीच बचाव कर हवलदार की जान बचाई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोहनलाल देवांगन ने पुलिस को अस्पताल में बयान दिया है। जिसमें बताया कि वह ओल्ड पीएचक्यू में हवलदार के पद पर है। 8 मई को मेन गेट में ड्यूटी करने के बाद वापस बैरक में आ गया। अपनी ड्रेस उतार कर पलंग में लेट गया। फिर मोबाइल से अपने घर वालों से बात करने लगा। तभी सिपाही कपूर प्रमोद अंदर आया। प्रमोद अंदर आते ही गाली गलौज करने लगा। सोहनलाल कुछ समझ पाता इसके पहले ही उसने चाकू और कैंची से उस पर हमला कर दिया। जिससे सोहन के आंख के पास छाती और भुजा में चोटें आईं। इस दौरान बैरक के अन्य जवानों ने बीच.बचाव कर मामले को शांत कराया। फिलहाल सोहन को अस्पताल में एडमिट किया गया है।

इस मामले में फिलहाल यह बात साफनहीं हो पाई है कि दोनों के बीच क्या विवाद था। सिपाही ने हवलदार पर क्यों हमला किया। हालांकि पुलिस आशंका जता रही है कि सिपाही मानसिक रूप से परेशान था। लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है।

# घर में घुसकर परिवार के सामने युवक को मारा चाकू

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं। बदमाशों को घर.परिवार का खौफनहीं रहा। कोतवाली इलाके में घर में घुसकर युवक को चाकू मारा गया। घटना के समय पीड़ित के परिवार वाले भी मौजूद थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। पीड़ित युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक टिकरापारा के मौलीमंदिर के पास रहने वाले प्रत्युश तिवारी के घर दोपहर करीब 3 बजे भूवनए पंकजए गोल्डी व अन्य युवक जबरदस्ती घुस गए। इसके बाद प्रत्युश को पकड़ कर चाकू से हमला कर दिया। चाकू से लगातार कई वार करने से प्रत्युश मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के समय प्रत्युश के परिवार

### 24 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं

वाले भी थे। इसके बाद भी बदमाशों में खौफनहीं था। उनके सामने ही युवक पर चाकू से बेरहमी से कई वार किए। इसके बाद आरोपी भाग निकले। युवक लहूलुहान होकर घर में गिर पड़ा। इसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की गई।

**आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई:** पुलिस ने आरोपियों के खिलाफहत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। एक दिन पहले भी चाकूबाजीरू घटना के एक दिन पहले टिकरापारा इलाके में भी चाकूबाजी हुई थी। बताया जाता है कि प्रत्युश और उसके साथियों ने आरोपी पक्ष के एक युवक को मारा था। उसका बदला लेने के लिए आरोपी पीड़ित के घर घुस गए। फिलहाल मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# रविवि ने किया सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी में बदलाव

**रायपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा मई.जून 2025 की समय.सारणी को निरस्त करते हुए नई समय सारिणी जारी की है। संशोधित समय सारिणी के अनुसार परीक्षा 3 जून से होगी। समय सुबह 7 बजे से 10 बजे तक तय किया गया है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार रविवि ने स्नातक स्तर के बी.ए., बी.एस.सी.ए बी.कॉम, बी.एस.सी होम साइंस बी.बी ए बी सी ए द्वितीय सेमेस्टर ;नियमित स्वाधयायी एनईपी एवं स्नातकोत्तर स्तर.द्वितीय चतुर्थ षष्ठम अष्टम दशम नियमित भूतपूव एटीकेटी एवं बी ए एलएल बी एलएल बी एलएल एम एवं बी फार्मेसी .प्रथम तृतीय पंचम सप्तम एवं नवम सेमेस्टर एटीकेटी भूतपूर्व की संशोधित समय सारिणी जारी की है।

उल्टा पुल्टा

सास- मुझे पूरा भरोसा है, तुम किचन संभाल लोगी।
बहू किचन में गई और कुछ टूटने की जोरदार आवाज आई.
सास- क्या तोड़ दिया ?
बहू- आपका भरोसा

# नालियों पर लगाये गये स्लेब तोड़े गये : महापौर




**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग द्वारा चलाया जा रहा महासफाई अभियान आज भी जारी रहा। आज वार्ड 43 कसारीडीह पूर्व में चलाया गया महासफाई अभियान जिसके तहत स्वयं महापौर अलका बाघमार ने वार्ड की गलियों सड़कों का पैदल भ्रमण कर सफाई दल को नालियों की तल से सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने नालियों में स्लेब रखकर नालियां जाम करने पर नाराजगी जताते हुए स्लेब तोड़ने के निर्देश सफाई टीम को दिये।

महापौर श्रीमती बाघमार ने साथ चल रहे अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाले नालियों पर जिन लोगों ने अवैध निर्माण कर लिये है उन्हें बड़ी कार्रवाई करते हुए तोड़ा जायें। उन्होंने वार्डो में जहां तहां रखे गये वेस्ट मटेरियल को हटवाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सफाई कर्मियों, सुपरवाइजर एवं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नाले नालियों की सफाई इस तरह की जाये कि पानी का बहाव व्यवस्थापित तरीके से बना रहे।

इस महासफाई अभियान में महापौर अलका बाघमार के साथ ही एमआईसी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, वार्ड पार्षद दीपक साहू, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, उप अभियंता विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे, बोरसी मंडल अध्यक्ष कौशल साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# माइक्रोफाइनेंस चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर उड़ीसा से गिरफ्तार, जेल भेजा गया



■ 10 लाख से अधिक का गबन कर 8 साल से था फरार

**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। चिटफण्ड के प्रकरण में माइकोफाईनेंस पब्लिक लिमिटेंड के फरार डॉयरेक्टर को उड़िसा से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलगांव ;चौकी जेवरा सिरसा के प्रकरण में लगभग 8 वर्ष से फरार था। अधिक ब्याज का प्रलोभन देकर दो निवेशकों से 10 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर आफिस बंद करने के बाद फरार हो गया था।

आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि प्रार्थिया रूखमणी बाई साहू पति स्व. दूजे राम साहू उम्र 55 साल साकिन ग्राम जेवरा सिरसा द्वारा चौकी स्मृति नगर में 18 मई 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि माइको फाइनेन्स लिमिटेड के डायरेक्टरों द्वारा अधिक ब्याज देने और पैसा डबल होने की झांसा देकर वर्ष 2008 से लगातार उसके पति से 9 लाख 70 हजार रूपये एवं एक अन्य निवेशक से 50 हजार इस प्रकार दो निवेशकों से 10 लाख 20 हजार जमा कराकर धोखाधड़ी कर आफिस बंद कर भाग गये थे।

थाना पुलगांव ;चौकी जेवरा सिरसा में धारा 420, 409 भा.दवि, 3,4,5 चिटफण्ड एवं धन परिचालन पाबंदी अधिनियम 1978 छ.ग. निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10' माइकोफाईनेंस पब्लिक लिमिटेंड का डॉयरेक्टर दुग ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## भूल सुधार

कल 10 मई के अंक में प्रकाशित समाचार शीर्षक "माइक्रो फाइनेंस चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर उड़ीसा से गिरफ्तार, जेल भेजा गया" में तकनीकी त्रुटिवश दिवंगत भुवनलाल चंद्राकर का फोटो छप गया है, जिसका हमें खेद है।

–संपादक

# दुर्ग पुलिस विभाग में भारी फेरबदल 9 थाना प्रभारी बदले गये

**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने दुर्ग जिले के पुलिस मोहकमे में भारी फेरबदल करते हुए 9 थाना प्रभारियों को उनके वर्तमान स्थान से बदलकर नये थानों में बतौर प्रभारी पदस्थ किया है। दुर्ग कोतवाली की नई थाना प्रभारी ममता अली नियुक्त की गई है। वे विजय यादव का स्थान लेंगी जिन्हें अब सुपेला थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

पद्मनाभपुर थाना प्रभारी केशवराम कोसले को थाना प्रभारी मोहन नगर बनाया गया है। राजकुमार लहरे पद्मनाभपुर के थाना प्रभारी बनाये गये है। मोहन नगर के थाना प्रभारी शिव चंद्रा को अब जामगांव आर का थाना प्रभारी बनाया गया है। आज हुए परिवर्तन में 9 थाना प्रभारी, 2 चौकी प्रभारी 9 निरीक्षक, 5 उपनिरीक्षक, 3 सहायक उपनिरीक्षक एक सहायक प्रधान आरक्षक का स्थानांतरण किया गया है।

पूरी तबादला सूची इस प्रकार है :

**ममता अली दुर्ग कोतवाली, केशव कोसले मोहन नगर, राजकुमार लहरे पद्मनाभपुर थाना प्रभारी बनें**

निरीक्षक ममता अली थाना प्रभारी अमलेश्वर से थाना प्रभारी कोतवाली दुर्ग, निरीक्षक राजकुमार लहरे थाना प्रभारी जामगांव आर से थाना प्रभारी पद्मनाभपुर, निरीक्षक विजय यादव थाना प्रभारी कोतवाली दुर्ग से थाना प्रभारी सुपेला, निरीक्षक प्रकाश कांत थाना प्रभारी रानीतराई से चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा, निरीक्षक शिव चंद्रा थाना प्रभारी मोहन नगर से थाना प्रभारी जामगांव आर, निरीक्षक भानुप्रताप साव रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी अंडा, निरीक्षक केशव राम कोसले थाना प्रभारी पद्मनाभपुर से थाना प्रभारी मोहन नगर, निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी सुपेला से थाना प्रभारी जामुल, निरीक्षक रमेश निषाद रक्षित केन्द्र दुर्ग से यातयात, उपनिरीक्षक रामनारायण ध्रुव चौकी प्रभारी अंजोरा से थाना प्रभारी अमलेश्वर, उपनिरीक्षक खगेन्द्र पठारे थाना नेवई से चौकी प्रभारी अंजोरा, उपनिरीक्षक सुकालू राम नरेटी जिला विशेष शाखा दुर्ग से थाना मोहन नगर, उपनिरीक्षक महेश्वर लाल देवांगन जिला विशेष शाखा दुर्ग से थाना नेवई, उपनिरीक्षक पुरूषोत्तम कुर्रे चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा से थाना प्रभारी रानीतराई, सहा.उपनिरीक्षक संतोष मिश्रा रक्षित केन्द्र दुर्ग से थाना सुपेला, सहा.उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार थाना उतई से रक्षित केन्द्र दुर्ग, सहा.उप.निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह रक्षित केन्द्र दुर्ग से यातायात, प्रआर क्रं. 659 ज्ञानेश्वर देवांगन रक्षित केन्द्र दुर्ग से थाना रानीतराई।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर भव्य शोभायात्रा

## राजपूत समाज सहित विधायक गजेन्द्र-ललित, महापौर हुए शामिल



**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ द्वारा वीर महाराणा प्रताप की जयंती संस्था कार्यालय अग्रसेन चौक में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे जोश खरोश के साथ महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराणा प्रताप के तैल्यचित्र को एक सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया था। इसके अलावा अन्य झाकियां, घोड़े.बग्गी, धुमाल व शौर्य प्रदर्शन शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहे। ग्रीन चौक से यह शोभायात्रा अग्रसेन चौक, हरनाबांधा, पोलसायपारा, फरिश्ता कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, पटेल चौक पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा रास्तेभर जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जय महाराणा व जय राजपूताना के जयकारे गुंजायमान रहे। शोभायात्रा में जोरदार माहौल बना। इसके पहले मंचीय कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस अवसर पर राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरुप सिंह परिहार, संरक्षक गोपाल सिंह पवार, अजय सिंह, शिवेन्द्र परिहार, क्षत्रिय कल्याण महासभा भिलाई अध्यक्ष अजीत सिंह, राजपूत महासभा रहटादह उपसमिति जवाहर नगर अध्यक्ष हरनारायण सिंह, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद नीलम सिंह, मनीषा सोनी, पूर्व एल्डरमेन रीता सिंह मंचासीन रहे। स्वागत भाषण में राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरुप सिंह परिहार ने संस्था के कार्यों व गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने अपने साथ दलितों, भीलों और वंचितों को रखा और उन सैनिकों के दम पर अकबर की मुगल सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए थे।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से योद्धा रहा है। महाराणा प्रताप ऐसे राजा थ, जिन्होने अपनी वीरता से अकबर के पसीने छुड़ा दिए थे। महापौर अलका बाघमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज को उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वजातीय बंधुओं का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरुप सिंह परिहार, रामनिवास सिंह, नरसिंह ठाकुर, शिवभान सिंह भदोरिया, कमलेश सिंह, प्रांजल सिंह, अरविंद सिंह, हनी सिंह, करणी सेना अध्यक्ष अभिषेक सिंह, आयुष सिंह, अनिकेत ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पटेल और राजेन्द्र पार्क चौक पर बनाई गई अस्थाई लेफ्ट टर्न व्यवस्था



■ यातायात पुलिस ने निगम को स्थायी व्यवस्था हेतु लिखा पत्र

**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सडक के चार प्रमुख बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है जिसमें सडको एवं चौक चौराहो की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडकों से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना एवं सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाह चालको पर सख्त कार्यवाही किया जा रहा है।

आज यातायात जोन दुर्ग प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर दुर्ग के पटेल चौक एवं राजेन्द्र पार्क चौक में स्टॉपर एवं मोजो की सहायता से चौक में बाये ओर जाने वाले वाहन चालको के लिए अस्थाई रूप से लेफ्ट टर्न फ्री बनाया गया ताकि चौक में बायें ओर जाने वाले वाहन आसानी से वाहन मोडकर अपने रास्ते जा सके और चौक चौराहे पर अनावश्यक खड़ा न होना पडे जिससे चौक पर जाम की स्थिति में भी कमी आयेगी और एक सुगम यातायात व्यवस्था का निर्माण होगा।

यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा आगामी दिनो में नेशनल हाईवे के भी चौक चौराहो में अस्थाई लेफ्ट टर्न फ्री बनाया जायेगा और इस विषय पर सभी नगर निगम से स्थाई लेफ्ट टर्न फ्री बनाने की चर्चा कर सभी को पत्राचार किया गया है।

# इंदिरा मार्केट के अतिक्रमण से प्रभावित व्यवसाइयों को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। इंदिरा मार्केट में चलाये गये अतिक्रमण हटाओं अभियान से प्रभावित व्यवसाइयों को हाईकोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली है। नगर निगम के अधीकृत सूत्रों ने बताया कि अतिक्रमण अभियान से प्रभावित 58 व्यवसाइयों ने अपने व्यवस्थापन की मांग को लेकर हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। न्यायालय ने सुनवाई के बाद इन व्यवसाइयों को प्रतिवादी प्राधिकारियों के समक्ष जाने की सलाह दी है। इसके साथ ही न्यायालय ने संबंधित विभाग को भी निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर कानून के अनुसार व्यवसायिक तरीके से निराकरण करें।

उल्लेखनीय है कि 2018 में तत्कालीन सीएसपी भोजराम पटेल के कार्यकाल में उक्त इंदिरा मार्केट के कपड़ा, जूता चप्पल दूकानदारों के अतिक्रमण हटाये गये थे। इस पर इन दूकानदारों ने हाईकोर्ट बिलासपुर में रिट याचिका दायर की थी। इस पर न्यायालय के ही आदेश पर नगर निगम ने इन व्यवसाइयों को शीतला सुपर मार्केट के पास जमीन आबंटित की गई थी जहां जाने से इन व्यापारियों ने इंकार कर दिया था और वापस अपनी पुरानी जगह पर आकर व्यवसाय करने लगे थे। इंदिरा मार्केट, मोती काम्पलेक्स के पास फिर से अतिक्रमण हो जाने से यहां पर आवागमन पार्किंग की व्यवस्था ठप्प पड़ गई थी।

नगर निगम सूत्रों के अनुसार उक्त बाजार क्षेत्र में फिर से समस्याएं बढ़ जाने के कारण जनशिकायतें लगातार आने लगी थीं। लगातार शिकायतें मिलने पर महापौर और जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस बल एवं नगर निगम की टीम द्वारा संयुक्त रूप से 2 से 4 मई तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सारे अतिक्रमण हटाकर जगह साफ की गई। प्रशासन ने नगर निगम को निर्देश दिया है कि रिक्त कराई गई जगह पर पुन: अतिक्रमण नहीं होने चाहिए।

प्रशासन के निर्देश पर ही नगर निगम द्वारा निगरानी समिति गठित कर दी गई है। यह समिति समय समय पर महापौर अलका बाघमार व कमीश्नर सुमित अग्रवाल को अपनी रिपोर्ट देगें। हाईकोर्ट में नगर निगम दुर्ग की ओर से अधिवक्ता धीरज वानखेड़े द्वारा पैरवी की गई थी।

# दीपिका (श्रेया) का प्रदेश की वूमेंस टीम में चयन



**डोंगरगढ़,** 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 15 वूमेंस क्रिकेट के चयन ट्रायल में धर्मनगरी शहर की दीपिका वर्मा का चयन किया गया है! दीपिका वर्मा डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी में पिछले 03 वर्ष से प्रशिक्षण ले रही हैं और आठवीं कक्षा की छात्रा हैं, रायपुर से आए चयनकरता द्वारा उनकी ऑफ स्पिन बॉलिंग और फील्डिंग को देखते हुए उनका चयन छत्तीसगढ़ की 37 संभावितों खिलाड़ियों में किया गया है! अब इन 37 खिलाड़ियों का रायपुर में प्रशिक्षण लगाया जाएगा! दीपिका वर्मा डोंगरगढ़ की पहली वूमेनस क्रिकेटर हैं जिनका चयन छत्तीसगढ़ की संभावितों में हुआ है गौरवबल है कि राजनांदगांव जिले से दो खिलाड़ियों का चयन प्रदेश की टीम के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# एसओसी समिति ओरिएंटेशन कोर्स का समापन



**डोंगरगढ़,** 10 मई (देशबन्धु)। एसओसी समिति ओरिएंटेशन कोर्स सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण मे राजनांदगांव अंचल के अंचल समिति एवं 12 संचों के समितियों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रात: 11:00 बजे से सायं 4 बजे तक कुल 2 सत्र हुए।

एसओसी के मुख्य प्रशिक्षक अमरलालवानी जी संभाग कार्यालय प्रभारी छ: गढ़ रवि सिन्हा संभाग शिक्षा समिति सदस्य राजनादगांव अंचल प्रभारी सहयोगी प्रशिक्षक प्रीतम कुलदीप अंचल समिति अध्यक्ष विनित यादव विश्वनाथ यादव संरक्षक जागेश्वर निषाद प्रा. शिक्षा समिति अध्यक्ष प्रकाश यादव जैन मेश्राम रवि यादव राजेश दम्मानी एवं समस्त 12 संच के समिति उपस्थित रहे। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर गायत्री मंत्र हनुमान चालीसा के साथ किया गया। तत्पश्चात ग्राम संगठन कार्यकारणी बिषय प्रारंभ किया गया। संच अंचल,स्तर तक के मासिक बैठकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

अंचल समिति कोषाध्यक्ष जागेश्वर निषाद ने स्हृष्ट प्रशिक्षण भूमिका रखी गई। अंचल अध्यक्ष श्री विनित यादव जी स्हृष्ट प्रशिक्षण में उपस्थित समितियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण में 12 संचो से 36 संच समिति एवं 10 अंचल समिति तथा 21 सेवाव्रती कुल 67लोगों की उपस्थिति में यह प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

# डॉ. पूजा को साहज योग ध्यान पर पीएचडी की उपाधि

**धमधा,** 10 मई (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 7 निवासी पूजा सोनकर को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी पीएच.डी. अधिसूचना के अनुसार, 'Impact of Sahaja Yoga Meditation on Selected Psychological Variable and Ventilatory Functions in Relation to Different Age Group' विषय पर सफल शोध के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध कार्य शारीरिक शिक्षा संकाय के अंतर्गत, प्रो. (डॉ.) राजीव चौधरी, शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

डॉ. पूजा का यह शोध च्साहज योग ध्यानज के मनोवैज्ञानिक एवं श्वसन कार्यों पर प्रभाव तथा विभिन्न आयु वर्गों में इसके तुलनात्मक प्रभावों पर केंद्रित था, जो कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से संबंधित शोधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉक्टर पूजा ग्राम मेड़ेसरा (मूल निवासी रवेली) श्री चिंता राम सोनकर की सुपुत्री और धमधा निवासी श्री वेदप्रकाश माली की धर्म पत्नी है तथा अभी वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय चारामा जिला उ ब कांकेर में स्पोर्ट ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। इस शोध के सफल संपादन एवं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जेल प्रशासन ने सीताराम व दिलीप ठाकुर का किया सम्मान



**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। केन्द्रीय जेल प्रशासन द्वारा शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ओम सत्याम शिक्षण समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर एवं सचिव दिलीप ठाकुर का सम्मान किया गया। इनका सम्मान जेल सहअधीक्षक डॉ. अशोक साव ने किया। कार्यक्रम में हेड का गणपत भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सीताराम ठाकुर एवं दिलीप ठाकुर केन्द्रीय जेल में काफी समय से शिक्षा व चिकित्सा संबंधी सेवाएं दे रहे है। ये लोग जेल में चिकित्सा सेवा के अंतर्गत मनोरोग, दंत रोग, नेत्र रोग, संबंधित सेवाएं देने के अलावा आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्य कर रहे है।

# एक वर्ष बाद भी भवनों का नियमितीकरण नहीं डेढ़ हजार आवेदन लंबित

**दुर्ग,** 10 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत भवनों के नियमितीकरण का मामला विगत एक वर्ष से रूका पड़ा है। इस बीच लगभग डेढ़ हजार आवेदन जिला प्रशासन के पास लंबित पड़े है। इसे लेकर नगर निगम दुर्ग के कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले के नेतृत्व में कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौंपा तथा नियमितीकरण के लिये लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए निराकरण की मांग की है।

**कांग्रेस ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन**

इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में ऐसे भवनों के नियमितीकरण की योजना तैयार की थी जिनका निर्माण के समय किन्ही कारणों से नियमितीकरण नहीं हो पाया था। भवनों में नगर निगम की अनुमति के बगैर बना लिये गये मकान, मकानों में बगैर अनुमति किये गये फेरबदल या रिहायशी मकानों का व्यवसायिक उपयोग करने के निर्देश दिये गये थे। इसके आधार पर शहरवासियों ने अपने अपने भवनों के नियमितीकरण के लिये शासन को आवेदन किये थे। श्री कोहिले ने बताया कि विगत 1 वर्ष से लगभग 15 सौ आवेदन पेंडिंग पड़े है, जिनका अब तक कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है।

# राजनादगांव-खैरागढ़ रोड चौड़ीकरण की स्वीकृति

**राजनांदगांव,** 10 मई (देशबन्धु)। राजनांदगांव से खैरागढ़ रोड के 34.4 किलोमीटर तक के चौड़ीकरण का कार्य सीआरएफ फंड के स्वीकृत होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से राज्य शासन से स्वीकृति मिलने पर अब इस रोड के चौड़ीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

■ डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से मिली स्वीकृति

विदित हो कि लंबे समय से इस मार्ग में विभिन्न उद्योग एवं व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ खैरागढ़ कवर्धा के आवागमन में तेजी आने से लगातार दुर्घटना होने के कारण लंबे समय से नागरिकों ने रोड चौड़ीकरण की मांग प्रस्तावित थी, क्योंकि इस मार्ग में 5.5 मीटर ही सिंगल रोड का निर्माण है, जिसे बढ़ाकर अब 10 मीटर कर दिया गया है। लंबे समय से नागरिकों की मांग पर इस बजट में भी शामिल करवा कर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने राज्य शासन से स्वीकृति दिलाई, जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# सांसद संतोष पांडे ने भानेश्वरी देवी का किया दर्शन



**राजनांदगांव,** 10 मई (देशबन्धु)। ग्राम सिंघोला में प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी देवी जयंती महोत्सव आयोजित में लोकप्रिय सांसद श्री संतोष पांडेय जी ने मां भानेश्वरी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां भानेश्वरी का चमत्कार, त्याग और तपस्या का किस्सा चारों तरफ प्रचलित है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित किया। आज समाज को माता का आशीर्वाद मिल रहा है। साथ मे युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, वक्रतुंड साहू डोमेश्वर साहू, पाशपाल साहू, जितेंद्र कुमार , अभिजीत साहू सहित युवा मोर्चा के साथी रहे।

# हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को कुम्हारी पुलिस ने किया गिरफ्तार




**कुम्हारी,** 10 मई (देशबन्धु)। हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी अजय यादव पिता दशरथ यादव (उम्र 34 साल) सा. ग्राम कुगदा भरतनगर वार्ड 20 द्वारा अपने जीजा कांता यादव को डंडा लाठी एव लोहे के सब्बल से मारपीट कर हत्या करने का प्रयास किया गया है। कांता यादव अचैत होकर नीचे जमीन पर गिर गया जिसे अभियुक्त द्वारा मरा हुआ समझ कर जमीन में घसीटते हुए रेल्वे लाईन मैदान में फेक दिया। अभियुक्त के द्वारा अपराध धारा का घटित करना सबूत पाये जाने पर शुक्रवार दिनांक 10/05/2025 के 2 बजे प्रार्थी ललित सेन पिता तुलसी राम सेन उम्र 56 साल सा भरतनगर कुगदा की शिकायत पर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर बी एन एस की धारा 109 के तहत कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जे आर कुर्रे, सउनि सुभाष बोरकर, आरक्षक क्र. 777 पंकज पटेल, आर. 165 विकाश शेंडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्काउट-गाइड ने राहगीरों की सेवा

**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तहत स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से एक माह तक शीतल जल से राहगीरों की सेवा की गई। प्रतिदिन एक अच्छा कार्य करना हैष् इस ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए बीएसपी शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने सभी राहगीरों को शीतल जल पिला कर उनकी थकान दूर की। ज्ञातव्य है कि भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में जारी प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से अनेक तरीकों से प्रेरित किया जा रहा है। उसी तारतम्य मे श्रीमती शिखा दुबे जिला मुख्य आयुक्त स्काउट.गाइड ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आज जो सद्गुण हम जीवन में सीख रहे है उसे भविष्य में अपने कर्मक्षेत्र में कुशलतापूर्वक उतारकर कर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए स्काउट गाइड को जीवन निर्माण की पाठशाला निरूपित किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट विजय सिंह पवार, सरिता शाक्य जिला सचिव, शिक्षा विभाग से विभा रानी कटिहार, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आर.के. गुप्ता आदि अधिकारी उपस्थित थे। स्काउट गाइड सत्यनारायण साहू, डी.ओ.सी.स्काउट कीर्तिलता देशमुख डी.ओ.सी.गाइड मीनाक्षी अय्यर. वंदना सोनवाने. एस. के साहू, पवन अग्रवाल वरिष्ठ व्याख्याता, डी.के. साहू, वरिष्ठ व्याख्याता भिलाई विद्यालय से रजनी रजक सहित अन्य लोग विद्यार्थी व पालक शामिल हुए।

# 589 दस्तावेजों की जांच, 154 के लिए फिंगर प्रिंट



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। आज शनिवार को को प्रात: थाना छावनी के शारदा पारा, खुर्सीपार के के.एल.सी एवं जोन-3 में किराए से निवास करने वाले व्यक्तियों एवं बिना सूचना के रह रहे लोगो की जानकारी के लिये शारदा पारा छावनी में सत्य प्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के नेतृत्व में लगभग 200 व्यक्तियों की इनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जिसमें पश्चिम बंगाल, किशनगंज बिहार, झारखण्ड से आकर लोग किराए का मकान लेकर रहना पाया गया। जांच के उपरांत 70व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए। के.एल.सी. खुर्सीपार में हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी एवं जोन-3 खुर्सीपार में हेम प्रकाश नायक उप अधीक्षक के नेतृत्व में 389 नागरिकों की, इनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गयी। जांच के उपरांत 74 व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए। बाहरी अपराधिक प्रवृत्ति के लोग एवं अवैध अप्रवासी नागरिक जो अपनी पहचान छिपाकर किराए का मकान लेकर निवास कर रहे हैं तथा औद्योगिक इकाईयों, भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों की पहचान हेतु इनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र आदि चेक किए गए। कॉस वेरिफिकेशन किया गया। पुलिस द्वारा आज शनिवार को कुल 589 व्यक्तियों की जांच कर 144 व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए। पुलिस आम नागरिकों से अपील की है कि उनके यहां जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं। किराएदार फार्म नजदीकी थाना, चौकी से प्राप्त कर किराएदार का पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों आधार काड, वोटर आईडी, पहचान पत्र राशनकार्ड के साथ संबंधित थाना, चौकी में अनिवार्य रूप से जमा करें । जानकारी नहीं दिए जाने की स्थिति में एवं किराएदार की किसी भी मामलें में संलिप्तता पाए जाने पर किराएदार के साथ साथ मकान मालिक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो एक दिन पूर्व ही वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक विजय अग्रवाल ने इस मामले का फरमान पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर किया था। जिस पर आज अमल हो रहा है।

## छावनी पुलिस ने महिला को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। छावनी पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि होण्डा शोरूम के पीछे एवेन्यु रोड पावर हाऊस भिलाई के पास एक महिला नीले रंग का एक्टीवा सीजी-07 सीएच 2876 में गांजा रखकर बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है। इस सूचना पर उक्त स्थान पर पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर दबिश देकर महिला को पकड़ा गयाए नाम पता पूछने पर अपना नाम अकुला कैनाल रोड परसुराम चौक के पास छावनी में रहना बतायी। जिसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 1.200 कि.ग्रा. कीमती लगभग 10,000 रूपये एवं एक्टीवा सीजी 07 सीएच 2876 विधिवत बरामद किया गया। आरोपिया के विरुद्ध थाना छावनी में अपराध क्रमांक 207/25 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नवी मोनिका पाण्डेय, थाना प्रभारी छावनी, सउनि विनय कुमार रजक, प्रधान आरक्षक उमेश गंगराले, आरक्षक नितिन सिंह, तालेन्द्र चन्द्राकर की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## उतई में हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी



भिलाईनगर, 10 मई (देशबन्धु)। उतई थाना क्षेत्र म बाइक गलत तरीके से चलाने की बात पर हुए विवाद इतना बढ़ गया कि उक्त युवक की हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने महिला, उसके पति व दोनों देवर को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छाटा निवासी शांति खुटियारे ने शिकायत में बताया कि 8 मई की रात 8.30 बजे उसका बेटा हरकिशन बस्ती तरफ से अपनी मोटर सायकल से घर की तरफ आ रहा था। पडोस में रहने वाली नुपुर अपने बच्चे तथा पति व दोनों देवर के साथ सड़क पर बैठी थी। हरकिशन उसके बगल से मोटर सायकल चलाते हुए निकला तो नुपुर घटे उसे बोली कि गाडी चलाने को लेकर विवाद हो गया। इतने में नुपूर का पति शंकर, शंकर भाई प्रदीप और ज्ञानेश्वर भी आ गये। प्रदीप स्टील का पाइप तथा शंकर और ज्ञानेश्वर हांथ में डंडा से हरकिशन को घर के पास मारपीट करने लगे। पिटाई से सड़क किनारे बनी पक्की नाली गिर गया। जिससे हरिशंकर बेहोश गया तो चारों वहां से चले गए। इसके बाद उसकी मां उसे लेकर घर गई और उसे पलंग पर लिटा दिया। रात में जब खाना खाने हरकिशन को उठाया तो वह उठा नहीं। इसके बाद उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उतई पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 105 (3) (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। चारों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई विपिन रंगारी, उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक महेश देवांगन, आरक्षक धुव नारायण चंद्रकार, राजीव दुबे, दुष्यंत लहरे, हुलेश्वर साहू, मुकेश यादव, दिलीप सिदार, लक्ष्मी नारायण, शिखर भट्ट, पूजा सोनकर, बिंदु भाले की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## भारतीय सेना के सम्मान में आज कलाकार बनाएंगे पेटिंग



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना के सम्मान में रविवार 11 मई को शाम 6 से 7 बजे सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में भिलाइ, दुर्ग, खैरागढ़ के कलाकार पेन्टिंग बनाएंगे तथा तिरंगा लहराकर देशभक्ति के नारे लगाएंगे। ज्ञात हो कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हरकत का जवाब देने के लिए भारत ने पाकिस्तान में संचालित आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर दिया है। जिससे देश में युद्ध की स्थिति बनी हुई है ऐसे में सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए कलाकार 100 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण करेंगे। जिसमें सेना के शूरवीरो के पराक्रम को प्रदर्शित किया जाएगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकार शिरकत करके सेना की शौर्यगाथा को अपनी तूलिका से प्रदर्शित करेंगे। ललित कला अकादमी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने कलाकारों तथा आम जनता से अपील की है कि कलर. ब्रश. क्रेयान इत्यादि कलर सामग्री और एक तिरंगा झंडा लेकर आने का कष्ट करेंगे।

## लोगों को भटकना न पड़े इसलिए सुशासन तिहार



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। सुविधाओं और समस्याओं को लेकर नागरिकों को भटकना न पड़े इसलिए प्रदेश सरकार सुशासन तिहार शिविर का आयोजन निकाय स्तर पर कर रही है। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर वार्ड 18 रिसाली के सुशासन शिविर में कही। उन्होंने शिविर में न केवल कुपोषित बच्चों के लिए किट का वितरण किया। बल्कि नए राशन कार्ड भी हितग्राहियों को सौंपा। उन्होनें कहा कि आमतौर पर समस्या और मांग के निराकरण के लिए नागरिकों को कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम जनता को उनके वार्ड में ही रहते समस्याओं का निराकरण हो ऐसी व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने पहले शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर शैलेन्द्र साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, चन्द्र प्रकाश सिंह, रेखा देवी, सोनिया देवांगन, चन्द्रभान ठाकुर, विनय नेताम, राजू जंघेल उपस्थित थे। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह, तहसीलदार प्रफूल्ल गुप्ता मौजूद रहे। विधायक ने चित्रांश यादव, कृतिका साहू, चैतन्य व रिया साहू को सुपोषण किट भेंट किया। वहीं आयुक्त व महिला पार्षदों ने विधायक की उपस्थिति में चमेली, गोरे, आरती साहू, खुशबू निषाद, शिवानी चंद्राकर की गोद भराई की। प्रथम चरण में 9 वार्डो के लिए शिविर में कुल 588 आवेदन आए। इसमें 23 शिकायत वाले आवेदन है। वहीं 565 आवेदन मांग से संबंधित है।

## पावर हाउस रिजर्वेशन काउंटर बढ़ाने की कांग्रेसियों ने की मांग

**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग प्रदेश उपध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने बताया कि भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में पूर्व में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए तीन रिजर्वेशन काउंटर से टिकट दिया जाता था परंतु डिजिटलसेवा के नाम पर 15 मार्च से दो रिजर्वेशन काउंटर को बंद कर दिया गया जिसके कारण यात्रियों में लंबी लाईन लगी रहती है और टिकट के लाइनों में विवाद होते देखा जा सकता है क्योंकि तत्काल टिकट भी उसी काउंटर में मिलता है। एक ओर प्रधानमंत्री के द्वारा भारत के सभी रेलवे स्टेशनों को सर्व सुविधायुक्त बनाया जा रहा है और दूसरी ओर स्टेशन मे पूर्व से प्रारंभ सुविधा को बंद किया जा रहा है। उक्त सबंध में प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेलवे मंत्री तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और दुर्ग के सांसद से उक्त सुविधा को बहाल करने की मांग की गई है। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी, राजेश प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी आदि ने भी भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन के दो काउंटर नंबर 5 एवं 6 नंबर के रिजर्वेशन काउंटर को रेलवे द्वारा बंद किए जाने का कड़ा विरोध किया है। जिसकी जांच प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेल मंत्री तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं दुर्ग के सांसद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर जांच की मांग की है। इसी तरह भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में एक ही गेट का निर्माण किया गया है जिससे आने.जाने में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री तथा रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को कई बार पत्र भेज कर तुरंत रेलवे के अधिकारी सुरक्षा संबंधी एक ही कारण को बार.बार बताकर अन्य गेट निर्माण के लिए मना कर दिया गया है। राजेंद्र ताम्रकार तथा अन्य कांग्रेसी नेताओं ने रेलवे प्रशासन से पावर हाउस रेलवे स्टेशन में रिजर्वेशन काउन्टर बढ़ाने की मांग की है।

## कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार विधायक द्वारा वितरित



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें वार्ड क्षेत्र के नागरिक आवेदन किए गए थे, उसका निराकरण किया गया। निराकृत आवेदन के बारे में संबंधित आवेदकों को बताया गया। उनके द्वारा दी गई शिकायत का जो निराकरण किया गया ओर मांग के अनुसार उसका समाधान किया गया। इसी तारतम्य में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा 9 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किया गया। इसके साथ ही आठ कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार किट प्रदान किया गया। विधायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास है कि कोई भी बच्चा कुपोषित ना रहे। गर्भवती महिलाओं को बराबर आहार मिले। जिससे मां स्वस्थ रहे, आने वाले बच्चे भी स्वस्थ रहें। नेहरू नगर जोन में कुल 15 वार्डों में से 751 मांग 546 प्राप्त हुई थी। जिसमें से 522 का निराकरण कर दिया गया। शिकायत 205 मिले थे उसमें से 189 का निराकरण कर दिया गया है। शेष का प्राक्कलन बनाकर के प्रक्रिया में ला दिया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं संबंधित शिकायतों का जो निराकरण हुआ है उसका औचक निरीक्षण जोन आयुक्त एवं संबंधित अधिकारी को लेकर कर रहे हैं। संबंधित शिकायतकर्ता से जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं, कि उनके समस्या का निराकरण हुआ कि नहीं, उन्हें कोई शिकायत तो नहीं है। शिविर के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी अपने दल के साथ उपस्थित रहे। आगामी सुशासन तिहार समाधान शिविर जोन 2 शिविर स्थल 13 मई को नव निर्मित लोकांगन परिसर वैशाली नगर में लगाया जायेगा। जिसमें सम्मिलित वार्ड 14 शांति नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर, वार्ड 16 सुपेला, वार्ड 19 राजीव नगर, वार्ड 20 वैशाली नगर, वार्ड 27 शास्त्री नगर, वार्ड 28 प्रेमनगर, वार्ड 29 वृंदानगर है। नागरिक शिविर स्थल पर निर्धारित तिथि एवं समय पर जाकर अपने मांग एवं शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर के सहायक नोडल अधिकारी जोन आयुक्त येशा लहरे, प्रभारी अधिकारी सहायक अभियंता श्वेता वर्मा एवं उपअभियंता अर्पित बंजारे होगें। 17 मई को हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड सामुदायिक भवन में लगाया जायेगा। जिसमें सम्मिलित वार्ड 21 कैलाश नगर, वार्ड 22 कुरूद बस्ती, वार्ड 23 घासीदास नगर, वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 25 जवाहर नगर है। इसके प्रभारी अधिकारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को कार्य सौंपा गया है। जिसका समय सुबह 10 से शाम 5 तक होगा। वहां पर पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को बताया जाएगा। सभी विभाग के अधिकारी अपने विभाग के साथ वहां पर उपस्थित रहेंगे। नए आवेदन भी लिए जाएंगे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का पंजीयन प्रारंभ




**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 15 मइ स 5 जून तक स्कूली बच्चों हेतु भव्य और विशाल ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर के लिये सभी संबंधित स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन किया जा रहा है 14 मई तक किया जायेगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर जयंती स्टेडियम एवं आईटीआइ खुर्सीपार में, बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इन्डोर स्टेडियमए इंदिरा प्लेस में, बॉल बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर.4 में, बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बास्केटबॉल कोर्ट पंत स्टेडियम सेक्टर.1 में तथा बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर-2 इस्पात क्लब, सेक्टर.8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर.1 इस्पात क्लब एवं दिव्यांग खेल परिसर। शतरंज प्रशिक्षण शिविर भिलाई विद्यालयए सेक्टर.2 के हॉल में, क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर.1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंडए इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का पंत स्टेडियम रिसाली ग्राउंड एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैंण्डबॉल प्रशिक्षण शिविर ईएमएमएसए सेक्टर-10 एवं हैंडबॉल ग्राउण्ड सेक्टर-4 में, हॉकी प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम, जूडो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर.4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर सेक्टर.6 पावर जिम में, कबड्डी प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार मेंए टेनिस प्रशिक्षण शिविर बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्सए सिविक सेंटर में किया जाना प्रस्तावित है। वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम, इस्पात क्लब खुर्सीपारए हुडको एवं सेक्टर-5 में, योगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसएसएस सेक्टर-10 में, सायकल पोलो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसएसएसए सेक्टर-7 में, कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर-5 इस्पात क्लब, इस्पात क्लब मरोदा, सेक्टर-1 इस्पात क्लब, जिमनास्टिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल परिसर, सेक्टर-4 में, खो-खो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-4 खेल परिसर एवं खुर्सीपार में, नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भिलाई विद्यालयए सेक्टर-2 में तथा कुश्ती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बीएसपी अखाड़ा, सेक्टर-3 में किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर 2025 से सम्बंधित अधिक जानकारी हेतु क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के अभिजित भौमिक, डेनिस क्रिस्टी, अनिरुद्ध, प्रवीण उपाध्याय, प्रोतीन घोष तथा ख्वाजा अहमद से संपर्क कर सकते है। वर्ष 1977 से भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर बच्चों की प्रतिभा और कौशल को विकसित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है तथा बच्चों के समग्र विकास के साथ ही सामाजिकए शारीरिकए मानसिक और भावनात्मक विकास में भी सहायक होता है। प्रतिवर्ष 2500 से अधिक बच्चें शिविर में सक्रिय रूप से भाग लेकर रचनात्मक और खुशनुमा वातावरण में खेलों की बारीकियां को सीखकर अपने कौशल का प्रदर्शन करते है।

## नाली पर बने अतिक्रमण को हटाया गया



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार में दर्ज शिकायतों की जिलाधीश अभिजीत सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त के निर्देश पर निगम भिलाई द्वारा शिकायतो के निराकरण कि दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहा है। राजस्व अमला नाली, नाला, निगम व शासकीय भूमि के अवैध कब्जे, स्वास्थ अमला स्वच्छता, साफ-सफाई सहित अन्य आवेदन का निराकरण किया जा रहा है। आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर खुर्सीपार में सिवरेज लाईन के प्रभावितो को निगम अधिकारियों के द्वारा नोटिस वितरण किया जा रहा है। प्रभावित व्यक्तियों द्वारा सीवरेज लाइन निर्माण हेतु स्वेच्छा पूर्वक सहयोग किया जा रहा है। इस पर आयुक्त द्वारा प्रशंसा की गई। वही केनाल रोड के निर्माण का सर्वेक्षण कार्य जोन दो एवं तीन की टीम लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक, पटवारी के साथ प्रभावित भवन का नपाई तथा सूची बद्ध करने कार्य प्रारंभ हो चुका है। सुशासन तिहार अन्तर्गत वार्ड 29 वृंदानगर एवं शांति नगर वार्ड 15 में सडक 6 बी 6 सी के बीच मकानो के पीछे से गुजर रही नाली पर अवैध कब्जा कर जगह जगह गेट लगा कर बंद किया गया था। जिससे कर्मियो को सफाई मे परेशानी हो रही थी। आयुक्त श्री पाण्डेय अपने प्रात: भ्रमण के दौरान उक्त शिकायत का स्थल अवलोकन कर जोन आयुक्त येशा लहरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को समय सीमा में नियमानुसार कार्यवाही कर निराकृत करने को कहा था। गुरूवार को जोन का राजस्व विभाग रवि भावते के मकान के मुख्य गेट का पिल्लर जो नाली में खडा किया था उसे जे.सी.बी.से गेट सहित उखाडा कर नाली में लम्बी दुरी तक लगे पाँच गेट को भी तोडा गया। इसी प्रकार वृंदावन नगर में नाले के किनारे शासकीय भूमि पर तार, बाँस,बल्ली, लोहा गेट लगा कर किये गये अवैध कब्जे को बेदखल किया गया। इस दौरान शरद दुबे, हरिओम गुप्ता, हरि ताम्रकार, कृष्ण कुमार सुपैत, समीर अहमद, कार्तिक, प्रतीक तिवारी, मंगल कुर्रे, राजेंद्र सिंह खेमू सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष ईश्वर ने सुशासन तिहार शिविर की ली जानकारी



**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का शुभारंभ नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार का वितरण कर किया गया। जिसमें पार्षद दीपक गुप्ता संजय देशलहरे, रामप्यारी वर्मा उपस्थित थें। जामुल के वार्ड-9 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड-5, 7, 9, 10 के आवेदको द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास हेतु 9 आवेदन, विद्युतविभाग के लिए 6 आवेदन, राजस्व विभाग हेतु 15 एवं खाद्य विभाग से संबंधित 6 आवेदन, नगर पालिका जामुल से संबंधित पर 36 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सफाई कार्यो का समाधान तत्काल किया गया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी महेश राजपुत, तहसीलदार पवन ठाकुर, सीएमओ सीमा बक्शी उपस्थित थें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 38 लोगो का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया, आयुष विभाग द्वारा 67 लोगो को दवाई वितरण के साथ 7 हितग्राहियों का आधार अपडेट भी किया गया।

## युवक से चैन खीचकर फरार

**भिलाईनगर,** 10 मई (देशबन्धु)। खुर्सीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल सुबह दुकान जा रहे व्यवसाय को चाकू दिखाकर गले से चेन खींचकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर से खुर्सीपार पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। खुर्सीपार पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रार्थी ए. मीना 35 वर्ष के निवासी खुर्सीपार मे सुबह 5 बजे दुकान जा रहे थे । सडक नं-54 के चौक के किनारे बाइक सवार 2 लडके आये और चाकू दिखकर कर गले मे लोगा सोने का चेन खिंचकर ले गया। सोने की चेन खींचन गमछा चेहरे मे बंधा हुआ था। मोटर साईकल में थे। प्रार्थीया ए.मीना की रिपोर्ट पर से आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (1)बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**पीएमश्री सेजेस कसडोल में 15 को होगी प्रवेश प्रक्रिया**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 10 मई। पीएम श्री सेजेस गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी कसडोल में प्रवेश प्रकिया लॉटरी से 15 मई सुबह 10 बजे से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी कसडोल व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदगण, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पालकगण, आम नागरिकगण एवं मीडिया अध्यक्ष एवं सदस्य की उपस्थिति में विद्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न होगा।



# बालोद पुलिस आखिर क्या लेकर गई राजनांदगांव से

**राजनांदगांव,** 10 मई (देशबन्धु)। सोने-चांदी के जेवरात की चोरी करने और उन्हें गलाकर बेचने वाले गिरोह को बालोद में पकड़ने की खबर से राजनांदगांव में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। जानकारी के मुताबिक इस जेवर चोरी के मामले में दो चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गए, जिनमें से एक राजनांदगांव के स्टेशन पारा और दूसरा नेवाई क्षेत्र का रहने वाला है। इस मामले में राजनांदगांव के ग्राम सिंघोला के एक सर्राफा व्यापारी पर भी चोरी के जेवर गलाकर बाजार के बेचने का आरोप है। इस व्यापारी को जब पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने में बुलाया तो व्यापारी के पीछे पीछे सर्राफा बाजार के कई व्यापरियों का हुजूम लग गया। सर्राफा बाजार ले व्यापरियों का कहना था कि चोरी के जेवर को गलाकर बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई न की जाए। इस घटना से यह भी अंदेशा लगाया जा रहा है कि सर्राफा बाजार का सभी व्यापारी चोरी का सामान खरीदने और बेचने जैसे धंधे में लिप्त है और यह आग उनके घर तक न पहुंचे इस डर में वे सिंघोला के व्यापारी की सिफारिश करने थाने पहुंच गए। व्यापारियों के दबाव में आकर पुलिस ने उस व्यापारी को छोड़ दिया। इसके बाद से सोशल मीडिया में चर्चा शुरू हो गई कि कितने रुपये लेकर पुलिस ने उस व्यापारी को थाने से ही बाइज्जत बरी कर दिया। सोशल मीडिया में किसी ने कहा कि मामला 25 लाख में शांत हो गया या 30 लाख में। इस घटना के प्रकाश में आते ही पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में सवालिया निशान लग गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस का सीना चौड़ा तब होता है जब वह, बड़े अपराधियों को पकड़ती है। संगीन अपराध, अंतरराज्यीय अपराध, साइबर क्राइम के आरोपियों को



**चोरी का सोना चांदी गलाई करने वाले भी सह आरोपी बनेंगे!**

धर दबोच लाती है। नक्सलियों का सफाया करती है। वहीं दूसरी और पुलिस की छवि जनमानस के सामने कमजोर तब होती है, जब खाकी भ्रष्टाचार में लिप्त नजर आती है। कभी थानों मे कस्टडीयल डेथ को लेकर तो कभी रसूखदार को धनबल या पहुंच पहचान के दम पर छोड़ने के मामलों में पुलिस की वर्दी दागदार होती रही है। फिर ऐसे संगीन मामले जिसमें अपराध की चैन की कड़ी में से दो या तीन कड़ी निकाल भी लिया जाता है तो उसमें अपराध की पूरी कहानी भले ही लोगों को सच लगती है पर उस कहानी के कुछ हिस्से से पात्र स्वार्थ सिद्धि के हिसाब से गायब कर लिए जाते हैं, फिर कहानी को ऐसा रंग दिया जाता है जैसे संलिप्त लोग थे ही नहीं।

हाल ही में हुई घटना के बाद ये सवाल उठना लाजमी है कि आखिर क्या कारण है कि बालोद की पुलिस राजनांदगांव आकर कार्यवाही करती है, लेकिन जिम्मेदारीपूर्ण और पारदर्शितापूर्ण कोई भी जानकारी किसी से भी साझा नहीं करती। शायद यही कारण है कि चोरी के जेवर गलाई करने वाले लोगों को छोड़ने की जानकारी मीडिया को लगता ही बालोद पुलिस पर आरोप प्रत्यारोप की झडी सोशल मीडिया में लगी रही। वही बालोद पुलिस अधिकारियों से बात करने के लिए प्रयास किया गया तो बालोद के पुलिस अधिकारियों ने कोई रिप्लाई नहीं दिया। निश्चित रूप से सोने चांदी में जिस कदर उछाल है ऐसी परिस्थितियों में जहां राजनंदगांव सर्राफा व्यवसाय का गढ़ माना जाता है क्या वहां से चोरी के जेवर गलाने वाले लोगो पर कार्रवाई करने की कोई हिम्मत जुटा सकता है यह पुलिस के लिए और सत्ता में बैठे जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले के लिए चुनौती है। देखना यह है कि पुलिस पत्रकार वार्ता लेकर जिस मामले का खुलासा करने वाली है उसमें किस तत्व को छुपाती है और किस सामने लाती है।

# बुद्ध जयंती की विधायक डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डे ने दी बधाई

**राजनांदगांव** 10 मई। विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे ने नागरिको को बुद्ध जयंती की शुभकामनाए दी है। उन्होंने अपने संदेश मे कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ गौतम का जन्म वैशाख पूर्णिमा को हुआ था. इसी दिन बुद्ध जयंती मनाई जाती है। ज्ञान प्राप्त कर सिद्धार्थ गौतम गौतम बुद्ध बन गए और बौद्ध धर्म की स्थापना की. बुद्ध पूर्णिमा को वेसाक जयंती या बुद्ध जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) के रूप में भी जाना जाता है. बुद्ध जयंती या बुद्ध दिवस बौद्ध त्योहार है, जो दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया के अधिकांश हिस्सों में मनाया जाता है।

विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि गौतम बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटना- जन्म, ज्ञान प्राप्त करना और मृत्यु भी इसी दिन घटित हुआ था. इसलिए इस दिन को दुनिया भर के बौद्धों द्वारा च्त्तीन बार धन्य उत्सवज्ञ माना जाता है. यह दिन आध्यात्मिक चिंतन और उत्सव का समय है, जिनमें प्रार्थना सभा, मंदिर के दर्शन और सेवा कार्य किए जाते हैं। उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा को एक जुट होकर उत्साह से मनाकर गौतम बुद्ध के बताए मार्गो पर चलने की अपील की है।

सांसद श्री पाण्डे ने बधाई देते हुये कहा कि बुद्ध का दर्शन बौद्ध धर्म के रूप में भी जाना जाता है. यह दुख के अनुभव और इसे दूर करने के तरीके पर आधारित है. यह चार आर्य सत्यों की अवधारणा पर जोर देता है. इसमें दुख की प्रकृति (दुक्खा), इसका कारण, निरोग और निरोग की ओर ले जाने वाला मार्ग (अष्टांग मार्ग) शामिल है. बौद्ध धर्म ज्ञान, दया, धैर्य, उदारता और करुणा जैसे गुणों के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। उन्होंने भगवान बुद्ध के इन्ही गुणो को अपनाने की अपील की है।

## महापौर ने दी बुद्ध जयंती की बधाई

**राजनांदगांव** 10 मई। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बुद्ध जयंती की बधाई देते हुये कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य,अहिंसा,दया,करूणा व साकाहार के मार्ग पर चलने की सीख दिये। उन्होंने भगवान गौतम बुद्ध के बताये मार्गो पर चल कर समाज की उन्नति के लिये कार्य करने तथा समाज के हर व्यक्ति के सुख समृद्धि व समाज के निर्धन बच्चों को शिक्षा देनें, समाज हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करने की सीख दिये तभी समाज उन्नति करेगा। उन्होंने बुद्ध जयंती एक जुट होकर उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री साावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय, एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू, सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन, श्री संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके तथा पार्षदों ने नागरिकों को बुद्ध जयंती के प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उनके बताये मार्गो पर चलकर जयंती मनाने की अपील की है।

## पीएम श्री सेजेस कुम्हारी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**कुम्हारी,** 10 मई। पीएम श्री सेजस कुम्हारी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के 10 वीं और 12 वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सेजस कुम्हारी के बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत रंग लाई हमेशा की तरह परीक्षा का उत्कृष्ट परिणाम रहा7 जिसमें अंग्रेजी माध्यम के बच्चों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा 710 वीं में भावेश साहू 95.6 प्रतिशत 12 वीं कक्षा में मीनाक्षी कुर्रे 88.8 प्रतिशत ( जीव विज्ञान) प्राप्त कर विद्यालय में अपना उत्कृष्ट स्थान बनाएं7 हिंदी माध्यम 12 वीं में 100 प्रतिशत और दसवीं में 88.5 प्रतिशत परिणाम रहा 7 जिसमें कक्षा 10 वीं की श्रद्धा केवर्थ्य 93.16 प्रतिशत एवं 12 वीं की तिलेश्वरी यादव 90.4 प्रतिशत (जीव विज्ञान ) विद्यालय में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया7 हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के दसवीं के 138 एवं कक्षा 12 वीं के 129 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए दसवीं में 108 बच्चे प्रथम स्थान में और 12 वीं में 97 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती लता रघुकुमार ने सभी शिक्षकों को बधाई दी।

## एबीसी की रितिका 10वीं बोर्ड में टॉपर



**खरोरा,** 10 मई (देशबन्धु)। एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव ने दसवीं बोर्ड में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। स्कूल की छात्रा रितिका धीवर 96 फीसदी अंकों के साथ अंचल में पहला स्थान प्राप्त किया है एवं पूर्वा देवांगन 92 फीसदी के साथ द्वितीय स्थान तथा उत्तरा वर्मा ने भी 92 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान व स्नेहा वर्मा 91 फीसदी एवं मानसी पाण्डेय 87 फीसदी ने क्रमश: चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त कर संस्थान एवं क्षेत्र को गौरन्वित किये हैं। शाला के प्राचार्य एमएल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी दसवीं बोर्ड में हमारा स्कूल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## सशिमं उमावि डोंगरगढ़ का परीक्षा परिणाम घोषित

**डोंगरगढ़,** 10 मई (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ का छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे कक्षा दशम में 67 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए प्रथम श्रेणी 42 द्वितीय श्रेणी 25 परीक्षा परिणाम 81त्न रहा टॉप टेन इस प्रकार है प्रथम यानी निर्मलकर 95.16 , पूर्व कुमार डडसेना 92.66 , याशिका भारद्वाज 92.50, टीकम वर्मा 92.33 , खुशी माली 91.66, देविका सिन्हा 89.16 ,राशि सिन्हा 88, चैतन्य वर्मा 87.50, प्रियांशु वर्मा 86.66 , खुशांत सिन्हा 86.16 इसी प्रकार कक्षा द्वादश 70 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए प्रथम श्रेणी 49 द्वितीय सैनी 21 परीक्षा परिणाम 82.50 टॉप टेन प्रथम आदित्य सोनवानी हर्षिता जँघेल 90 प्रतिशत , 2 दिव्य किरण सिंहा रेनू साहू 83. रोहन हठीले 83.6त्न4 डिंपल यादव 82 , वाणी साहू 81.8 , विद्या वर्मा 78.6 प्रिया पड़ोटी 77, अनामिका साहू वैशाली सिन्हा75.6 गीतांजलि मडावी 74.8 भारती निषाद 74.60 उत्तीर्ण भैया बहनों को सरस्वती शिक्षा समिति अध्यक्ष सुनील जैन सचिव, नीलम चोपड़ा ,उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गिरधर, कोषाअध्यक्ष प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल , प्रभाकर राव गिरधर ,लक्ष्मी नारायण अग्रवाल सुरेश सोनी गोपाल खेमुका प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव ,थैलेश साहू ,वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार ,बोधन भारद्वाज ,शुशील यादव ,ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर आदि ने बधाई दी।



## माहुद मचांदुर स्कूल में कक्षा 10वीं के पंकज यादव व 12वीं में भूमिका ने किया टाप



**चौकी मानपुर,** 10 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 7 मई 2025 को घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में अपना परचम लहराया है । 10 वीं व 12 वीं बोर्ड में जिले मे शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि दर्ज की है। उसी तरह जिले के शा. उच्चतर मा.वि. माहुद मचांदुर के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने गांव का नाम रौशन किया ।जिसमे कक्षा दसवी से स्कूल में प्रथम स्थान पंकज यादव 86.83 त्न, नंदनी नेताम 86.66 त्न, तृतीय शशीकला साहू 84.83 त्न आई ।साथ ही कक्षा 12 वीं मे स्कूल पर प्रथम स्थान कु. भुमिका 78.60 त्न , द्वितीय स्थान वरुण निर्मल 75 त्न , तथा तृतीय स्थान पोषण कुमार 74 त्न रहे ।रिजल्ट आते ही बच्चों के पालक सहित , विद्यालय स्टाफ प्राचार्य आर.डी.कोसरिया, सहित सभी शिक्षक , ग्रामीणों ने खुशिया जाहिर करी ।स्कूल का कुल रिजल्ट 97 त्न रहा है ।

### सार-संक्षेप

## चिखलाकसा हायर स्कूल के छात्राओं ने मारी बाजी



**चौकी मोहला मानपुर,** 10 मई। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड कक्षा 10वीं और 12 वीं के नतीजे 7 मई को घोषित किए गए । जिसमे राजनांदगांव जिले के चिखलाकसा हायर स्कूल का रिजल्ट 100 फीसदी रहा है ।कक्षा 10 वीं से प्रथम स्थान रितिका हुमने 96.76 त्न, द्वितीय स्थान पूर्वा हिरवानी 88. 67 त्न तथा तृतीय स्थान पूजा यादव 86.67 त्न रही । स्कूल में कुल 32 छात्रों परिक्षा दिलाई जिसमे पूरे के पूरे बच्चे उत्तीर्ण हुए ।स्कूल के सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । बच्चों के पालकों , चिखलाकसा, मरकाकसा के ग्रामीण व स्कूल के प्राचार्य एम.एल.रावटे, शिक्षक आर.आर. साहू, अतिथी शिक्षक लखन दास सार्वा, एल.के. साहू, सी.के.साहू, मानिकपूरी मैडम, ने बच्चों को आशिर्वाद देकर खुशियां जाहिर की।

## सेजेस जंजगिरी का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

**कुम्हारी,** 10 मई। सेजेस जंजगिरी अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, इस विद्यालय में कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम में 35 विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिसमें 32 विद्यार्थियों ने प्रथम तथा तीन विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिसमें कृष कुमार सिंह ने 577 अंकों के साथ 96.16 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं अंग्रेजी माध्यम में 25 विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रथम, 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय तथा एक विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है, इस कक्षा की खुशबू यादव (कॉमर्स संकाय) ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इस प्रकार दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 84.7 प्रतिशत तथा हिंदी माध्यम कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 94.01 रहा । संस्था प्रमुख श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दिया है, तथा परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए समस्त विषय के शिक्षकों को सहयोग एवं बच्चों के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है, पालकों द्वारा भी बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया गया।

### निधन

## शकुंतला मिश्रा



**जगदलपुर,** 10 मई। पूर्व महिला एवं बाल विकास अधिकारी शकुंतला मिश्रा का शनिवार को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे आजाद हिंद फौज में सेवारत रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जगदलपुर नगर पालिका के प्रथम नगर अध्यक्ष स्व. दीनानाथ मिश्रा की पत्नी थी। वे वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. संजय मिश्रा की माता थी। स्व. शकुंतला मिश्रा नगर कांग्रेस की सेकेट्री भी रह चुकी हैं।

# वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने ठा. प्यारेलाल स्कूल में 6 वार्ड के लिए समाधान शिविर आयोजित

**राजनांदगांव,** 10 मई। जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में गत माह से सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे चरण में नागरिकों की समस्या का समाधान बताने शहर एवं गांव में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कडी में नगर निगम, राजनांदगांव द्वारा भी वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने वार्डो में समाधान शिविर लगाए जा रहे है। आज ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में वार्ड नं. 15,16,17,18,19 एवं 23 के लिए शिविर आयोजित किए गए। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जहॉ नागरिकों की समस्या संबंधी आवेदन का समाधान बताया गया।

ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल के शिविर में महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तथा संबंधित वार्ड के पार्षद में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेताप्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, पार्षद श्री प्रमोद झंझाडे व श्रीमती संगीता देवांगन के अलावा शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा व हेमन्त शेखर यादव, उपायुक्त श्री मोबिन अली विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर राजगीत के माध्यम से समाधान शिविर का शुभारंभ किया।




**महापौर सहित निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं आयुक्त ने हितग्राहियों को राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड एवं लर्निंग लाईसेंस का किया**

महापौर श्री यादव ने शिविर में अपने संबोधन में कहा कि, मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी ने सरकार एवं जनता के बीच सीधा संवाद करने तथा नागरिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ देने सुशासन तिहार 2025 का पूरे प्रदेश में आयोजन कराया। जिसमें तीन चरण में आवेदन लेने के साथ-साथ उसका निराकरण कर समाधान बताना है। उन्होने कहा कि, वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने 5 मई से 31 मई तक नगर निगम द्वारा वार्डो के लिए स्कूलों में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। आज ठा. प्यारेलाल स्कूल में 6 वार्ड के लिए आयोजित शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों का समाधान बता रहे है। उन्होने कहा कि, बड़ी समस्या एवं बड़े कार्य का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव जी एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे जी के सहयोग से निराकरण किया जाएगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि, प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में निराकरण कर संबंधित को उनके समाधान बताया गया साथ ही समाधान को ऑनलाईन अपलोड किया गया। उन्होने कहा कि, आज शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा समस्या का समाधान बताया जा रहा है। इसके अलावा जिन लोगो ने आवेदन नही किया है, उनसे भी आज आवेदन लिया जा रहा है। शिविर में अध्यक्ष श्री वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले एवं पार्षद श्री शिव वर्मा ने भी अपने विचार रख वार्ड वासियों को अपनी समस्या का समाधान जान शासन की योजना का लाभ लेने की अपील किए। शिविर में अतिथियो ने राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड एवं लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस तथा मातृत्व वंदन योजना के तहत राशि का हितग्राहियों को वितरण किया। साथ ही सुपोषित बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर सभी विभाग में आए आवेदन तथा उसके समाधान की जानकारी ली। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के माध्यम से उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रादेशिकी का शेष...

## माइक्रोफाइनेंस चिटफंड कंपनी का...

ा प्रसाद मिश्रा, बैकुंठनाथ पटनायक, सुरथा दास, अशोक कुमार पटनायक, बिजोय कुमार राउत्रे के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आरोपीगण अपराध का यमी के पूर्व से ही फरार हो गए थे । चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार डायरेक्टरों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आर.ओ.सी. से प्राप्त जानकारी के आधार पर कम्पनी के डॉयरेक्टर की पतासाजी हेत एक टीम उड़िसा भेजा गया । टीम व्दारा उड़िसा से माइक्रो फाईनेंस पब्लिक लिमिटेंड कम्पनी के डा यरेक्टर सुरथा दास को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड में भेजा गया है। शेष फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण जोशी, आरक्षक दीपक जान, चौकी जेवरा सिरसा, प्रधान आरक्षक धनंजय, आरक्षक अजय गहलोत एसीसीयू की भूमि का उल्लेखनीय रही ।

## महाराणा प्रताप की जयंती ...

सिंह, सीमांत सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र चंदेल, राय सिंह ढिकोला, विनोद बैस, हरेकृष्णा सिंह, कपिल राजपूत, हेम सिंह, प्रवीन मोहन पिंटू, सुनील सिंह, दिनेश सिंह, योगेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह तोमर, अरुण सिंह, राजेंद्र चंदेल, तरुण सिंह, बॉबी सिंह, कन्हैया सिंह, नवीन सिंह, चंद्रभान सिंह, क्षत्राणी महिला मंडल की करुणा सिंह, सावित्री सिंह, संगीता सिंह, ममता ठाकुर, ललिता सिंह, अनीता सिंह, रतना सिंह, डॉ उमा सिंह, हेमा बेस, संजू सिंह, विमल सिंह, सुरेखा सिंह, श्वेता सिंह, जूही सिंह, सुकृति सिंह, ज्योति सिंह, रूपा सिंह, मनीषा सिंह के अलावा राजपूत समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## दीपिका ( श्रेया ) का ...

लिए हुआ है उनमें से एक खिलाड़ी डोंगरगढ़ की है जो कि डोंगरगढ़ के लिए और डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी के लिए बहुत ही गौरवनित पल है ! डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी से पिछले तीन-चार वर्षो में अंडर 14,16,19 में खिलाड़ियों ने जिला एवं प्रदेश स्तर में अपना स्थान बनाया है और वहां अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं! होनहार खिलाड़ियों के चयन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश बागड़ी ने डोंगरगढ़अकादमी की सराहना करते हुए दीपिका के उज्वल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी गई है.

## डॉ. पूजा को साहज योग ...

पीएच.डी. उपाधि की प्राप्ति पर विश्वविद्यालय परिवार, शारीरिक शिक्षा विभाग तथा समस्त शैक्षणिक समुदाय की ओर से डॉ. पूजा एवं उनके मार्गदर्शक प्रो. (डॉ.) राजीव चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

# बरबसपुर भूमि फर्जीवाड़ा, सहखातेदारों से छिपाकर करोड़ों की जमीन का पंजीयन, पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार

**राजनांदगांव,** 10 मई (देशबन्धु)। जिले के घुमका तहसील के बरबसपुर गांव में एक बड़े भूमि फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है, जिसने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। गांव के मूल सहखातेदारों - चंदर बाई, थान सिंह, हेमलता और अमरीका - ने आरोप लगाया है कि उनकी जानकारी और सहमति के बिना ही उनकी करोड़ों रुपये की कृषि भूमि का धोखे से पंजीयन करा लिया गया है। अब इस धोखाधड़ी के आधार पर नामांतरण कराने के लिए आवेदन भी दाखिल कर दिया गया है।

पीड़ितों का आरोप है कि संतोष कुमार और चंद्रेश कुमार नामक व्यक्तियों ने स्थानीय पटवारी और राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से इस गोरखधंधे को अंजाम दिया है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपियों ने दस्तावेजों में कूटरचना कर खुद को भूमि का स्वामी दर्शाया और फिर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने की साजिश रची।

इस फर्जीवाड़े से प्रभावित खसरा नंबरों की संख्या 39 से अधिक बताई जा रही है, जिनका कुल रकबा लगभग 21.63 हेक्टेयर यानी 53.46 एकड़ है। पीड़ितों ने इस गंभीर मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए तहसील कार्यालय से लेकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और यहां तक कि राज्य के राजस्व सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री जन शिकायत प्रकोष्ठ तक शिकायतें भेजी हैं। इसके साथ ही, पीड़ितों ने अपनी जान को खतरा बताते हुए आशंका जताई है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है और झूठे मामलों में फंसाने की साजिश भी रची जा रही है।

कानूनी दांवपेंच और अनदेखी=

पीड़ितों ने अपनी शिकायत में कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 109 और 110 स्पष्ट रूप से सहखातेदारों की सहमति के बिना नामांतरण को अवैध घोषित करती है। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता (ढ्ढक्क्ट) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (मूल्यवान सुरक्षा की जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), और 471 (जाली दस्तावेज को असली के रूप में उपयोग करना) के तहत यह एक गंभीर आपराधिक मामला बनता है। पीड़ितों ने सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के कई ऐसे फैसलों का भी हवाला दिया है, जिनमें यह स्पष्ट किया गया है कि विवादित दस्तावेजों के आधार पर राजस्व नामांतरण नहीं किया जा सकता।

पीड़ितों की इंसाफ की मांग=

इस गंभीर फर्जीवाड़े के शिकार हुए पीड़ितों ने प्रशासन से निम्नलिखित मांगें रखी हैं=

* पूरे प्रकरण की एक स्वतंत्र और निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।
* इस धोखाधड़ी में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ तत्काल आपराधिक स्न्ढ्ढक्रदर्ज की जाए।
* राजस्व रिकॉर्ड में भूमि की पूर्व स्थिति (यथास्थिति) बहाल की जाए, ताकि उनके मालिकाना हक को सुरक्षित रखा जा सके।
* पीड़ितों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, क्योंकि उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

पीड़ितों की पीड़ा और आक्रोश=

पीड़ित हेमलता और अमरीका ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा, च्हमें प्रशासन से पूरी उम्मीद है कि हमारी जमीन पर धोखाधड़ी करने वाले इन लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। यह हमारी पैतृक भूमि है और हम इसे किसी भी कीमत पर नहीं गंवाना चाहते।ज्

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल=

इस गंभीर मामले के सामने आने के बावजूद, अब तक राजस्व और पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस उदासीनता के चलते पीड़ितों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

नायब तहसीलदार का आश्वासन=

घुमका के नायब तहसीलदार रामलखान चौहान ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि यह साबित होता है कि भूमि का पंजीयन धोखाधड़ी से किया गया है, तो नामांतरण की कार्यवाही तत्काल रोक दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह से पंजीयन करवाना एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और पीड़ित चाहें तो इसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करवा सकते हैं।

जलसाजी करने वालों को हो सकता है भारी नुकसान=

यदि यह साबित हो जाता है कि बरबसपुर में जमीन का पंजीयन सहखातेदारों से छिपाकर और दस्तावेजों में कूटरचना करके किया गया है, तो जलसाजी करने वाले आरोपियों को गंभीर कानूनी ष्थ्ठ्ठ्यद्गह्लह्वद्गठ्ठष्द्गह्य का सामना करना पड़ सकता है। इनमें शामिल हैं=

* आपराधिक मुकदमा= आरोपियों के खिलाफ ढ्ढक्क्ट की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और कूटरचना का आपराधिक मुकदमा दर्ज हो सकता है। यदि आरोप साबित होते हैं, तो उन्हें लंबी जेल की सजा और भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है।
* पंजीयन रद्द= धोखाधड़ी से किया गया जमीन का पंजीयन कानूनी रूप से शून्य घोषित किया जा सकता है। इसके बाद राजस्व रिकॉर्ड में पुराने मालिकों का नाम फिर से दर्ज किया जाएगा।
* वित्तीय नुकसान= आरोपियों को धोखाधड़ी में खर्च किए गए पैसे और कानूनी कार्यवाही में आने वाले खर्च का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।
* सामाजिक बदनामी= इस तरह के घिनौने कृत्य से आरोपियों की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होगी और उन्हें समाज में तिरस्कार का सामना करना पड़ सकता है।

# सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम संबलपुर में 9वां समाधान शिविर सम्पन्न

## खाद्य मंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित, ग्रामीणों को मिली योजनाओं की सौगात

**बेमेतरा,** 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम संबलपुर में 9वें समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर क्षेत्र के स्कूली मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। किसानों को किसान किताबें, कृषि स्प्रे यंत्र तथा मछली पालकों को आईसबॉक्स का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाभार्थी महिलाओं को पासबुक सौंपी गईं।

हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान, संबलपुर में आयोजित इस समाधान शिविर में क्लस्टर संबलपुर के साथ-साथ धनौरा, कंवराकांपा, गोढीकला, तेन्दुवा, मुडपार, बेलटुकरी एवं पेण्ड्री गांवों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ग्रामीणों ने शिविर स्थल पर समाधान पेटी में अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें दर्ज कराईं, जिनका निराकरण मौके पर ही विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित जनता के साथ साझा की गई।

अपने संबोधन में खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए पक्के आवास निर्माण के संकल्प को तेजी से पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रथम कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा आवास प्लस योजना की पात्रता नियमों में ढील देकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति चिंटल की दर से धान खरीदी, बोनस वितरण तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। साथ ही रामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेशवासियों को तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

श्री बघेल ने ग्रामीणजनों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या, मांग या शिकायत को समाधान शिविर में निःसंकोच दर्ज कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समाधान शिविर में अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती दिव्या पोटाई, श्री अजय साहू सहित पंच, सरपंच, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खाद्य मंत्री ने संबलपुर में ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत 600 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया



**बेमेतरा,** 10 मई (देशबन्धु)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज संबलपुर गांव में मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क पुराना पंचायत भवन से श्री आनंद कुर्रे के निवास तक लगभग 600 मीटर लंबाई में बनाई जाएगी, जिस पर लगभग 51.12 लाख रुपये की लागत आएगी।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री खोरबाहरा राम साहू, श्री अजय साहू, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, श्रीमती तारकेश्वरी, श्री छेदीराम साहू, जनपद सदस्य श्री टार्जन साहू, श्री राकेश राजपूत सहित ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोताई सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।*

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के विकास से आवागमन में सुविधा होगी और गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। ग्रामीणजनों ने सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री और खाद्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# माहेश्वरी समाज के द्वारा सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण अभियान

**बेमेतरा,** 10 मई (देशबन्धु)। माहेश्वरी समाज लगा रहा है सर्वाइकल कैंसररोधी टीकाकरण अभियान का शिविर, 11 मई को भिलाई में।

पूर्व पंजीयन अनिवार्य, ऑनलाइन किया जा रहा है प, कैंसर की रोकथाम हेतु जागरूकता का परिचय देते हुए अब तक लगभग 70 से भी अधिक युवतियों ने कराया है पंजीयन।

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए माहेश्वरी समाज लगातार विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन कर रहा है। इस क्रम में 11 मई को भिलाई में यह शिविर आयोजित होगा। बी एम शाह हॉस्पिटल सुपेला भिलाई में यह शिविर सुबह 10 से 1 बजे तक आयोजित होगा। 9 से 26 वर्ष तक की बच्चीयों व महिलाओं को यह टीका लगाया जाएगा। 9 से 14 वर्ष तक की उम्र में 6 महीने के अंतराल पर 2 डोज़ वहीं 15 से 26 वर्ष की उम्र में 3 डोज़ लगाए जाएंगे। प्रत्येक टीके के लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य किया गया है। पंजीयन गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। अलग अलग स्थानों से कैंसर के रोकथाम हेतु जागरूकता का परिचय देते हुए लगभग 70 से भी अधिक युवतियों ने ऑनलाइन पंजीयन करवा लिया है।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की प्रेरणा से श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा द्वारा भिलाई माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम में श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग, श्री माहेश्वरी पंचायत साजा, माहेश्वरी सभा बेमेतरा, गुण्डरदेही परिक्षेत्र माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला मण्डल, माहेश्वरी युवा संगठन का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्यक्र म को सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्ष देवरतन तापड़िया, जिला सचिव राजकुमार केला, भिलाई सभा अध्यक्ष हर्ष मंत्री, सी ए अजय सोमानी, अभय माहेश्वरी, अशोक राठी दुर्ग, बेमेतरा समाज अध्यक्ष अरुण राठी, सुशील गाँधी गुण्डरदेही, रमेश राठी साजा सहित महिला मण्डल व युवा संगठन की टीम कार्य कर रही है। यह जानकारी बेमेतरा माहेश्वरी समाज सचिव चंद्रप्रकाश मूंदड़ा ने दी है।

# सुशासन तिहार: समाधान शिविरों के जरिए जनसेवा का नया अध्याय

**बेमेतरा,** 10 मई (देशबन्धु)। पूरे छत्तीसगढ़ में इन दिनों सुशासन तिहार-2025 की गूंज है, जिसमें बेमेतरा जिला भी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए शासन-प्रशासन को जन-जन तक पहुंचाना है। जिले में 5 मई से शुरू हुए समाधान शिविरों का आयोजन 31 मई 2025 तक किया जा रहा है। इसके अलावा शिविरों में ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, सुगर आदि स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। जरूरत मंद पीड़ितों को जरूरी उपचार कर निशुल्क दवाइयां दी जा रही है।



सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें विशेष तैयारियों के तहत बेमेतरा जिले में जिला कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में समाधान पेटियां स्थापित की गईं। इन पेटियों के माध्यम से जनता से कुल 1,40,780 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मांग, शिकायतें और समस्याएं दर्ज थीं। शासन की मंशा थी कि इन आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया गया। इनमें से केवल 3022 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे, जबकि बाकी मांग और समस्याओं पर केंद्रित थे।

दूसरे चरण में इन आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर करने का लक्ष्य रखा गया था, जो पूरा कर लिया गया। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्रीगण, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इन शिविरों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे। शिविरों में गुणवत्तापूर्ण निराकरण की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी दें रहे है।

इसी क्रम में समाधान शिविर के दूसरे दिन ही बीते 6 मई को जिले के विकास खंड साजा के ग्राम सहसपुर में मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय ने औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बरगद की छांव में खाट पर बैठ जाना ग्रामीणों का हाल-चाल, विद्युत सब स्टेशन, हायर सेकंडरी स्कूल भवन और प्राचीन मंदिर के सौंदर्यीकरण की घोषणा की।

अब तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक जिले में कुल 64 समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नगरीय क्षेत्र के 37 और ग्रामीण क्षेत्र के 27 शिविर शामिल हैं। इन शिविरों में न सिर्फ जनसमस्याओं का समाधान किया जा रहा है, बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी वितरित किए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

यह अभियान न केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित है, बल्कि यह सुशासन की संस्कृति को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास है। आम जनता को शासन की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिल रही है, और उनकी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जा रहा है। इससे जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम हुई है और भरोसा मजबूत हुआ है। बेमेतरा में चल रहे समाधान शिविर निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में जनसेवा का नया अध्याय लिख रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ जनमन समाधान शिविरों में किया जा रहा वितरण



**बेमेतरा,** 10 मई (देशबन्धु)। जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' नये क्लेवर के साथ मार्च का अंक प्रकाशित किया गया है। बाहरी पृष्ठ पर उत्साहित आमजान के रंगीन छायाचित्र के साथ निकाय चुनाव सुशासन पर मोहर अंकित है।

उप संचालक जिला जनसम्पर्क बेमेतरा श्री शशि रत्न पाराशर ने बताया कि सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में जनमन और ब्रोसर का वितरण किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ जनमन के इस विशेष एवं बेहद आकर्षक एवं महत्वपूर्ण जानकारी से भरे अंक का वितरण जनपद पंचायतों में भेजकर ग्राम पंचायतों तक सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसके साथ ही सीमा की बैठक में ज़िला अधिकारियों को छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ जनमन इस अंक में राज्य सरकार के ऐतिहासिक फैसलों, नई सरकार की योजनाओं के छत्तीसगढ़ के लिए उठाए गए कदमों की जानकारियों का समावेश है।

# लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पीएमश्री सेजेस में हुआ विद्यार्थियों का चयन

■ पारदर्शिता और जनभागीदारी बनी विशेषता

**थानखम्हारिया,** 10 मई (देशबन्धु)। पीएमश्री सेजेस विद्यालय थानखम्हारिया में दिनांक 10 मई को एलकेजी व कक्षा पहली की रिक्त सीटों के विरुद्ध लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए चयन किया गया। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शिता, नियमबद्धता और शासन निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न हुई।

विद्यालय में कक्षा एलकेजी हेतु 20 सीट एवं कक्षा पहली हेतु 20 सीट रिक्त थीं, जिनके लिए 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। एलकेजी में 87 आवेदन और कक्षा पहली में 63 आवेदन प्राप्त हुए। निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत 8 मई तक दावा-आपत्ति का अवसर प्रदान किया गया, जिसके पश्चात एलकेजी के लिए 44 एवं कक्षा 1 के लिए 37 आवेदन पात्र पाए गए। इन्हीं पात्र विद्यार्थियों के बीच लॉटरी प्रक्रिया द्वारा चयन किया गया। अन्य कक्षाओं में सीट रिक्त न होने के कारण उनमें प्रवेश प्रक्रिया संचालित नहीं की गई।




**कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया संपन्न**- इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री चंदन अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री शरद कुंभकार, सम्माननीय पत्रकार श्री अनिल सिंघानिया, माननीय पार्षद प्रवेश धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि श्री ढाल सिंह राजपूत, पालकगण, विद्यालय प्राचार्य श्री मनीष चौबे, उप प्राचार्य श्री शैलेश बरामते एवं समस्त शिक्षकीय स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को आकांक्षा सिंह, बाबूलाल साहू सहित सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

**दीप प्रज्वलन से हुई शुरुआत, पत्रकार श्री अनिल सिंघानिया ने निकाली पहली पर्ची**- कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्राचार्य श्री चौबे एवं शिक्षकों द्वारा अतिथियों, जनप्रतिनिधियों व पालकों का आत्मीय स्वागत किया गया। लॉटरी प्रक्रिया की पहली पर्ची वरिष्ठ पत्रकार श्री अनिल सिंघानिया द्वारा निकाली गई, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई।

**संबोधन में अतिथियों ने की पहल की सराहना**- अपने संबोधन में पत्रकार अनिल सिंघानिया ने कहा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। यह लॉटरी प्रक्रिया शासन की समानता पर आधारित शिक्षा नीति और हर वर्ग के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने की प्रतिबद्धता का परिचायक है।

वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री चंदन अग्रवाल ने सरकार की मिशन मुक्यंतक्षा योजना की सराहना करते हुए कहा, राज्य सरकार की यह पहल निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आमजन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन रही है।* आत्मानंद स्कूल* के आधारभूत ढांचे और सीटों की संख्या को बढ़ाने की आवश्यकता है जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

उल्लेखनीय है कि यह आयोजन सभी मानकों के पालन के साथ, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ, जो शासन की शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता और विद्यालय की निष्ठा को दर्शाता है।

# गांव की प्रतिभाओं ने मारी बाज़ी: भूमिका, आर्ची और देवव्रत ने बढ़ाया शैक्षणिक मान

**थानखम्हारिया,** 10 मई (देशबन्धु)। शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम बरगा की होनहार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव का नाम गौरवान्वित किया है। तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ङ्क भूमिका श्रीवास, आर्ची साहू और देवव्रत साहू ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि परिश्रम, समर्पण और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



भूमिका श्रीवास, पिता श्री दुर्गेश श्रीवास, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवरबीजा की कक्षा 12वीं (विज्ञान समूह ङ्क बायो) की छात्रा रहीं, जिन्होंने 64.22 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं गांव का गौरव बढ़ाया।

आर्ची साहू, पिता श्री नेमसिंह साहू, सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया में अध्ययनरत कक्षा 10वीं की छात्रा हैं, जिन्होंने 74.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी क्रम में, देवव्रत साहू, पिता श्री लेखराम साहू, जो सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया से कक्षा 12वीं के छात्र थे, ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। उन्होंने 83.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्राम में सबसे अधिक अंक अर्जित किए और शैक्षणिक मान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इन विद्यार्थियों की मेहनत, आत्मविश्वास और माता-पिता व शिक्षकों का सहयोग इस सफलता के प्रमुख स्तंभ हैं। ग्रामवासियों पीलुराम साहू, सुशील श्रीवास, श्रवण साहू, पीला श्रीवास, रेवाराम पाल, भूषण साहू, तखतराम साहू, डाकवर साहू, पूनाराम साहू, बिसाहू राम साहू, अभिभावकों और विद्यालय परिवार ने इन तीनों प्रतिभाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी हैं।

# गातापार के निखिल साहू ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**थानखम्हारिया,** 10 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम गातापार के होनहार छात्र निखिल साहू, पिता श्री लीलाराम साहू, ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 84.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार का, बल्कि पूरे गांव और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।



निखिल की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार शासकीय हाईस्कूल कोपेडबरी, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उनकी इस सफलता ने क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का कार्य किया है।

निखिल की मेहनत, लगन और परिवार व शिक्षकों के मार्गदर्शन ने इस सफलता को संभव बनाया। ग्रामवासी इस उपलब्धि से गौरवान्वित हैं और आशा करते हैं कि निखिल आगे भी शैक्षणिक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

# चिखलाकसा में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन, 23 आवेदन का हुआ निराकरण

■ सांसद नाग नपं चिखलाकसा कार्यक्रम स्थल के लिए डोमशेड निर्माण की घोषणा

■ हमारे मुखिया विष्णुदेव साय मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने जूटे:चेमन देशमुख



**दल्लीराजहरा/चिखलाकसा,** 10मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार-2025 अतर्गत आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। तथा द्वितीय चरण 12 अप्रैल से 04 मई तक आवेदनों का निराकरण किया गया !तृतीय चरण समाधन शिविर का आयोजन जय स्तम्भ चौक वार्ड क्र 04 नगर पंचायत चिखला कसा में रखा गया था! शिविर में समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, परिवहन विभाग, आयुष विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे! जिसमे मुख्य अतिथी के रूप में भोजराज नाग, सांसद कांकेर लोकसभा, चेमन देशमुख, भाजपा जिला अध्यक्ष, देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, यशवंत जैन पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, योगेन्द्र सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा, कुन्ती देवांगन, अध्यक्ष न.पं. चिखलाकसा राजू रावटे उपाध्यक्ष न.पं. चिखलाकसा, मुकेश कोड़ो अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर अनुविभागीय अधिकारी,अरविन्द नाथ योगी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, देवेन्द्र नेताम तहसीलदार डौंडी, बी. रूद्रपति, अतिरिक्त तहसीलदार व राकेश कुमार पाठक उपअभियंता उपस्थित थे! शिविर में सांसद भोजराज नाग द्वारा कार्यक्रम स्थल के लिए डोमशेड निर्माण किये जाने की घोषणा की गयी! साथ ही उन्होंने कहा की हमारे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 3100 रूपये प्रति चिंटल की दर से धान खरीदें धान का बकाया बोनस की राशि देने और महतारी वंदन योजना के माध्याम से प्रदेश की माताओं बहनों को आर्थिक संबल देने का काम किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा की हमारी सरकार को लगभग डेढ़ साल पूरे होने वाले इस दौरान हमारे मुखिया के नेतृत्व में मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। हमारी सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने आम जनता के बीच पहुंच रहे हैं।उक्त शिविर में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे 23 का त्वरित निराकरण किया गया ! शिविर मे विभिन्न विभागों द्वारा 389 हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया है।

# टापटेन के विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान



**छुईखदान,** 10 मई (देशबन्धु)। कन्या शाला छुईखदान में शिक्षा सत्र 2024 - 25 में कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी पम्मी चंदेल पिता रिखीराम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर केसीजी जिला के टॉप टेन में 9वा स्थान प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया हैस कक्षा दसवीं में कुमारी चांदनी पिता चंद्रहास ग्राम भूलटोला ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैस कलेक्टर महोदय द्वारा कार्यालय की सभा कक्ष में टॉप टेन में आने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम रखा गया जिसमें पालकगण, एवं शिक्षक भी उपस्थित रहेस कलेक्टर ने विद्यार्थियों को गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा कराया एवं आगे की कक्षा के लिए मेहनत कर अधिकतम अंक प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किए सजिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी ने जिले की परीक्षा परिणाम की विस्तृत जानकारी कलेक्टर महोदय को दी एवं प्रसन्नता व्यक्त की स इस अवसर पर कन्या शाला छुईख दान के प्राचार्य श्री अनिल पाल,श्री चंद्रहास देवांगन, आत्माराम साहू, सीरीज पांडे एवं पालकगण उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित समय में गुजरने वाली रेत से भरी गाड़ियों का पब्लिक ने किया विरोध

## प्रातः 11 बजे से 2.30 तक पालिका के सामने रोकी गई सात हाइवा, माईनिंग ने बनाया सातों गाड़ियों का चालान, खड़ी की पुलिस थाने में गाडियां





**नवापारा राजिम,** 10 मई (देशबन्धु)। काफी दिनों से अंचल में रेत के अवैध उत्खनन और अवैध रूप से निकासी जोरों से चल रहा है। शनिवार को त्रिवेणी (बेलाही घाट) पुल के तरफ से रेत भरकर आधा दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ी सोमवारी बाजार-गंज रोड से गुजरते हुए निकल रही थी, जिसे शहर के जन प्रतिनिधियों ने नगरपालिका कार्यालय चौक के पास रोककर रेत के अवैध कारोबार एवं प्रतिबंधित समय पर निकासी का विरोध किया। ज्ञात हो कि शहर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रेत भरे हाईवा गाड़ियों को गुजरने में प्रतिबंधित है। लेकिन इस नियम को नजर अंदाज कर रेत भरी हाईवा गाड़ियां धड़ल्ले से रोज गुजर रही है। समझाने के बाद भी नहीं मानने पर भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगर के नागरिकों ने मिलकर 11 बजे से 2.30 बजे तक रेत से भरी गाड़ियां रोकना प्रारंभ किये और चालान बनते तक गाड़ियों को वहीं रोक रखा गया। चालान होने के बाद गाड़ियों को पुलिस थाना भेजा गया। इस मार्ग पर अनेकों शासकीय-अर्धशायकीय कार्यालय, स्कूल, बैंक, कृषि उपज मंडी, मंदिर देवालय सहित अनेक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान हैं मौजूद

बताना जरूरी होगा कि गंज रोड शहर के व्यस्ततम एवं व्यापारिक मार्ग होने के साथ-साथ इस मार्ग पर अनेकों शासकीय-अर्धशासकीय कार्यालय, स्कूल, बैंक, कृषि उपज मंडी, मंदिर देवालय सहित अनेक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान मौजूद है। सुबह से लेकर शाम तक हमेशा भीड़भाड़ रहती है, ऐसे में हमेशा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस कारण से शहर में रेत भरी गाड़ी हाईवा गाड़ी को सुबह 6 से रात्रि 10 तक शहर से गुजरना प्रतिबंधित है।

**पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू, पालिका में प्रतिपक्ष की नेता संध्या राव, सहित अनेकों स्थानीय जनप्रतिनिधि थे उपस्थित:** उक्त नियम को रेत भरी हाईवा गाड़ियां उल्लंघन करते हुए गुजर रही थी जिसके विरोध में नगर के जनप्रतिनिधियों नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पालिका में प्रतिपक्ष की नेता संध्या राव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पूर्व नपाअध्यक्ष धनराज मथानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, रामा यादव, मुकुंद मेश्राम, राजा चावला, धीरज साहू, रमेश तिवारी, पार्षदगण हेमंत साहनी, सचिन सचदेव, टिकेश्वर बघेल, भागुराम देवांगन, राम रतन निषाद, दीपाली राजपूत, ज्ञानू लालवानी, राकेश सोनकर, मनीष चौधरी, कोमल चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद थे।

### ये अधिकारी थे मौजूद

वहीं टी आई ऐसैंया, राजस्व अधिकारी तहसीलदार राजकुमार साहू, खनिज विभाग से सुनील शर्मा और एके साहू मौजूद थे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में खनिज अधिकारी गोलघाटे से बातचीत की और उनसे स्थल पर आने का अनुरोध किया मगर वे स्वयं नहीं आए और उन्होंने अपने दो अधिनस्थ कर्मचारियों को भेजा जिन्होंने चालान बनाकर नागरिकों के आक्रोश को शांत किया।

# जिपं कृषि स्थायी समिति के सभापति बनने पर इन्दू जांगड़े को दी गई बधाई



**बलौदाबाजार,** 10 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य सुश्री इन्दू जांगडे को जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा के कृषि स्थायी समिति के सभापति बनने पर जिला पंचायत सदस्यों के अलावा भाजपा नेताओं एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी है। ज्ञात हो कि सुश्री इन्दू जांगडे पूर्व विधायक डा. सनम जांगडे की सुपुत्री है जो कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एमएससी एग्रीकल्चर स्नातक हैं।

काफी सहज, सरल एवं संस्कारित इन्दू जांगडे राजनीति के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जाहिर की हैं। इन्होने इस सेवा भाव क्षेत्र में आने व कार्य करने हेतु प्रेरणा अपने पिता डा. सनम जांगडे से मिलने की बात कही हैं। इन्होने जिला पंचायत के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों के हित के लिए कार्य करने की बात कही हैं। वहीं कृषि विभाग के माध्यम से उन्नत कृषि हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने पर पहल करने की भी बात कही हैं, ताकि किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकें। इन्दू जांगडे ने जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिए अपने क्षेत्र के सभी मतदाताओं के प्रति आभार मानते हुए कृषि स्थायी समिति के सभापति बनने पर सभी सदस्यों एवं भाजपा नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया

## नि:शुल्क संगीत प्रशिक्षण हेतु पंजीयन 13 मई से

**बलौदाबाजार,** 10 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के सहयोग से बलौदाबाजार नगर अंतर्गत संचालित नि:शुल्क संगीत प्रशिक्षण हेतु 13 मई से पंजीयन शुरू होगा। संगीत कला जैसे तबला वादक, गायन संगीत, शास्त्रीय संगीत, गिटार पेड, हारमोनियम आदि जैसे विधाओ में रूचि रखने वाले छात्र-छात्राओं का पंजीयन एम.डी.व्ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में करवा सकते है।

# विवेक शर्मा ने प्रधान मंत्री राहत कोष/एनडीएफ राष्ट्रीय रक्षा कोष में सहभागिता के लिए किया आव्हान और स्वयं ने भेजे 11 हजार




**राजिम,** 10 मई (देशबन्धु)। राजिम राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी कर्मचारी संगठन, प्रदेश महामंत्री शालेय शिक्षक संघ, प्रदेश संगठन मंत्री ब्राह्मण समाज, सदस्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विवेक शर्मा ने देश भर के सभी कर्मचारी साथियों एवं नागरिकों से आव्हान करते कहा कि जैसा आप सबको विदित है कि वर्तमान स्थिति में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का माहौल है हम सभी देशवासी एकजुट होकर देशहित में आतंकवाद का विरोध करें और हमारे भारत की सेना को मजबूत करने के लिए हम सभी अपना तन, मन, धन से योगदान करें, मैं आप सभी से सादर निवेदन करता हूं कि आप सभी स्वेच्छा से प्रधानमंत्री राहत कोष/एनडीएफ (नेशनल डिफेंस फण्ड) जो भारतीय सेना की सहायता के लिए होता है उसमें अपना आर्थिक योगदान देकर राष्ट्र हित में सहयोगी बने। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने अपनी ओर से 11 ग्यारह हजार रुपए का योगदान राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) में किया। विवेक शर्मा ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सबकी सहभागिता से हम सभी देशवासी आतंकवाद से मुक्त होंगे। साथ ही भगवान से सभी देशवासियों को संबल प्रदान करने प्रार्थना की।

श्रीशर्मा ने बताया कि कर्मचारी संगठन में 85 लाख सरकारी कर्मचारी और लगभग 29 लाख कॉरपोरेट सेक्टर के कर्मचारी उनके संगठन में है, अगर सबका स्वेच्छा अनुसार सहयोग होता है तो एक बहुत बड़ी राशि भारतीय सेना के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष/राष्ट्रीय राहत कोष में जमा हो सकता है।

# पूर्व में हुए भूमिपूजन का शिलालेख हटवाकर पुन: भूमिपूजन करवाया जा रहा : चित्तावर

**बलौदाबाजार,** 10 मई (देशबन्धु)। पूर्व में हुए भूमि पूजन का शीला लेख हटवाकर कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा पुन: भूमि पूजन करवाया जा रहा है जो की सरासर गलत है। उक्त आरोप भाजपा के ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल सहित भाजपा नेताओं ने लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व कलेक्टर से जांच कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि वर्तमान में भी भाजपा के ही नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन निर्वाचित है जिनके नेतृत्व में निर्माण व विकास कार्य कराया जा रहा है। इस तरह भाजपा के ही दोनो नेताओं के मध्य पूर्व एवं वर्तमान निर्माण कार्यो को लेकर तकरार होना नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व क्षमता पर प्रश्न चिन्ह उठता हैं।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जयसवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, भाजपा मंडल महामंत्री मणिकांत मिश्रा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि बलौदाबाजार नगर पालिका क्षेत्र में पिछले कार्यकाल में जिन विकास कार्यों का भूमि पूजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित नगर के जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों का भूमि पूजन शिलालेख लगवा कर किया गया था लेकिन फिर से उन्हीं कार्यों का भूमि पूजन शिलालेख पत्थर हटवा कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा पुन: भूमि पूजन कराया जा रहा है यह गलत है। तत्काल इस भूमि पूजन कार्यक्रम को रोकने की मांग छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, जिले के कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपकर की है। जिस पर कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा संज्ञान लेते हुए रोक लगाई गई हैं।



**भाजपा नेताओं ने केबिनेट मंत्री एवं कलेक्टर से की हैं शिकायत**

शिकायत में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने बताया कि पूर्व में धोबी तालाब का भूमि पूजन किया गया है। इसके पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जयसवाल एवं सभापति संकेत शुक्ला एवं पार्षदगणों के सहयोग से नगर पालिका परिषद द्वारा करोड़ों के कार्य स्वीकृत कराए गए थे जिसमें प्रमुख रूप से धोबी तालाब सौंदर्य करण, पिपरा तालाब सौंदर्य करण, वार्ड क्रमांक 2 मे मोक्ष धाम में सौंदर्य करण, षष्ठी देवी मंदिर में सौंदर्य करण, षष्ठी देवी मंदिर के सामने सौंदर्यकरण, नया बस स्टैंड का उन्नयन कार्य, वार्ड क्रमांक 17 में मोक्ष धाम के सामने पाथवे निर्माण कार्य, गार्डन चौक में अटल परिसर का निर्माण कार्य, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीसी रोड नाली निर्माण कार्य, गौरव पथ रोड में नाली निर्माण, साहू छात्रावास में मंच निर्माण एवं पेवर ब्लॉक जैसे करोड़ों रुपए के शहर में विकास कार्य की स्वीकृति कराई गई है जिसका कार्य प्रारंभ हो चुके हैं कुछ अन्य प्रारंभ है। प्रारंभिक कार्य को तत्काल चालू कर पूर्ण कराए जाने की मांग तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर दंडनात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से वास्तविकता जानने सम्पर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उनसे सम्पर्क नही हो पाने की स्थिति में उनका पक्ष स्पष्ट नही हो पाया।

# जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 25531 प्रकरण हुए निराकृत

**बलौदाबाजार,** 10 मई (देशबन्धु)। 10 मई 2025 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवम् अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में जिला न्यायालय बलौदाबाजार एवं तहसील न्यायालय भाटापारा, कसडोल, सिमगा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है।



नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा दीप प्रज्जवल कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, विद्युत विभाग के अधिकारी, बैंक के अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, पैरालीगल वॉलिटियर, प्रकरणों के पक्षकार उपस्थित रहें। पक्षकारों को राजीनामा किये जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य हेतु पक्षकारो को आम, जाम, कटहल जैसे फलदार वृक्ष पौधा का वितरण किया गया। साथ ही न्यायालयों में लंबित प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकृत किये जाने का प्रयास किया गया तथा विद्युत विभाग, बैंक के पंडाल पर जाकर उन्हें प्री' लिटिगेशन के निराकरण में अत्यधिक जोर देते हुए कहा कि बकाया राशि में पक्षकारों को छुट देकर किश्तों में राशि का भुगतान किये जाने की सुविधा प्रदान करें।

**कुल समझौता राशि 10,61,27,415 रूपये रही**

नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय-बलौदाबाजार में 08 खंडपीठ, परिवार न्यायालय हेतु 01 खंडपीठ, भाटापारा व्यवहार न्यायालय हेतु 04 खंडपीठ, व्यवहार न्यायालय सिमगा एवं कसडोल हेतु 01-01 खंडपीठ का गठन किया गया है। राजस्व न्यायालय के प्रकरण हेतु पृथक से 15 खंडपीठ बनाया गया है। परिवहन विभाग बलौदाबाजार के सहयोग से नेशनल लोक अदालत पर न्यायालय परिसर में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाये जाने के संबंध में एवं जागरूकता हेतु "विशेष शिविर" आयोजित किया गया जिसमें 34 लोगो ने विशेष शिविर का लाभ लेकर लाभांवित हुए। नेशनल लोक अदालत में 25531 प्रकरण निराकृत हुए है जिसमे से 2419 न्यायालयीन प्रकरण तथा राजस्व न्यायालय के 16057 प्रकरण निराकृत हुए है। कुल समझौता राशि 10,61,27,415 रूपये रही। वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत 13 सितबंर 2025 को आयोजित की जावेगी।

# अनियंत्रित मोटर सायकल नहर में गिरी, चालक की मौत



**धमतरी,** 10 मई (देशबन्धु)। मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम आमाचानी के पास अनियंत्रित बाइक नहर में जा घुसी जिससे चालक की मौत हो गई है।

जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि तुकाराम कंवर पिता पदुम लाल कंवर ग्राम भोथली, थाना कुरुद निवासी 9 मई को ग्राम सांकरा में रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में गया हुआ था। शादी में शामिल होने के बाद रात्रि में अपनी मोटरसाईकिल से शुक्लाभाटा में रिश्तेदार के यहां जाने निकला था तभी ग्राम आमाचानी के पास उसकी मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। गिरने के वजह से युवक तुला राम कंवर के चेहरे, मस्तिष्क, आंख और अन्य जगहों पर गंभीर चोट आई थी जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को मामले में मर्ग कायम कर पंचनामा पीएम के पश्चात शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# नवविवाहिताओं को जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ : विधायक



**महासमुंद,** 10 मई (देशबन्धु)। नवविवाहित महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लिए पात्र हैं उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की हमारी नवविवाहित बहनों से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हमारी सरकार ने जो कहा है वो करके दिखाया है इसलिए यह घोषणा भी जल्द ही अमल में लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। यह हमारे चुनावी घोषणा पत्र में था, जिसे मोदी जी की गारंटी के तहत पूरा करते हुए मार्च 2024 से योजना का लाभ प्रदेश की माताओं बहनों को मिल रहा है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। जो सतत रूप से जारी अब इसका विस्तार होने जा रहा है। अब और नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को अचानक मनेंद्रगढ़.चिरमिरी.भरतपुर जिले के ग्राम माथमौर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने चौपाल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## खनिज विभाग ने जप्त किया हाईवा और ट्रैक्टर



**धमतरी,** 10 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा गत सप्ताह शिकायत पर कार्यवाही की गई। इस दौरान कुरुद क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करते हुए 1 हाइवा 1 ट्रैक्टर मगरलोड के गाड़ाडीह से एवं 2 ट्रैक्टर करेली छोटी से जप्त किया गया। इन पर खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्यवाही करते हुए जप्त कर अभिरक्षा में मगरलोड थाने और कुरुद मंडी में रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा जिले में लगातार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कार्यवाही किया जा रहा है।

# क्षेत्र का अधिक से अधिक दौरा कर आमजनों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास आगे भी जारी रहे : सीएम

**महासमुंद,** 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जिलों के गांवों का आकस्मिक निरीक्षण और समाधान शिविरों का दौर जारी है जहाँ आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर वे समीक्षा बैठक भी ले रहे हैं। शुक्रवार को इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय ने महासमुंद जिला मुख्यालय में महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाजार के कलेक्टर.एसपी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और उन के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की इन जिलों में क्रियान्वयन की समीक्षा की। आमजनों को मिलने वाली बुनियादी सुविधायें जैसे सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था और स्थिति की समीक्षा बैठक में हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने जोर दिया कि जिलों में आमजनों के हित को सर्वोपरि रख कलेक्टर.एसपी नियमित भ्रमण कर उनकी समस्याओं, माँग, शिकायतों को दूर करें। जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत संयुक्त समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार की बधाई देते हुए अधिकारियों से कहा कि जिस समर्पण और परिश्रम के साथ आप सभी ने इस महाअभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है प्रशंसनीय है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान के साथ जनसंवाद को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा जनता के दुख दर्द को कम करने उन तक पहुंचने कहते हैं। अत: अपनी पूरी ऊर्जा, प्रतिबद्धता और विनम्रता के साथ लोगों से मिलें और अपने दायित्व का निर्वहन करें। इसलिए हमें स्वयं जनता के बीच जाना होगा। वे स्वयं औचक निरीक्षण कर जिलों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली की लगातार समीक्षा कर रही हैं समीक्षा बैठकों में यह स्पष्ट हुआ है कि जो अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय रहे, उन्हें जनसमस्याओं की गहरी समझ रही। एक सक्रिय और सफल अधिकारी वही होता है जो पहल करता है, संवाद करता है और समाधान तक पहुँचता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जहाँ पेयजल की समस्या है उनका निराकरण प्राथमिकता से करने पर जोर दिया। गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसके लिए पहले से तैयारी करें और जिन क्षेत्रों में यह समस्या आ रही उनका चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त को जिलों में विशेष शिविर लगाकर प्रकरण निपटाने पर जोर दिया। बैठक में तीनों जिले के कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मार्च 2026 तक तीन साल से अधिक लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महती योजना है। लोगों को पक्का आवास देने की इस योजना के क्रियान्वयन में कोई कोताही ना बरती जाये। राज्य में जमीन रजिस्ट्री को लेकर की गई दस नई क्रांतिकारी पहल का बैठक में जिक्र किया ताकि हितग्राहियों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार जिलों में हो और उन्हें इस महती योजना का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों में जो भी दिक्कत आ रही उन्हें जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दि। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, संस्थागत प्रसव, सिकल सेल स्क्रीनिंग टेस्ट, जल जीवन मिशन में स्वीकृत और प्रगतिरत कार्य, लोक सेवा केंद्रों के प्रकरणों के निपटारे, खाद बीज भंडारण, वितरण, फसल चक्र परिवर्तन के लिए किए जा रहे प्रयास, गर्मी और आगामी मानसून के मद्देनजर मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रयोजन की जिलावार समीक्षा की गई। विभिन्न पेंशन प्रकरणों, >> शेष पृष्ठ 9 पर >




**मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पाँचवे दिन महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाजार भाटापारा जिले के कार्यों की समीक्षा बैठक ली**

## पीएमश्री सेजेस कसडोल में 15 को होगी प्रवेश प्रक्रिया

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 10 मई। पीएम श्री सेजेस गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी कसडोल में प्रवेश प्रकिया लॉटरी से 15 मई सुबह 10 बजे से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी कसडोल व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदगण, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पालकगण, आम नागरिकगण एवं मीडिया अध्यक्ष एवं सदस्य की उपस्थिति में विद्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न होगा।



# मां की जगह कोई नहीं ले सकता : लता वैष्णव

**मदर्स डे पर विशेष**

**महासमुंद** 10 मई (देशबंधु)। दुनिया भर में मई माह के दूसरे रविवार को ही मां का दिन अर्थात मदर्स डे के रूप में मनाया जाता है। इस परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम 1908 में अमेरिका की एना रीव्स जार्विस नामक महिला ने अपनी मां की स्मृति में की थी ।एना की मां एक समाज सेविका थी और उन्होंने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए कई कार्य किए थे । मई माह में ही एना की मां की मौत हुई थी, उन्होंने अपनी मां को श्रद्धांजलि देने के लिए मई माह के दूसरे रविवार को ही श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था । तब से प्रतिवर्ष मदर्स डे मनाने की शुरुआत हुई। सबसे पहले ग्रीस देश में मदर्स डे का उत्सव बसंत ऋतु में रिया के सम्मान में मनाए जाने वाले उत्सवों से शुरू हुआ,जो प्राचीन ग्रीक सभ्यता के अनुसार देवताओं की माता है। तब से यूनाइटेड किंगडम में मदर्स डे मनाया जाता था, और यह लोगों के लिए चर्च जाने और बपतिस्मा लेने का दिन बन गया । इसके पश्चात धीरे.धीरे पूरी दुनिया में मदर्स डे मनाने की परंपरा चल पड़ी। हमारी भारतीय संस्कृति में मां की तुलना ईश्वर से की गई है स शास्त्र अनुसार मनु और शतरूपा नाम के दो स्त्री पुरुष ने मिलकर सृष्टि का आरंभ किया है मनु से मनुज यानी मानव बना इसी मनु की संतान को जन्म देने वाली शतरूपा को मां कहा गया। जिसने पृथ्वी में मानव को जन्म दिया। यहां तक की वेद पुराणों में भी मां की ममता और महिमा का बखान किया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद में लिखा गया है मातृ देवो भव: यानी मां देवताओं से भी बढ़कर होती है। मां को भगवान का स्थान दिया गया है क्योंकि मां त्याग की मूर्ति ,करुणा का सागर ,सागर की भांति अपने अंदर दुख दर्द को समेट कर रखने वाली ,कटु वचन को सहन करने वाली मां ही होती है । मां एक ऐसा शब्द है जिसमे पूरा ब्रह्मांड समाहित है। मां बच्चों की पहली गुरु होती है जो अपने बच्चों को शिष्टाचार से लेकर बुनियादी जीवन कौशल तक सब कुछ सिखाती है, मां हमें जन्म देने के साथ.साथ जीवन जीने की कला भी सिखाती है। मां की पूरी दुनिया अपने बच्चों के इर्द गिद ही होती है । मां से बढ़कर कोई सच्चा दोस्त नहीं हो सकता वह अपने बच्चों के सारी कठिनाइयों को दूर कर देती है । उनके चेहरे में जरा सी भी सिकन या थकावट नहीं होती। मां वो होती है जो अपने बच्चों के बिना कहे हर बात को समझ लेती है ,मां की ममता का कोई मोल नहीं होता और ना ही कभी कम होता है। हर बात मुस्कुरा कर छिपा लेना मां की आदत में शामिल होता है । दुनिया में यदि सुकून है तो वह मां के आंचल में ही संभव है ,उनके स्पर्श में वह जादू है जो हमें संबल प्रदान करती है । हमारी हिम्मत को टूटने नहीं देती है। संस्कृत में कहा गया है,नास्ति मातृसमा छाया एनास्ति मातृसमा गति:। नास्ति मातृ समं त्राण, नास्ति मातृ समा प्रिया । अर्थात माता के समान कोई छाया नहीं, माता के समान कोई सहारा नहीं ,माता के समान कोई रक्षक नहीं और माता के समान कोई प्रिय चीज नहीं है। सभी माता, अपने बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ,वह अपने बच्चों की हर जरूरत का ख्याल रखती है। मां के लिए क्या लिखूं मां ने तो खुद मुझे लिखा है। मां से छोटा कोई शब्द हो तो बताओ ,मां से बडा भी कोई हो तो बताओ । लोग कहते हैं आज मां का दिन है वह कौन सा दिन है जो मन के बिन है। मौत के लिए ईश्वर ने तो कई रास्ते बनाएं लेकिन जन्म देने के लिए केवल मां ही है। प्रशस्ता धार्मिकी विदुषी माता विद्यते यस्य ,मातृमान । अर्थात धन्यवाद उस माता को जिन्होंने गर्भाधान से लेकर जब तक पूरी विद्या न हो तब तक सुशीलता का उपदेश दे ऐसी माता को आज मेरा शत.शत नमन ।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा



**भाटापारा,** 10 मई। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा का कार्यक्रम हुआ बस स्टैंड से रैली गोविंद चौक ,रामसहाह चौक, भारत माता चौक होते हुए समापन कार्यक्रम यज्ञ स्थल में हुआ। बस स्टैंड के पास समाज के द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा की पूजा अर्चना के पश्चात राजपूत समाज के द्वारा आम नागरिको के लिए पोहा और शर्बत की व्यवस्था की गयी थी। जिसमें प्रमुख रूप से सभी पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी ,युवा मंडल ,महिला मंडल एवं उपसमिति के सम्माननीय सदस्यगण की गरिमामयी उपस्थित में आज का सफल कार्यक्रम हुआ जिसके लिए अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने समाज के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। राजपूत समाज के सभी सदस्यों ने भारत माता चौक में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की घोर निंदा की और शहीद हुए आम नागरिकों के लिए 2 मिनट मौन धारण करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

# तिल्दा नेवरा में परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**तिल्दा नेवरा,** 10 मई (देशबन्धु)। पीएम श्री प्रियदर्शनी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत ही उत्कृष्ट रहा, जिसमें अंग्रेजी माध्यम से कक्षा दसवीं में मानस वर्मा 94.6 प्रथम, विभा सोनवानी 90.6 द्वितीय व 88.16 चंचल धुरंधर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में नेहा वर्मा 93.8 प्रथम, निष्ठा शर्मा 91.2 द्वितीय,विनी नरवानी 87.00 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से नेहा वर्मा ने गणित विषय में व निष्ठा शर्मा ने लेखाशास्त्र में सौ में से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए




इसी प्रकार हिंदी माध्यम का भी परीक्षा परिणाम शानदार रहा,कक्षा दसवीं में कुमकुम वर्मा 89.33 प्रथम, झलक साहू 89.16 द्वितीय व कल्पना साहू 86. 00 ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। वहीं 12वीं में डाली यादव 88.2 प्रथम, शिवानी 87.4 द्वितीय व आरती 86.00 ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे विद्यालय व तिल्दा विकासखंड का गौरव बढ़ाया । छात्रों के द्वारा अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन व पालकों को श्रेय दिया गया। छात्रों ने बताया कि उन्हीं के मार्गदर्शन में यह उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव हो पाया है। साथ ही पालकों ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकों के शिक्षण कार्य व मार्गदर्शन को मुख्य भूमिका अहम् बताए । पालकों व एस .एम .डीसी के अध्यक्ष मनोज निषाद जी व सदस्यों के द्वारा छात्रों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं व उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई,तथा संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री दुष्यंत सोनी जी ने छात्रों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं दी व आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी विद्यार्थियों को इसी प्रकार अपने लक्ष्य को निरंतर प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

# श्वेता वर्मा और अंजू वर्मा ने दतान स्कूल में किया टाप



**पलारी,** 10 मई (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा और हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में श्वेता वर्मा/रामनारायण वर्मा ने 81त्नअंक अर्जित कर प्रथम स्थान छोटी ध्रुव/करणसिंह 77.4त्नके साथ द्वितीय स्थान और तरूण कुमार/महेन्द्र कुमार 74त्न अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में अंजू वर्मा /राजकुमार ने 92.83त्नअंक अर्जित कर प्रथम स्थान निधि/चंद्रशेखर ने 77.16त्नअंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और ज्योति/ईश्वर प्रसाद ने 73त्नअंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। अत: इस बार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प का कक्षा दसवीं में परीक्षा परिणाम 88.57त्नऔर कक्षा बारहवीं में 84.14त्न रहा। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले केसरी वर्मा सुंदर फेकर मोहन ध्रुव कुंअर रजक दुलारी सेन हेमन्त वर्मा लालकुमार यादव बिहारी वर्मा दशरथ चंद्राकर नीरा पैगम्बर हेमकुमार साहू जामवंती साहू जनपद सदस्य वेदप्रकाश वर्मा महेश बार्ले पूर्व सरपंच नीलकमल साहू प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार वर्मा डॉ कोमल वैष्णव पीके साहू विजय कुर्रे अरविंद ध्रुव ललित वर्मा देवेंद्र लहरे रविशंकर साहू रश्मि ठाकुर महेश्वरी वर्मा योगेश्वरी धुरंधर गीता श्रेय कविता साहू अनिल पटेल आदि ने सफल छात्रों को हार्दिक बधाई एवम उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# मेरा सौभाग्य है कि मुझे आप लोगों के प्रेम के कारण दिव्य क्षेत्र में विराजमान भगवान सिद्धेश्वर का पावन दर्शन प्राप्त हुआ

**सिमगा,** 10 मई (देशबन्धु)। आज छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य युवराज पांडे का आगमन संध्या 6 बजे हुआ जहां धर्म प्रेमी बंधुओं ने नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में आत्मीय स्वागत कर सिद्धेश्वर शिव मंदिर लाया ।जहां उन्होंने सर्वप्रथम भगवान सिदेश्वर शिव मंदिर का दर्शन के साथ ही साथ गौशाला का निरीक्षण भी किया ।वहीं भगवान बजरंग बली की आरती पटल का अनावरण किया। सिमगा के लोग अपने बीच सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य युवराज पांडे को पाकर बड़े ही हर्षित नजर आए । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर काशी के समान है । जहां भगवान सिदेश्वर शिव शिवनाथ नदी के पावन तट किनारे एवं शमशान भूमि के समीप साथ ही गौशाला यज्ञशाला और वट वृक्ष के नीचे विराजमान है जो अति दुर्लभ है। आप लोगों को ज्ञात नहीं है कि यह परम पावन क्षेत्र है। इस क्षेत्र जितना विकास हो सके आप लोग हर संभव वह प्रयास करें। उन्होंने दो विषयों पर अपनी बातें प्रमुखता के साथ रखीं । जहां उन्होंने सभी सनातनियों से निवेदन किया कि गौ माता के रक्षण के लिए आगे आए साथ पहली रोटी गौमाता के लिए निकालें। उन्होंने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया । सामाजिक समरसता से ही धर्मांतरण रोका जा सकता है । जब हम अपने बीच के लोगों के साथ ही अगर भेदभाव करेंगे तो वह हमसें दूर होना स्वाभाविक है । हम आपस में तालमेल बनाकर कार्य करें ताकि कोई सनातनी भाई अपने धर्म से विमुख न हो ।



इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने महराज के दर्शन कर सिद्धेश्वर शिव मंदिर में गौशाला निर्माण हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालक भाजपा नेता धीरज जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धर्म सेना के अनूप तिवारी तिलक देवांगन योगराज देवांगन गगन तिवारी गगन शर्मा करण भाटिया आनंद कसेर जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे विजय देवांगन सुभाष देवांगन पूरन सोनकर मुन्ना लाल देवांगन कन्हैयालाल पंजवानी सन्त पांडे राहुल साहू आशीष तंबोली ऋषभ ताम्रकार नीरज ठाकुर शत्रुघन वैष्णव पुष्पराज देवांगन हेमंत साहू महेंद्र रजक सौरभ जैन राज पांडे मयंक पांडे चंदन सोनकर किशोर रजक सहित सैकड़ों धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।

# विधायक के जन्मदिवस पर भाजपा नेताओं ने मरीजों को किया फल वितरित



**पिथौरा,** 10 मई (देशबन्धु)। बसना विधायक संपत अग्रवाल के जन्मदिवस पर भाजपा नेताओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल रैदास गोयल युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल नंदू महंती विधायक प्रतिनिधि पुष्पराज गजेंद्र सुमित अग्रवाल सुरेंद्र पांडे रविंदर आज़मानी दिलीप निषाद रामचरण साहू निशु माटा महामंत्री सौरभ अग्रवाल पार्षद कौशल मानिकपुरी पुष्पकांत पटेल संजय गोयल मधुरिमा पांडे रेखराज साहू तुकाराम पटेल वर्षा सोनीआत्माराम सिन्हा डिगेश प्रधान सोनू तिवारी राजा शुक्ला अंशुल तिवारी बेनू वैष्णव सौरभ आर के अग्रवाल नितेश शर्मा अभिषेक वैष्णव सतीश धुरुव श्रीमति पिंपलकर श्वेता प्रसाद सुनीता ठाकुर कुलजीत आज़मानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### आज आदर्श विवाह व स्वर्ण जयंती महोत्सव

**बागबाहरा,** 10 मई (देशबन्धु)। भाजपा मंडल कोमाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा में साहू समाज द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह एवं स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम में 11 मई (रविवार) को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महासमुंद लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं भाजपा महासमुंद जिलाध्यक्ष येतराम साहू का आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा के निवासी अनेश पटेल के घर के सामने चौक पर भाजपा परिवार की ओर से सामूहिक रूप से स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। स्वागत अभिनंदन के इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल खल्लारी के आप समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण, सदस्यगण ससम्मान सादर आमंत्रित हैं।

### 12वीं की हेमीन सिन्हा जिला में प्रथम

**कुरूद,** 10 मई (देशबन्धु)। कुरूद शहर गांधी चौक कलार पारा की होनहार बालिका हेमींन सिंन्हा पिता गणेश राम सिंन्हा माता सोहद्रा सिंन्हा ग्राम कुरूद निवासी जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरुद से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम कॉमर्स में 93.40 प्रतिशत अंक लेकर 12वीं कक्षा धमतरी जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया। धमतरी जिला में प्रथम आने पर कक्षा शिक्षिका, मनीषा नायडू, अविनाश साहू, निशा पटेल, मनीष सरकार, हेमंत साहू, दामिनी सिंन्हा ,मनोज सिन्हा, गन्नू राम सिन्हा, समारू राम सिन्हा सहित अनेकों शुभचिंतकों ने बधाई दी है।



### गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ छग के 3 लाख घरों में

**महासमुंद** 10 मई (देशबंधु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 11, 12 मई को राष्ट्रीय एकता व समता का भाव जगाने, देश को सबल, सशक्त बनाने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने,आतंकवाद को निरस्त करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ के लगभग 3 लाख घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न होने जा रहा है। गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद द्वारा अपील की गई है कि आप भी परिवार सहित अपने अपने घरों में सरल, संक्षिप्त विधि से यज्ञ करें।

# अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा, प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप

**पिथौरा,** 10 मई (देशबन्धु)। नगर के वार्ड नंबर 12ङ्क13–14 एवं कब्रिस्तान के आस पास के इलाके तथा वार्ड 2, 3 रावणभाठा तालाब के पास अवैध शराब और प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री से नगर की महिलाओं में खासा रोष है। सुबह 6 बजे से लेकर पूरे दिन धड़ल्ले से हो रही इस अवैध गतिविधि में स्थानीय पुलिस एवं आबकारी विभाग की निष्क्रिय भूमिका संदेह पैदा कर रही है। विभिन्न वार्ड की महिलाओं का आरोप है कि पुलिस और आबकारी विभाग अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे न केवल युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है, बल्कि इससे समाज में अव्यवस्था और अशांति भी फैल रही है।



अवैध शराब की बिक्री में कोचियों की चांदी हो रही है, जबकि युवाओं की जिंदगी दांव पर लगी हुई है। कच्ची शराब की विषाक्तता से जनहानि की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय महिलाएं इस गंभीर मुद्दे के खिलाफ सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रही हैं। उनका कहना है कि यदि संबंधित विभाग अपने काम में निष्पक्षता नहीं दिखाते, तो वे जल्द ही जिला कार्यालय का घेराव कर सकती हैं।

समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, खासकर युवाओं के बीच, एक गंभीर चिंता का विषय है। प्रशासन की मिलीभगत और पुलिस की निष्क्रियता ने स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। इस विषय में जागरूक लोगों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान दे और प्रभावी कार्यवाही कर प्रधानमंत्री और राज्य सरकार की नीतियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाए।

पिथौरा की महिलाएं एकजुट होकर न केवल अपने परिवारों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए, बल्कि समाज को इस बड़ी समस्या से बाहर निकालने के लिए संघर्ष कर रही हैं। क्या प्रशासन उनकी आवाज सुन पाएगा? यह सवाल सभी के मन में है। इस मामले में पिथौरा थाना प्रभारी उमेश कुमार वर्मा ने कहा सूचना मिलने पर कार्यवाही करूँगा, पहले कार्यवाही की गई थी।

## एबीसी की रितिका 10वीं बोर्ड में टॉपर



**खरोरा,** 10 मई (देशबन्धु)। एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव ने दसवीं बोर्ड में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। स्कूल की छात्रा रितिका धीवर 96 फीसदी अंकों के साथ अंचल में पहला स्थान प्राप्त किया है एवं पूर्वा देवांगन 92 फीसदी के साथ द्वितीय स्थान तथा उत्तरा वर्मा ने भी 92 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान व स्नेहा वर्मा 91 फीसदी एवं मानसी पाण्डेय 87 फीसदी ने क्रमश: चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त कर संस्थान एवं क्षेत्र को गौरन्वित किये हैं। शाला के प्राचार्य एमएल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी दसवीं बोर्ड में हमारा स्कूल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के कुल 75 फीसदी विद्यार्थी डिस्टेंशन के साथ प्रथम श्रेणी एवं शेष विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। रितिका धीवर और उत्तरा वर्मा ने गणित में 99 अंक एवं पूर्वा देवांगन ने इंग्लिश में 98 अंक प्राप्त किये हैं तथा रितिका धीवर ने ऑल सब्जेक्ट में डिस्टेंशन प्राप्त कर शाला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। शाला प्रबंधन एवं प्राचार्य ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए शाला के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पालकों के कड़ी मेहनत को श्रेय देते हुए कहा कि एक्टिविटीज बेस्ड शिक्षण से यह संभव हुआ है। इस अंचल में एबीसी स्कूल शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के साथ-साथ बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं।

# बिलाईगढ़ महाविद्यालय के भूगोल विभाग में रिसर्च मेथाडोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला

**बिलाईढ़,** 10 मई (देशबंधु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के भूगोल विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध की मूल अवधारणाओं, वैज्ञानिक पद्धतियों तथा शोध लेखन की तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. अमित टंडन, भूगोल विभाग, संत गुरु घासीदास शासकीय पीजी महाविद्यालय, कुरूद (जिला-धमतरी) आमंत्रित किए गए थे।



प्रो. टंडन ने शोध प्रक्रिया की चरणबद्ध समझ, शोध समस्या का चयन, परिकल्पना निर्माण, डेटा संग्रहण की विधियाँ (प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोत), सैंपलिंग, विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने अनुसंधान में नैतिकता और नवीन तकनीकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस शैक्षणिक आयोजन से छात्रों को न केवल शोध के प्रति रुचि उत्पन्न हुई बल्कि उनके भविष्य के अध्ययन व प्रोजेक्ट कार्य के लिए मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. पंकज साहू की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिनके निर्देशन में यह कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही जनभागीदारी शिक्षक नरेंद्र राकेश ने भी कार्यशाला की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यशाला का समापन विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता और सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ। भूगोल विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की उपयोगी कार्यशालाओं के आयोजन की योजना बनाई जा रही है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नवविवाहिताओं को जल्द मिलेगा ...

लगाई और शासकीय योजनाओं पर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही नवविवाहित महिलाओं को भी महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगाए ताकि वह भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। योजना चाहे केंद्र की हो या राज्य की प्रत्येक योजना का लाभ दिलाने में सरकार जुटी हुई है। इसलिए सुशासन तिहार के माध्यम से खुद मुख्यमंत्री जनता से मिल रहे हैं। वह प्रत्येक योजना की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही जनता की समस्याओं से भी जुड़कर उनका समाधान कर रहे हैं।

### क्षेत्र का अधिक से अधिक ...

आश्रम छात्रावासों में स्वीकृत सीट, रिक्त पद आदि की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने ऐसे जिलों को जहाँ 10 एवं 12 वी बोर्ड के नतीजे संतोषजनक नहीं आए हैं वहाँ ज्यादा बेहतर नतीजे लाने पर ध्यान देने कहा। संयुक्त समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विशेष बल देते हुए कहा कि एक महीने बाद मानसून आ जाएगा अत: अभी अधोसंरचना से जुड़े काम जैसे स्कूलों के जीर्णोद्धार, सड़कों की मरम्मत के कार्यों को तेज गति से गुणवत्तापूर्ण करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में तीनों जिलों में लोगों की सड़क हादसों से सुरक्षा संबंधी उपाय, कारण आदि की समीक्षा करते हुए लोगों में जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस, रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार कलेक्टर, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# गरियाबंद में बनेंगे नालंदा परिसर, ऑडिटोरियम और स्विमिंग पुल

**गरियाबंद,** 10 मई (देशबन्धु)। गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई ऊंचाई देने की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही नगर में ऑडिटोरियम, स्विमिंग पुल, नालंदा परिसर, व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स और उद्यान जैसे कई निर्माण होंगे। गत दिनों विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में हुई सामान्य सभा की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने नगर के विकास के लिए संभावित, प्रस्तावित और स्वीकृति योग्य विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।




- नए व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण और तालाबों का गहरीकरण को भी मिली स्वीकृति
- नगर पालिका के विकास में नहीं होगी कमी : विधायक रोहित साहू

अध्यक्ष यादव ने बताया कि नगर को सुंदर, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और जनभावनाओं के अनुरूप संवारने रोडमैप तैयार कर लिया गया है। शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मदद से योजनाओं को अमल में लाया जाएगा। वार्ड क्रमांक पंद्रह में इंडोर स्टेडियम के पास ऑडिटोरियम और स्विमिंग पुल बनेगा। काली मंदिर के पास नालंदा परिसर की स्थापना होगी। इससे सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

नगर में स्वरोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कई स्थानों पर नए व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। पुराने और जर्जर भवनों को हटाकर नए भवनों का निर्माण होगा। इससे नगर की संरचना मजबूत होगी और पालिका की आय भी बढ़ेगी। बस स्टैंड और अटल बाजार की रिक्त दुकानों की नीलामी की जाएगी। पौनी पसारी चबूतरों का आबंटन भी होगा। छिंद तालाब और नया तालाब का गहरीकरण किया जाएगा। दोनों तालाबों के किनारे आकर्षक उद्यान बनाए जाएंगे। यह स्थान नगरवासियों के लिए मनोरंजन और विश्राम का केंद्र बनेंगे। सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव भी तैयार हो रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था सुधरेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

कृषि उपज मंडी के पास नवीन कार्यालय भवन निर्माण, पुराने स्वास्थ्य विभाग भवन को कार्यालय और व्यवसायिक परिसर के रूप में उपयोग किया जाएगा। मंगल भवन का नवीनीकरण होगा। स्पोर्ट्स क्लब को तोड़ा जाएगा। अवैध नल कनेक्शन को नियमित किया जाएगा। मुक्तिधाम में उद्यान और छिंद तालाब में कुंड का निर्माण होगा। सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव भी पास हुआ।

इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि गरियाबंद नगर को को जिला मुख्यालय के अनुरूप स्मार्ट और सुव्यवस्थित शहर बनाया जाएगा। इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं होगी। नागरिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा।

**यहां बनेंगे नए कॉम्प्लेक्स**

नगर में गायत्री मंदिर के सामने रिक्त भूखंड, गौरव पथ मार्ग में गांधी मैदान के पास, बस स्टैंड में यात्री प्रतिक्षालय के ऊपर और शुक्रवारी बाजार में बनेंगे। शुक्रवारी बाजार, अटल बाजार और वार्ड क्रमांक 09 में पुराने कॉम्प्लेक्स हटाकर नए बनाए जाएंगे। गांधी कूप स्थित पानी टंकी को तोड़कर भी कॉम्प्लेक्स बनेगा। किसान राइस मील के पास मांगलिक भवन सहित व्यवसायिक परिसर का निर्माण होगा।

## निधन

### शकुंतला मिश्रा



**जगदलपुर,** 10 मई। पूर्व महिला एवं बाल विकास अधिकारी शकुंतला मिश्रा का शनिवार को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे आजाद हिंद फौज में सेवारत रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जगदलपुर नगर पालिका के प्रथम नगर अध्यक्ष स्व. दीनानाथ मिश्रा की पत्नी थी। वे वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. संजय मिश्रा की माता थी। स्व. शकुंतला मिश्रा नगर कांग्रेस की सेकेट्री भी रह चुकी हैं।

# श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के दौरान कृष्ण विवाह में झूमे जायसवाल परिवार




**बलौदाबाजार,** 10 मई (देशबन्धु)। ओम प्रकाश जायसवाल परिवार की ओर से उनके निज निवास मे आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के दौरान कथा के सातवे दिन भागवत कथा में श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। उक्त विवाह कार्यक्रम मे भगवान श्री कृष्ण का बारात बलौदाबाजार पुलिस थाना कार्यालय स्थित शिव मंदिर से भव्य गाजे-बाजे के साथ निकाला गया जिसमे पुरा जायसवाल परिवार सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अकांक्षा गोलू जायसवाल भी भगवान श्री कृष्ण के बारात मे भाव विभोर होकर थिरकते नजर आई।

आठवें दिन कथा वाचक पंडित शत्रुघ्न प्रसाद पांडे (मनोहरा वाले) के द्वारा उद्धव चरित्र महारास लीला व रुक्मणी विवाह का वर्णन किया तथा कथा वाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्री कृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की थी भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने महारास का आयोजन किया। जहां शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया सभी गोपिया सज धज कर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गई। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपने सुधाकर के पास पहुंच गई उन सभी गोपियों के मन में सिर्फएक ही बात थी कि श्री कृष्ण को पति रूप में पाना। उन्होंने रुक्मणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी को द्वारिका में लाकर उनका विधि पूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक परिवार की ओर से आकर्षक वेशभूषा में श्री कृष्ण व रुक्मणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार के रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

श्रीमद भागवत ज्ञनयज्ञ के संबंध मे श्रीमती अकांक्षा गोलू जायसवाल के काहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और फलदायी कार्य है। इससे न केवल ज्ञान और भक्ति की प्राप्ति होती है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। कथा सुनने से मन शुद्ध होता है भगवान के प्रति प्रेम बढ़ता है और जीवन में शांति स्थापित होती है। इन्होने इस कथा के माध्यम से अपने सम्पूर्ण जिले वासियों के सुख समृद्धि की कामना की है। इस इस अवसर पर कुमारी बेबी जयसवाल को कृष्ण व कुमारी मौली जायसवाल को रुक्मणी की भूमिका मे देखा गया। बड़ी संख्या में जयसवाल परिवार व सभी समाज के लोगों के अलावा महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल होकर भगवान श्री कृष्ण की बारात में शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजक गिरजा ओमप्रकाश जायसवाल, श्रीमती प्रतिमा चितावर जयसवाल, जय आशीष जयसवाल, आकांक्षा अमित गोलू जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत, पार्वती देवी रामेश्वर लाल जयसवाल, अनुसूया देवी नारायण प्रसाद जायसवाल, कमला देवी लखन लाल जयसवाल, मनीषा देवी गणेश प्रसाद जायसवाल सहित बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग इस आयोजन में शामिल होकर भागवत कथा का रसपान करते दिखे।

# आवश्यक मांगों को लेकर विधायक इंद्र साव से मिले डीएड अभ्यर्थी



**भाटापारा,** 10 मई (देशबन्धु)। शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 से अधिक रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसलिंग 1:2 (अनुपात) में कराये जाने हेतु जिले के समस्त डी. एड अभ्यर्थी विधायक इंद्र साव से सौजन्य मुलाकात कर अपने मांगों को लेकर पत्र सौपे मुलाकात के दौरान डी.एड अभ्यर्थियों के द्वारा विधायक श्री साव को अवगत कराया गया कि, पूर्व मे विज्ञापित सहायक शिक्षक के 6285 पदों नियुक्ति की कार्यवाही उपरांत पाचवे चरण की काउंसलिंग व नियुक्ति उपरांत 3979 पदों पर नियुक्ति हुई है, और 2300 से अधिक लगभग 40 प्रतिशत पद अभी भी रिक्त है।

उक्त पदों को प्रक्रिया के तहत नियमानुसार 1 जुलाई 2025 तक पूर्ण किये जाने हेतु समय निर्धारित है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान न्यायालयीन प्रकरणों के चलते रोक लगने के कारण पूर्व के 984 पदों पर भर्ती किया जाना शेष है एवं पंचम चरण के 2621 पदों के विरूद्ध काउंसलिंग उपरांत 1299 पद ही भरे गये है। जबकि 1316 अभी तक बचे हुए है इस प्रकार शेष 984 पद एवं पाचवे काउंसलिंग उपरांत बचे रिक्त पदों को मिलाकर कुल 2301 पद बचे हुए है। उक्त पदों पर लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. के पत्र दिनांक 24.04.2025 04.2025 के तहत सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पद की छठवे चरण की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है।

अभ्यर्थियों ने मुख्य रूप से विधायक को बताया कि पुर्व भर्ती प्रक्रिया के तहत मेरिट सूची से अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में 1:1 (अनुपात) मे बुलाया जाता है, किन्तु मेरिट सूची सत्यापित सूची नहीं होने के कारण काउंसलिंग में अपात्र व्यक्तियों का नाम भी सम्मिलित हो जाता है, जिस वजह से पात्र योग्यताधारी अभ्यर्थियों का नाम काउंसलिंग मे शामिल नहीं हो पाता। उक्त संबंध में आज जिले के डी.एड अभ्यर्थिगण विधायक इंद्र साव के समक्ष उपस्थित होकर काउंसलिंग 1:2 मे कराये जाने का मांग पत्र प्रस्तुत किये। उक्त संबंध में विधायक श्री साव ने कहा कि आपकी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को पत्राचार कर उनके समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया गया ताकि निर्धारित समय सीमा में शेष भर्ती प्रक्रिया को पुरा किया जा सकें। उक्त अवसर पर काफी संख्या में डी. एड अभ्यर्थी गण उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार अंतर्गत भोथीडीह में लगा समाधान शिविर



## मौके पर ही मिला बी वन

**भाटापारा,** 10 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत शुक्रवार को भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत भोथीडीह में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर प्रात: 10.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक चला, जिसमें प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर मौके पर त्रुटि सुधार कर बी वन, फौती नामांतरण कर बी वन की नकल सहित किसान पुस्तिका का वितरण भी किया गया।

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथीडीह में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में ग्राम पंचायत गुड़ाघाट, खपरी स, कोनी, भोथीडीह, मोपकी, निपनिया, पथरिया और सिलवा के ग्रामवासी शामिल हुए। समाधान शिविर में आए आवेदनों का निपटारा तहसीलदार प्रेमा मिंज ने करते हुए मौके पर ही फौती नामांतरण कर बी वन की नकल, त्रुटि सुधार कर बी वन की नकल, सीमांकन की प्रतिलिपि सहित किसानों को किसान पुस्तिका का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे और प्राप्त आवेदनो का निराकरण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जिला पंचायत सदस्य अमर मंडावी, सरपंच अनूप साहु, निपनिया सरपंच नरेश नेताम, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा सहित ग्राम सचिव मनीष दुबे, सरपंच मनोज शर्मा सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# विकसित भारत निर्माण में सुशासन तिहार की महत्वपूर्ण भूमिका : बृजमोहन




## अमोदी में आयोजित सुशासन समाधान शिविर में सेना के शौर्य को किया नमन

**आरंग,** 10 मई (देशबन्धु)। शनिवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोदी हाइ स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 ग्राम पंचायत की सहभागिता रही, इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के माध्यम से विकसित भारत निर्माण में छत्तीसगढ़ की अधिक से अधिक भागीदारी रहेगी, उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नमन किया एवं तात्कालिक मांगों जैसे सड़क निर्माण, मुक्ति धाम शेड, अहाता निर्माण, अतिरिक्त कक्ष आदि विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से लाखों की घोषणाएं भी की। साथ ही क्षेत्रीय विधायक एवम उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन प्रशासन आपके द्वार में है समस्याओं को सुलझाने के लिए एवं उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं गुरु घासीदास बाबा के संदेशों से कहा कि च्मनखे मनखे एक समानज् अत: समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन पहुंचना चाहिए उन्होंने सुशासन का अर्थ रामराज्य बताया , इस अवसर पर अन्य अतिथियों में अशोक बजाज वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, नगर पालिका परिषद आरंग अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, समोदा नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर सहित अनेक जनप्रतिनिधी गणों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा व जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे ने जानकारी दी की 11 ग्राम पंचायत से प्राप्त 4800 आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही की गई और तत्काल प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण किया गया है।

शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जन्म पंजीयन, डेंटल हेल्थ चेकअप, श्रम कार्ड, जाति प्रमाण पत्र ड्राइविंग लाइसेंस, आदि तत्काल बनाए गए एवं हितग्राहियों को मत्स्य जाल एवं कीट, सब्जी बीज किट, रिपोर्ट कार्ड, व्हीलचेयर आदि वितरित किए गए इस अवसर पर सरपंच गण रणवीर कुमार ध्रुव, सोहद्रा उमेंद्र साहू ,गणेश राम ,कमलेश्वरी संतोष जलक्षत्रि, मधु लोकेश यादव, सरस्वती कुर्रे, अंबिका दानेश्वर धुरंधर, कुमारी बृजलाल साहू, किरण राजेश बारले एवं इंदिरा टंडन, उपसरपंच पंच गण, रोजगार सहायक ,ग्राम सचिव ,अन्य जनप्रतिनिधि देवनाथ साहु, देव कुमार साहू, के के भारद्वाज, गणेश साहू शेखर साहू आदि एवं तहसीलदार सीता शुकला, एडिशनल सीईओ मारुति, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी विजय लक्ष्मी अनंत, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे, नायब तहसीलदार गजानन सिदार, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, प्राचार्य आरपी साहू, प्राचार्य जे आर आल्हा, सीएसी विजय देवांगन आदि एवं मंच संचालन टीम अरविंद कुमार वैष्णव, महेंद्र कुमार पटेल भूषण जलक्षत्रि, मनोज मुछावर के साथ-साथ ग्राम पंचायत अमोदी करमंदी, चपरीद, कुरूद, कुटेला, मोहमेला, चिखली, परसदा, सेमरिया, केसला रसौटा आदि के ग्राम वासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# छत्तीसगढ़ सरकार मना रही हैं सुशासन त्योहार, लोगों में हैं हाहाकार, रिश्वत बना व्यापार : सुरेन्द्र शर्मा



**बलौदाबाजार,** 10 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन के नाम पर व्यर्थ ही प्रलाप कर रही, जबकि जन समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई काम नहीं हो रहा। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि आवेदन को अग्रेषित कर देना ही कार्यसम्पादन मान लिया जाता है और अफसर शाही शासन को गुमराह करती है या सरकार में बैठे लोग जानबूझ कर अनदेखी करते हैं।

सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि राजस्व अभिलेख का डिजिलीकरण सरकार का निर्णय है और अच्छा निर्णय है किंतु डीजलीकरण में लाखों की संख्या में जानबूझकर त्रुटि की गई है। गलती आन लाइन अपलोड करने वाले अधिकारी की है किंतु भुगत किसान रहे है। वे आवेदन भी दे रहे हैं रिश्वत भी दे रहे हैं चक्कर भी काट रहे हैं। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि मेरे स्वयं का प्रकरण महीनों से लंबित है अनेक ऐसे लोगों को जानता हूँ जो इस व्यवस्था से परेशान हैं। जब तक शासन प्रशासन की नीयत ठीक नहीं होगी समस्या का समाधान मुश्किल है। सुरेंद्र शर्मा ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने पंजीयन के साथ ही नामांतरण की घोषणा की है किंतु भुगतान बाधित होने पर क्या होगा उसका कोई जवाब नहीं है अगर उचित प्रबंध नहीं हो तो पहले क्रेता चक्कर काटता था अब विक्रेता चक्कर काटेगा।

सुरेंद्र शर्मा ने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल खोला था अभी प्रावीण्य सूची में आने वाले अधिकांश विद्यार्थी उसी स्कूल से संबंधित है जो योजना राज्य के लिए हितकर है। उस योजना को हतोत्साहित करना न्यायोचित नहीं है। स्वामी आत्मानंद स्कूल को आगे भी विस्तार देने की जरूरत है। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि सुशासन हर नागरिक की अभिलाषा है किंतु यह सिर्फ प्रचार तंत्र से हासिल नहीं होगा आम आदमी की समस्या का समय पर समाधान होना चाहिए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फौती, बटवारा, सीमांकन, नामांतरण, अभिलेख में सुधार, अस्पताल में इलाज, पुलिस थाना में सुनवाई, शिक्षा का सभी को अवसर, अपराध पर लगाम, कानून व्यवस्थित का सुचारू होना एवं प्रदेश में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित होगा तब सुशासन होगा यही होना चाहिए यही हमारी माँग हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र में योग कराकर स्वास्थ्य लाभ की दी जानकारी



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 10 मई (देशबन्धु)। अंचल के ग्राम रावन आयुष आरोग्य मंदिर के तत्वाधान में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक दो में योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा के सानिध्य में महिलाओं को रोगानुसार योग करते हुए ग्रीष्मकालीन मौसम में शीतली और शीतकारी प्रणायाम का अभ्यास कराते हुए बारिकियों से जानकारी दी गई। इस दौरान पंच इंद्राणी वर्मा, पंच चंद्रिका वर्मा, विक्रम वर्मा, दुलारी वर्मा, संतोषी वर्मा, उषा वर्मा और जागेश्वरी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# नमी बढ़ा रही नुकसान, रबी फसल में कमज़ोर गुणवत्ता से पोहा मिलें हताश



**भाटापारा,** 10 मई (देशबन्धु)। आवक और भाव भले ही बढ़े हुए हों लेकिन रबी फसल में मानक गुणवत्ता का अभाव अभी भी देखा जा रहा है। यह आमना जून मध्य में आने वाली महामाया के लिए भी बनी हुई है।

बदरा और नमी अभी भी परेशान कर रही है पोहा बनाने वाली ईकाइयों को। चालू रबी सत्र में आज दूसरा ऐसा दिन था, जब सड़क ही नहीं प्रांगण भी भरपूर आवक की वजह से जाम था। यह दृश्य अगले सप्ताह तक बने रहने की धारणा इसलिए भी है क्योंकि अंतरजिला फसल की आवक बढ़ने लगी है।

**बदरा बहुत:** परिपच्ता अवधि के दौरान कम सिंचाई पानी यानी ज्यादा बदरा। किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और धान कारोबारियों की यह आशंका शत- प्रतिशत सही साबित होने लगी है। अनुमान से ज्यादा निकल रहा बदरा पोहा उत्पादन की लागत को बढ़ा रहा है। यह स्थिति रबी फसल के समापन तक बने रहने की आशंका है क्योंकि विलंब से बोई गई फसल भी सूखे की चपेट में आ चुकी है।

**नमी बढ़ा रही नुकसान:** तेज हवा, बूंदाबांदी की स्थिति को देखते हुए हार्वेस्टर से काटी गई फसल की उपज सीधे कृषि उपज मंडी प्रांगण लाई जा रही है। बगैर सूखाई गई इस उपज में नमी की मात्रा मानक से ज्यादा है। नुकसान, नमी की वजह से बढ़े हुए वजन के रूप में पोहा उत्पादन करने वाली इकाइयां उठाने के लिए विवश हैं। विकल्प है नहीं इसलिए खरीदी जारी रखी हुईं हैं ईकाइयां।

**तेजी दीर्घ अवधि तक:** 2400 से 2650 रुपए क्विंटल। महामाया में बोला जा रहा है यह भाव आगे भी बने रहने की संभावना है क्योंकि जरुरत के अनुपात में आवक अभी भी कम ही है। इसलिए प्रतिस्पर्धी खरीदी का दौर चला हुआ है। रही-सही कसर स्टॉकिस्टों की लिवाली भी पूरी कर रही है। इधर बारीक धान में एचएमटी, सियाराम और विष्णुभोग की आवक लगभग शून्य ही है।

# विप्र समाज कोमाखान का 30वां उपनयन सम्मेलन



**बागबाहरा,** 10 मई (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले कोमाखान विप्र भवन में 30 वें उपनयन संस्कार में 1015 बटुकों को अब तक संस्कारित करते हुए समाज सेवा के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व ब्रह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मां ललित मिश्रा, विशिष्ट अतिथि मां बसंत पंडा पूर्व सांसद उड़ीसा, प्रांतीय युवा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, संरक्षक डा विश्वनाथ पाणिग्रही , गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, बागबाहरा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रो हरीश पाण्डे कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव उपाध्याय द्वारा की गई। स्वागत भाषण में सचिव डॉ विजय शर्मा ने बताया की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किस तरह समाज को एकत्र कर ब्राह्मण के महत्वपूर्व संस्कार को निरंतर 30 वर्षों से सम्पन्न कराते आ रहे है, अब तक 1015 बटुकों को संस्कारित कर ब्राह्मणत्व कर्म उपासना के साथ चारित्रिक निर्माण करते हुए सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सामूहिक उपनयन विवाह संस्कार का आयोजन प्रयोजन के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा समाज के लिए किए जा रहे षड्यंत्र पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा ब्राह्मण अपनी रक्षा के लिए सक्षम है, हम शास्त्र में भी निपूर्ण है और शास्त्र में , हमें कोई चुनौती देता है तो धोखे में न रहे, हम पहले भी सक्षम थे, हैं और रहेंगे, उन्होंने जय घोष के साथ शंखनाद किया। विशिष्ट अतिथि मां बसंत पंडा ने कोमाखान उड़ीसा तटवर्ती सांझा संस्कृति में कोमाखान ब्राह्मण समाज द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए ब्राह्मणों को दस संकल्प याद दिलाए जिससे समाज में वसुदेव कुटुंबकम् की भावना से मानव कल्याण हो सके। उन्होंने दो छोटी कहानियों के माध्यम से समाज की त्याग तपस्या को उद्धृत किया। स्वप्निल तिवारी ने समसामयिक घटनाओं का जिक्र करते हुए सामाजिक कर्तव्यों ,सामाजिक एकता अखंडता से राष्ट्रीयता पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। संरक्षक , पर्यावरण प्रेमी डा विश्वनाथ पाणिग्रही.ने भगवान परशुराम के शौर्य , साहस ,वीरता एवं नीति का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि अन्याय आतंक एवं अत्याचार को समूल नष्ट करने के लिए परशुराम नीति जानी जाती है 22 मार्च को पहलगाम में घटित दुर्दांत आतंकवादी घटना में लिप्त आतंकवाद , आतंकवादी ,.एवं उनके आकाओं को जड़ समेत नष्ट करने परशुराम नीति के तहत कार्यवाही करने की बात आई तथा चरितार्थ भी हुई हमारी वीर सेना ने पूरे सूझबूझ ,साहस एवं पराक्रम के साथ आतंकवाद को उनके घर में घुसकर मारा। यह हमारे लिए गर्व की बात है । हम सेना की वीरता एवं अदम्य साहस का अभिनंदन करते हैं ।

बाल पत्रकार कु ऐश्वर्या ने दो दिवसीय कार्यक्रम का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मेघावी विद्यार्थी सम्मान पत्र, मेडल से सम्मानित किया गया बाल पत्रकार कु ऐश्वर्या, लक्ष्य तिवारी 96 प्रतिशत , प्रियांशी तिवारी 95 प्रतिशत, आदेश राज्यस्तरीय कुश्ती, आयुष बाजपेई बांसुरी वादक, आर बी उपाध्याय 96 प्रतिशत ,मनीषा मिश्रा, तनीषा मिश्रा, अंजलि तिवारी ,कथा वाचिक कु सुधा शर्मा, हिरेंद्र उपाध्याय उपसरपंच, जितेंद्र खरे पंच पत्रकार दिलीप शर्मा, पत्रकार भास्कर राव, योगेश शर्मा, दुर्गा मिश्रा, मदन मिश्रा, प मोतीलाल तिवारी, नितिन शास्त्री, सुरेन्द्र तिवारी, चंचल तिवारी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पंडित कीर्ति शर्मा एवं सहायक आचार्य अनिल द्विवेदी, क्रांति तिवारी, टिकेश्वर उपाध्याय, जितेंद्र खरे, राजा शर्मा ,देव प्रसाद तिवारी, चेतन पांडे देवा प्रसाद तिवारी, राजेंद्र शर्मा, रामगोपाल दीवान दानवीर शर्मा द्वारा 14 बटुकों के संस्कार के साथ प्रमाण पत्र दिया गया।

डा अरुण शुक्ला के मार्गदर्शन में समाज के बुजुर्गों कर्णधार प हलधर मिश्रा, श्री मती शारदा पांडे, श्रीमती, रेखा उपाध्याय, श्रीमती लता तिवारी, प हरिभल्लभ शर्मा, दानवीर शर्मा, रामगोपाल दीवान राजेंद्र शर्मा को सम्मानित ,किया गया। कार्यक्रम के सफलता के लिए महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती सीमा बाजपेई, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा की पूरी टीम, सतीश बाजपेई की टीम ने सफल बनाया। अध्यक्ष शिव उपाध्याय द्वारा आभार प्रदर्शन किया, कार्यक्रम का शानदार संचालन प रूपेश तिवारी एवं भास्कर राव ने किया।